Nagari-pracharini Granthmala Series No. 4

THE PRITHVIRÁJ RÁSO

OF

CHAND BARDÁÍ,

VOL. I.

EDITED

BY

Mohanlal Visnulal Pandia, Radha Krishna Das

AND

Syam Sundar Das, B. A.

सूचीपत्र ।

(१) आदि पर्व्व ।

(पृष्ठ १ से १८० तक)

सूचीपत्र ।

(२) दसम समय ।

(पृष्ठ १८१ से २५४ तक)

(३) दिल्ली किल्ली कथा ।

(पृष्ठ २५५ से पृष्ठ २६४ तक)

(४) लोहानो आजान बाहु समय ।

(पृष्ठ २७५ से पृष्ठ २८० तक)

(५) कन्हपट्टी समय ।

(पृष्ठ २८१ से पृष्ठ २९८ तक)

---

[६] आषेटक वीर बरदान वर्णन समय।

(पृष्ठ २९९ से पृष्ठ ३२८ तक)

---

[७] नाहर राय कथा वर्णन ।

(पृष्ट ३२९ से पृष्ट ३६८ तक)

[८] मेवाती मुगल कथा ॥

(पृष्ठ ३६९ से पृष्ठ ३८४ तक)

(९) हुसेन कथा ॥

(पृष्ठ ३८५ से पृष्ठ ४२४ तक)

(१०) आखेटक चूक वर्णन ।

(पृष्ठ ४२५ से ४३८ तक)

---

[११] चित्ररेषा समय ।

(पृष्ठ ४३९ से ४४५ तक)

THE PRITHVÍRÁJ RÁSÁU.

पृथ्वीराजरासो ।

सोहनी टिप्पणी सहित ।

आदि पर्व ।

॥ आदिदेव, गुरू, वाणी, लक्ष्मीश, सुरनाथ और सर्वेश का ॥
॥ मंगलाचरण ॥

साटक—ॐ ॥ आदी देव प्रनम्य नम्य गुरयं, वानीय वंदे पयं ।
सिष्टं धारन धारनं वसुमती, लच्छीस चर्नाश्रयं ॥
तं गुं तिष्टति ईस दुष्ट दहनं, सुर्नाथ सिद्धिश्रयं ।
थिर्चर्जंगम जीव चंद नमयं, सर्वेस वर्दामयं ॥ छंद ॥ १ ॥ रूपक ॥ १ ॥

---

१ यह मंगलाचरण जिस छंद में चंद कवि ने कहा है उस का नाम उन ने साटक प्रयोग किया है और इस नाम से यह छंद आज कल जो छंद ग्रंथ प्रायः उपलब्ध हैं उन में नहीं मिलता। यद्यपि उस की परीक्षा करने से वह निःसंदेह शार्दूलविक्रीडित् नामक छंद मालूम होता है परंतु जब तक उस का लक्षण अथवा नामान्तर होने का कोई प्रमाण नहीं दिखलाया जावे तब तक पुरातत्त्ववेत्ता विद्वान संतुष्ट नहीं हो सके। अतएव बहुत खोज करने से मेरी मातृभाषा गुजराती के काव्यों में इस नाम के छंद मुझे मिले और The Revd. Joseph Van. S. Taylor साहब अपने गुजराती भाषा के व्याकरण के पद्यबंध अथवा छंदविन्यास नामक प्रकरण के पृष्ठ २२३ में उसको साटका नाम से कुल्ल ३८ अक्षर के दो तुक का छंद होना लिखते हैं कि जिसके प्रत्येक तुक में.१२+७=१९ अक्षर होते हैं। इस के सिवाय प्राकृतभाषा के किसी छंदग्रंथ से अनुवाद होकर सं· १७७६ में जो एक रूपदीप पिंगल नामक छंद ग्रंथ बना है उस में केवल ५२ छंदों के लक्षण कहे हैं उस में भी साटक का यह लक्षण लिखा है:—

॥ साटक छंद लक्षण ॥

कर्मे द्वादश अंक आद संग्या, माचा सिवो सागरे ।
दुज्जी वी करिके कलाष्ट दस वी, अर्को विरामाधिकं ॥ १ ॥
अंते गुर्व निहार धार सब के, औरों कछू भेद ना ।
तीयो मत्त उनीस अंक चरने, सेसो भणैं साटिकं ॥

मैं इस साटक छंद को पिंगल छंद सूत्रम् नामक ग्रंथ में कहे शार्दूलविक्रीडित् छंद का नामान्तर होना मानता हूं और उस का लक्षण बहुत प्राचीन अमर और भरत कृत छंद ग्रंथों में अवश्य होना अनुमान करता हूं क्योंकि चंद कवि ने भी अपने इसी ग्रंथ के आदि पर्व के रूपक ३७ में जो कुछ कहा है उस से स्पष्ट मालूम होता है कि उस ने अपने इस महाकाव्य के रचन में पिंगल अमर और भरत के छंद ग्रंथों का आश्रय किया है॥

इस छंद के लक्षण का पता लगाकर अब मैं इस रूपक के पाठ को शोधता हूं। उस की पहिली पंक्ति का पाठ A. S. B. की छापी हुई पुस्तक की Fasiculus I जिस को Mr. John Beames साहब ने शोध कर छपाई है उस में "आदि प्रनम्य नम्य गुरयं वानीय वंदे पयं" ऐसा पाठ है और जो Mr. F. S. Growse C. S. M. A. ने रासे के प्रारंभ के छंदों का अनुवाद करने में पाठ लिखा है वह भी ऐसा ही है। निदान साटक के लक्षण के अनुसार इस तुक में १२+७=१९ अक्षर होने चाहियें परंतु उस में १०+७=१७ अक्षर हैं। अब यह अत्यावश्यक है कि घटते हुए दो अक्षरों का पता लगाया जावे। जिस में यह कल्पना करना कि चंद कवि अथवा उस के नाम से कोई यह जाली ग्रंथ बनानेवाला छंद यन्थों में भले प्रकार व्युत्पन्न न होने के कारण मूल में ही भूल गया है सर्वरीत्या अयोग्य और आश्चर्यदायक बात है। क्योंकि वर्तमान् पृथ्वीराजरासे का बिगड़ा हुआ काव्य भी अपने कर्त्ता का एक बड़ा व्युत्पन्न कवि होना स्वयम् स्पष्ट प्रकाश करता है अतएव उस का ऐसी भूलों का करना निर्मल प्रज्ञावाले विद्वानों के ध्यान में सर्वथा असंवभ है।

इस प्रथम तुक में जो दो अक्षर घटते हैं वे पंक्ति भर में किस स्थान में लेखक अथवा शोधक की भूल से लोप हो गये हैं। इस बात को शोध लेने के लिये यह एक बड़ी सरल युक्ति है कि हम इस तुक के अर्थ को ध्यान में लेकर उस के वाक्यखंडों को पृथक् २ कर दें कि जिस से अपूर्ण वाक्यखण्ड अपने आप हम को घटते हुए अक्षर बतला देवे जैसे कि वानीय वंदे पयं और नम्य गुरयं और आदि प्रनम्य। ऐसा करने से हम को मालूम हो गया कि आदि प्रनम्य वाक्यखंड अपूर्ण है और उस में कोई संज्ञावाचक शब्द घटता है। अब विचारना चाहिये कि वह संज्ञा-वाचक शब्द आदि शब्द के पहिले घटता है अथवा पीछे। जो हम आदि शब्द के पहिले उस का होना कल्पना करें तो 'आदिः पदान्ते गण सूचकः" से दोष प्राप्त होकर हमारी कल्पना अन्यथा हो जाती है अतएव मानना चाहिये कि आदि शब्द के पीछे कोई संज्ञावाचक शब्द है क्योंकि ऐसा मानने में आदि शब्द उस शब्द के साथ मिलकर हम को कर्म्मधारयः समास का होना स्पष्ट विदित करता है। जब कि यह निश्चय हो गया कि आदि शब्द के पीछे अर्थात् आदि और प्रनम्य के बीच में कोई संज्ञावाचक शब्द गया है तब हम को फिर सूक्ष्म विचार में निमग्न होना चाहिये कि वह संज्ञावाचक शब्द कौन सा है कि जिस को चंद कवि ने प्रयोग किया था। मैं निःसंदेह कल्पना करता हूं कि यहां देव शब्द था अर्थात् आदी देव ऐसा पाठ चंद ने प्रयोग किया था क्योंकि प्रथम तो "आदिः कारणं स च देवश्चेति कर्म्मधारयः" तथा "जग दुपादानादिगुणवान् नारायणः" दूसरे आदिदेव शब्द हमारी संस्कृतभाषा के प्रामाणिक ग्रंथों में मंगलाचरणों तथा ईश्वर की स्तुति तथा ईश्वर के ध्यान के वाक्यों में बहुधा प्रयोग किया गया है कि हम उदाहरण के लिये केवल दोही प्रमाण यहां दिखाते हैं जैसे:—"परं ब्रह्म परं धाम। पवित्रं परमं भवान्॥ पुरुषं शाश्वतं दिव्यमादिदेवमजं विभुं"॥ तथा "त्वमादिदेवः पुरुषः पुराण। स्त्वमस्य विश्वस्य परं निधानं"॥ तीसरे चंद कवि ने स्वयम् अपने इस महाकाव्य में इस आदि देव शब्द का प्रयोग अनेक स्थानों में किया है जैसा कि:—"प्रनम्य प्रथम मम आदि देव। ऊंकार

शब्द जिन करि अछेव" ॥ चौथे इस तुक में प्रथम मगण होने के कारण तीनों अक्षर दीर्घ होने चाहियें अतएव कवि ने आदी देव ऐसा पाठ कहा है। आदि शब्द संस्कृत में इकारान्त है परंतु उसे कवि ने यहां मगण होने के कारण के अतिरिक्त गानविद्या संबंधी दोष दूर करने के अभिप्राय से भी ईकारान्त किया है क्योंकि चंद गानविद्या में भी निपुण था और साटक के गाने में तुक की पहिली चौथी मात्रा पर ताल आता है। यद्यपि मेरी कल्पना तो यह है परंतु जब मैंने इस ग्रंथ का कुछ भाग कोटा राज्य के विद्वान कविराज श्री चंडीदानजी से पढा था तब उनों ने यह बतलाया था कि आदि के पहिले ओ३म् शब्द का प्रयोग कवि चंद ने किया था और उस का अर्थ आदि ओ३म् प्रनम्य अर्थात् "पहिले ओंकार को नमन करके" किया था। यद्यपि यह प्रयोग भी कुछ बैठ जाता है और ठीक सा मालूम होता है और जितनी पुस्तकें रासे की मेरे देखने में आई हैं उन में प्राय: ऐसा ही पाठ मिलता भी है परंतु मैं इस की अपेक्षा मेरी कल्पना को अधिक बलवान और युक्त मानता हूं और आशा करता हूं कि यदि वे अब विद्यमान होते तो मेरी इस कल्पना को प्रसन्नतापूर्वक मान लेते। यदि कोई ओ३म् आदि प्रनम्य ऐसा भी पाठ मानें तथापि कुछ हानि नहीं है। और जब तक कि किसी बहुत प्राचीन पुस्तक में हमारे इस मानने के विरुद्ध कोई अन्य पाठ न मिल जावे तब तक मैं इस को मानना अयोग्य नहीं समझता हूं॥

अब दूसरी पंक्ति का पाठ "सिष्टं धारन धारयं वसुमती लच्छीस चरनाश्रयं" है। इस में १२+८=२० अक्षर हैं किं यहां चरनाश्रयं शब्द को मैंने चणाश्रयं किया है क्योंकि कोई छंद गान से खाली नहीं है और साटक की ध्वनि के अनुसार उच्चारण में यहां रकार स्वर रहित हो जाता है और जैसा उच्चारण और गान में रूप हो वैसा काव्य में लिखने में भी कोई दोष नहीं है। जो कवि गान के नियमों से अपरिचित हैं उन के काव्य में ऐसे स्थलों में अनेक दोष रह जाते हैं क्योंकि गान छंद के लिये एक कसौटी है और ऐसे ही मौकों को कवि का अधिकार अर्थात् Poetical Licence कहते हैं। कोई २ विद्वान कवि के अधिकार की छूट अर्थात् Poetical Licence को दोष मानते हैं परंतु वह एक भ्रम है क्योंकि सस्वर अक्षर का खोड़ा कर देना और खोड़े को सस्वर कर देना व्याकरणादि भिन्न शास्त्रों में दोष समझना चाहिये परंतु छंद रचन और गान में तो यह दोष नहीं कहाता है देखो चंद के इन वचनों के भीतरी आशयों से भी हम यही अनुमान कर सक्ते हैं:-

लहु गुर मंडित खंडिय हि। पिंगल अमर भरत्थ ॥ ३० ॥ १
चरन नीम अच्छिर सुरंग। पाट लहु गुरु विधि मंडिय ॥
सुर विकास जारी सु मुष्य। उक्ति रस गौरव नि छंडिय ॥ ४० ॥ १

तीसरी पंक्ति के पाठ तम गुन तिप्टति ईस दुष्ट दहनं। सुरनाथ सिद्धिश्रयं में १४+८=२२ अक्षर हैं। इस में उपर कही हुई युक्तियों के सिवाय थोड़ा सा और ध्यान देने से ज्ञात हो सक्ता है कि ग्रंथकर्त्ता ने तम गुन और सुरनाथ पाठ नहीं प्रयोग किये थे किन्तु जैसे हम ने अनुमान कर शुद्ध किये हैं तं गुं और सुनाथ क्योंकि प्रथम तो इस साटक छंद में मगण होने के कारण तं और गुं ही होने चाहियें और दूसरे चंद के ऐसे प्रयोग इस काव्य में बहुत से स्थलों पर दृष्टि आवेंगे। यह भी हमारे देखने में आवेगा कि त्वम् और अहम् के स्थान में तं और हं जैसे प्रयोग चंद ने किये हैं। इस में हम को कुछ भी आश्चर्य नहीं करना चाहिये क्योंकि चंद के इस नीचे लिखे वाक्य से हम अच्छी तरह समझ सक्ते हैं कि उस ने अपने इस महाकाव्य की भाषा में षट भाषा और कुरान की भाषा का आश्रय किया है:-

श्लोक ॥ उक्ति धर्म विशालस्य । राजनीति नवं रसं ।
षट भाषा पुराणं च । कुरानं कथितं मया ॥ १ ॥ ३६

अब शेष चौथी पंक्ति का पाठ "थिर चर जंगम जीव चंद नमयं सर्वेस वरदा मयं" में १४ + ८ = २२ अक्षर हैं। इस के स्थान में जो यह पाठ "थिर्वजंगम जीव चंद नमयं सर्वेस वर्द्दामयं" शुद्ध किया गया है उस के लिये ऊपर कही हुई युक्तियों से ही हमारा शोधन करना ठीक मालूम हो सक्ता है। इस में इतना कहना और भी आवश्यक है कि सोसाईटी की मुद्रित कियी पुस्तक में जो चंदनमयं पदच्छेद किया है वह अयुक्त है और मिस्टर एफ॰ एम॰ ग्राऊज साहब ने जो चंद और नमयं पदच्छेद किये हैं वह ठीक हैं और मैं भी मिस्टर ग्राऊज के पदच्छेद से सम्मत हूं॥

जो पाठ हमने जिस रीति से इस रूपक में शुद्ध किये हैं वह अथवा वैसे ही और भी पाठ जो कहीं आगे इस ग्रंथ भर में आवेंगे तो हम उन पर सर्वत्र टिप्पण नहीं करेंगे किन्तु वहां का मूल पाठ हमारे यहां पर वर्णन किये शोधन प्रकार के अनुसार शुद्ध रहैगा। पाठक महाशय इन ही नियमों से उन पाठों को सिद्ध कर समझ लें अर्थात् जिस नियम को एक स्थान पर टिप्पण में वर्णन कर देंगे वह अन्यत्र नहीं कहा जावेगा। किन्तु जहां कोई नवीन प्रयोग आवेगा वहां उस का वर्णन कर दिखावेंगे॥

जैसे कि चंद के प्रयोग किये हुए छंदों के नाम और उन के लक्षणों के शोध करने में पुरातत्त्ववेत्ताओं को परिश्रम पड़ता है वैसे ही उस के इस महाकाव्य के अर्थ लगाने में भी अनेक प्रकार की अड़चनें उपस्थित होती हैं। यद्यपि हमारा मुख्य काम इस ग्रंथ के मुद्रित करने में केवल इतना ही है कि उस के मूलपाठ को सार्थक शोध दें परंतु यह महाकाव्य वर्तमान समय में ऐसी बिगड़ी हुई दशा में उपस्थित है कि जो उस पर इतना परिश्रम न किया जावे कि जितना हम यह करते हैं तो हमारा किया हुआ शोधन पुरातत्त्ववेत्ता विद्वानों को भली भांति संतुष्ट नहीं कर सक्ता। अतएव हम चंद के काव्य की अर्थ संबन्धी कठिनता को दिखलाने के लिये केवल इस मंगलाचरण के रूपक का अर्थ उदाहरण के लिये करते हैं कि जिस से हमारे पाठकों को मालूम हो कि मूलपाठ का शुद्ध होना अर्थ पर दृष्टि दिये बिना असंभव है। महाकवि चंद अपने इस महाकाव्य के आरंभ में इस मंगलाचरण के रूपक में आदिदेव, गुरू, वाणी, लक्ष्मीश, सुरनाथ और सर्वेश को नमस्कार करता है वह कहता है कि "आदिदेव को नमन कर के और गुरू को नमस्कार करके; वाणी के पादों को वंदन; स्वर्ग, पाताल, (और) पृथ्वी के स्रष्टा लक्ष्मीश के चरणों का आश्रय, दुष्टों के दहन करने को तम गुण (जिस) ईश में रहता है (उस) सुरनाथ की पादुका का सेवन (और) थिर, चर, जंगम, (और) जीव के वरदामय सर्वेश को (मैं) चंद नमन करता हूं"।

हमारे किये इस अर्थ को विचारने से विद्वानों को मालूम हो सकेगा कि यद्यपि इस के अनेक प्रकार के अर्थ हो सक्ते हैं परंतु यह अर्थ चंद के व्याकरण शास्त्र संबन्धी जो नियम उस के इस ग्रंथ से मालूम होते हैं उनके अनुसार सरल और कवि की उक्ति के अनुकूल है। इस में कितनेक शब्द ऐसे २ भी हैं कि जो अर्थ करने वाले को चमका और भड़का देते हैं परंतु हम इस रूपक के सब शब्दों के विषय में अर्थात् जिसके विषय में जितना कहना आवश्यक है वह कहते हैं:-

आदीदेव (सं॰ पु॰ आदिदेवः। आदौ दीव्यति स्वयं राजते) नारायण। इस शब्द के विषय में हम ने ऊपर कहा है अतएव यहां विशेष नहीं कहते किन्तु उस के प्रयोग के दो प्रमाण और भी यहां देते हैं:-सहस्रात्मा मया योव आदिदेव उदाहृतः॥ या॰ स्मृ॰॥ वासुदेवो वृहद्भानुरादि देवः पुरंदरः॥ वि॰ सहस्रनाम॥

प्रनम्य (सं॰ प्रणम्य) नमन करके अथवा प्रणाम कर के ॥

नम्य (सं॰ अ॰ नमः अथवा नम्=नमना) नमस्कार कर के इस शब्द के भी म्य पर साटक की ध्वनि के अनुसार ताल है अर्थात् यहां भी स्वर उदात्त है ॥

गुरुयं गुरु को यह चंद की हिन्दी के पुल्लिंग गुरु शब्द की द्वितीया का निज प्रयोग है। चंद के ऐसे निज प्रयोगों को देख कर हम को आश्चर्य के वश न हो जाना चाहिये किन्तु इस बात की खोज करनी चाहिये कि चंद की हिन्दी के व्याकरण संबन्धी नियम क्या और कैसे हैं। और ऐसे अनुस्वार सहित शब्दों को देख कर यह अनुमान भी नहीं करना चाहिये कि रासे का ग्रंथ कर्त्ता ऐसा निर्बोध था कि उस को अनुस्वार और विसर्ग तक का ज्ञान नहीं था। हमारे यह अन्वेषण ध्यान में लाने योग्य हैं कि प्रथमतः चंद की हिन्दी तीन प्रकार की है षट–भाषा–और–कुरान की–भाषा की–योनिवाली १ षट–भाषा–और–कुरान की–भाषा के सम २ और देशी प्रसिद्ध ३। दूसरे संप्रत हिन्दी में तो नपुंसिकलिंग नहीं है परंतु चंद की हिन्दी में तीनों लिंग हैं। तीसरे जितनी संज्ञा अनुस्वार सहित उस में प्रयोग हुई हैं वे पुल्लिंग अथवा नपुंसकलिंग ही हैं। देखो यहां नम्य गुरुयं वाक्यखंड में कवि के अर्थ को ध्यान में लाने से गुरुयं शब्द पुल्लिंग में प्रयोग किया गया मालूम होता है और पांचवें रूपक की इस तुक गुरं सव्व कव्वी लहू चंद कव्वी। जिनं दर्सियं देवि सा अंग हव्वी॥ में गुरं शब्द चंद ने अपनी हिन्दी के नपुंसकलिंग को प्रथमा में प्रयोग किया है। और जहां क्रिया शब्दों में अनुस्वार हैं जैसे इसी प्रमाण में प्रवेश कियी गई तुक में दर्शियं शब्द है वह संस्कृत दर्शितं से है। बहुत से शब्दों पर लेखकों ने अपने अव्युत्पन्न होने के कारण जो अनुस्वार लगा दिये हैं उन का सूक्ष्म विचार करने से विद्वान स्पष्ट जान सक्ते हैं कि यहां कवि ने अनुस्वार का प्रयोग नहीं किया था किन्तु लेखकों ने अपनी अज्ञानता से लगा दिये हैं और कहीं २ उनों ने कवि के प्रयोग किये हुए अनुस्वारों को उड़ा दिये हैं जैसे पांचवें रूपक के भुजंगप्रयात छंद की पहिली तुक में चंद ने ऐसा प्रयोग किया था कि प्रथंमं भुजंगी सुधारी ग्रहंनं। जिनैं नाम एकं अनेकं कहंनं॥ उस के स्थान में एशियाटिक सोसाईटी की छापी हुई पुस्तक १ के पत्र ३ में देखो कि जिस लिखित पुस्तक से वह छापी गई है उसके लेखक ने प्रथम भुजंगी सुधारी ग्रहनं। जिनै नाम एकं अनेकं कहनं॥ पाठ कर दिया है। इस के अतिरिक्त चंद के अनुस्वार सहित शब्दों के प्रयोग करने के और भी अनेक कारण हैं परंतु वह जब मेरे संकलन किये हुए चंद के व्याकरण संबन्धी नियम मैं कुछ समय में प्रकाश करूंगा तब स्पष्ट रीति से हमारे पाठकों को मेरे बड़े परिश्रम से सिद्ध किये हुए अन्वेषण मालूम हो जांयगे ॥

वानीय (सं॰ स्त्री॰ वाणिः=सरस्वत्याम्) सरस्वती के। यह चंद की हिन्दी में षष्ठी के एकवचन का रूप है और जैसे संस्कृत में श्रीः शब्द के रूप में षष्ठी का श्रियः होता है उसी तरह चंद ने अपनी हिन्दी में वानीय किया है ॥

वंदे–वंदन करता हूं ॥ चेत रखना चाहिये कि हम ऊपर गुरुयं शब्द की व्याख्या में चंद की हिन्दी तीन प्रकार की होना बतला आये हैं उस में से यहां यह वंदे संस्कृत–सम के रूप का प्रयोग चंद ने किया है ॥

पयं (सं० पय = गतौ) चरणों को ॥ यह चंद की हिन्दी के पुल्लिंग की द्वितीया का रूप है। कोई २ कवि जो पय शब्द को पैर का वाचक होना बिलकुल्ल नहीं बताते और उस का अर्थ यहां "दूध जैसी श्वेत अथवा जल जैसी निर्मल सरस्वती को वंदन करता हूं", करते हैं वह भूल हैं। पय शब्द पैर का वाचक संप्रत हिन्दी में भी रात्रि दिन बोलचाल में आता है जैसे पयलगी,

पैलगी, पालागन पाय और पयदल इत्यादि। और संस्कृत में भी पय=गतो है। मिस्टर ग्राउज़ साहब ने जो इस शब्द को पैर का वाचक अपने अंग्रेज़ी अनुवाद में माना है वह बहुत ठीक है और मैं उन से इस में सम्मत हूं॥

सिष्टं (सं० त्रि० सृष्टः=निर्मिते। रचिते) सृजनेवाला। यह चंद की हिन्दी में सं० सृष्टः सृजनेवाले का नपुंसकलिंग की प्रथमा का एकवचन है। इस को शिष्ठ अथवा श्रेष्ठ आदि शब्दों का अपभ्रंश मानना अयुक्त है किन्तु वह चंद की हिन्दी में सं० त्रि० सृष्टः का सिष्टं बना है इसी तरह सं० भृष्ट, भ्रष्ट, घृष्ट, दृष्ट, के अपभ्रंश रूप हिन्दी में भिष्ट, घिष्ट, दिष्ट, होते हैं॥

धारण (सं० पु० धारण=स्वर्लोके) स्वर्गलोक॥ धारयं (सं० त्रि० धारय=धारके। नाग देशे॥ धारयैः कुसुमोर्म्मीणाम्। भट्टिः) पाताल लोक॥ वसुमती (सं० स्त्री० भूलोक। स्पष्टम्) भूलोक॥ यहां थोड़ा सूक्ष्म विचार कर हमारे किये अर्थ की सत्यता जांचने का काम है क्योंकि सिष्टं धारण धारयं वसुमती लच्छीस चर्नाश्रयं का अर्थ अनेक कवि अनेक प्रकार का करते हैं परंतु मैं उन को चंद के अभिप्राय के अनुकूल नहीं समझता हूं। इन शब्दों के पृथक् २ अर्थ तो हम ने संस्कृत कोषों से लेकर वर्णन कर ही दिये हैं। इस के सिवाय लच्छीस शब्द जो विष्णु का वाचक है वह हम को यह अर्थ करने की स्पष्ट लक्षणा कराता है कि धारण=स्वर्गलोक॥ धारयं=पाताल लोक॥ और वसुमती=भूलोक का सिष्टं=सृजनेवाला (जो) लच्छीस=विष्णु (उस के) चर्नाश्रयं=चरणों का सेवन (करता हूं) यही बहुत ठीक अर्थ है क्योंकि यहां तत्पुरुष समास है और लक्ष्मीश का अर्थ कोशों में विष्णु का है और विष्णु के विषय में शास्त्रों में नीचे लिखे प्रमाण कहा है उस से भी हमारा किया हुआ अर्थ अच्छी तरह पुष्ट होता है:—

> यस्मात् विश्वमिदं सर्वं। तस्य शक्त्यामहात्मनः।
> तस्मात् द्वेवोच्यते विष्णु। र्विशधातोः प्रवेशनात्॥
> ज्योतींषि विष्णुर्भुवनानि विष्णु। र्वनानि विष्णुर्गिरयो दिशश्च।
> नद्यः समुद्राश्च स एव सर्वो। यदस्ति यन्नास्ति च विप्रवर्येति॥
> अनादि निधनं विष्णुं। सर्वलोक महेश्वरं।
> लोकाध्यक्षं स्तुवं नित्यं। सर्व दुःखाति गो भवेत्॥ ६॥
> लोकनाथं महद्भूतं। सर्वभूत भवोद्भवं॥ १०॥
> लोकाध्यक्षः सुराध्यक्षो धर्माध्यक्षः कृतः कृतः॥ ३१॥
> लक्ष्मीवान् समितिं जयः॥ ५६॥ श्रीमाल्लोक त्रयाश्रयः॥ ८२॥
> त्रिलोकात्मा त्रिलोकेशः। केशवः केशिहा हरिः॥ ८६॥
> लोकस्वामी त्रिलोक धृत्॥ ८७॥ लोकाधिष्ठानमद्भुतः॥ ११२॥
> त्रीन् लोकान् व्याप्य भूतात्मा। भुंक्ते विश्व भुगव्ययः॥ १४४॥
> वासनाद्वासुदेवस्य। वासितं भुवन त्रयं॥ १५१॥

चर्णाश्रयं (सं० चरण+आश्रयं=) चरणों का सेवन॥ यह अनुस्वार सहित शब्द भी चंद की हिन्दी का संस्कृत—सम नपुंसकलिंग है॥

सं। गुं (सं० न० तमः और पु० गुणः) तम। गुण। चंद की हिन्दी के नपुंसकलिंग॥ प्राकृत—भाषा सम का प्रयोग॥

तिष्टति (सं० तिष्टति) रहता है । चंद की हिन्दी के संस्कृत-सम्भेद का रूप है ॥
ईसं-(सं० पु० ईशः = महादेवे) महादेव । सदाशिव ॥
दुष्ट (सं० न० दुष्टं = अधर्मे । वंचके) दुष्टं ॥ दुष्ट दहनं = दुष्टों के दहन करने के लिये अथवा दुष्टों के दहनार्थ ॥
दहनं (सं० पु० दहनः = दाहे । भस्मी करणे ।) दहन के लिये चंद की हिन्दी का नपुं० है ॥
सुर्नाथ (सं० पु० सुर + नाथ = रुद्रे) महादेव की ॥
सिद्रि (सं० स्त्री० सिद्रिः = पादुकायाम्) पादुका का ॥
श्रयं (सं० पु० श्रयः = श्रयणे । आये ॥ श्रिञ् = सेवायाम्) सेवनं ॥ सिद्रि श्रयं = पादुका का सेवन ॥
थिर (सं० पु० स्थिरः = स्थिर पदार्थाः) स्थिर वस्तु जैसे :- पर्वत और पृथ्वी आदि ॥
चर (सं० पु० चरः = चले) चर वस्तु अथवा पदार्थ जैसे वस्तु और जलादि ॥
जंगम (सं० त्रि० जंगमः = पशुपत्ती) कीट पतंगादि ॥
जीव (सं० पु० जीवः = प्राणिनि) मनुष्यादि ॥ ध्यान में लेने की बात है कि पंडितों ने सब पदार्थों को स्थावर और जंगम नामक दो भेदों में ही विशेष करके विभक्त किये हैं । परंतु चंद ने सब पदार्थों के चार भेद माने हैं । प्रथम स्थिर, जो सदैव स्थिर रहते हैं, जैसे पर्वतादि; दूसरे चर, जो सदैव स्थिर नहीं रहते, जैसे स्थानादि; तीसरे जंगम, जो जीव दूध नहीं पीते, जैसे कीट पतंगादि; और चौथे जीव, जो दूध पीते हैं, जैसे मनुष्यादि । हम ने किसी २ कवि को इन चारों शब्दों के प्रयोग करने के कारण चंद कवि को दोष देते हुए सुने हैं परंतु यह उनकी भूल है, क्योंकि उन्हों ने कवि के सूक्ष्म आशय को ध्यान देकर नहीं समझा है ॥

चंद वरदई=इस महाकाव्य का ग्रंथ-कर्त्ता कि जो हिन्दुओं के अंतिम बादशाह पृथ्वीराज जी चौहान का लँगोटिया मित्र और उन के दरबार का कविराज था । वह भट्ट जाति जो आज कल राव करके कहलाते हैं उस के जगात नामक गोत्र का था और उस के पुर्षा पंजाब देश के लाहौर नगर के रहने वाले थे और उन की यजमानी अजमेर के चौहानों की थी । उस की जैसी शूरवीरता इस महाकाव्य से विदित होती है उस का मुख्य कारण यही है कि वह पंजाब देश की अद्यावधि प्रसिद्ध वीर भूमि के तत्त्वों से उत्पन्न हुआ था और राजपूताने के हृदयरूपी अजमेर नगर में बड़ा हुआ था । वह षट-भाषा, व्याकरण, काव्य, साहित्य, छंद शास्त्र, ज्योतिष, वैद्यक, मंत्रशास्त्र, पुराण, नाटक, और गान आदिक विद्याओं में अच्छा व्युत्पन्न पंडित था । उस के पिता का नाम वेण और विद्या-गुरु का नाम गुरुप्रसाद था । उस की दो स्त्रियों के नाम कमला अर्थात् मेवा और गौरी अर्थात् राजोरा और एक लड़की का नाम राज बाई और दश लडकों के नाम सूर१ सुन्दर२ सुजान३ जल्ह४ वल्ह५ बलिभद्र६ केहरि७ बीरचंद८ अवधूत अर्थात् योगराज९ और गुनराज १० थे । इस महाकाव्य के विषयों को वैसे तो उस ने समय २ पर बना कर कंठ कर रक्खे थे परंतु उन को ग्रंथाकार में उस ने ६०॥ दिन में रचा था और अंत को उस ने रासे की पुस्तक अपने लड़के जल्ह नामक को दियी थी । इस रासे के अतिरिक्त उस के रचे और भी कई एक ग्रंथ सुनने में आते हैं परंतु उन में सब से बड़ा ग्रंथ यह रासा है और अन्य सब ग्रंथ अब बिलकुल नहीं मिलते हैं । उस का सविस्तर जीवनचरित्र और वंशावली जहां तक हमारे जानने में ख्यातादि से आई है वह हम इस ग्रंथ के समाप्त होने पर छाप कर प्रसिद्ध करेंगे ॥

॥ कर्म्म-स्तुति ॥

कवित्त ॥ प्रथम मंगल प्रमान। निगम संपजय वेद धुर ॥
त्रिगुन साख त्रिहुँ चक्क। दरन लग्गो सु पत्त कर ॥
त्वचा ब्रम्ह उद्धरिय। सत्त फूल्यौ चावद्दिसि ॥
क्रम्म सुफल उद्यत्त। अम्रत सुम्रत मध्य वसि ॥
डुल्लै न वाय ब्रप नीति अति। स्वाद अम्रत जीवन करिय ॥
कलि जाय न लगै कलंक इहि। सत्ति मत्ति आढति धरिय ॥
कं० ॥ ३ ॥ रू० ॥ ३ ॥

इस छंद की प्रथम तुक की प्रथम यति के प्रथम टुकड़े में वीय पाठ अशुद्ध है उस के स्थान में हम ने विय किया है। और दूसरी यति के दूसरे टुकड़े में सिंचियइ के स्थान में सिंचिय और धर्म्मं के स्थान में धम्म और यत के स्थान में पत्त, भारहे को भारह, और परस को पारस शुद्ध किये हैं और यह शोधन ऐसे साधारण हैं कि जिनके लिये कोई तर्क लिखने की आवश्यकता नहीं है॥

इस रूपक में ग्रंथकर्त्ता वृत्त के रूपकालंकार से धर्म्म की स्तुति करता है॥

३ कवि ने इस रूपक के छंद को कवित्त संज्ञा दियी है। संप्रत काल में यह छप्पय, छप्पै, षट-पद, षटपदी आदिक नामों से प्रसिद्ध है परंतु सत्रहवीं शताब्दी के पहिले वह कवित्त नाम से ही प्रसिद्ध था। रूपदीप पिंगल वाले ने भी जो नीचे लिखा छप्पय का लक्षण कहा है उस में उस ने भी यह कहा है कि:—"सुन गरुड पंख पिंगल कहे। छप्पै छंद कवित्त यह" इस से सिद्ध होता है कि इस ग्रंथ के बनने के समय तक छप्पै का नामान्तर कवित्त करके प्रसिद्ध था॥

छप्पै लक्षण।

लहु दीरघ नहि नेम। मत्त चौबीस करीजे॥
ऐसे ही तुक सार। धार तुक्क चार भरीजे॥
नाम रसावल होय। और वस्तू कभि जानहु॥
उल्लाला की विरत। फेर तिथ तेरह आनहु॥
द्वै तुक्क बनावो अंत की। यत यत में अठ वीस गहु॥
सुन गरुड़ पंख-पिंगल कहै। छप्पै छंद कवित्त यह॥

इस के अतिरिक्त मंछ कवि कृत रघुनाथ रूपक में भी उस ने छप्पै छंदों को कवित्त कर के ही लिखे हैं॥

इस के पाठ को शोधन करने में ध्यान में लेने जैसी बात है कि प्रथम और मंगल शब्दों के बीच में जो बहुत सी पुस्तकों में किय शब्द है वह अधिक होने से अशुद्ध है क्योंकि उस पाद में कुल्ल ११ मात्रा होनी चाहियें। बेदले वाली पुस्तक में संपजय शब्द है और एशियाटिक सोसाईटी की छापी हुई पुस्तक में जो संपूजय किया गया है—इस में मेरी सम्मति यह है कि पाठ में तो संपजय ही रखना चाहिये परंतु अर्थ करने में संपूजय समझना चाहिये—क्योंकि संपूजय पाठ रखने

भुक्ति-स्तुति ।

कवित्त ॥ भुगति भूमि किय क्यार । वेद सिंचिय जल पूरन ॥
बीय सुवय लय मध्य । ग्यांन अंकू रस जूरन ॥
त्रिगुन साख संग्रहिय । नाम बहु पत्त रत्त छिति ॥
सुक्रम सुमन फुल्लयौ । सुगति पक्की द्रव संगति ॥
दुज सुमन डसिय बुध पक्क रस । वट विलास गुन पस्तरिय ॥
तरु इक्कसाख चय लोक मद्धि । अजय विजय गुन विस्तरिय ॥
छं० ॥ ४ ॥ रू० ॥ ४ ॥

पूर्व कवियों की स्तुति और उच्छिष्ट संज्ञा कथन ॥

॥ भुजंगप्रयात ॥

प्रथमं भुजंगी सुधारी ग्रहंनं । जिनें नाम एकं अनेकं कहंनं ॥

से छंद टूटता है । गुजराती भाषा में ऐसे शब्द बहुत आते हैं जैसे मुकुन्दराम का मकन्दराम, तुलसी का तलशी, और शिव का शव । ऐसे मुख दोष के कारण से विगड़े हुए शब्दों के रूपों के लिये एक यह श्लोक भी प्रसिद्ध है:–

गुर्ज्जरा मुख दोषेण । शिवोपि शवतां गता: ॥
तुलसी तलशी जाता । मुकुन्दोपि मकन्दतां ॥

इस के अतिरिक्त चंद की हिन्दी में ऐसे प्रयोग बहुत से आवेंगे जैसे "विन्दलालाट प्रसेद किये" यहां प्रस्वेद का प्रसेद हुआ है । चिंहु के स्थान में चिहुँ किया है क्योंकि यहां अर्ध अनुस्वार प्राप्त है । लगा के स्थान में लग्गा. उदयत के स्थान में उदयत्त । लगे के स्थान में लग्गे । और सति मति के स्थान में सत्ति मत्ति सुधारे हैं क्योंकि ऐसे पाठ सुधारने को छंद के टूटने का दोष हम को स्वयम् सचेत करता है ॥

इस रूपक में भी चंद कवि रूपकालंकार से कर्म की स्तुति करता है ॥

४ इस के पाठ में एशियाटिक सोसाइटी आदि की पुस्तकों में जो अंकूर और सजूरन पाठ हैं वह एक बालक भी जान सक्ता है कि बड़े ही अशुद्ध हैं किन्तु दृष्टि देने से हमारे किये पदच्छेद से सार्थक पाठ हो जाते हैं अर्थात् अंकू रस जूरन । हम ने रत के स्थान में रत्त छित्ति के स्थान में छिति पाठ किये हैं । हमारे डसिय पाठ के स्थान में आगरा कालेज और बेदले आदि की पुस्तकों में झसिय पाठ है परंतु वह अशुद्ध है । मालूम होता है कि उन के लेखकों ने ड को ऐसा झ समझ कर अशुद्ध पाठ लिख दिया है और अर्थ पर दृष्टि देकर प्रति नहीं कियी है ॥

स्मरण में रखना चाहिये कि इस रूपक में कवि रूपकालंकार से मुक्ति की स्तुति करता है । अर्थात् चंद ने दूसरे तीसरे और इस चौथे रूपकों में क्रम से धर्मेश्व, कर्मेश्वर, और मुक्तेश्वर नामक ईश्वरों के मंगलाचरण किये हैं ॥

५ इस भुजंगप्रयात नामक छंद का लक्षण चंद कवि के माने हुए छंद ग्रंथों में से पिंगल मुनि

दुती लभ्भयं देवनं जीवतेसं। जिनैं विश्व राख्यौ बली मंच सेसं॥
चवं वेद वंभं हरी किंत्ति भाखी। जिनैं ध्रम्म साध्रम्म संसार साखी॥
तृती भारती व्यास भारत्थ भाख्यौ। जिनैं उत्त पारथ्थ सारथ्थ साख्यौ॥
चवं सुक्खदेवं परीखत्त पायं। जिनैं उद्धर्यौ अव्व कुवंस रायं॥
नरं रूप पंचम्म श्रीहर्ष सारं। नलैराय कंठं दिने पद्द हारं॥
छटं कालिदासं सुभाखा सुबद्धं। जिनैं बागवानी सुबानी सुबद्धं॥
कियो कालिका सुख्ख वासं सुसुद्धं। जिनैं सेत बंध्योति भोज प्रबंधं॥
सतं डंडमाली उल्लाली कवित्तं। जिनैं बुद्धि तारंग गंगा सरित्तं॥
जयद्देव अट्ठं कवी कव्विरायं। जिनैं केवलं किंत्ति गोविंद गायं॥
गुरं सब्ब कव्वीं लहू चंद कव्वी। जिनैं दर्सियं देवि सा अंग हव्वी॥
कवी किंत्ति किंत्ती उकत्ती सुदिख्खी। तिनैं की उचिष्टी कवी चंद भख्खी॥
छं० ॥ १० ॥ रू० ॥ ५ ॥

यह लिखते हैं कि "भुजंग प्रयातं यः॥ ३८॥ अर्थात् जिस के पाद में चार यकार (यगण) हों वह भुजंगप्रयात नामक छंद कहाता है॥

इस पांचवें रूपक के जो पाठ एशियाटिक सोसाईटी की और अन्य पुस्तकों में बहुत अशुद्ध हैं वह यह हैं:— प्रथम। ग्रहनं। कहनं। लभ्भयं। भारथं। उतपारथ। सारथ। सुखदेवं। परीषतं। उद्दर्यौ अव। कुरुवंस। पद्द। कालिदास। मुष्य। सुसुद्द। वंध्यौ। तिमोजन। बुद्धितारंग। गंगासरित्तं। जयदेव। अठं। केवल। दरसिय। उकति। तिन। कवि। और भष्यो। इन में से प्रत्येक को सिद्ध करने के लिये जो हम सतर्क विवेचना करें तो बहुत स्थान चाहिये परंतु मैं आशा करता हूं कि पुरातत्त्ववेत्ता इन को हमारे शुद्ध पाठों से मिलाकर और जो कुछ चंद कवि की हिन्दी के नियम हम ने संक्षेप में पहिले प्रकाश किये हैं उन से विचार कर सिद्ध कर लेंगे।

इस रूपक में चंद कवि अपने से पहिले हुए मुख्य २ कवियों की स्तुति करके अंत की दो तुकों में उन को अपने गुरु मान कर और आप निरभिमानी होकर अपने काव्य को उनके कहे काव्य की उच्छिष्टी होने की संज्ञा देता है। जैसे कि इस महाकाव्य के किसी २ रूपक में चंद के समय के पीछे वरते हुए वृत्त लिखे प्राप्त होते हैं और उन पर से इस ग्रंथ की प्रामाणिकता में संदेह किया जाता है वैसे ही यह रूपक क्या इस ग्रंथ की प्रामाणिकता के सिद्ध करनेवाला एक प्रमाण रूप नहीं है? और अन्य कवि जैसे श्रीहर्ष और जयदेवादि के समय के निश्चय और निर्णय करने में पुरातत्त्ववेत्ताओं का सहायक और उपकारी नहीं हो सक्ता है?

इस के अतिरिक्त इस छंद की तीसरी तुक में जो एक वंभं शब्द चंद कवि ने प्रयोग किया है उस को देख कर चारण राव और भाट जाति के अच्छे २ कवियों को हम ने आश्चर्य करते हुए देखे हैं और वे इस का अर्थ अंड बंड करते हैं। कोई उस को ब्रह्म शब्द का अपभ्रंश बतलाते हैं और कोई चारों वेदों के ब्राह्मण ग्रंथों का वाचक बतलाते हैं और कोई कहते हैं कि महादेव की मूर्ति के आगे जो गाल बजा के बंबं शब्द मुख से करते हैं और ऐसा करने से महादेव प्रसन्न हो

॥ चंद की स्त्री अपने पति के उच्छिष्ट संज्ञा कथन में शंका करती है ॥

दूहा ॥ उचिष्ट चंद छंदह बयन । सुनत सु जंपिय नारि ॥
तनु पविच पावन कविय । उकति अनूठ उधारि ॥
छं० ॥ ११ ॥ रू० ॥ ६ ॥

कवित्त ॥ कहै कंति सम कंत । तंत पावन वड़ कव्विय ॥
तंत मंत उच्चार । देवि दरसिय मब्भि चव्विय ॥

जाते हैं उस का वाचक है परंतु इस शब्द का हम पता लगाकर बताते हैं कि यह बंभं चंद को हिन्दी का भूतकालिक क्रियावाचक शब्द है और संस्कृत भाषा में यङ्लुगन्तप्रक्रिया के प्रयोगों में जो बंभणीत बभंति प्रयोग सिद्ध होता है उस से बना है और उस का यहां फिर २ वा बार २ पढ़ा वा भणा का अर्थ है। क्योंकि "चवं वेद बंभं हरी कित्ति भाखी" इस तुक का अर्थ यह है कि जिस "जीवतेस ने चारों वेदों को बार २ पढ़े वा भणें और हरी की कीर्ति को भाखो"। जो मनुष्य संस्कृत भाषा में अच्छा व्युत्पन्न और पक्षपात और हठ जैसे दोषों से विमुक्त और सत्य का दृढ़ अवलंबन करनेवाला है वह मैं आशा करता हूं कि ऐसे प्रयोगों को देख कर कदापि यह नहीं कहैगा कि इस महाकाव्य का ग्रंथकर्त्ता चंद संस्कृत भाषा में अव्युत्पन्न था ॥

इस रूपक में चंद कवि आठ कवियों को अपने गुरु मान कर उन की स्तुति और उन की काव्य रचन–शक्ति का वर्णन करता है वह सब से पहिले भुजंगी नाम से परमेश्वर को कवि ग्रहण करता है क्योंकि वेदादिक में उस का कवि नाम कहा है यथा:–

"होता वा देव्या कवी०" यजु: "प्रथम वरजं भेषजं कविम्०" यजु:
"कविर्मनीषी परिभू: स्वयंभू:०" ईशोपनिषत्
"कवि: क्रान्तदर्शी सर्वेडक्ष नान्यतोऽस्ति द्रष्टा" इश्रुते: ॥ शा० भा०
"कविं पुराणमनुशासितारम्०" गीता ॥

दूसरे जीवतेशं से प्राणनाथ अर्थात् ब्रह्मा कि जो आदि कवि कहाता है जैसे भागवत में कहा है कि "तेने ब्रह्महृदा य आदि कवये मुह्यन्ति यत् सूरय"

बाकी सब कवियों के विषय में कुछ विशेष कहने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि सर्व साधारण लोग व्यासादि के नाम से भले प्रकार ज्ञात हैं ॥

६–७–कवि चंद ने जो पहिले रूपक में अपने काव्य को अपने से पहिले हुए कवियों के काव्य का उच्छिष्ट होना कहा है उसे सुन कर उस की स्त्री उच्छिष्ट संज्ञा में आश्चर्य के साथ शंका और अपने पति के गुणों का वर्णन करती है अर्थात् इन रूपकों में कवि चंद ने अपनी स्त्री के प्रश्नोत्तर के प्रसंग से अपने काव्य की उच्छिष्ट संज्ञा के हेतु और अपने गुण प्रकाश किये हैं। इन में सम, कंति और कंत शब्दों के प्रयोग विद्वानों की दृष्टि में रहने योग्य हैं। सम (सं० अ० सम् = संगे,– संबन्धे, समुच्चये,) को अथवा प्रति, और सम ब्रह्मरूप में सम शब्द तुल्य के अर्थ में कवि ने प्रयोग किया है; कंति (सं० स्त्री० कम् = ति) पत्नी अथवा स्त्री, और कंत (सं० पु० कम् + त) पुरुष अथवा

तंत वीर उथंत। रंग राजन सुख दाइय॥
बाल केल प्रत्यंग। सुरनि उद्धारि कवितादूय॥
अवलंब उकति उचार करि। जिहित सोहि कोविद रचै॥
सम ब्रह्मरूप या सब्द कहुँ। क्यों उचिष्ट कवियन कचै॥
छं० ॥ १२ ॥ रू० ॥ ७ ॥

॥ चंद अपनी स्त्री की शंका का समाधान करता है ॥

कवित्त ॥ सम वनिता वर बंदि। चंद जंपिय कोमल्ल कल॥
सबद ब्रह्म इह सत्ति। अपर पावन कहि निर्मल॥
जिहित सबद नहिं रूप। रेख आकार ब्रन्न नहिं॥
अकल अगाध अपार। पार पावन चयपुर महिं॥
तिहिं सबद ब्रह्म रचना करौं। गुरु प्रसाद सरसें प्रसन॥
जद्यपि सु उकति चूकौं जुगति। तौ कमल वदनि कवितह हँसन॥
छं॥ १३ ॥ रू० ॥ ८ ॥

॥ चंद की स्त्री पुनश्च शंका करती है ॥

कवित्त ॥ तुम बानी बरबंद। नाग देखंत विमल मति॥
छंद भंग गन रहित। कंठ कौमार काव्य छन॥

पति, यह तीनों चंद की हिन्दी के संस्कृत–सम प्रयोग हैं। और तंत और मंत शब्दों के प्रयोग भी दृष्टि देने जैसे हैं तंत पावन में तंत = तत्व और तंत मंत में तंत = तंत्र और मंत = मंत्र के वाचक कवि ने प्रयोग किये हैं॥

अन्य पुस्तकों में यह अशुद्ध पाठ हैं:– सु, जंपिय, कवि, सुख, दाईय, कवितादूय, को, विद, समब्रह्मरूप, कहुं, कविय और न॥

८ चंद इस रूपक में अपनी स्त्री को उस की शंका का उत्तर देकर समाधान करता है। शब्दब्रह्म (सं० शब्दात्मक ब्रह्म) शब्द का प्रयोग चंद की व्याकरण और वेदान्त विद्या के ज्ञान का द्योतक है। गुरुप्रसाद शब्द यहां श्लेषार्थ में कवि ने प्रयोग किया है क्योंकि ख्यातियों के अनुसार चंद के विद्या–गुरु का नाम गुरुप्रसाद था। यद्यपि कुछ विशेष वृत्त नहीं मिलते तथापि यह गुरुप्रसाद नामक पंजाब देश का रहनेवाला एक बड़ा पंडित हुआ है। कवितह चंद की हिन्दी का निज प्रयोग है और उस का अर्थ कवित्त अर्थात् काव्य रचनेवाले कवि का है। किसी २ पुस्तक में जो बरबंदि, अमल, अबल, चयपूर, महि, तिहि, और प्रसन्न पाठ हैं वे अशुद्ध हैं॥

९ जिन पुस्तकों में यह पाठ हैं:– अमीय, सुनर, और समलहहि, वह अशुद्ध हैं इस में दूसरी तुक का दूसरा पाद "कंठ कौमार काव्य छत" विद्वानों के ध्यान देने जैसा है। इस का आशय यह

बुधि तरंग सम गंग । उकति उच्चार अमिय कल ॥
सुरन सुनत विहसंत । मंत जनु वस्य करन बल ॥
अवतार भूप प्रिथिराज पहु । राज सुख तिन सम लहहि ॥
बीराधि बीर सामंत सब । तिन सु गल्ह अच्छी कहहि ॥
छं० ॥ १४ ॥ रू० ॥ ९ ॥

॥ चंद अपनी स्त्री की शंका का पुनश्च समाधान करता है ॥

कवित्त ॥ गज गवनी प्रति चंद । छंद कोमल उचारिय ॥
मनहरनी रस बेलि । सुरन सागर रस धारिय ॥
बंक नयन बय बाल । प्रान वल्लभ सुखदाइय ॥
अगुन निगुन गुरु ग्रहनि । गवरि पूजा फल पाइय ॥
भए आदि अंत कविता जिते । तिन अनंत गति मति कहिय ॥
अनेक ग्रंथ तिन बरनबत । यों उचिष्ट मति मैं लहिय ॥
छं० ॥ १५ ॥ रू० ॥ १० ॥

॥ चंद अपनी स्त्री के आगे ईश्वर के ऐश्वर्य का वर्णन करता है ॥

॥ पद्धरी ॥

प्रनम्म प्रथम मम आदिदेव । ऊंकार सबद जिन करि अछेव ॥
निरकार मध्य साकार कीन । मनसा विलास सह फल फलीन ॥ १६ ॥
त्रयगुनह तेज त्रयपुर निवास । सुर सुरग भूमि नर नाग भास ॥
फुनि ब्रह्मरूप ब्रह्मा उचारि । कथि चतुरवेद प्रभु तत्त सारि ॥ १७ ॥

है कि चंद की स्त्री अपने पति से कहती है कि तुम कंठ कौमार काव्य कृत हो अर्थात् तुम को कौमार काव्य कंठ है। क्या यह भी चंद के संस्कृत भाषा में व्युत्पन्न होने का एक अच्छा प्रमाण नहीं है?

१० अन्य पुस्तकों में यह पाठ अशुद्ध हैं बेली, सुखदाईय, जिते, बरन, बत और में। इस रूपक में गवरि शब्द श्लेपार्थ में कवि ने प्रयोग किया है क्योंकि ख्यातियों में चंद की स्त्री का नाम गौरी करके प्रसिद्ध है ॥

११ इस रूपक के छंद का नाम पद्धरी है और उस का लक्षण यह है:—

दस करो प्रथम फिर षट मिलाय। गिन षोडश मत्ता पाय पाय ॥
इक जगन अंत में धरत सोय। भनि शेष पद्धरी छंद होय ॥ रू० दी० ॥

इस रूपक में चंद अपनी स्त्री को ईश्वर का ऐश्वर्य वर्णन कर बताता है और पहिली तुक में प्रनम्य पाठ नहीं ग्रहण करना चाहिये किन्तु प्रनम्म पाठ ठीक है अर्थात् चंद अपनी स्त्री को

॥ चंद की स्त्री अपने पति से अष्टादश पुराणों की अनुक्रमणिका पूछती है ॥

दूहा ॥ सुनत काव्य कवि चंद कौ । चित आनन्दी नारि ॥
तुम बानी बानी प्रसन । हसन हुवंत निवारि ॥
छं० ॥ २९ ॥ रू० ॥ १२ ॥

कवित्त ॥ कहै कंति मतिवंत । तंत रसना रस सागर ॥
तुम गुन श्रवन सुहंत । जानि चमकंत कलाधर ॥
तुम देवी वरदान । दान दीजै मुहि कव्विय ॥
अष्टादसह पुरान । नाम परिमानह सव्विय ॥
तुम कथत कथन आनन्द मुहि । अग्ग पच्छ भव सुद्धरै ॥
अग्यान तिमर नट्ठय सुनत । अध्ध कमल हिय उद्धरै ॥
छं० ॥ ३० ॥ रू० ॥ १३ ॥

॥ चंद अष्टादश पुराणों की अनुक्रमणिका का कथन करता है ॥

पद्धरी ॥ ब्रह्मन्यदेव सम वासुदेव । अष्टदस पुरान तिन कहि सुभेव ॥
तिन कहौं नाम परिमान ब्रन्न । जिन सुनत सुद्ध भव होत तन्न ॥ ३१ ॥
ब्रह्मह पुरान दस सहस जुहि । जिहि पढ़त सुनत तन तप्प छुहि ॥
पच्चास पंच हज्जार गन्नि । पद्मह पुरान तिन कह्यौ ब्रन्नि ॥ ३२ ॥
तेतीस सहस सैं चारि जानि । विष्णू पुरान विष्णू समानि ॥

साहब ने जो अरबी صبر सब्र शब्द होना अनुमान किया है वह अयुक्त है क्योंकि अरबी صبر सब्र शब्द का अर्थ यहां सर्वरीत्या अघटित है किन्तु मानना चाहिये कि चंद ने हिन्दी सवरि शब्द का छंद टूटने के कारण सबरि प्रयोग किया है और रासे की किसी २ पुस्तक में ऐसा पाठ भी मिलता है। जो इस शब्द को रकार और बकार के उलट पुलट लिखे जाने से सरब शब्द होना भी हम माने तथापि यह कुछ असंगत नहीं है ॥

१२ इस में प्रसन्न शब्द का पाठ किसी २ पुस्तक में मिलता है परंतु यहां छंद टूटने के कारण कवि ने प्रसन करके प्रयोग किया है ॥

१३ इस कवित्त के भिन्न २ पुस्तकों में जो यह पाठ मिलते हैं वे अयुक्त हैं जैसे:—कहे, वर, दानि, पछू, नठ्ठ, य, अंध्धक, और मल ॥

१४ इस रूपक के अशुद्ध पाठान्तर अन्य पुस्तकों में यह हैं:— अष्टादस, कहै, सभेव, ब्रन्निहो, तवनि, तप्प, पंचास, पंचह, च्यारि, तिण्णु, अठार, भागवत, तहां, तेईस, दुख, संपूर, अग्नि, पठि इग्यार, अक्ख, पक्ख, कूरभ, मक्ख, भक्ति, डरांन, सहंस, और नंस ॥

इस रूपक के ४१ वें छंद की एक तुक भाषा के कवि घटती बता कर चंद पर दोषारोपण करते हैं परंतु यह उन की भूल है क्योंकि चंद ने इस छंद को एक ही तुक में कहा है

॥ गाहा ॥ पय सक्करी सुभत्तौ। एकत्तौ कनय राय भोयंसी ॥
कर कंसी गुज्जरीय। रब्बरियं नैव जीवंति ॥
छं० ॥ ४३ ॥ रू० ॥ १६ ॥

सत्त खनै आवासं। महिलानं मद्द सद्द नूपरया ॥
सतफल बज्जुन पयसा। पब्बरियं नैव चाखंति ॥
छं० ॥ ४४ ॥ रू० ॥ १७ ॥

रब्बरियं रस मंदं। क्यूं पुज्जति साध अमियेन ॥
उकति जुकत्तिय ग्रंथं। नथि कत्थ कवि कत्थिय तेन ॥
छं० ॥ ४५ ॥ रू० ॥ १८ ॥

याते वसंत मासे। कोकिल झंकार अंब बन करयं ॥
बर बब्बूर विरष्षं। कपोतयं नैव कलयंति ॥
छं० ॥ ४६ ॥ रू० ॥ १९ ॥

सहसं किरन सुभाउ। उगि आदित्य गमय अंधारं ॥
अय्यं उमा न सारो। षोइलयं नैव झलकंति ॥
छं० ॥ ४७ ॥ रू० ॥ २० ॥

कज्जल मद्धि कस्तूरी। रानी रेहंत नयन अंगारं ॥
कां मसि घसि कुंभारी। किं नयने नैव अंजंति ॥
छं० ॥ ४८ ॥ रू० ॥ २१ ॥

ईस सीस असमानं। सुर सुरी सलिल तिष्ट नित्यानं ॥
पुनि गलती पूजारा। गडुवा नैव ढारंति ॥
छं० ॥ ४९ ॥ रू० ॥ २२ ॥

१६–२२ गाहा छंद का लक्षण यह है:–
गाहा पहिले बारह। दूजे अठारहे कला राजे ॥
तीजे बारह धारहु। पंद्रह चौथे तहां छाजे ॥

इन गाहा छंदों में अशुद्ध पाठान्तर यह हैं:– सतफल, क्यूपने, बंबू, रवि, रष्षं, नगय, सुरीस, लिल, और फुनि ॥

बाईसवें गाहा के "ईस सीस असमानं" में जो असमानं शब्द है उस को जो मिस्टर जौन बीम्स साहब फारसी आसमान آسمان होना अनुमान करते हैं उस से मैं बिलकुल्ल असम्मत हूं। मैं इस को सं० असमानं, त्रि० (नास्ति समानो यस्य।) अतुल्यं, विजातीयं, सजातीयभिन्नं, का वाचक समझता हूं अर्थात् ईस = परमेश्वर का; सीस = शिर; असमानं = अतुल्य है।

॥ चंद उत्तापित होकर अपने को पूर्व-कवियों का दास होना, उन की उक्ति को कहना और अपनी को बखाना कहता है ॥

॥ दूहा ॥ कहां लगि लघुता वरनवों । कविन दास कवि चंद ॥
उन कवि ते जो उब्बरी । सो वकहों करि छंद ॥
छं० ॥ ५० ॥ रू० ॥ २३ ॥

॥ चंद खलों का स्वभाव वर्णन कर के सुजनों के निमित्त अपना काव्य रचन करना कहता है ॥

॥ दूहा ॥ सरस काव्य रचना रचौं । खल जन सुनि न हसंत ॥
जैसे सिंधुर देखि मग । स्वान सुभाव सुसंत ॥
छं० ॥ ५१ ॥ रू० ॥ २४ ॥

तौ पनि सुजन निमित्त गुन । रचिये तन मन फूल ॥
जूका भय जिय जानिकैं । क्यौं डारियै दुकूल ॥
छं० ॥ ५२ ॥ रू० ॥ २५ ॥

॥ सरस्वती की स्तुति ॥

॥ साटक ॥ मुत्ताहार विहार सार सुबुधा, अबुधा बुधा गोपनी ॥
सेतं चीर सरीर नीर गहिरा, गौरी गिरा जोगनी ॥
बीना पानि सुबानि जानि दधिजा, हंसा रसा आसिनी ॥
लंबोजा चिहुरार भार जघना, विघ्ना घना नासिनी ॥
छं० ॥ ५३ ॥ रू० ॥ २६ ॥

॥ गणेश की स्तुति ॥

कचंजा मद गंध राग रुचयं । अलिभूराकादिता ॥
गुंजा हार अधार सार गुनजा, झंझा पया भासिता ॥
अग्रेजा श्रुति कुंडलं करि कर, स्तुहीर उद्दारयं ॥
सोयं पातु गनेस सेस सफलं, पृथ्राज काव्यं कृतं ॥
छं० ॥ ५४ ॥ रू० ॥ २७ ॥

२३-२५ इन में जो किसी २ पुस्तक में तेतो पाठ है वह अशुद्ध है । कवि चंद ने अपनी लघुता वर्णन करते २ अंत को उत्तापित होकर जो यह दो दोहे (२४ ॥ ५२ ॥ + २५ ॥ ५३) कहे हैं वह इस महाकाव्य के पाठकों और खंडन करने वालों के ध्यान में रहने योग्य हैं ॥

२६-२७ इन रूपकों में यह अशुद्ध पाठान्तर हैं :– गोपनी, गिराजोगनी, सुवानी, दधि, जाहं,

॥ गणपति की उत्पत्ति की कथा ॥

विराज ॥ रतं रत्त भारी। कह्लना बिचारी ॥
लियै मात नक्खं। बियो संख लक्खं ॥ ५५ ॥
मिले एक दीहं। रमै काम सीहं ॥
इकं रिष्य आयो। दियो काम चायो ॥ ५६ ॥
खिज्यौ रिष्षि भारी। दियो काम डारी ॥
भयो पुत्र तब्बं। धजा मोद सब्बं ॥ ५७ ॥
सिरो मालधारी। गनेसं बिचारी ॥
खिजे तब्ब ईसं। भयो रोम बीसं ॥ ५८ ॥
अबल्ला इकल्ली। वियो पुर्ष भिल्ली ॥
डके डोर नइं। हन्यौ पुत्र बइं ॥ ५९ ॥
खिजी मात भारी। सरायं बिचारी ॥
करी जाकु ईसं। धस्यौ पुत्र सीसं ॥ ६० ॥
सवै कज्ज अग्गै। तुही नाम लग्गै ॥
कलानंद रूपं। गनेसं सभूपं ॥ ६१ ॥
इकं दंन्त दन्ती। विराजंत कंती ॥
सुभे दंत ऐसे। कविंदं प्रसंसे ॥ ६२ ॥
मनो भूमि धारी। बराहं उपारी ॥
इसी नट्ठ तेजं। कला सोम केजं ॥ ६३ ॥
नमो देव कइं। प्रजा ईस मइं ॥
भखै भूत प्रेतं। तिजारी न हेतं ॥ ६४ ॥

सारसा, लंबी, जा, विघना, छन्नं, जा, मदं, अग्ने, जा, कर:, स्तु, दीर, पृथिराज, काव्य और छते। इन में एक पृथीराज शब्द के स्थान में जो हमने पृथ्राज पाठ रक्खा है वह एक रासे की पुस्तक में है और चंद का ऐसा प्रयोग देख कर राजपूताने और बृज की ग्रामीण भाषाओं से परिचित् विद्वानें को कुछ आश्चर्य न होगा क्योंकि उनें ने ऐसे ही गजराज के स्थान में गज्राज बोलते और लिखते लोगें को देखे और सुने होंगे। यह चंद की हिन्दी के देशी प्रसिद्ध नामक भेद का उदाहरण है ॥

२८ अन्य पुस्तकों में पाठान्तर यह हैं:—कह्ना, सात, नष्ष, दियो, रिषि, अवल्लाइ, कल्ली, पुरुष, डोरं, धर्वा, तुहि, दट्ठ, दैहै, देह, भगतं, लछी, लच्छी अथं, नथं, समती, पती, धरे, त्रिलोक और ईसा। इस रूपक के छंद का नाम चंद ने विराज कहा है परंतु उस का नामान्तर संखा नारी और उस का लक्षण यह है:—

इकं दीह एकं । दुती दीह मेकं ॥
भगत्तं सुचक्री । दियो लच्छि वक्री ॥ ६५ ॥
इकं चोख अथ्यं । करै नाक नथ्यं ॥
सुभत्ती सनत्ती । जलं माहि पत्ती ॥ ६६ ॥
धरै आक सीसं । त्रिलोकेस ईसं ॥
त्रयं वेद जक्की । प्रियं चंद भक्की ॥ छं० ॥ ६७ ॥ रू० ॥ २८ ॥

॥ शंकर की स्तुति ॥

दूहा ॥ नमस्कार संकर कियौ । सरसैं वुधि कवि चंद ॥
सति लंपट लंपट नवी । अबुधि मंच सिसु इंद ॥
छं० ॥ ६८ ॥ रू० ॥ २९ ॥

साधन भोग सँयोग रजि । मंडन आव अखूट ॥
नमो उमा उर आभरन । जय वंधन जट जूट ॥
छं० ॥ ६९ ॥ रू० ॥ ३० ॥

विराज ॥ जटा जूटं वंदं । लिलाटंत चंदं ॥
विराजंत छंदं । भुजंगी गलिंदं ॥ ७० ॥
सिरोमाल इंदं । गिरीजा अनंदं ॥
सिरै सिंधि नद्दं । रनैं वीर मद्दं ॥ ७१ ॥
करी चर्म सद्दं । करं काल खद्दं ॥
उनैं गंग हद्दं । चखी अग्गि दद्दं ॥ ७२ ॥
प्रलै जानि जद्दं । जयो जोग सद्दं ॥
घटा जानि भद्दं । जरै काम नद्दं ॥ ७३ ॥
हरै चाहि वद्दं । रचै मोह कद्दं ॥
बचै दूरि दद्दं । नटे भेख रद्दं ॥ ७४ ॥
नमो ईस इंदं । बदै भट्ट चंदं ॥
छं० ॥ ७५ ॥ रू० ॥ ३१ ॥

छई वर्ण वारो । यगन्नै दुधारो ॥
रचो पाव चारी । करो संखनारी ॥ श्रीधर कवि कृत पिंगल ॥

३० पाठान्तरः—सरसै । सती । संजोग ॥

३१ पाठान्तरः—गिरिजा । रनै । वीर । खद्दुं । गंगहद्दुं । हद्दुं । संद्दुं ॥ इस रूपक का छंद ७५ चंद की संस्कृत काव्य–सम–श्लोकार्द्ध शैली का दूसरा उदाहरण है। देखो टिप्पण १४ को ॥

दूहा ॥ करियै भक्ति कवि चंद हर । हरि जंपिय इह भाइ ॥
ईस स्याम जू जू कहै । नरक परंतह जाइ ॥
छं० ॥ ७६ ॥ रू० ॥ ३२ ॥

स्लोक ॥ परात्परतरं यांति । नारायण परायणं ॥
न ते तच गमिष्यंति । ये दुष्यंति सद्देश्वरं ॥
छं० ॥ ७७ ॥ रू० ॥ ३३ ॥

साटक ॥ गंगाया अगुलत्त वसन्न मसनं, लच्छी उमा दोवरं ॥
संखं भूत कपाल माल असितं, वैजंति माला हरी ॥
चर्मं सध्य विभूति भूतिक युगं, विभूति माया क्रमं ॥
पापं विहरति मुक्ति अप्पन वियं, वीयं वरं देवयं ॥
छं० ॥ ७८ ॥ रू० ॥ ३४ ॥

॥ कवि की आशा का स्वरूप वर्णन ॥

गाहा ॥ आसा महीव कव्वी । नव नव कित्तीय संग्रहं ग्रंथं ॥
सागर सरिस तरंगी । बोहथ्थयं उक्तियं चलयं ॥
छं० ॥ ७९ ॥ रू० ॥ ३५ ॥

॥ चंद का काव्य समुद्र कैसा है ॥

दूहा ॥ काव्य समुद्र कवि चंद कृत । मुगति समप्पन ग्यान ॥
राजनीति बोहिथ सुफल । पार उतारन यान ॥
छं० ॥ ८० ॥ रू० ॥ ३६ ॥

छंद प्रबंध कवित्त जति । साटक गाह दुहथ्थ ॥
लहु गुर मंडित खंडिय ।ह । पिंगल अमर भरथ्थ ॥
छं० ॥ ८१ ॥ रू० ॥ ३७ ॥

---

३२ पाठान्तरः—करिये ।
३३ पाठान्तरः—यांति । ज्ञे। यह श्लोक चंद के शुद्ध संस्कृत काव्य रचन का प्रथम उदाहरण है ॥
३४ पाठान्तरः—अगुलत्त । वसनमसनं । लछी । कपालमाल । चमभूतिकयुगं । मायाक्रमं । मुक्तिं । वरंदेवयं ॥
३५ पाठान्तरः—कित्ती ॥
३६ पाठान्तरः—ग्यांन । यांन ।
३७ पाठान्तरः—भरत्थ ।

॥ कोई अशुद्ध पढ़ने वाला चंद को काव्य-संबन्धि दोष न दे ॥

कवित्त ॥ अति ढंच्यौ न उघार । सलिल जिमि रिप्पि सिवालह ॥
बरन बरन सोभंत । हार चतुरंग विसालह ॥
विमल अमल वानी विसाल । वयन वानी वर ब्रंनन ॥
उक्तिन वयन विनोद । मोद श्रोतन मन हर्नन ॥
युत अयुत जुक्ति विचार विधि । वयन छंद कुच्यौ न कह ॥
घटि वढ्ढि मति कोई पढइ । तौ चंद दोस दिज्जो न वह ॥
छं० ॥ ८२ ॥ रू० ॥ ३८ ॥

॥ इस ग्रंथ में चंद ने क्या२ कथन किया है ॥

श्लोक ॥ उक्ति धर्म विशालस्य । राजनीति नवं रसं ॥
षट् भाषा पुराणं च । कुरानं कथितं मया ॥
छं० ॥ ८३ ॥ रू० ॥ ३९ ॥

॥ रासे को रसिया सरस उच्चारैं ॥

कवित्त ॥ चरन नीम अच्छिर सुरंग । पाट लघु गुरु विधि संडिय ॥
सुर विकास जारी सु सुप्प । उक्ति रस गौरव नि छंडिय ॥
जुगति छोह विस्तरिय । सीढियन घाट सु वट्टिय ॥
मद्दि मंडन मेधान । याहि मंडन जस सद्दिय ॥

---

३८ पाठान्तरः– पिप्पि । विशाल । विच्चार । पढई । दिज्जो । दिज्जै ।

३९–कवि का यह संस्कृत श्लोक हमारे पाठकों के सदा ध्यान में रखने योग्य है इस के सूक्ष्म विचार से हम जान सक्ते हैं कि षटभाषा और कुरान की भाषा के जो२ शब्द इस महाकाव्य में प्रयोग हुए हम देखते हैं वह कवि ने जानकर प्रयोग किये हैं और कुरान की भाषा के शब्दों के प्रयोग का विषय कोई आश्चर्यदायक भी नहीं है क्योंकि मुसलमानों का प्रवेश भरत-खंड में शहाबुद्दीन ग़ोरी के बहुत ही पहिले हो गया है । इस के अतिरिक्त हम को यह भी निश्चय मानना चाहिये कि चंद संस्कृत भाषा में निपुण था और षट्भाषा और कुरान की भाषा से भी अपरिचित् नहीं था और जो२ छंद इस महाकाव्य में संस्कृत भाषा में लिखे हमारे दृष्टि आते हैं वह उस की संस्कृत–काव्य–रचन शक्ति के उदाहरण रूप हैं । यह श्लोक चंद के माने हुए पिंगल छंद सूत्रम् के अनुसार लौकिक अनुष्टुप अर्थात् अष्टाक्षर पद छंद है । इस रूपक के विशेष पाठान्तर अन्य पुस्तकों में दृष्टि नहीं आते किन्तु केवल विशालं के स्थान में विसालं और पुराणं के स्थान में पुरानं पाठ हैं ॥

४० पाठान्तरः–अछिर । सुरंग । समुप्पं । मुप्प । गौपिन । सिढियन । मेधान । याहि । चित्ररंग । विश्वकर्म कर्म । उच्चारिय ॥

घन तर्क उतर्क वितर्क जति। चित्र रंग करि करि अनुसरिय ॥
विश्वकर्म कवि निर्म्मइय। रसियं सरस उच्चरिय ॥
॥ छं० ॥ ८४ ॥ रू० ॥ ४० ॥

॥ रासे का तत्त्वज्ञान कैसे होगा ॥

अरिल्ल ॥ तर्क वितर्क उतर्क सु जत्तिय। राज सभा सुभ भासन भत्तिय ॥
कवि आदर सादर बुध चाहौ। पढि करि गुन रासौ निर्बाहौ ॥
॥ छं० ॥ ८५ ॥ रू० ॥ ४१ ॥

धर्म्म अधर्म्म न बुद्धि बिचारौ। नयन नारि निय नेह निहारौ ॥
कोक कला कल केलि प्रकासौ। अरथ करौ गुन रासौ भासौ ॥
॥ छं० ॥ ८६ ॥ रू० ॥ ४२ ॥

पारासर जो पुत्त विहासह ॥ सतवंती अर्थ्थं गुर भासह ॥
प्रब्ब अठार सवा लष लष्षै। तौ भारथ गुर तत्त विसष्षै ॥
॥ छं० ॥ ८७ ॥ रू० ॥ ४३ ॥

॥ जो रासे को सुगुरु से पढता है वह कुमति नहीं दरसाता ॥

कवित्त ॥ रासौ बर बुद्धि सिद्धि। सुद्धि सो सब्ब प्रमानिय ॥
राजनीति पाइयै। ग्यान पाइयै सु जानिय ॥
उक्ति जुगति पाइयै। अरथ घटि बढि उन मानिय ॥
या समान गुन आप। देव नर नाग बखानिय ॥
अविक्त भूत ब्रतह गुनित। गुन त्रिकाल सरसइय ॥
जो पढय तत्त रासौ सुगुर। कुमति मति नहिं दरसइय ॥
॥ छं० ॥ ८८ ॥ रू० ॥ ४४ ॥

४१–४३–इस रूपक के छंद का नाम कवि ने अरिल्ल प्रयोग किया है कि जिस का लक्षण यह है :–

॥ अरिल्ल ॥ लघु दीरघ को नेम न कीजे। ऐसे ही तुक चार भरीजे ॥
षोडश कला कली बिच धारैं। छंद अरिल्ला शेष उच्चारैं ॥

पाठान्तर :–सुजतिय। मतिय। पढ़ि शब्द के पहिले तौ शब्द का पाठ पुस्तकान्तर में विशेष हैं। पटि। नारिनिय। कोक। कलाकल। अरथ शब्द के पहिले तौ शब्द किसी २ पुस्तक में विशेष है। ग्रभं। लष्य। लष्पै। नारथ ॥

४४ पाठान्तर :–राज। नीति। पाईयै। उक्ति। पाइयै। पाईयै। उन। मानिय। व्रतह। सरसइय शब्द के पहिले किसी २ पुस्तक में मध्य शब्द का विशेष पाठ है। सरसईय। दरसईय ॥

॥ रासा किस को अच्छा और किस को बुरा प्रतीत होता है ॥

दूहा ॥ कुमति मति दरसत तिहिं । विधि विना न अव्वान ॥
तिहिं रासौ जु पवित्त गुन । सरसौ ब्रन्न रसान ॥
॥ छं० ॥ ८९ ॥ रू० ॥ ४५ ॥

॥ इस ग्रंथ के काव्य की संख्या का कथन ॥

दूहा ॥ सत सहस नष सिष सरस । सकल आदि मुनि दिष्ष ॥
घट वढ मत कोऊ पढौ । मोहि दूसनं न वसिष्ष ॥ छं० ॥ ९० ॥ रू० ॥ ४६ ॥

॥ रासे के ढँके हुए अर्थ के विषय में कवि का कथन ॥

गाहा ॥ अरथं ढंक्किन सहसा । उघारै वनध्यि एकलया ॥
मझ्झं मझ्झ प्रमानं । चतुर स्त्री हारयं जेमं ॥ छं० ॥ ९१ ॥ रू० ॥ ४७ ॥

॥ इस ग्रंथ के विष का संक्षेप कथन ॥

कवित्त ॥ दानव कुल छत्रीय । नाम ढुंढा रष्षस वर ॥
तिहिं सु जोत प्रथिराज । सूर सामंत अस्ति भर ॥
जीह जोति कवि चंद । रूप संजोगि भोगि भ्रम ॥
इक्क दीह ऊपन्न । इक्क दोहै समाय क्रम ॥
जथ कथ्थ तथ्थ होइ निर्मये । जोग भोग राजन लहिय ॥
वज्जंग बाहु अरि दल मलन । तासु कित्ति चंदह कहिय ॥
॥ छं० ॥ ९२ ॥ रू० ॥ ४८ ॥

अरिल्ल ॥ प्रथम राज चहुवांन पिथ्थ. वर । राजधान रंजे जंगल धर ॥
मुष सू भट्ट सूर सामँत दर । जिहि बंध्यो सुरतांन प्रान भर ॥
॥ छं० ॥ ९४ ॥ रू० ॥ ४९ ॥

---

४५ पाठान्तरः—दर्सन । तिहि । तिहि । रसानं ॥

४६ पाठान्तरः—कोऊ ॥ इस में "सत सहस" से कवि एक लाख की ग्रंथ संख्या बताता है और यह भी कहता है कि घटे बढ़े पठ करके मुझे दोष मत देना । कोई २ कवि जो यहां सत शब्द से सात का अर्थ अनुमान करते हैं वह मेरी सम्मति में अयुक्त प्रतीत होता है ॥

४७ पाठान्तरः—ढंक्किनं । नवध्यि । मझ । मझ ।

४८—५० पाठान्तरः—रष्षसं । तिहिं । जिह । संजोगी । भोगी । उपन्ने । जोगराज । नाल-हिय । वज्जंगबाहु । अरि दल मलन । कुत्ती । चंद ॥ ४७ ॥ सुर ॥ ४८ ॥ मित । बंधो । कित्ति । अष्पिं । तिथि ॥ ४९ ॥

अरिल्ल ॥ हं कवि चंद मित्त सेवह पर। अरु सुहित सामंत सूर नर ॥
बंधौं कित्ति प्रसार सार सह। अष्षों बरनि अंति थित्ति यह ॥
॥ छं० ॥ ९४ ॥ रू० ॥ ५० ॥

॥ राजा परीक्षित की तक्षक दंशन और जन्मेजय की सर्पसत्र कथा ॥

हनुफाल ॥ इति हनूफालय छंद। कल बरनि बरनि सुछंद ॥
नहि नाल पिंगल जोर। दुज हुँतो दुजनिय भोर ॥ ९४ ॥
संसार बंधन होय। इक पत्थौ विद्य समोय ॥
तन देइ अच्छर एक। नहिं पिंग पिंगल सेक ॥ ९५ ॥
किहि काल मरन सुविष्य। लहि नाग रूप सु अष्य ॥
हरि हस्यौ बाहन आइ। तिहिं कह्यौ पिंगल चाइ ॥ ९६ ॥
है विद्य रूप सु अड्ड। सो गयौ छल करि सड्ड ॥
सो तच्छ वीर प्रमान। जुग जुगनि निश्चल ध्यान ॥ ९७ ॥
इक हुँतो सिंगिय रिष्य। तप करै बाल विसिष्य ॥
न्टप गयौ बर आखेट। दिषि अष्य म्टतक बेट ॥ ९८ ॥
बाराह रूप प्रमान। लग्गयौ सु ब्रह्म धियान ॥
दह बार बूझ्यौ राज। दुज दिय न उत्तर काज ॥ ९९ ॥
लखि चित्त चिच सपूत। यों भयो रिष अवधूत ॥
भयो तास तामस राज। लियौ गोन मंच विराज ॥ १०० ॥
कस्सान कोनक संधि। न्टपराज दुज गलबंधि ॥
फिरि गयो ग्रेह प्रमान। आयो सु बालक थान ॥ १०१ ॥

---

५० दृष्टि में रखने की बात है, जैसे महाभारतादि महापुराणों में समय ग्रंथ के आशय का सार एक अथवा दो अथवा तीन अथवा चार श्लोकों में वर्णन किया गया है वैसे ही चंद ने भी अपने इस महाकाव्य का सार इन (४८ से ५० तक) तीन रूपकों में वर्णन किया है ॥

५१ पाठान्तरः—हनुफाल। हनूफाल। विद्यस। मोय। न। न। अछर। हर्यौ। तिहिं। चायि। द्वे। तछ्य। जुगिनि। हुंतो। रीष्य। बालवि। सिष्य। बुझ्यौ। दियऊ। चित्र। चित्रस। कोनक। नवि। तुल्लि। तिहिं। अति लोल दिष्षि रिषि लोइ। लोई। समोई ॥

हमारे पाठकों को ध्यान में रखना चाहिये कि चंद कवि ने इस कथा को महाभारत के आदि पर्व के अध्याय ४० से ५८ तक और भागवत के पहिले स्कंध के अध्याय १८ और १९ और दूसरे स्कंध के पहिले १ अध्याय से उद्धृत और संक्षिप्त करके वर्णन किया है। यदि कोई इस कथा

खिजि कह्यौ नैन भरीव। तस नाम रूप सरीव॥
पै जुन्न बालक बुझि। गलि गर्भ क्यौं न वितुझि॥ १०२॥
तिहि तजिय तात हमान। धरि कोप अंग निधान॥
करि क्रोध अंखि सुरत्त। हविजानि लग्गिय लत्त॥ १०३॥
जिहि जियत पुच्छ अप्प। को तात लभ्भय दप्प॥
रिस करौं जोब प्रमान। जरै तीन लोक अमान॥ १०४॥
रिस तेज कंपत बाल। दिष्यौ सु तात विसाल॥
वह लग्गि ब्रह्म धियान। भयौ कोटि तामस नाम॥ १०५॥
अति ना रत्न दिखि रिखि लोइ। दिख्या सु तात समोइ॥
छं०॥ १०६॥ रू०॥ ५१॥

कवित्त॥ जोरि हथ्थ थुति मंच। फिरयौ पर दच्छि लग्गि पय॥
रुधिर नयन आरत्त। कंठ लग्यौ सु मुक्कि भय॥
भूत द्वार वीभार। गाजि आये सुत मग्गं॥
भर भर भर उच्चार। रोस दावा नल लग्गं॥
जिहि हन्यौ अप्प मो तात गर। गनिव सत्त दिन में प्रमति॥
जो हत्यो अप्प तच्छक सुव्रत। कै काया अव्रत सुगति॥
छं०॥ १०७॥ रू०॥ ५२॥

साटक॥ धंन्यो धंन्य सु बाल तापन तपं। बालं वलं विव्हलं॥
सोयं पुच कि सोस दोस चि विधं। वानीय गद् गद् गलं॥
एनं भूप विसाल भूमि भरनं। धर्म्मं धरा राजनं॥
तं तेजं नवि चोर व्याघ्र विघनं। नैवापि संतापयं॥
छं०॥ १०८॥ रू०॥ ५३॥

और चंद के काव्य को उक्त भारत औ भागवत से मिलाकर सूक्ष्म विचार कर देखे तो वह निः-संदेह यह अनुमान कर सक्ता है कि चंद संस्कृत भाषा अच्छी जानता था और यह बड़े बड़े ग्रंथ भी उस के पढ़े हुए थे क्योंकि चंद के कोई २ छंद उक्त ग्रंथों के श्लोकों के ठीक अनुवाद प्रतीत होते हैं। इस हनूफाल छंद के चारों पाद बारह २ मात्रा के होते हैं॥

५२ पाठान्तरः—फिर्यौ। लग्यौ। विभार। जाजि। आइय। आईय। हत्यो। प्रमत्ति। प्रमित्त। कैकाया। सुयति॥

५३ पाठान्तरः—धन्यो धन्य। तनं। बाल। भरनं। तेजंन। विचोर। विघन॥

दत्वा श्राप मिदं श्रुतं गुरु वरं। म्रत्यं च राजा नयं॥
सत्यं सप्त दिनानि पानि पवरं। नैवं चलंते पयं॥
त्वं श्रापं चय लोक जाव्हति बरं। भुल्ले बरं पुंचयं॥
एकं दीह सुतप्प प्रापति पदं। चैलोकयं चासयं॥
छं० ॥ १०९ ॥ रू० ॥ ५४ ॥

दूहा ॥ सब रिखि सें सो पुच तू। वय दिक्खौ परमान॥
मानहु डम्बर सें उदै। बढंति कला बर भान॥
छं० ॥ ११० ॥ रू० ॥ ५५ ॥

कवित्त ॥ पुच छंडि रिखिराज। जाइ न्रप थान सु वत्तौ॥
पंथ कुलह संग्रह्यौ। रिष्षि आपान विरत्तौ॥
अति सु दीन सिर नोच। ऊंच नहिं भाल उचाइय॥
दिष्टि दिष्ट राजन चरित्त। मंगन न्टप आइय॥
एकंग एक जोगिन्द्र वर। घातु न बंधे हथ्थ पर॥
करि काज रिष्षि आयो घरहि। उरह धरहर लग्ग डर॥
छं० ॥ १११ ॥ रू० ५६ ॥

गाहा ॥ जो जंप्यो रिष पुत्तं। प्रलयं होइ सत्तियं कालं॥
जं भावइ तं भंस्सं। सो किज्जै राजनं बलयं॥
॥ छं० ॥ ११२ ॥ रू० ॥ ५७ ॥

चोटक ॥ न्टप छंडि प्रजंक प्रजंक पला। मुहु मुंदिरु भानक मोद कला॥
न्टप दीन हल्यौ बहु चित्त चितं। सुहल्या जनु पोंनय पीप पतं॥
॥ छं० ॥ ११३ ॥
पतनं गुर जानि चरन्न लग्यौ। बहुस्यां रिषिराज सु प्रान दग्यौ॥
॥ छं० ॥ ११४ ॥ रू० ॥ ५८ ॥

५४ पाठान्तरः—म्रतंच। म्रत्यंच। पानिपवरं। पय। श्राप ह्वालति। तैलाकयं॥

५५ पाठान्तरः—सै। मे। तूं। परसान। संवत् १६४७ की पुस्तक में हमारा लिखा पाठ है और इतर पुंस्तकों में "मानहु इंदी वर उदै" है॥

५६ पाठान्तरः—जाय। संपत्तो। आपन। ऊंच। नह। नहि। द्रिष्ट। वप। आईय। जोगिन्द। हथ। किहि। घरह। उर। घर। अद्दुर। लगि॥

५७ पाठान्तरः—झो। झंप्यों। पुत्रं। भावै। भाव। दूतं। जो। कीजै॥

५८ पाठान्तरः—त्रिप। त्रप। फला। दला। मुहुमंदिरु। भान। कमोद। त्रप। बहुचित। जुनु। पोनय। बहुयौं। किसी पुस्तक में सु शब्द नहीं है॥

गाहा ॥ मनो रिषि हथ्थं प्रानं । बल्लीकं जीवनं गुरयं ॥
जो फल लग्यौ पच्छ । तौ कालं रिप ह्वो वरयं ॥
॥ छं० ॥ ११५ ॥ रू० ॥ ५९ ॥

दूहा ॥ इय चिंतय रिषि राज गुर । पुच्छिय अन रिष राज ॥
क्यौं उधार होइ आप वर । कहो क्रपा करि आज ॥
॥ छं० ॥ ११६ ॥ रू० ॥ ६० ॥

कवित्त ॥ मद् भंडी इक पुरुष । निसा अद्व अध रत्ती ॥
वरंगना अंगने । डस्यौ अहि परत धरत्ती ॥
सुरापान आसिप्य । गयौ करहुं तव कुट्टिय ॥
उच्चारन हा राम । जाय वैकुंठ सु ठट्टिय ॥
परताप नाम सद् गति भइय । कीर कहत परिषत्त सम ॥
भागवत्त सुनहि जो इक्क चित । तौ सराप छुट्टय अक्रम ॥
॥ छं० ॥ ११७ ॥ रू० ॥ ६१ ॥

ज दिन आप तुहि भयौ । त दिन परिसोक घर घ्घर ॥
पसू पंषि जल छंडि । छंडि मुनिवर समाधि उर ॥
छंडि चक्र हरि रष्यि । कूष तूं मात परिष्पत ॥
पंडव वंस प्रनष्य । तषत भ्रम धारी दिप्पत ॥
अचरिज्ज कहा तुम उद्धरन । होइ प्रसन सुकदेव कहि ॥
दिन सत्त अवधि अंतर बहुत । हरि सु उद्धरै छिनक महि ॥
॥ छं० ॥ ११८ ॥ रू० ॥ ६२ ॥

धरनि रूप करि धेन । भ्रम्म बछरा संग लीयै ॥
भारषंड महि चरत । देषि कलिजुग कुपि हीयै ॥
चरन तीन भज्जंत । प्रजा सव आय पुकारिय ॥
चढ़ि करि तें न्टपराज । बध्य परि ताहि बकारिय ॥

५९ पाठान्तर:—प्रान । वलीकं । लगौ । पछू । पछं । तो ॥ इस के छंद का नाम सं० १६४७ की पुस्तक में गाथा है ॥

६० पाठान्तर:—चिंतन । रिषिराज । पुछिय । होय । आप ॥

६१–६३—यह तीन रूपक सं० १७७० और सं० १६४७ की पुस्तक के अतिरिक्त उस से पीछे की जितनी पुस्तक अब तक मेरे देखने में आई हैं उन सब में हैं परन्तु जब तक उन से भी पहिले की पुस्तकें न प्राप्त हों तब तक इन रूपकों को हम निश्चय रूप से चेपक नहीं कह सक्ते। इनको

किहि कीर अंग लग्गौ परस। तिहि कारन इह उपज्जिय॥
आषेट जाय पन्नग मृतक। सिंगी, गर घत्तिय, षिज्जिय॥
॥ छं० ॥ ११९ ॥ रू० ॥ ६३ ॥

तोटक॥ इति चोटक छंद सुसंत गुरं। दिन सात पञ्यौ हरि गंग कुरं॥
त्रितकाल विकालह चित्त धरं। छित पत्त छिमा पिबु लाइ भरं॥
॥ छं० ॥ १२० ॥

न्टपराज परीछत तत्त गुरं। धरि ध्यान कह्यौ वदलीष धरं॥
इन काल सु तप्पय देव नरं। न्टप ग्यान सुन्यौ वपु व्यास वरं॥
॥ छं० ॥ १२१ ॥ रू० ॥ ६४ ॥

साटक॥ या विद्या बदलीत राजन गुरं। आपो रिषं तारयं॥
शून्यं राज सु इन्द्र धारन धरं। विद्या अमारा पुरं॥
यश्रोयं सुघनं तु मातुल इयं, सोहं हरित्तारयं॥
सो ध्यानं रिषिराज राजन वरं। पापापहारं परं॥
॥ छं० ॥ १२२ ॥ रू० ॥ ६५ ॥

चौपाई॥ अति किसलय सुस कोमल अंग। जानु कि सुक्किय देहिय अंग॥
किष्ण दिपायन दीपन व्यास। कोपिन एकिन मंडल चास॥
॥ छं० ॥ १२३ ॥ रू० ॥ ६६ ॥

दूहा॥ किसनदीप दीपाय नह। कही रिषी सब वत्त॥
जु कछु सराप सु उद्धस्यो। परनराज गुरु गत्त॥
॥ छं० ॥ १२४ ॥ रू० ॥ ६७ ॥

कवित्त॥ तितै आय बर ब्रह्म। अप्प रिषि रिषि सु पुकारं॥
कै तच्छक न्टप हतहु। न तरु तच्छक मरै धारं॥

पाठान्तर यह हैं:—अधरत्ती। वारंगन। अंग। ने। काहुं। भागवत्त। जोइ क्कचित॥ ६१॥ जदि। न। तदि। न। परिसोक्र। घर। रषि। परीषत। प्रतप्य। प्रतपि। प्रसन्न। ध्रम। संग। लियै। हियै। वप्य। परिताहि। घतिय॥ ६३॥

६४ पाठान्तर:—तोटछंद। छिलं। पिबुलाइ। त्रितकाल। तत। नृन॥

६५ पाठान्तर:—गुरु। यभ्भोयं। सुधनं। मातुल। तारयं। ध्यान। राजं॥

६६ पाठान्तर:—सु। सकोमल। देहीय। देही। अयंग। किस्ता। दीपायन। चंद्रायना॥

६७ पाठान्तर:—रषी। वत। जु। उधर्यौ। आगत्त।

६८ पाठान्तर:—तंछक। हतहुं। तछक। भई। भद्दय। मान। तो। निधान। धरि। चित। ध्यान।

उभय चित्त चिंतयौ । भइय श्री नाग सु मालं ॥
न्टप न हतों तौ मरन । अहित न्टप रिष्य निधानं ॥
दुअ अंति चित्त चिंता सुचित । धरिय ध्यान चित जान जिय ॥
सत विप्प आइ जिय वीर बर । आय हथ्थ राजन सु दिय ॥
॥ छं० ॥ १२५ ॥ रू० ॥ ६८ ॥

कवित्त ॥ दिय हथ्थं मधि कीट । सुफल लेइ राजन धारिय ॥
क्रम लंकन लागंत । निकरि कीटं किन कारिय ॥
छिनक मधि बाढंत । भए फुनि पंचनि नारिय ॥
न्टपय हुकम मुष दिवौ । करो श्रो काम करारिय ॥
फिरि आय राय दिष्टह वचिय । क्रम्म महि उसनह फनिय ॥
जं जाह जीह कलि हंस छत । भइय देह ब्रन अप्पनिय ॥
॥ छं० ॥ १२६ ॥ रू० ॥ ६९ ॥

तव जनमेजय पुत्त । दिसा दच्छिन जन मुक्किय ॥
तहां धन अंतर वेद । दरक चढ़ि लैन सु तक्किय ॥
करिय षेद चलि अप्प । सहस चेला संग धारिय ॥
आस्तीक जु धुर नाग । तव सु तक्ष्क विचारिय ॥
कल तक्कि रूप लकुटी भइय । अहिय गुरु पुट्टें डसिय ॥
भष काज सिष्प सिष्यां दइय । विप्र रूप तक्ष्क हँसिय ॥
॥ छं० ॥ १२७ ॥ रू० ॥ ७० ॥

दूहा ॥ आस्तीक जु गुर वैर कजि । पढि विद्या अह नाग ॥
जनमेजय न्रिप सों मिलिय । मंड्यौ अप्पन जाग ॥
॥ छं० ॥ १२८ ॥ रू० ॥ ७१ ॥

६९ पाठान्तर:—भरा । किसी २ पुस्तक में सो शब्द का पाठ नहीं है । आई राइ । दिष्ट । भईय । भईये ॥

७० पाठान्तर:—दछिन । जनमु । किय । धन । अंवरवेद । सुत । किय । तछक । छलन । कि । भईय । युट्टे । सिष्यं । सिष्यां । दरह । तछक ।

७१ पाठान्तर:—तिहित । बदस । यत । विप्यं । सचारव । रष्यि । जानिलु । बात । नृहरिय । मछ । होम । मंत । तछक । पतो । कनी । मंत्र ॥

कवित्त ॥ ति हित वैर सिसु वरन । सपत विप दो.ल सु चारव ॥
न्टप जनमेजय नाम । भयौ तामस उन गारव ॥
तात वैर सिसु दष्षि । जियन छोड़ लोइ विचारै ॥
जालिहु बातन हरिय । सच्छ बंध्यौ जनु जारै ॥
होमंत सत्ति तच्छक सु नग । इन्द्र सरन पत्तौ तबै ॥
सुनि कन्न राज तामस भयौ । करहु मंत्त साधन सवै ॥
॥ छं० ॥ १२९ ॥ रू० ॥ ७२ ॥

भुजंगी ॥ करी अस्तुती यं स्वहा इंद्र जोगं । तहां इंद्र आयो सुरं नाग भोगं ॥
इतं देव सादेव सारन्न आयो । तिनं काटि दीयंत सो पाप पायो ॥
॥ छं० ॥ १३० ॥ रू० ॥ ७३ ॥

कवित्त ॥ अभय दान आतुरह । अंन उग्राह पान दत ॥
सरन रष्षि भय नरन । कढ्ढि मुक हित्त छंडि सत ॥
तय लगि कग्ग कराल । स्वान ससन ऊ वासै ॥
रुधिर चरम अरु असनि । वस्त वस्तन ऊ नासै ॥
जो इय जोइ जग उच्चरै । जननि जाय ग्रभ्भह गरै ॥
तिन काज राज प्रारथ्यिये । जियत तक्कक तन उब्बरै ॥
॥ छं० ॥ १३१ ॥ रू० ॥ ७४ ॥

दूहा ॥ न्टप चिंता वहु लग्गि मन । ज्यौं जुथ वाय चिकाल ॥
यौं न्टप राजत राज कुल । पुनर जनम दुष ज्वाल ॥
॥ छं० ॥ १३२ ॥ रू० ॥ ७५ ॥

---

७२ पाठान्तरः—करि । अस्तुति । स्वाहा । सारन । तिन । सह ॥ इस रूपक के छंद का नाम हम ने शोध करके भुजंगी रक्खा है और सं० १६४७ की तथा सं० १७७० की पुस्तकों में भी यही नाम लिखा है किन्तु इतर पुस्तकों में चंद्रायना नाम लिखा है वह अशुद्ध है ॥

७४ पाठान्तरः—आतुरहै । अन । कढि । मु । कहित । तुय । उ । उं । जोइये । ग्रभह । कारज । प्रार्थिय । उबरै ॥

७५ पाठान्तरः—त्रिन । पुनरजनम ॥

॥ वर्तमान आबू पर्वत के उद्धार की कथा ॥

॥ उस तक्षक का आबू पर अपना अर्बुद नाम धर रहना ॥

कवित्त ॥ स तक्ष आबू प्रमान । मंडीयौ सू अचल कर ॥
गरब गरुर तें विडुरि । सुडरु रष्यौ जु अंत धुर ॥
अचल ईस प्रति नाम । अचल आचित्त अचल घर ॥
देव देव प्रारथ्थि । इन्द्र मुक्किय छंड्डिय धर ॥
अरवुद नाम धर जुत्तिया । दूर तपित थहराइया ॥
कलपान पुहप अरु वस्त गुरु । छांह गुरु गुर छाइया ॥
छं० ॥ १३३ ॥ रू० ॥ ७६ ॥

॥ गालव ऋषि के शिष्य उत्तङ्क का उपाख्यान ॥

दूहा ॥ सो आबू उद्धार विधि । कहों कथा * परवंध ॥
ज्यों अनादिआ रिष्य सुष । सुनी सु गुर समवंध ॥
छं० ॥ १३४ ॥ रू० ॥ ७७ ॥
गुरु गालव उत्तंग सिष । बहु विद्या पढ़ि जाम ॥
पय लग्गौ गुर राज कैं । कह्यौ दक्कना काम ॥
छं० ॥ १३५ ॥ रू० ॥ ७८ ॥

बाघा ॥ गालव रिषि सिष्य उतंग । दिय विद्या वुध क्रम क्रम अंग ॥
गुर दष्यिन कज्जैं गुर जच्चै । गुर पतनी तव संगि विरच्चै ॥ १३६ ॥
कुंडल जच्चि षिचिया कानं । अप्पौ जासु दष्यिना दानं ॥
दिवस अठ्ठमो व्रत अषंडै । चरचों दान विप्र श्रुत संडै ॥ १३७ ॥

---

७६ पाठान्तर:—सो । तछक । आ । चित । बर । मुकिय । छडीय । जुतिय । तप्यित । छाईया ॥ स = वह का वाचक और तछ = सर्प = तत्तक का वाचक जैसे रू० ५१ की ८ तुक में तच्छ प्रयोग हुआ है ॥

७७ पाठान्तर:—रिष्य ॥

७८ उतंग । जास । कै । दछना ॥

७९ पाठान्तर:—उत्तंग । दछिन । गुरपतनी । मंगि । दत्तिना । अषंडे । मंडे । करे । संपनो । न्रिप । प्रसंसे । ससप्पे । तप्पक । बीच । रषै । अंचल । दूषै । दूपे । ठठो । ताम विराम ।

* हमारे पाठकों को ध्यान में रखना चाहिये कि चंद अर्बुद के उद्धार की कथा अर्बुद खण्ड अर्थात् आबू महात्म्य नामक संस्कृत ग्रंथों से संग्रह करके वर्णन करता है । जिन पाठकों के पढ़ने में अथवा सुनने में यह ग्रंथ आये हैं वे जान सक्ते हैं कि कवि ने थोड़े में बहुत ही आशय लिया है और उत्तङ्क का उपाख्यान महाभारत के आदि पर्व के पौष्यपर्वाध्याय नामक: द्वितीय अध्याय में से भी कवि ने संग्रहीत किया है ॥

चल्यौ रिष्षि चमंके ताम । गुर गुरनी कों करै प्रनाम ॥
चिंतत दूष्ट चल्यौ वर राहं । संपत्तौ यौं सद न्टप ठाहं ॥ १३८ ॥
जच्चै कुंडल षिचिय पासं । ल्वाइ समप्पै विधि वर तासं ॥
विप्र प्रसंसै समपे कुंडल । कह्हि डर तच्छक वीच नीच षल ॥ १३९ ॥
लै कुंडल चल्यौ हरषे मन । आप्यौ राज विप्र अन्यो अन ॥
क्रम्यौ विप्र राह चंचल चर । छलि तच्छक लीनें कुंडल वर ॥ १४० ॥
क्रमयौ विप्र पुट्ठि अति चंचल । धरि अहि रूप सु गयौ रसातल ॥
विल दूष्षै ठढ्ढौ रिषि तामं । दुमत चित्त भय विहत विरामं ॥ १४१ ॥
अस्तुति इन्द्र करन लग्गौ रिषि । नंष्यौ बासव षिनक वज्र सिष ॥
भ्रित अभ्रित दीयौ आषंडल । धर रिषि तक्कि षात विल मंडल ॥ १४२ ॥
पैठो विप्र नागपुर ठामं । धोम प्रगट्टै मंच विरामं ॥
दूष्यौ पुरष एक षट आरं । फेरे चक्र तास फिरि तारं ॥ १४३ ॥
दूष्यौ बाह बाह सत वारं । उंच तेज आजेज अपारं ॥
यौं नर नारि अषै वर नामं । वे अह हथ्थ बेई सम कामं ॥ १४४ ॥
चिसत सट्ठि तां तंति ठायं । अद्ध सेत्त स्यामं अध तायं ॥
अहि धुत्तेन उपाइ सबाहं । फुंकत पुंछ सधुम्म सराहं ॥ १४५ ॥
पुंकत पुंछ धार धुम चल्ली । लग्गै नाग अंग सह थल्ली ॥
प्रगटे अंसू पलक उघ धत्ति । अप्यो कुंडल नाग मान हति ॥ १४६ ॥
ग्रिह कुंडल अप्पे गुर वालं । गुर विद्या अप्पी अभिरामं ॥
दुज वर वज्र पैठ जेहा धर । बिल अभ्रित तिह थांन मंडि थिर ॥

छं० ॥ १४७ ॥ रू० ॥ ७९ ॥

दूहा ॥ बिल अथाह तिहि थान भय । बहुत संवङ्कर वित्त ॥
पृथुल कराल कराल भौ । जिम जिम काल बितित्त ॥

छं० ॥ १४८ ॥ रू० ॥ ८० ॥

वर्ज्ज । आभ्रत । दियौ । रिक्कि । पैठो । बैठौ । धोमं । ठाम । बिराम । फेरै । वाह । जो । तामं । बे । हथ । वे । ईस । मकामं । बेद्दम । सठि । ता । तंति । ठायं । उपाय । स्याम । धुत्तेन । फूंकत । सधुम । धुम । लगे । थली । अंशू । कुंड । अप्यो । हित्ति । मनि । ग्रही । रामं । पेठि । आभ्रेत । आभ्रित ।

८० पाठान्तर :—वित । प्रिथुल । प्रथार । विवित ॥

हली सेत झल्ली जलड्डी समुद्दं। अचै सेष पीरं सु सानौ समुद्दं ॥
धराचल्लि भागीरथी विस्व भागं। मिटै अघ्घ ओघं तनं दुष्ष दागं ॥ १५७ ॥
सुभं उच्च अंदोल वीचं विराजं। मनो स्त्रग्ग आरोह सोपान साजं ॥
नरं नीच नीरं तटं ओन प्रस्सं। तवै अग्ग देवं गुनं अब्ब अस्सं ॥ १५८ ॥
परै मस्स्स्क कल्लेवरं धंषि कुट्टी। भषी कावलं गिद्धि गोमाय लुट्टी ॥
तटं ओन झल्लै थलं वारि हल्ल। षिनं मस्स्क्ष अंदोल वीचं वहल्लै ॥ १५९ ॥
तिनं आतमं देह आनूप धारै। वरं उर्वसी चामरं विंझ नारै ॥
धरै ध्यान भावं तिनं दुक्ख दव्वै। मिटै मज्जनं अघ्घ साजंम सव्वै ॥ १६० ॥
झलक्कंत गंगा तनं तेज सोहै। मनौ दाहनं दाह दाहंन्न जो है ॥
सुयं गंग गंगे सु गंगा प्रकारं। हरै नाम गंगा जमं किं करारं ॥ १६१ ॥
त्रिपथ्थी त्रिगामी विराजंत गंगा। महा स्त्रग्ग लोकं नरं नारि अंगा ॥
रहट्टं घरी ज्यौं फिरै तीन लोकं। महा दिव्य धुन्नी नवं निग्म लोकं ॥ १६२ ॥
कलाली गुहीरं गुफा फारि नागं। प्रगट्टीय मातंगि मानुष्य भागं ॥
रही नष्य अष्षी सुयं ताप भंजै। महा वद्दराजं दिवं दुर्ग रंजै ॥ १६३ ॥
भयं भीषमं मात वहु पाप षंडै। जमं ज्वाल ज्वालं तमं तेज चंडै ॥
रहं रोह रंगी हरं सीस गंगे। महा मोहनी मात दुग्गा उतंगे ॥ १६४ ॥
बरं काल काला जलं स्वेत रूपं। तहां उप्पनी मात आभंग नूपं ॥
भई गाम सद्दं सु सामुद्द सेतं। डस्यौ नाम गंगा उतंगा विहेतं ॥ १६५ ॥
हरद्वार द्वारं कला तूं प्रगट्टी। करी मुक्ति मग्गं महा पाप मट्टी ॥
तिनं नाम लीने क्रियं तोय पीजे। क्रियं संस्त्रनं देव संज्यान कीजै ॥ १६६ ॥
क्रियै गाहि तें पंथ उग्गाहि साजं। तुँही तापिनी तेज तूं तेज राजं ॥
तुँही मध्य वारानसी मोच्छ दैनी। कली काल दुष्पं कटन्नं क्रपैनी ॥
छं० ॥ १६७ ॥ रू० ॥ ८३ ॥

दूहा ॥ जब लगि रज तन मात की। रहै अंग सों लाइ ॥
तब लगि काल न संपजै। क्रम्म पाप सब जाइ ॥
छं० ॥ १६८ ॥ रू० ॥ ८४ ॥

मंजने हल्ले। अपसा। जम। दाहं। दाहनं। जोहै। त्रिपंथी। नाग। घटा ताम। मंगा। महादिव्य। नवं। निगम। महावद्दराजं। षदिव दुर्ग। भीषम। जालं। महामोहनी। अनूपं। धयैं। समरनं संभ्यानं। मोक्ष। मोद। दुपच ॥

८४ पाठान्तर:—सोलाइ।

गाथा ॥ क्रम्मं अघं सव भंजै । दिव्वं करै देह सा रूपं ॥
सुरगं करै सु गामी । अद्वं नाम रसन उच्चारं ॥
छं० ॥ १६९ ॥ रू० ॥ ८५ ॥

॥ मंदाकिनी गंगा का उभरना और गौ का तिरकर निकलना ॥

दूहा ॥ सुनि गंगा सुवयन्न रिष । उभरी आय प्रमान ॥
ताहि तिरंतह नंदिनी । आई तट बिल थान ॥
छं० ॥ १७० ॥ रू० ॥ ८६ ॥

रिष्य सिष्य धाये सु सव । धर कड्डी तँह गाव ॥
सो कड्डवि मंदाकिनी । गइ पयाल फिरि ठाव ॥
छं० ॥ १७१ ॥ रू० ॥ ८७ ॥

बिल अथाह दिष्यौ सु रिष । चित चिंता परपत्त ॥
को निकसै या माधिगत । गात भयानक पत्त ॥
छं० ॥ १७२ ॥ रू० ॥ ८८ ॥

॥ वशिष्ट ऋषि का उस अथाह बिल बूरने को हिमालय के पास एक पुत्र मांगने जाना ॥

बिअष्परी ॥ चिंते रिष्पि देखि बिल दुक्रित । उर लग्गी अति चिंत मझिझ चित ॥
पूछवि रिष्प सिष्य क्रत कामं । लहै न कोइ बुद्धि बल तासं ॥ १७३ ॥
चिंते ध्यान अप्प रिखि राजं । याहि सपूरन को थिर काजं ॥
चिंतत रिष्षि ध्यान उर भासं । है सत पुत्र हेम गिरि जासं ॥ १७४ ॥
एक पुत्र जाचौं तिन पासं । बिल पूरै पूरै उर आसं ॥
क्रम्यौ राज रिषी दिसि उत्तर । देषी मन आनंद दिव्य धर ॥ १७५ ॥
गौ रिषि राज पास गिर राजं । दुष्य अग्ग पति आसन साजं ॥
मैंना सहित आय पग लग्गे । अरघ पाद करि अचवन लग्गे ॥
छं० ॥ १७६ ॥ रू० ॥ ८९ ॥

---

८५ पाठान्तरः—क्रम । सारूपं । सुगामी ॥

८६–८८ पाठान्तरः—सुनयन । तिरंत ॥ ८६ ॥ धाए । कढी । तहां । कढवि । गई । ठांव ॥ ८७ ॥ परपत । मधि । पत ॥ ८८ ॥

८९ पाठान्तरः—चिते । दुक्रत । कोई । संपूरन । नासं । हेमगिरि । पुत्र एक । पू । पूरं । रिषि । उत्तर । मान । रिषिराज । गिरि राजं । दुष्ये । मेना । पय । लागे ॥

दूहा॥ सुनि सुवचन गिरि राज कौ। कहि रिषि कारन षात॥
पुच एक जच्चू तुमहि। गरित सपूरन गात॥
छं०॥ १७७॥ रू०॥ ९०॥

॥ हिमालय का अपने सब पुत्रों को ऋषि का अभिप्राय कहना॥

कवित्त॥ तब सुचिंत गिर ईस। पुच सद्दे निज स्वब्बं॥
कहि कारन षिति षात। अप्प रष्षौ कुल अब्बं॥
इह सु रिष्षि सुत ब्रह्म। नाम वाचिष्ट महा मंति॥
धर्म्म पार तप पार। पार स्रुत कर्म्म परम गति॥
जच्चे सु सोइ तुम एक कहुँ। चिंतिय चत कारज्ज रिषि॥
संब सो वास विल उद्धरौ। पद पामी परमुच ऋषि॥
छं०॥ १७८॥ रू०॥ ९१॥

॥ हिमालय के बड़े पुत्र का उत्तर देना कि वह भूमि निषद्ध है॥

कवित्त॥ तब अष्षहि अग्र पुत्त। सुनहु गिरि राज चिंत चित॥
पिता बाच रिष काज। कोइ छंडहि सुक्रम्म हित॥
उह सु भूमि निषेद। थान जानहु तुम सब्बं॥
भ्रंम क्रंम अरु देव। सेव जाजन नहि अब्बं॥
कुच्छित्त देस कारन विक्रम। तहँ सु केम किज्जै गमन॥
अप्पिये प्रान संग्गै जो रिषि। पै दुष्ट थान थप्पहिँ न तन॥
छं०॥ १७९॥ रू०॥ ९२॥

॥ वशिष्ट का प्रत्युत्तर दे कहना कि वह भूमि बड़ी रम्य है॥

कवित्त॥ तब जंपे सुत ब्रह्म। सुनौ गिरि राज पुच सम॥
इहि सु भौमि बिल थान। रम्य मंडहि सु तप्प द्रम॥

९०. पाठान्तर:—गिरिराज। संपूरन॥

९१ पाठान्तर:—ईसं। रष्षो। महामति। परमगति। कहुं। संव। संवसौ। परमुच॥

९२ पाठान्तर:—गिरिराज। सुक्रम। स्व्व। अब्ब। तहां। कहहां। पै॥

९३ पाठान्तर:—जंपै। सुत्र। गिरिराज। तिय। गंधर्व। मूर्त्तिमान। सज्जै। तिसर। धाश्र। महि।

सवै देव इहि वास । तिथ्य सव्वै रिषि सव्वं ॥
विप्र ब्रह्म वर वड्डि । सु गुन गंध्रव सव कव्वं ॥
किन्नरह क्रंम सुत धर्म्म धर । सुरति मान सज्जैति सिर ॥
हरि ब्रह्म ईस संवास सह । जो आश्रम हि इक्क गिर ॥
छं० ॥ १८० ॥ रू० ॥ ९३ ॥

॥ और वहां आगे वाल्मीक ऋषित्व को प्राप्त हुवे हैं ॥

पद्धरी ॥ रमनीक ठाम वाशिष्ट राज । तहां वसहि देव देवह विराज ॥
इहि थान पुव्व क्रत युग प्रमान । रिषि कियो तप्प जर्जित विधान ॥ १८१ ॥
वाल्मीक वीर इक वधिक रूप । अति पाप क्रंम आघात कूप ॥
भंजै सु मग्ग तिन भ्रम्म थान । पायो सु हरिय दरसन विधान ॥ १८२ ॥
चित संप चक्र गद्द पद्म वाहु । तन स्याम सुभित पीतह प्रवाह ॥
दिप्प्यौ सु लक्षी तन रूप भील । कीनी नह तन तिन निमष ढील ॥ १८३ ॥
आयो सु दिट्ठ गोविन्द वीर । जानी न पुव्व भ्रम्मह सरीर ॥
छिति दिप्पि दिट्ठ कामह करूर । विंध्यो सु पाप मथ्थां सभूर ॥ १८४ ॥
तव आय रिप्प उपदेस दीन । किहि काज इहां यह क्रंम कीन ॥
भग्नी रु वंध तिय मात पुत्त । वंटहि कि पाप पापह सजुत्त ॥ १८५ ॥
तिहि जाइ कह्यौ वर भील मान । वंच्यौ न पाप किन अंग थान ॥
लग्गो चरन्न कर धनुष तोरि । आघात घात वानी सजोरि ॥ १८६ ॥
व्याघात नाम सों वधिक थान । भ्रम भ्रम्यौ इक्क रुच्छह निधान * ॥
छं० ॥ १८७ ॥ रू० ॥ ९४ ॥

गाथा ॥ यों कहियं रिषि राजं । तुम कोइ दिवस भ्रमन करि अथ्थं ॥
फुनि हम दरसन प्रायं । सथ्थं गुर मंच दे कानं ॥
छं० ॥ १८८ ॥ रू० ॥ ९५ ॥

---

९४ पाठान्तरः—जु । धर्म । दर्सन । लछि । वीर । धर्मह । धरमह । विंव्यो । मथांस । भूर । रिपि । इहां । रहां । क्रम । त्रिय । पुत । संजुत । चरन । तोरी । भ्रम्यो । इक । वृछ ।
* यह पंक्ति कर्नैल टोड साहब वाली पुस्तक में नहीं है ॥

९५ पाठान्तरः—कोई । भ्रमं । ससथ्य । मरा । मरा । गहिय । भद्दे । अब । अबयो ॥

सरां मरां यह कह्यियं । गह्यियं भगताय अंगयं नेहं ॥
भिद्दे तु चक्रम मंटी । दट्टी निय अव यो देहं ॥
छं० ॥ १८९ ॥ रू० ॥ ९६ ॥

दूहा ॥ बांबी फिर अंगह वली । अंग उद्देही जाम ॥
क्षीन सबद सुष निक्कसे । धीर धीर कै राम ॥
छं० ॥ १९० ॥ रू० ॥ ९७ ॥

तब धरि सधि कव्यौ सु रिषि । दिष्षि प्रबल तप पार ॥
बाल्मीक रिषि सो भयौ । सुनि गिरि सुअन विचार ॥
छं० ॥ १९१ ॥ रू० ॥ ९८ ॥

॥ हिमालय के मध्यम पुत्र नंद का वशिष्ट के साथ आना स्वीकार करना ॥

कबित्त ॥ सुनि सु वचन गिरि सुअन । सबै विधि राम वाच रहि ॥
मध्य पुच गिरि नंद । सोय उच्चर्यौ वाच सहि ॥
हैां सु पंग विन पाय । क्रम्मि सक्कों न राह दुर ॥
जाय परैं षित षात । करैं उद्धार वाच धुर ॥
पित बाच राम सज्यौ सु बन । वाच सु हरिचंद अव्व वहि ॥
सोइ बाच तात क्रत कज्ज रिषि । कोइ सचुक्कहि सुष्ष महि ॥
छं० ॥ १९२ ॥ रू० ॥ ९९ ॥

॥ वशिष्ट का अर्बुद नाग को कहना कि जो तू नंद गिरि को उठा ले चले तो हमारा कार्य सिद्ध हो ॥

पद्धरी ॥ अर्बुदा अचल अर्बुदति नाम । क्रित काम पयह षेरौ सु काम ॥
धर नंद नंद नंदन प्रमान । उच्चार सार लै जाहु थान ॥ १९३ ॥

९६ पाठान्तरः—बांकी । निकसै । कैं ॥

९७ पाठान्तरः—दिषि । रिष ॥

९९ पाठान्तरः—गिगिर । सोइ । हों । उच्चर्यौ । पाइ । क्रमि । क्रंमि । सकों । सक्कौं सक्कैं । परां । करां । कोई । चुकहि । मुष ॥ इस रूपक की पांचवीं तुक के वाच और सज्यौ शब्दों के बीच में राम शब्द किसी २ पुस्तक में लेखक ने लिखना छोड दिया है । तथा इसी तुक के दूसरे पाद का पाठ हमारे पाठ के सिवाय किसी २ पुस्तक में "पिता वाच सिर अंबु वहि" करके भी है ॥

१०० पाठान्तरः—इस की पहिली तुक के पहिले पाद का पाठ हमने सं० १६४७ की

प्रविस कियो गारत्त गिरि। जय जय वचन सरीर हुअ॥
भो मगन सुतन सव्वै सु गिरि। उवरयौ नाक सुनाग धुअ॥
छं० ॥ १९८ ॥ रू० ॥ १०२ ॥

॥ बिल का पुर जाना और पुष्प वृष्टि सहित जैजैकार होना ॥

दूहा ॥ उवरयौ नाक सु नाग धुअ। दिव अस्तुति परमान॥
पुहप वृष्टि हथ्थां करिय। जय जय वंध्यौ तान॥
छं० ॥ १९९ ॥ रू० ॥ १०३ ॥

॥ नग का हिलना ॥

दूहा ॥ गात सकल गिरि जात को। सब बूड्यौ सम नाग॥
उबरि नास सैलह तहां। सो हलही विन लाग॥
छं० ॥ २०० ॥ रू० ॥ १०४ ॥

॥ नग के हिलने से वशिष्ट चिंता कर ईश आराधन करने लगे ॥

दूहा ॥ नास सुहल हल्यौ सुनग। उर अति चिंता जग्ग॥
अति आतुर वाचिष्ट रिषि। ईस अराधन लग्ग॥
छं० ॥ २०१ ॥ रू० ॥ १०५ ॥

॥ वाचिष्ट ऋषि ने महादेव का यह आराधन किया ॥

साटक ॥ ईसंजा गिरिजानने वगरयं। उच्छंग मातंगिनी॥
चर्मंजा वद्रजामवंत जलजं। बुंदं तयं उज्जलं॥
रष्यं जारति कर्न कामति मलं। दलयंति तीयं पुरं॥
त्रिपुरारिं तन तुंग तारन गुरं। जैजै हरं ईसयं॥
छं० ॥ २०२ ॥ रू० ॥ १०६ ॥

उचरि। अग्गै। पछ। संपन। तथ॥ इस की अंत की तुक का पाठ किसी२ पुस्तक में "भू मग सुतन सवै सुगिरि। उवस्यो नाक सु नाक धुअ" है॥

१०३ पाठान्तर:—उबर्यौ। नाक। हथां॥

१०४ पाठान्तर:—यह रूपक सं० १६४७ की पुस्तक में नहीं है और जब तक कि वह इस से भी प्राचीन पुस्तक में नहीं मिले तब तक उस को चेपक नहीं कह सक्ते। सोह। लही। बुड्यो॥

१०५ पाठान्तर:—नाग। वाशिष्ट। आराधन। लग॥

१०६ पाठान्तर:—उछंग। चलजं। जलदं। रिषं। करन। दलयंति॥

भुजंगी ॥ नमो आदि नाथं स्वयंभू सनाथं । नहीं मात तातं न को संगि वातं ॥
जटा जूटयं सेषरं चंद्र भालं । उरं हार उद्दारयं रुंड मालं ॥ २०३ ॥
अनीलं असन्नं उपव्वीत राजं । कलं काल कूटं करं सूल साजं ॥
वरं अंग ओधूत विभ्भूत ओपं । प्रलै कोटि उग्रंसि कालं अनोपं ॥ २०४ ॥
करी चर्म कंधं हरी पारिधानं । वृषं वाहनं वास कैलास थानं ॥
उमा अंग वामं सु कामं पुरष्षं । सिरं गंग नेत्रं त्रयं पंच मुष्षं ॥ २०५ ॥
नमः संभवायं सरव्वाय पायं । नमो रुद्रयायं वरद्दाय सायं ॥
पसूपत्तए नित्तए मुग्गयाए । कपर्द्दी महादेव भीमं भवाए ॥ २०६ ॥
मषघ्नाय ईसानए त्रंवकाए । नमो भ्रम्मए धातए अड्ढकाए ॥
कुमारो गुरव्वे नमो नील ग्रीवे । नमो व्याधए बाधए हिच्छ जीवे ॥ २०७ ॥
नमो लोहिते नील सिष्षंडए तं । नमो शूलिने चक्षुषे दिव्यए तं ॥
वसूरेतवे स्वर्व्वदेवस्तुतेवं । नमो पिंग जाटिल्लए देव देवं ॥ २०८ ॥
नमो तप्प मानाय भ्रष्षं धुजाए । नमो ब्रह्मचारी त्रयंब्रह्मकाए ॥
सिवं चातमे चातगे स्वर्गचाए । नमो विश्वमावित्तए विश्वराए ॥ २०९ ॥
नमस्ते नमस्ते नमो सीतताए । नमो सर्ववल्लायने संकराए ॥
नमो ब्रह्मवल्लाय भूतं पिताए । नमो वाचपे विश्वपे भूतपाए ॥ २१० ॥
नमो सीससाहस्सए नीतएसं । सहसंभुजा नैंन साहस्स तेसं ॥
नमो पादसाहस्स आसंखकर्नं । नमो वन्हि हीरन्य हीरन्यवर्नं ॥ २११ ॥
नमो भक्ति आकंपनं संभु देवं । थिरं रिद्धि दाता मनं वच्च सेवं ॥
प्रसन्नो भवो ईस तव्वै न कव्वै । तनं ताप विन्नासए चित्त तव्वै ॥
छं० ॥ २१२ ॥ रू० ॥ १०७ ॥

१०७ पाठान्तर:—स्वंभू । समाथं । नही । मंगी । चंदभालं । उर । संडमालं । असनं । उपंवीत । कलंकालकूटं । विभूत । सिकालं । अलोपं । करि । बधं वृपवाहनं । वासं । थानं । दामं । कुरष्वं । गंगा । नैंनं । उद्रपायं । सरवाय । वरदाय । पसू । पत्त । ए । नित । ए । मुग । जाए । कपट्टी । कपट्टी । मषंघ्नाय । ईसं । नए । ध्रम्म । ए । धात । ए । गुर्व्वें । नल । व्याध । ए । बाध । ए । ट्टिच्छ । सिष्षंड । एतं । दिव्य । एतं । वसूदेवते के स्वदेवं । स्तुतेवं । ब्रपंध । जाये । त्रयब्रह्म । काए । श्वर्श । चाये । विश्वमा । वित्तए । नमस । ते । नमस । ते । सीत । ताए । साहस्र । एनीत । एसं । सहस्र । नैन । सहस्र । आसंप । कर्नें । हिरन्य । संभा विनास । ए । चित्र ॥ सं० १६४७ की पुस्तक में इस छंद की ८ वीं तुक में का नित्तए शब्द नहीं है ॥

॥ वशिष्ट के वचन सुन महादेव का प्रत्यक्ष हो वर मांगने को कहना ॥

चौपाई ॥ सुनि मुनि वचन मोद मन ईसं। आय परौ रह्यौ उड्डरि सीसं ॥
बर! बर! वानि जानि मन मंग्गहु। जंपहि ईस आस जिहि जग्गहु ॥
छं० ॥ २१३ ॥ रू० १०८ ॥

मंगहु मुनि सज्जन गुन गुन वर। चलै किंत्ति जित्ती जिहि धुर घर ॥
ता क्रित्ती मुकतीह सों लिज्जै। ब्रह्मासन आसन डोलिज्जै ॥
छं० ॥ २१४ ॥ रू० ॥ १०९ ॥

॥ ईस का स्वरूप देख ऋषि का मुदित होना ॥

चौपाई ॥ देषि सरूप ईस मन उम्मदि। जै जै जीह धन्य वानी वदि ॥
गौर कपूर तेज तन उद्दित। रिषि रोमंचित तब मन मुद्दित ॥
छं० ॥ २१५ ॥ रू० ॥ ११० ॥

मुद्दित मन उद्दित तन भारी। हरि वैकुंठ ईस मनचारी ॥
अर्बुद गिरि धरि ध्यान सु ईसं। करै काल तिहि काल जगीसं ॥
छं० ॥ २१६ ॥ रू० ॥ १११ ॥

॥ वशिष्ट ऋषि का महादेव को नमस्कार करना ॥

साटक ॥ त्रै नैनं त्रिजटेव सीस त्रितयं। त्रैरूप त्रीसूलयं ॥
त्रदेवं त्रि:दसा त्रिभू त्रिगुनयं। त्रीसंधि वेदत्रयं ॥
त्रैरग्निं त्रयलच्छि काल त्रितयं। ग्रामं त्रयं त्रैवयं ॥
गंगा त्रै त्रिपुरारि भासित तनुं। सोयं नमः संभवे ॥
छं० ॥ २१७ ॥ रू० ॥ ११२ ॥

१०८–१०९ पाठान्तरः–मंगहुं। जग्गहुं ॥ चलै और किंत्ति शब्दो के बीच में "ई" शब्द का पाठ सं० १६४७ की पुस्तक में नहीं है और इधर के समय की लिखित पुस्तकों में है। धुर धुर। कीती। मुक्तीह ॥

११०–१११ पाठान्तरः– उंमदि। गौरक। पूर ॥

११२ पाठान्तरः–त्रिजटेवसीस। त्रयलछिकाल। त्रितयंग्राम ॥

॥ प्रमथाधिपति ने आनन्दित होकर वर मांगने को कहा ॥

दूहा ॥ आनंद्यो प्रमथाधिपति। वर! वर! वंद्यौ वानि ॥
रिषि संगह्यु उतकंठ मन। सोइ समप्पौं आनि ॥
छं० ॥ २१८ ॥ रू० ॥ ११३ ॥

॥ वशिष्ट ऋषि का नंदगिरि को अचल करने का वर मांगना ॥

दूहा ॥ फिरि रिषि जंप्यौ संभु सों। जो तुट्टो मुझ भास ॥
नग्ग चलंतौ अचल करि। फुनि सज्जौ सिर वास ॥
छं० ॥ २१९ ॥ रू० ॥ ११४ ॥
सो आबू गिरि राज गुरु। सुर गिर सम सैलास ॥
चिपथ नाम मुनि देव का। वसि रु कियो कैलास ॥
छं० ॥ २२० ॥ रू० ॥ ११५ ॥

॥ महादेव का पर्वत को अचल कर उसमें अचल नाम से विराजना ॥

कवित्त ॥ तव सु ईस मन मुदित। पानि चंप्यौ गिर गौरव ॥
अचल अचल कहि अचल। भयो अचलेस नाम तव ॥
सुथिर भयौ नग नंदि। अप्प सिर वास सु सज्यौ ॥
उमय आय तिहि थान। सगन प्रमथाधिप रज्यौ ॥
गिरि नंद नाम हेमद्द सुतन। अर्बुद नाग सु मिच मन ॥
तिहि नाम चिविध भय तिष्य हर। पारस अप्पन अर्थ तन ॥
छं० ॥ २२१ ॥ रू० ॥ ११६ ॥

कवित्त ॥ अचल नाम कहि अचल। अचल विद्या अभ्यासिय ॥
अर्बुद गिरि थिर धरग्रौ। वियौ वानारस वासिय ॥
उच्चित नाम इक वरष। मुत्ति लब्भेति जगत गुर ॥
इच्छत नाम इक दीह। करै उपवास सोइ नर ॥

११३–११५ पाठान्तरः—प्रथमाधिपति। बानी। समप्यों ॥ ११३ ॥ मों। तुठो। भग्ग पास ॥ ११४ ॥ गुरं। सं॰ १६४७ की में "मुदगिर सम सैलास" और सं॰ १७७० की में "सुर गिर सम सैलास" और सं॰ १८५९ में "मेर समल सैलास" पाठ हैं ॥ त्रिपथा। ताप। सुनि वसि। रुकियौ ॥ ११५ ॥

११६ पाठान्तरः—अच। प्रथमाधिपं। रंज्यो। नम। तिय। अथि ॥

बाना रभंति बारानसिय। आबू अर्बुद उद्धरिय॥
जट विकट जाल विभ्भूति रँग। सुरग मुकति ढिग ढिग फिरिय॥
छं० ॥ २२२ ॥ रू० ॥ ११७ ॥

॥ आबू को अचल देख कर वशिष्ट का प्रसन्न होना और अन्य ऋषियों को वहां यज्ञ के लिये बुलाय जप तप और वास करना ॥

पद्धरी ॥ अग अचल दिष्षि वाशिष्ट रिष्ष। मन मुदित भयौ सम आय सिष्ष॥
हर वासदेव सब गुन समान। आवरन रिद्धि चित चिंत थान॥ २२३ ॥
आभासि सिष्ष गौतमह तथ्य। आचरौ वास अनि रिष्ष सथ्य॥
आभासि रिष्ष अनेक ताम। संबोधि बोलि प्रथु प्रिथुक नाम॥ २२४ ॥
देवलह असित अंबावि सूत्र। सैामिच सर्प्प माली विभूव॥
मह महल सनक जैनेय पैल। दालभ्य वक्र सुमंत औल॥ २२५ ॥
दीपाय किस थूलंसि राय। तैतरिय जभ्भवक्री सुताय॥
जैमनिय ध्रुव्व वैसंपयान। हर्षनह लोम असुहोच जान॥ २२६ ॥
मंडव्य अरति कौसिक्क दाम। उष्णीष चिवन पर्नाद वाम॥
घटजात सुबल सोजायनेय। बलवाक परासर वायवेय॥ २२७ ॥
सचिवाक जात क्रन क्रन्न माल। सनिवाक क्रिताश्रम सुचि पाल॥
सिषि वांनसु पर्पत पारिजात। अगस्ति मारकंडे सुभाति॥ २२८ ॥
पाविच पानि सर्वन्य रम्य। किरनाषकेत भ्रगु सेष सभ्य॥
जंघावं भालकी कोप वेग। गालम हरीय ब्रह्म अगेग॥ २२९ ॥
कौडिन्न बंध माली सनक्क। सानंद सनातन कच वक्क॥
सांडिल्ल करक वाराह पंग। कौमार अस्व हय घोष मंग॥ २३० ॥
वेनीय जघन जघ नासकेत। कन्हं कलाप वक्रीव सेत॥
अष्टाहवक्र उद्दालकेय। च्यवनह कपिल मातंग जेय॥ २३१ ॥

---

११७ धर्यैा। बीयो। लभ्यैा। तिजगत। वानार। भंति। वानारसीय। उद्धरीय। मुति॥
११८ पाठान्तर:—दिषि। वाचिष्ट। सिष। आचर्यैा। प्रिथक। अंकवा। विसूत्र। सप्प। ध्रुव। हरष। नह। मंडप। कौसिक। उष्णीक। पनदिवाम। घट। जात। वाल। वाक। बालजाक। वाय। वेय। सचि वाक। क्रन। क्रनमाल। सनि। वाक। क्रिताश्री। सिषि। वांनस। पर्वत। भाल। की। गालं। मह्नि। रिय। कोंडिन। सांडिल। वेनी। जय। घन। घना। सकेत। कन्ह। वसेत अष्टाह।

॥ यज्ञ का अनुष्ठान सुन कर राक्षसों का एकत्र हो आना ॥

दूहा ॥ जंचकेत दानव दुसह । अरु रष्पस धुमकेत ।
अप्प सथ्थ लीने सकल । आए दुष्टह हेत ॥
॥ छं० ॥ २४३ ॥ रू० ॥ १२१ ॥

॥ ऋषियों का अनलकुंड रचन कर ब्रह्म कर्म प्रारंभ करना ॥

कवित्त ॥ आबू करि रिषि जग्य । मंच कारन सु मंच जपु ॥
पंड हथ्थ नर उंड । अष्ट अंगुल ऊर्द्ध वपु ॥
हथ्थ तीन अरु अद्ध । मंडि चवकून समा सम ॥
खप्प समति सम कियौ । फनति वचयौ देव क्रम ॥
अगिनेव थान अगिनेव धर । वाय कुंड दष्पिन दिसा ॥
नैरत निवर्त धज मंडि कै । ब्रह्म कास्स लग्गे रिसा ॥
॥ छं० ॥ २४४ ॥ रू० ॥ १२२ ॥

॥ दैत्यों का ऋषियों के यज्ञ में विघ्न करना ॥

कवित्त ॥ पंच पर्व्व जग्योपवीत । पंच पर्व्वो अधिकारिय ॥
देवो मुनि दुजराज । वैश्य शूद्रह चितकारिय ॥
चर विडाल पशु स्लेछ । क्रंम चंडाल षंड करि ॥
इह प्रमान दस (विधि*) सुक्रम । जग्ग मंडे सुमंडि हरि ॥
दानव सु दुष्ट दुष्टंसु क्रम । दुष्ट मूच वरिषा करै ॥
पसु मंस रुधिर नंषै सु जल । क्रंम विप्र संमुह डरै ॥
छं० ॥ २४५ ॥ रू० ॥ १२३ ॥

चौ वेदी चौ विप्र । गीत गायच मंच जप ॥
ता मंड्यो घन विघन । करै आरिष्ट असुर कुप ॥

---

१२१ पाठान्तर:—यंत्रकेत । राषेस । धुम्रकेत । अप । सथ । अहेत ॥

१२२ पाठान्तर:—आब्बू । रिष्षि । तप । हथ । वर । उरद्ध । वप । अर्द्धं । संमति । स्रप । कीयो । वंचयो । अगिनेव । आगे । नेव थांन । अगि । नेव । वाद । क्रुंड । दषिन । किसा । रसा ॥

१२३ पाठान्तर:—जग्यैापवीत । जुग्योपवीत । सं० १६४७ और १७७० की पुस्तकों में यह पाठ है "इह विधि प्रमान दस विधि सुक्रंम" । जंग । जग । सुमंडि । सुदुष्ट । दुष्ट । सुक्रम्म । वसु । मंसु । सुजल । कर्म । समुह ॥ (विधि*) विशेष है ॥

१२४ पाठान्तर:—गाइत्र । मंडय । मंडे । प्रर्वत हलावे । मोहिनी । रूप कवहिक धरै । नट्टहिं । कबक । वै । "वे हथिन तालि न धरै" भी सं० १६४७ की में पाठ है । हथ्थं ।

॥ तथापि राक्षसों का उपद्रव शमन न होना ॥

मलया ॥ कारयं जग्य बंभान निंमानयं। रचियं कुंड षंड थिरं थानयं ॥
आसनं दिव्य देवान आव्हानयं। आसुरं कीन उच्चिष्ट जथानयं ॥
छं० ॥ २५१ ॥ रू० ॥ १२८ ॥

॥ तब वशिष्ट का स्वयं कुंड रचन कर यज्ञार्थ बैठना और चिंतवन करना ॥

दूहा ॥ जब वाचिष्टह जग्य कजि। सजि कुंडह सुभ थान ॥
तब आसुर अन संक ह्वै। किय उचिष्ट उतान ॥
छं० ॥ २५२ ॥ रू० ॥ १२९ ॥

कवित्त ॥ तब चिंतिय वाच्चिष्ट। एह आसुर अविचारिय ॥
जग्य जीह उच्चिष्ट। करैं कातर क्रत चारिय ॥
सुरन अंस संग्रहे। हवै नह हव्य हुआवह ॥
सो उपाव लंचिये। (जो *) याहि संवरै असुर सह ॥
न्त्रिम्यौ सु सूर संग्राम भर। अरि अलंघ षंडन सु षल ॥
सम धरहि जग्य कारन सकल। विमल सिष्ट सोभै सयल ॥
छं० ॥ २५३ ॥ रू० ॥ १३० ॥

अरिल्ल ॥ अघट घाट रिषि दूष्षि निसाचर। परिसि च्यार घरि ध्यान ग्यान बर ॥
चिंतिय ब्रह्म करम किहि कामह। भयौ रूप रिषि ब्रह्म सुतामह ॥
॥ छं० ॥ २५४ ॥ रू० ॥ १३१ ॥

---

१२८ इस रूपक के छंद का नाम जो चंद ने मलया प्रयोग किया है वह स्रग्वणी नामक चार रगण का छंद है ॥

पाठान्तर:—बंभाननि। मानयं। रचियं। आहवानयं। उचिष्ट।

१२९ पाठान्तर:—वाशिष्ट। सुथांन। अनं।

१३० पाठान्तर:—चितिय। जिष्ट। जिह। करै। हवै न हव्यहु आवह। संयाम। षंडं। समं। सोभै॥ (जो *) विशेष है ॥

१३१ पाठान्तर:—दूषि। निसाचरं। वरं। ब्रह्मकरम ॥ सं० १७७० की पुस्तक में "ग्यान" शब्द नहीं है ॥

॥ वशिष्ठ का चाहुवानजी को उत्पन्न करना ॥

कवित्त ॥ अनल कुंड किय अनल । सज्जि उपगार सार सुर ॥
कमलासन आसनह । मंडि जग्योपवीत जुरि ॥
चतुरानन स्तुति सह । मंच उच्चार सार किय ॥
लु कारि कमंडल वारि । जुजित आव्हान थान दिय ॥
जा अग्नि पानि स्रव अहुति जजि । भजि सु दुष्ट आव्हान करि ॥
उप्पज्यौ अनल चहुवान तव । चव सु वाहु असि वाह धरि ॥
॥ छं० ॥ २५५ ॥ रू० ॥ १३२ ॥

दूहा ॥ भुज प्रचंड चव च्यार मुष । रत्त ब्रन्न तन तुंग ॥
अनल कुंड उपज्यौ अनल । चाहुवान चतुरंग ॥
॥ छं० ॥ २५६ ॥ रू० ॥ १३३ ॥

॥ ऋषियों का चाहुवानजी का स्वरूप देख कर उन को चाहुवान कहना । उन को राक्षसों से युद्ध करने की शक्ति देने को आशापूरा देवी का स्मरण करना । देवी का प्रत्यक्ष होकर चाहुवान जी को राक्षसों से युद्ध करने में सहायता देना । राक्षसों का रसातल को जाना । देवी का चाहुवान जी को अपनी कुल देवी मानने की आज्ञा करना और उन का अपने वंश भर की कुल देवी मानना स्वीकार करना । देवी का उन को वर देकर पधारना । वशिष्ठ का चाहुवान जी को आशीर्वाद देकर अन्य अनलों का वर्णन करना और दुर्वासा को शाप देकर पठाना ॥

गाथा ॥ उपज्या अनल अनूपम रूपं । नहि आकृत्ति अवर नर रूपं ॥
अंन अभूत सु उन्नत जिष्टं । वंदन भर कि वह्न मनु पिष्टं ॥ छं० ॥ २५७ ॥

---

१३२ पाठान्तरः—अनलकुंड सजि । मडि । जग्योपवित । आहवान । जाजाने । आवहान । उपज्यो । चहुआन ॥ पुरातत्ववेत्ताओं के स्मरण में रहे कि प्रायः यह कहा जाता है कि अग्निकुलों की कब उत्पत्ति आबू पर हुई उस का कोई पौराणिक प्रमाण भी नहीं मिलता । अतएव हम एक यह प्रमाण विदित करते हैं कि कालिंदिका प्रकाश नामक ग्रंथ में पुराणोक्त यह श्लोक लिखा है:—

श्लोक ॥ दूषयिष्यन्ति यवना, स्वहस्राब्दे गते कलौ ।
तदा रक्षां करिष्यति, याज्ञिकाः क्षत्रियर्षभाः ॥

१३३ पाठान्तरः—रत । व्रन । वच ।

स्याम रोम कपोल विसालं। उन्नित कंध छतिय दूसालं॥
लाल माल सोभै उर सोभं। प्रथु प्राक्रष्ट दिक्ख कर दोभं॥ छं०॥ २५८॥
नयन प्रथुज भ्रकुटी सु करूरं। मुख आकत्ति बाल हर नूरं॥
कवच चोन उर चान सरीसं। दल आकत्ति भयानक दीसं॥ छं०॥ २५९॥
तोन पूरि सर बद्धि सु कासं। धरिय पांन सरबी रवि रासं॥
षेटक षग्ग उनंगी धारं। चाहिवान दिष्यो रिष सारं॥ छं०॥ २६०॥
चाहि आइ रिषि आइ समंगे। चाहुआन कहि सद्द सुरंगे॥
समरी सकति रिष्यि गिर वासी। दिय साहाय युद्ध कजि तासी॥ छं०॥ २६१॥
आई सक्कति सिंघ आरोही। द्वादस भुजा सु आयुद्ध सोही॥
षेटक षग्ग बरद्दह पासं। घंटा बान कती सिर आसं॥ छं०॥ २६२॥
षप्पर सकति सूल मद पाचं। देषे रूप क्रंम क्रम काचं॥
आसा पूरि कहै रिषि राजं। चाहुवान मंडी क्रत काजं॥ छं०॥ २६३॥
चाही सक्कति सहाइ अनल्लं। चल्ले सूर सवै कसि बल्लं॥
सब आए चढि रष्यस ठानं। मंड्यौ जुड्ढ सवै असमानं॥ छं०॥ २६४॥

---

१३४ इस रूपक के छंद २५७ के पाठ में बड़ी गड़बड़ है। एशियाटिक, सोसाईटी बंगाल की छापी हुई पुस्तक में "उपज्यैा अनल अनूपम रूप। नहि आकृति अवरन रूपं॥ व्रन अभूत सू उंनत जिष्टं। वंदन भर कि बद्धुम नुपिष्टं"॥ और सं० १७७० की पुस्तक में "उपज्यैा अनल अनोपम रूपं। महि आकृति अवरम रूपं। व्रंत अभूत असु उत्तमा जिष्टं। वंदन भरकि बद्धु मन पिष्टं"॥ और संवत् १६४७ की में "उपज्यैा अनल अनूपम रूपं। नहि आकृति अवरम स्तूपं। व्रत अवूत असु उन्नत जिष्टं। वंदन भरा के बद्धु मन पिष्टं"॥ किन्तु हमारा पाठ कर्नैल ट्रोड साहब के गुरु बारेट ज्ञाणसिंहजी ने जिस सं० १८५९ की पुस्तक से रासा पढा था उसके अनुसार है॥ इस में "दूपं" शब्द हमारे पाठकों को अर्थ करते समय परिश्रम देगा क्योंकि जिस संस्कृत शब्द "दूप" का यह अपभ्रंश हिन्दी है वह संस्कृत के अच्छे विद्वानों के पढ़ने में भी उस का बहुधा प्रयोग न होने के कारण बहुत ही कम आया होगा और वह वाचस्पत्यबृहदभिधान और शब्दार्थचिन्तामणि जैसे बड़े कोषों में भी नहीं मिलेगा परंतु प्रोफेसर बिलसन साहब के कोष में मिलेगा वे इसको त्रिलिंग में strong अर्थात् बलवान अथवा पुष्ट का वाचक लिखते हैं॥

पाठान्तर:—उनित। उंनित। उन्नत। दुसालं। प्राकुष्टं। दिक्ख। आकृति। बालहर। आकृति। सरि वीर विरासं। उनंगी। चाहि। बान। गिरवासी। वरदह। कतो। क्रम। मंडो। सहाई। ठानं। आवटि। धुंमकेत। सकतियं संहतियं। अध। पास। तास। तक्ख। प्रसंनिय। थप्पे नाम। ताम। संवत् १६४७ और संवत् १७७० की में "धास्यैा कर सिर लै चहुवानं"। पाठ है। धयैा। चाहुवान। व्रधहु। वंस। मान। चहुवान। असमान। गई। हे है। चहुवानं। उप्पज्जि।

वाढे आवधि सकती सारं । धऊ आवहि पडै घर भारं ॥
रहे धुमरकेत सकतीयं । जंचकेत चहुआन (सु*) हतीयं ॥ छं० ॥ २६५ ॥
अह्व सु रप्पस दानव लद्धे । गए रसातल नठ्ठे अद्धे ॥
देवी आइ अनलह पासं । जंपी तप्प प्रसन्नी तासं ॥ छं० ॥ २६६ ॥
आसापूर कहै सो नामं । पुज्जै पुच पौच परिनामं ॥
कुलह गोच मुक्क थप्पै नामं । अप्पों रिद्धि अचलह तामं ॥ छं० ॥ २६७ ॥
धाग्यौ सिर लै कर चहुवानं । ब्रह्महु वंस अंस जस मानं ॥
जीति अप्प देवी चहुआनं । दिय वर दान गई असमानं ॥ छं० ॥ २६८ ॥
गइ असमान कियौ सद भारी । धुं! धुं! कार जै! जया सारी ॥
है! है! कारि हं! हं! चहुआनं । अनल कुंड उपजे परिमानं ॥ छं० ॥ २६९ ॥
चौ मुष्यौ चौ वेद प्रकारं । ऐसो मुष देष्यौ अधिकारं ॥
वेदं स्याम अथर्वन रूपं । रिगु जिजु वेद देव गुन नूपं ॥ छं० ॥ २७० ॥
चित चमकार चिहूं दिसि लग्गिय । पढत ताहि ब्रह्मंड सु जग्गिय ॥
बानी धुनि सुनि हरषि वसीसं । वर वचिष्ट तहां दई असीसं ॥ छं० ॥ २७१ ॥
तोहि वंस होइ कुंडल धारी । जनु कि अर्क राका विस्तारी ॥
थुति करि सेव देव तिहि पानं । जै जै तप्प जिते चहुवानं ॥ छं० ॥ २७२ ॥
परिहरि बीर बीर नर केकं । तिहि चालुक्क भयौ गुन सेकं ॥
परहरि वर पावार ति वारं । क्रोध रूप जाजुल्य निधारं ॥ छं० ॥ २७३ ॥
जाजुल्लति परिहार न दिष्यौ । थिजि करि विप्र पौरि तह रष्यौ ॥
तिन कारन वाचिष्ट रिषीसं । अर्बुद नाम गिरि नंद जगीसं ॥ छं० ॥ २७४ ॥
ता ऊपर दुरवासा आए । दै सराप वाचिष्ट पठाए ॥
अब वे दानव दुष्ट सु दाषे । तो रष्या चव कुली सु राषे ॥ छं० ॥ २७५ ॥
वंस छत्तीस गनीजै भारी । च्यार कुली कुल तिन अधिकारी ॥
सब सु जात जोनी मग दिष्षिय । ए ब्रह्मा अविसेष विसिष्षिय ॥
॥ छं० ॥ २७६ ॥ रू० ॥ १३४ ॥

चिहू । पढ्य । हरषिव । सीसं । वशिष्ट । रासा । तप । नरकेकं । तिवारं । पारहारन । तहं । उपर । रष्य । छत्तीस । गति । जे । जेत्ती । (सु*) विशेष है ॥

॥ छत्रीयों के छत्तीस वंशों की नामावली ॥

कवित्त ॥ रवि ससि जाद्‌व वंस । ककुस्थ परमार सदावर ॥
चाहुवान चालुक्क । छंद सिलार आभीयर ॥
दोय मत्त मकवांन । गरुअ गोहिल गोहिल पुत ॥
चापोत्कट परिहार । राव राठौर रोस जुत ॥
देवरा टांक सैंधव अनिग । योतिक प्रतिहार द्‌धिषट ॥
कारट्टपाल कोटपाल हुल । हरितट गोर कमाष मट ॥
छं० ॥ २७७ ॥ रू० १३५ ॥

दूहा ॥ धान्यपालक निकुंभ वर । राजपाल कविनीस ॥
काल छुरक्कैं आदि दै । वरने वंस छतीस ॥
॥ छं० ॥ २७८ ॥ रू० ॥ १३६ ॥

॥ चारों अग्निकुल छत्रीयों ने वशिष्ठ का यज्ञ निर्विघ्न किया ॥

कवित्त ॥ पढत मंच रिष जाप । च्यार षिची उप्पाए ॥
कुचिल दीन परिहार । पैारि रष्पहु सत भाए ॥

१३५–३६ पाठान्तरः—यादव । परमार–स । तोंवर । चालुक । छिंद । छंदक । आभीवर । गुरुअ गोह । गही भुत । राठोर । सिंधव । अनग । अनंग । योतिक । प्रतिहा । दधीपट । करेटपाल । हुन । हरीतट । गोरक । भाड । जट ॥ १३५ ॥ ध्यानपालक । ध्यान पालग्नि । कुंभ । कविनीस । दे । छत्तीस ॥

कवि चंद के समय में जो छत्तीस कुल क्षत्रियों के प्रसिद्ध थे उन के नाम उसने वर्णन किये हैं अर्थात् रवि = सूर्यवंशी १ ससि = चंद्रवंशी २ जादव = यदुवंशी ३ ककुस्थ = कछवाहे ४ परमार ५ सदावर = तोंवर ६ चौहान ७ चालुक = सोलंकी ८ छंद = रांदेल ९ सिलार १० आभीयर ११ दोयमत्त = दाहिमा १२ मकवान १३ गोहिल १४ गहिलोत १५ चापोत्कट = चावडा १६ परिहार = पंढियार १७ राठौर १८ देवडा १९ टांक २० सैंधव = सिंधव २१ अनिग = अनग २२ योतिक २३ प्रतिहार २४ दधिषट २५ कारट्टपाल = काठी २६ कोटपाल २७ हुल = हुन, हुण २८ हरितट = हाडा २९ गोर = गोड ३० कमाष = कमाड, जेठपा ३१ मट = जट ३२ ध्यानपालक वा धान्यपालक ३३ निकुंभ ३४ राजपाल ३५ कालछुरक्कैं = कालछुर ३६ । इन के विषय में कवि दलपत रामजी अपने ज्ञाति निबंध नामक ग्रंथ में लिखते हैं कि रत्नकोश नामक संस्कृत ग्रंथ की टीका में लिखा है कि क्षत्रिय कुल का आदि पुरुष मनु उस के वंश में से यह छत्तीस हुए हैं ॥

सं० १६४७ और सं० १७७० की पुस्तकों में इन रूपकों के स्थान में रूपक १३७ और उस के स्थान में इन को लिखे हैं अर्थात् उलट पुलट हैं । हम ने उन का क्रम इस लिये ग्रहण नहीं किया है कि रूपक १३४ के छंद २७६ की पहिली तुक का अर्थ उस के पीछे इन रूपकों का ही होना प्रकाश करता है ॥

चतुर वीर चहुवान । च्यार सुष्पौ चौवाहं ॥
अष्ट अष्ट आरिष्ट । देव चारिष्ट सु साहं ॥
पंसार वाह धन धन करह । कह्यौ रिष्य परमार धन ॥
चालुक्क वाह चालक्क दुज । कुसित कुसन संडित तन ॥
॥ छं० ॥ २७९ ॥ रू० ॥ १३७ ॥

अनल कुंड आसंग । उपजि चौहान अनिल थल ॥
सुकर संठि करि वार । धनुष संग्रह्यौ वान वल ॥
तिन रष्पिस परिवार । धार सुष धरनि नि घट्टिय ॥
षल जुषित्त संमुहे । तिनह सिर सरअन तुट्टिय ॥
वंभान जग्य निर विघन किय । पुहप वृष्टि सुर सीस रजि ॥
रष्पि सु धरनि षग भुज्ज वर । रिष्ट निवारिय दुष्ट भजि ॥
॥ छं० ॥ २८० ॥ रू० १३८ ॥

॥ जिनोंने द्विजों की रक्षा किई उनके वंश में पृथ्वीराज है ॥

दूहा ॥ तिन रछा कीनी सु दुज । तिहि सु वंस प्रथिराज ॥
सो सिरषत पर वादनह । किय रासौ जुविराज ॥
॥ छं० ॥ २८१ ॥ रू० ॥ १३९ ॥

॥ चाहूवानजी के वंश के राजाओं की कथा ॥

॥ चाहूवानजी से माणिकराजजी पहिले तक तेरह पीढ़ी का वर्णन ॥

पद्धरी ॥ ब्रह्मान जग्य उतपन्न सूर । चहुवान अनल अरि मलन सूर ॥
उत्तंग अंग प्रचंड बाह । पहुमीस दूंद अरि गिलन राह ॥ छं० ॥ २८२ ॥
प्रतिपाल धरनि अंगह सु भ्रम्म । श्रुत मान कीन उत्तंग क्रम्म ॥
रत्तो सु जोग भव भोग रास । पुर अमर नाग नर कित्ति जास ॥ छं० ॥ २८३ ॥

१३७–१३८ पाठान्तर :–जाय कुलिल । चहुवान । सुपौ । सुसाहं । वाह । रिषि । पंमार । मंडि । ततन ॥ १३७ ॥ कुंद । चौहांन । रष्पि । सपरिवार । सुष । निघट्टिय । जुषित । निरविघन । भुज्जवर ॥ १३८ ॥

१३९ पाठान्तर :–रख्या । तिहिं । पृथ्वीराज । पृथिराज । प्रवादनह ॥

१४० पाठान्तर :–ब्रंह्मान । उत्पन्न । चहुवांन । मल । मसूर । उतंग । पहुवीसु । दूंद्द अरिगिलन । धरनी । अंग । श्रुतमान । उतंग । रतो । सुजोग । भास । क्रिति । तासू । अन । सु । अन । माहंत । संका । विडार । मानिक । राजत । सु । अन । माह । भूत । भयंकर । रत ।

ता सुअन सूर सामंतदेव। अरिमंत मत्त मत्ता जु रेव॥
महदेव सुअन मोहंत तास। सु प्रसन्न ईस सेवंत जास॥ छं० ॥ २८४॥
बर अजयसिंह सिंघह सु रास। नर बीरसिंह संग्राम ताम॥
सुअ बिंदसूर उद्दारहार। आलोक श्रीय संकाविहार॥ छं० ॥ २८५॥
सुअ वैरसिंघ वैरी बिहंड। अव बीरसिंघ अरि वीर डंड॥
अरिमंत सकल कलि कलन चूर। मानिक्क राव चहुआन सूर॥ छं० ॥ २८६॥

॥ महिसिंहजी से धर्म्मधिराजजी तक का वर्णन ॥

राजत * सुअन ता सहस मध्य। महसिंघ सिंघ संग्राम पथ्य *॥
सुअ चंद्रगुपत सम चंद्ररूप। प्रतापसिंघ आदेन दूप॥ छं० ॥ २८७॥

नूप। तत। पूर। बालंन। प्रथम। जग्ग। दुप। पहु। मंह। रत। कोडी। कियो। चल्यौ। प्रमान। मांन। थांन। चल्यौ। मुकजो। मुक्रयौ। निगम। मुक्कयो। जित। किति। चौसठि। चित। पायो। जंम। बिप। जंम। कदंम। कद्दम। दानेवसल। थांन। स। आनि। उगत। उगात। उतंग। पुकस्या। जरन। जाहुजाहु। जाह जाह। द्वन्द। सं० १७७० और १६४१ में "नैर पुर रुद्र डरि हक्क बजि। मांनि। जर्ज्जरी। जज्जरीय। पांनि। लगे। डके। सुरूप। मृग। सर्प। अप्प। अप। सद। पुज॥

* * पक्षपात रहित वृद्ध और विद्वान कवि कहते हैं कि यहां अर्थात् छंद २८६ और २८७ के बीच में कितनेक छंद लोप हो गये हैं किन्तु चंद कवि ने तो मूल पुरुष श्री चाहुवानजी से लेकर पृथ्वीराजजी तक पीढ़ावली वर्णन किया थी कि जिन को सब ऐतिहासिक ग्रंथ और सर्वसाधारण मनुष्य हिन्दुओं का अंतिम बादशाह होना प्रकाश करते और मानते हैं। और क्वचित् चंद का नाम विध्वंस करने वाले यह कहते हैं कि ग्रंथकर्त्ता ने अपने अज्ञात होने के कारण खंड विखंड वंशावली वर्णन किया है। इन दोनों सम्मतियों में से हम पहिली से सम्मत हैं क्योंकि प्रथम तो चंद कवि अपने वंश परंपरा से इस राजकुल का मुख्य कवि और ख्यात वर्णन करने वाला था और यह कदापि संभव नहीं है कि आज तो हम चौहान वंश की शुद्ध अथवा अशुद्ध पीढ़ावली जान सकें और हम से सात सौ वर्ष पहिले जो उक्त राजकुल का निज कवि हुआ वह न जानता हो और न वर्णन करे। दूसरे चाहुवान वंश की पीढ़ावली जो श्रीमान श्री बूंदी राव राजाजी महोदय ने निश्चय कराई है और जो एक चाहुवान वंश मात्र की पीढ़ावली हम भी सन् १८७३ से सिद्ध कर रहे हैं और वह बूंदी वाली से विशेषांश में मिलती हुई है उन दोनों के अनुसार श्री चाहुवानजी से पृथ्वीराजजी एक सौ सतत्तरवीं १७७ पीढ़ी में हुए सिद्ध होते हैं। अब यहां सूक्ष्म बुद्धि से विचार कर देखने की बात है कि छंद २८२ से २८६ तक में जो तेरह १३ नाम क्रम से कवि ने कहे हैं वह उक्त दोनों वंशावलियों से बराबर मिलते हैं और "राजत सुअन ता सहस मध्य" का अर्थ इन प्रथम माणिक्यराजजी के विषय में घट नहीं सक्ता क्योंकि इतना वंश यहां तक बढ़ नहीं सक्ता। इस के सिवाय जो पाठक चाहुवान वंश की इस परम प्रसिद्ध कथा को जानते होंगे कि तीसरी पीढ़ी में महादेवजी जिनका उपनाम परभंजनजी भी है उनके हाथ से अनजाने प्रमति ऋषि की एक गाय मर गई थी कि जिस पर ऋषि ने शाप दिया था कि "तुमारा वंश नाश हो" तदनन्तर ऋषि को

सुत सोह सिंघ वर मोह रूप। भूतह भयंक रन रत्त भूप॥
सुत सेनराइ वह सेन वंत। संप्रत्ति राइ सुभ मत्त संत॥ छं०॥ १८८॥
सुअ नागहत्त सम नाग राज। अस्थूल नंद आनंद राज॥
गिर लोहधीर सुत भस्ससार। सुअ वीरसिंघ संकाविडार॥ छं०॥ १८९॥
सुअ विबुधसिंघ सम जोगसूर। जस चंद्राय वर अजस दूर॥
सुत किस्नराज जस किस्न चिंत। हरहरह राइ नर बुद्धिमंत॥ छं० १९०॥
वाजन्न राइ वलि अंग तास। सुअ प्रथव राइ पहुमी प्रकास॥
तिन अनुज अंग राजत अनेय। कलि अलप आउ कित्ती अछेय॥ छं०॥ २९१।
धर्म्माधिराज रति जोग भोग। पट पुंट षित्ति पगगह सु भोग॥

मनाने पर उनोंने अपराध क्षमा कर के कहा कि कितनीक पीढ़ियों तक तो तुम्हारे वंश में एक २ ही पुत्र होता रहेगा फिर वंश बढ़ेगा। इस से भी इस सुक का अर्थ माणिकराजजी में नहीं घट सक्ता।

तथा उक्त दोनों पीढ़ावलियों को इस रूपक के साथ मिलाने से यह भी ज्ञात होता है कि छंद २८७ से अर्थात् उस में कहे महिसिंहजी एक सौ अड़तालीस १४८ वीं पीढ़ी में हुए और उन से फिर सब नाम बराबर क्रम से एक सौ सतत्तर १७७ वें पृथ्वीराजजी तक मिलते हैं। क्या अब जो चौदवीं १४ पीढ़ी से एक सौ सैंतालीस १४७ वीं पीढ़ी तक के बीच के नाम वह भी क्रमवार चंद कवि बिलकुल ही नहीं जानता था अथवा क्या वह उन को निगल कर परलोक में जा बैठा है? जो कि हमारी वृत्ति सदैव प्रत्येक विषय के अनुकूल अनुमान करने और उस के साधर्म्य को मान्य करने की है इसलिये प्रतिकूल अनुमान ही क्यों करें और वैधर्म्य की ओर क्यों दृष्टि डालें। क्योंकि जो आज विद्वान लोग अन्य बड़े २ प्रसिद्ध ग्रंथों के विषय में ऐसे ही प्रतिकूल ही अनुमान करने लग जावें और वैधर्म्य का ही आश्रय कर लें तो बड़ा अनर्थ हो जाय। अब हम चौदहवीं १४ पीढ़ी से एक सौ सैंतालीसवीं पीढ़ी तक के नाम हमारे तथा बूंदी राज्य के शोध किये हुए हमारे पाठकों के जानने के लिये यहां लिखते हैं। पुष्करजी (विजयपालजी) १४ असमंजसजी १५ प्रेमपूरजी १६ भानुराजजी १७ मानसिंहजी १८ हनुमानजी (धर्म्मपाल) १९ चित्रसेनजी २० शंभूजी २१ महासेनजी (चट्टीशजी) २२ सुरथजी २३ रुद्रदत्तजी (कर्णपालजी) २४ हेमरथजी (रामपालजी) २५ चित्रांगदजी २६ चंद्रसेनजी (चित्ररथजी) २७ वाल्हीकजी (वत्सराजजी) २८ धृष्टद्युम्नजी (वरुणजी) २९ उत्तमजी ३० सुनीकजी ३१ सुबाहुजी (मोहनजी) ३२ सुरथजी ३३ भरथजी (मद-सेनजी) ३४ सत्यकीजी (सत्यकजी और सात्त्विकजी) ३५ शत्रुजित्जी (केसरीदेवजी) ३६ विक्रमजी ३७ सहदेवजी (इन को जीतकर कुरुवंशी राजा ने दिल्ली ले ली) ३८ वीरदेवजी (भीमसे-नजी) ३९ वसुदेवजी ४० वासुदेवजी ४१ रणधीरजी ४२ शत्रुघ्नजी ४३ सुमेरुजी (शालिवाहनजी) ४४ छत्रवर्म्माजी ४५ सुवर्म्माजी ४६ दिव्यवर्म्माजी ४७ यौवनाश्वजी ४८ हर्यश्वजी ४९ अजैपालजी (अजमेर बसाने वाले) ५० भटदलनजी ५१ अनंगराजजी ५२ भीमजी ५३ गोगाजी ५४ शुभकरणजी ५५ उदयकरणजी ५६ जशकरणजी ५७ हरीकरणजी ५८ कीर्तीशजी ५९ बालकृष्णजी ६० हरिकृष्णजी

॥ वीसल देव जी का वर्णन ॥

जग दुष्ष बीर वीसल नरिंद। बहु पापरत्त-द्रव्यान अंध ॥ छं० ॥ २९२ ॥
क्रत अक्रित काम क्रित्तह सु कीन। जिन असुर घोर षनि द्रव्य लीन ॥
संसार थागि फुनि द्रव्य काज। उपजाइ मत्ति अजमेर राज ॥ छं० ॥ २९३ ॥
कौडी सु मोल गज कियौ एक। लीयो न क्रिनह फिरि सद्दर नेक ॥
कामंध अंध सुझ्झौ न काल। इक अद्दक जोरि गिरि इक्क माल ॥ छं० ॥ २९४ ॥
चल्ल्यौ न राजनीतह प्रमान। आनीत बंधि न्रप थान थान ॥
सुझ्झौ न ध्रम्म चाल्यौ प्रमान। मुकजौ निगम्म कारि अगम मान ॥ छं० ॥ २९५ ॥
अवलोह छोह छंडिय सु क्रित्ति। मुक्कयौ ध्रम्म आध्रम्म जित्ति ॥
दरबार अतिथ दीसै न कोइ। अप्प सुद्द क्रित्ति संभरै लोइ ॥ छं० ॥ २९६ ॥
चौसट्ठि बरस बर राज कीन। पायौ न पुत्र फल सुष्प हीन ॥
बल अबल चित्त चिंत्यौ सु काल। पायौ न सुक्रत कछु करन साल ॥ छं० ॥ २९७ ॥
गति अंत सुमति सो होइ बीर। पावै सु जम्म जज्जर सरीर ॥
द्रवि गयौ सुमन वीसल नरिंद। उप्पनौ बीर क्षिति बीष्प कंद ॥ छं० ॥ २९८ ॥
घन मदन सदन भरि लब्ब जम्म। तिह परत उट्ठि क्रत्या कदम्म ॥

---

६१ रामकृष्णजी ६२ बलदेवजी ६३ हरदेवजी ६४ भीमजी ६५ सहदेवजी ६६ रामदेवजी ६७ वसुदेवजी ६८ श्यामदेवजी ६९ हरिदासजी ७० महीधरजी ७१ वामदेवजी ७२ श्रीधरजी ७३ गंगाधरजी ७४ महादेवजी ७५ शारंगधरजी ७६ मानसिंहजी ७७ चक्रधरजी ७८ शत्रुजितजी ७९ हलधरजी ८० महाधनुजी ८१ देवदत्तजी ८२ दामोदरजी ८३ काशीनाथजी ८४ लीलाधरजी ८५ धरणीधरजी ८६ रमणेशजी ८७ भगवतदासजी ८८ कृष्णदासजी ८९ शिवदासजी ९० हरिपूर्णजी ९१ देवीदासजी ९२ कर्मचंद्रजी ९३ रामदासजी ९४ महानन्दजी ९५ विष्णुदासजी ९६ महारामजी ९७ रेवादासजी ९८ अमरसिंहजी ९९ गंगादासजी १०० मानसिंहजी १०१ विश्वंभरजी १०२ मथुरादासजी १०३ द्वारिका-दासजी १०४ माधवजी १०५ सुदासजी १०६ वीरभद्रजी १०७ गोपालजी १०८ गोविन्ददासजी १०९ माणिक्यराजजी दूसरे (इन के दो पुत्र बड़े हनुमानजी और छोटे सुग्रीवजी जिन में से पाटवी हनुमानजी सांभर का राज्य अपनी प्रसन्नता से सुग्रीवजी को देकर आप पटना जीत वहां के राजा हुए कि जिन के वंश में इकतीस ३१ प्रकार के पूर्बिये चौहान हुवे) ११० सुग्रीवजी (सांभर के राजा हुए) १११ अंगदजी ११२ केसरीजी ११३ जयंतजी ११४ जगदीशजी ११५ जयरामजी ११६ विजयरामजी ११७ कृष्णजी ११८ जीतयुद्धजी ११९ गोवर्द्धनजी १२० मोहनजी १२१ गिरिधरजी १२२ उदयरामजी (उद्धमजी) १२३ भारथजी १२४ अर्जुनजी १२५ शत्रुजीतजी १२६ सोमदत्तजी १२७ दुःखंतजी १२८ भीमजी १२९ लक्ष्मणजी १३० परशुरामजी १३१ रघुरामजी (मारोट के राजा से सात दिन लड़कर सांभर छोड़ बुरहानपुर अपने सुसरे के यहां भाग गये और वहीं मरे) १३२ समरसिंहजी १३३ माणिक्यराजजी तीसरे (सांभर इन्हों ने पीछी विजय कर ली) १३४ महुकर्मजी

॥ ढुंढा दानव की उत्पत्ति और उस का अजमेर के वन में रहना ॥

कत्था कदस्स उर असुर रज्जि । धर ढुंढ नाम दानव उपज्जि ॥ छं० ॥ २९९ ॥
जगि जोग नयर जुगनीय थान । पुज्जै सु आय उग्गति विहान ॥
रथ च्यार चक्क उत्तंग बाह । असि असिय हथ्थ मुष अग्ग दाह ॥ छं० ॥ ३०० ॥
संभरिय धरा धरनीय ठाह । पुक्कारौ नरनि रे जाहु जाह ॥
सिर कोपि रीस धुनि दसन वज्जि ॥ उभरे षग्ग जनु इंन्द्र गज्जि ॥ छं॰ ॥ ३०१ ॥
प्राहार पाय धुक्कि धरनि धुज्जि । पुर नयरहृद्द उर हक्कि बज्जि ॥
कंपी सु भूमि नव षंड मान । जज्जरिय नाव ज्यौं बाय पान ॥ छं० ॥ ३०२ ॥
लग्गै न पलक्क द्रग देव चष्षि । डक्कै डकार द्रगपाल गष्षि ॥
दिष्षौ सरूप दानव उतंग । वैराट रूप हरि धरौ अंग ॥ छं० ॥ ३०३ ॥
पंषीह स्रग्ग नर स्रप्प भाजि । आघात सद्द दानव सु गाजि ॥
चित चिंत चिंत्त जुग्गिनि प्रधान । पुज्जै सु आनि उग्गति विहान ॥ छं० ॥ ३०४ ॥
चहुआन रूप दानव प्रमान । भज्यौ सु पुच आबू सथान ॥
॥ छं० ॥ ३०५ ॥ रू० ॥ १४० ॥

(दामोदरजी) १३५ रामचंद्रजी १३६ संग्रामसिंहजी १३७ शिवदत्तजी (श्यामदत्तजी) १३८ भोगादत्तजी १३९ शिवदत्तजी १४० रुद्रदत्तजी १४१ ईश्वरजी १४२ उमादत्तजी १४३ चतुरजी १४४ सोमेश्वरजी पहिले (इन के दो लड़के भरथजी १ और उरथजी २ उन में से भरथजी पाटवी के वंश में पृथ्वीराजजी हुवे और उरथजी के वंश में बूंदी और कोटा आदि के हाड़ा चौहान हुए हैं) १४५ भरथजी १४६ युदुष्टजी १४७ ॥

इसके छन्द २८८ की पहिली तुक के पहिले पाद "सुत मोहसिंघ वर मोह रूप ।" में कवि का गूढ आशय यह समझना आवश्यक है कि वह उसमें तीन नाम वर्णन करता है मोहसिंह (सिंहदेवजी) सिंहवर और मोहनरूप कि जिसके सिंघ शब्द को अर्थ करने के समय मोह शब्द के साथ और बर के साथ दोवार लगाने से पृथक दो नाम सिद्ध हो जाते हैं अतएव हमने सिंघ शब्द के नीचे दो लकीर करी हैं । और इसी तरह छन्द २९१ की पहिली तुक के दूसरे पाद में "प्रथव" शब्द से पृथ्वीराज नामका का निःसन्देह ग्रहण पटु भाषा में व्युत्पन्न विद्वान कर सक्ते हैं । तदनन्तर वीसलदेवजी के जो वृत्त चंद ने जैसे के तैसे उत्तापित होकर लिखे हैं उनको मनन करने से विद्वान पाठक सहज ही में यह अनुमान कर सक्ते हैं कि यद्यपि चंद उनके कुल का वंश परंपरा से राज-कवि था परन्तु वह निःसंदेह बड़ा ही स्पष्ट-वक्ता और पक्षपात रहित पुरुष था क्योंकि आज इस उन्नीसवीं शताब्दी में भी जब कि स्वतंत्रता और सभ्यता का सूर्य पूर्ण प्रकाशित होरहा है तब भी कोई राज-कवि ऐसा स्पष्ट-वक्ता और पक्षपात रहित अपने यजमान की दुर्गतियों को उसके भावी संतानों के शिक्षार्थ निडर होकर प्रकाश करने वाला प्रायः किसी के दृष्टि न आया होगा । इस के साथ भाषाओं के शोध करने वाले विद्वानों को चंद

दूहा ॥ सो दानव अजमेर वन । रहि तह दिन घन अंत ॥
सून्य दिसान न जीव कौ । थिर थावर द्रिगमंत ॥
॥ छं० ॥ ३०६ ॥ रू० ॥ १४१ ॥

मुरिल्ल ॥ संभरि सोर नरिंदह संभरि । पंथ प्रजा पसरै रन जंगर ॥
रम्य अरम्य करी सु धरन्निय । रहे मठ कोट अफोट करन्निय ॥
॥ छं० ॥ ३०७ ॥ रू० ॥ १४२ ॥

॥ सारंगदेवजी की राणी गौरीजी का अनलगर्भ सहित रणथंभ पधारना ॥

दूहा ॥ गौरां चलि रनथंभ गिरि । सारंग सचौ राह ॥
प्रजा पुलंदी महिम धरि । ग्रभ्भ अनल गौराह ॥
॥ छं० ॥ ३०८ ॥ रू० ॥ १४३ ॥

अनल ग्रभ्भ धरि गौरि सिसु । गय रनथंभ दिसान ॥
राजह्व रावत पती । मातुल पष चहुवान ॥
॥ छं० ॥ ३०९ ॥ रू० ॥ १४४ ॥

का यह वाक्यखंड "हक अहक" भी ध्यान देकर समझने योग्य है कि "हक" अथवा "हक्क" जो हिन्दी भाषा में प्रयोग होता है वह अरबी अथवा फारसी नहीं है किन्तु संस्कृत स्वक शब्द से है और "अहक" शब्द स्वतः इस बात की स्पष्ट साक्षी देता है। इसी रूपक के छन्द २९९ से ढुंढा राक्षस की उत्पत्ति चंद कवि वर्णन करता है ॥

१४१ पाठान्तरः—रहितह । रहतह । दिसानन । जीवक्यै । द्रिग । मंत ॥

१४२ पाठान्तरः—पसरी । अवन्निय । रहै ॥

१४३–१४४ पाठान्तरः—सारंग । ग्रभ । गोराह । ग्रभ । रिनथंभ । राजदव । पति ॥

इन रूपकों के पढ़ने पहिले हमारे पाठकों को यह बात ध्यान में रखनी चाहिये कि बीसलदेवजी ने अपने लड़के सारंग देव जी को अपने हाथ से मार डाले थे कि जिस के पीछे वे आप भी सांप के काटने से मर गये और अजमेर अर्थात् संभर का राज्य विना राजा के रह गया और अजमेर के वन में ढुंढा नामक दावन रहने लगा किन्तु बीसलदेवजी के लड़के सारंगदेवजी की रानी गौरी के गर्भ था। राणी जी राज्य की यह दशा देखकर अपने पिता रणथंभ के राजा के यहां चली गईं और वहां सारंगदेवजी के आनल अर्थात् आना राजा उत्पन्न हुए। यह सब कथा आगे के रूपकों में जब आना राजा अपनी माता से अपने पिता का नाम और सब वृत्तान्त पूछैंगे तब कवि माता और पुत्र के संवाद में बीसलदेवजी की कथा सविस्तर वर्णन करैगा। इन रूपकों में अभी गौरी राणी जी का सगर्भा रणथंभ जाना ही कवि ने वर्णन किया है ॥

॥ आना राजा का जन्म होना और उस का बालपन ॥

भुजंगी ॥ धरै गौर जन्नंम आनल्ल राजं । बसे देव गासं दुनी छच लाजं ॥
नवं दृत्त नित्तं नवं दृत्त सिष्षै । नरं तार तारं नवं भृत्त भिष्षै ॥ छं० ॥ ३१० ॥
चरं संभरी वात पुच्छंत मित्तं । धरै ध्यान दिष्षै अजम्मेर चित्तं ॥
कला स्रब्ब सिष्पिंमहा मल्ल वीरं । गिनैं मग्ग ओमं पढै मंच धीरं ॥ छं० ॥ ३११ ॥
दिनं सीह अब्बीह आषेट षिल्लै । ननं नेह निद्रा सुरं सिद्ध मिल्लै ॥
करं पाइकं बिद्ध साइक्क नष्षं । भरं भै अभैनं सुयं सब्ब रष्षै ॥ छं० ॥ ३१२ ॥
वधै काम कासं अलीहो न भष्षै । सुभै राजसं तामसं सत्त चष्षै ॥
रमै जम्म सेना ग्रहै जम्म भारी । सुई संभरी वात दिष्षै करारी ॥ छं० ॥ ३१३ ॥
कहै काल कालं अकालं ति वंधै । दूतं जोर मा वित्त सैां चित्त संधै ॥
दुअं वाह परचंड दुग्गं सरूपं । दूसो दिष्पियै राज आना अनूपं ॥
छं० ॥ ३१४ ॥ रू० ॥ १४५ ॥

कवित्त ॥ अति बल वंड प्रचंड । हिंड आषेट* षिल्लै ॥
हिरन रोज वाराह । वंधि वागुर वर मिल्लै ॥
वन परवत्त भिरना । निवान (राइ *) राजन सँग हिंडै ॥
राग रंग (भाषा *) कब्वित्त । दिव्य वानी चित मंडै ॥
हय हथ्थि देय संकै न मन । षग्ग मग्ग षूनी वहै ॥
चहुआन वंस अवतंस इम । रँग अनेक आना रहै ॥
॥ छं० ॥ ३१५ ॥ रू० ॥ १४६ ॥

---

१४५ पाठान्तरः—आनल । वृत । नितं । वृत । भृत । बान । पुछंत । सेतं । चितं । सब । सिषिं । सिषं । महामल्ल । गिनी मंगि आमं । ओमं । अवीह । सिद्धं । पायकं । साइकं । नंष्षे । भरंभे अभैन सोई सब्ब रष्षै । भरं भेय भैनं सोई सब्बं रष्षै । भरं भेअ भैनं सायं सब्ब रष्षै । वधे । अली । होम । सत्तं । चषै । जमं । ग्रहे । जंम । सोई । साई । सोइ । संभरि । तिवंधे । जो । रमावित्त । सों । दुर्गा । दिषियै । अनूप ॥

इस रूपक से कवि ने आना राजा के जन्मादि की कथा वर्णन करना प्रारंभ किया है ॥

१४६ पाठान्तरः—राइ । संग । हिंडै । कवितं । संपै । रंग । (राइ *) (भाषा *) विशेष हैं ॥

॥ आना का बालपन व्यतीत होना और वीरत्व को प्राप्त हो माता से पूछना ॥

दूहा ॥ तन मंडी मद्दि अप्पनी। छंडी बालक बुद्धि ॥
रोस रस्यौ अरि अंग सें। तब पुच्छि मातह सुद्धि ॥
छं० ॥ ३१६ ॥ रू० ॥ १४७ ॥

॥ आना की माता का उसको सर तर और अष्षर विद्या का उपदेश करना ॥

गाहा ॥ सर तर अष्षर विद्या। सा विद्या अन्य सारसी नथ्थी ॥
सो आना अन भंगं। मंचनं प्रिय यो सष्षि ॥
छं० ॥ ३१७ ॥ रू० ॥ १४८ ॥

जा सिसु वीरं पतनी। बीरं होइ बीर भज्जायं ॥
नवं तीन वत्त तरंगं। सा मातं वीरया पुत्तं ॥
छं० ॥ ३१८ ॥ रू० ॥ १४९ ॥

॥ आना का माता से पूछना कि मैं किस वंश में उत्पन्न हुआ हूं ॥

दूहा ॥ वीर पुत्त मातुल सुमति। गवरि सपन्नो जाइ ॥
को क्किहि बंसहि ऊपज्यौ। तूं मुझ्झ जंपहि माइ ॥
छं० ॥ ३१९ ॥ रू० ॥ १५० ॥

॥ गौरी माता का कहना कि यह बात न पूछो उसके कहते मुझे भय और करुणा होती है ॥

दूहा ॥ गौरि मात कहै पुत्र सों। पुत्त न पुच्छहु बत्त ॥
जिहि भय जल लोचन भरहि। वर पूछन पर तत्त ॥
छं० ॥ ३२० ॥ रू० ॥ १५१ ॥

---

१४७ पाठान्तर:—मत। मही। बुधि। पुछिय॥

१४८–१४९ पाठान्तर:—अरकर। मंत्रनं। अनभंग। साखे॥ १४९॥ धीर। भजाइं॥ नवती नवत तरंगं। नव तीन्न वत्त तरंगं। नवती नव. तत. रंगं॥ यह तीन प्रकार के पदच्छेद कोई २ कवि करते हैं॥

१५० पाठान्तर:—पुत्ति। संपचो। जाई। जाइं। किहिं। ऊपनै। मांइ। भाइ॥

१५१ पाठान्तर:—गौरी। सो। पुत। पुछहु। जिन। भरहिं। पूछत। परतत॥

॥ आना का माता से अपने वंश की कथा हठ करके पूछना ॥

पद्धरी ॥ उच्चरयौ मात सों पुच्च सच्चि । जानों न वंस मो पिता वच्चि ॥
　　सों तात नाम वंदी न लेहि । नन करों श्राद्ध कवहू न गेह ॥ छं० ॥ ३२१ ॥
　　अप्पौं न अंब अंजुलिय तात । उप्पनौ वेद हूं किण सु गात ॥
　　के नाम लेय मातुलह वंस । पित वैर लेउं वर वीर हंस ॥ छं० ॥ ३२२ ॥
　　छंडौं कि प्रान मुक्कूं व देह । संसार भार अप्पौं कि छेह ॥
　　आना नरिंद यह कहिय बात । सुनि श्रवण अप्प धर परिय मात ॥
　　　　　　　　　　　　छं० ॥ ३२३ ॥ रू० ॥ १५२ ॥

॥ आना की माता का उसे कथा प्रगट न करने को कहना और ढंक करके संक्षेप में कहना ॥

दूहा ॥ पुत्र प्रगट्ट न कीजिये । मो तिय हूय अंदेह ॥
　　आदि हुते दानव प्रबल । घर धुंमी असुरेह ॥
　　　　　　　　　　　　छं० ॥ ३२४ ॥ रू० ॥ १५३ ॥

　　भिरन कहत दानव सरिस । मानव मनुषी देह ॥
　　मो गंधारि निहारि सुष । पुच विलासनि गेह ॥
　　　　　　　　　　　　छं० ॥ ३२५ ॥ रू० ॥ १५४ ॥

अरिल्ल ॥ इह मातुल बंस प्रधानह मान । भये दस पुत्त सु मानिक थान ॥
　　विचारि कस्यौ तहां संभरि ग्राम । वस्यौ अजमेर सुमंत विश्राम ॥
　　　　　　　　　　　　छं० ॥ ३२६ ॥ रू० ॥ १५५ ॥

---

१५२ पाठान्तरः—उचर्यौ । उचस्यौ । रुच्च । जानौ । मुझ । वच्च । लेंहि । कस्यौ । सु । वेदहु । किनसु । के । लेइ । लैऊं । लेऊ । छंडौं । के प्रानं । मुक्कौं । व । अछेह । आनां । इह । इम । कहीय । अप । वरिय ॥

१५३—५५ पाठान्तरः—पुत्र । पुत्त । प्रगट । कीजीइ । जिय । अंदेस । हुंते । असुरेस ॥ १५३ ॥ विलासन । विलास । न ॥ १५४ ॥ प्रधांनह । मांन । मांनिक । थांन । गाम । सुमंत्र । विश्रांम ॥ १५५ ॥

॥ अन्य उपलब्धियों के द्वारा आना का संभरि की पूर्व कथा संभारना ॥

कवित्त ॥ धर मुक्किय वलि राय। मात लभ्यौ न किति रस ॥
धर मुक्किय सुअ पंड। सुष्प मुक्यौ सु दुष्प वसि ॥
धर मुक्किय श्रीराम। सिया षोइय वल गोइय ॥
धर मुक्की नल राय॥ सिरहि कालंकित ज्योइय ॥
धर मुक्कि वीर हर चंद न्टप। नीच घरह घट जल भस्यौ ॥
ढंक्कन सु इला न्टप जानियै। न्टप ढंक्कन इलचर कस्यौ ॥
॥ छं० ॥ ३२७ ॥ रू० ॥ १५६ ॥

न्टप ढंक्कन इल होइ। इलह ढंक्कन सु राज भर ॥
षह ढंकन वर देव। देव ढंक्कन वर अंवर ॥
अपजस ढंक्कन किति। किति ढंक्कन जस धारिय ॥
औगुन ढंक्कन विद्य। सुगुन विद्या उचारिय ॥
ढंक्कनह काल वर अंमको। अंम काल ढंक्कन करिय ॥
मावित्त गुरू ढंकै जु सिसु। सिसु ढंक्कन पित उच्चरिय ॥
॥ छं० ॥ ३२८ ॥ रू० ॥ १५७ ॥

अरिल्ल ॥ इहि विधि आनल वत्त उचारिय। पुव्व कथा संभरि संभारिय ॥
किहि विधि राषस ढुंढ उपन्ना। सारंगदे कैसे जुद्ध किन्ना ॥
छं० ॥ ३२९ ॥ रू० ॥ १५८ ॥

॥ आना का माता से पूछना कि नर अर्थात् वीसलदेव दानव कैसे हुआ ॥

दूहा ॥ एक वत्त तुम सम कहौं। मात कथा समझाइ ॥
नर किहि विधि दानव भयौ। इह अचिरज मो आइ ॥
छं० ॥ ३३० ॥ रू० ॥ १५९ ॥

१५६-१५७ पाठान्तर:—वल। राइ। लिन्यौ। रिस। मुक्कीय। श्री। सुष। दुष। मुक्कीय। सीया। षोईय। गोईय। मुक्किय। सिरां। सिरह। कालंक। तन्यौ। जोइय। मुंकि। घरहिं। भयैां। इल। भूमि। इल वर। कयैां। अप। जस। किति। किति। धारीय। औगन। सगुन। उचारीय। कों। मा। वित्त ॥ १५७ ॥ वत। उचारीय। किहिं। अपन्नो। कीनौ ॥

१५८-१५९ पाठान्तर:—वत। सों। समझाय। अचरिज ॥ १५९ ॥ नौ। सो। हूं। जानियौ। नव निहचै नि संदेह ॥

आये वंस छतीस। विप्र बंदी जन सारे ॥
दियौ छत्र सिर तिलक। वेद मंत्रह उचारे ॥

आधार है वह यह है कि इस ग्रन्थ में लिखे हुए संवत् संप्रत शोध हुए और मुसलमानी तवारीखों में लिखे हुए संवतों से नहीं मिलते। अतएव इस संवत् विषयिक झगड़े का प्रारंभ इस रूपक १६८ और छन्द ३३९ से समझना चाहिये क्योंकि रासे के जितने छन्दों में संवत् मिती कहे गये हैं उनमें से प्रथम छन्द यही है। इस से हम को विदित होता है कि संवत् ८२१ वैशाख सुदी १ शुक्रवार को वीसलदेवजी राज-गद्दी पर विराजे किन्तु इसी आदि पर्व में इस रूपक से थोड़े से ही और आगे बढ़कर हम को वीसलदेवजी के पट्टन विजय करने के संवत् सूचन करनेवाले नीचे लिखे रूपक मिलेंगे:—

(संवत् १८५९ की पुस्तक में)

दोहा ॥ सो संवत् नव सत अट्ठ। वरस तीस छह अग्ग ॥
पुर पट्टन वीसल नृपति। राजत सयलह जग्ग ॥

कवित्त ॥ संवत् नव सत अट्ठ। वरस दस * तीय सत्त अग्ग ॥
पुर प्रविट्ठ वीसल नरिंद। राज्यंत सयल जग्ग ॥

(संवत् १७७० की पुस्तक में)

दोहा ॥ सो संवत् नव सत्त अध। वरस तीस छह अग्गि ॥
पुर पट्टन वीसल न्रपति। राजत सयलह जग्गि ॥

कवित्त ॥ सर संवत् नव सत्त। वरस दस * पंच सत्त अग ॥
पुर प्रविट्ठ वीसाल। न्रपति राजंत सयल जग ॥

(गुजरात देश की पुस्तक में)

दोहा ॥ सो संवत् नव शत अधिक। वर्ष तीस छह अग्ग ॥
पुर प्रतिट्ठ विशल नृपति। राजत सकले जग्ग ॥

जितनी पुस्तक हम इस टिप्पण के लिखते समय देख सके उन सब में ऊपर लिखे पाठ पाये अर्थात् किसी में हमारी सं० १८५९ का पाठ मिलता है तो किसी में संवत् १७७० वाली का। शोक की बात है कि हमारी १६३१ तथा १६३२ वाली पुस्तक में तो यह पर्व्व ही नहीं है और संवत् १६४७ वाली में यह पृष्ट नहीं है कि जिसमें इन छन्दों का होना सम्भव है। यह तो जानने में ही है कि पिछले रूपक १४० में चंद कह आया है कि "चौसट्ठि बरस बर राज कीन" चौंसठ

* हिन्दी भाषा के ऐसे प्राचीन काव्यों में चंद जैसे महाकवियों की गूढ़ बातों को खोलने की कुंजियों में से हम एक का यहां प्रकाश करते हैं कि दश दस और दशि दसि शब्दों का अर्थ जहां वे कुछ संख्या प्रकाश करने को प्रयोग हुए हों वहां सूक्ष्मता रखते हैं अर्थात् दश अथवा दस = १० का वाचक और दशि अथवा दसि = शून्य ० अर्थात् केवल दहाई का वाचक होता है और जहां लेखक दोष से-इन शब्दों के लिखने में गड़बड़ हो जाती है वहां संख्या में भी गड़बड़ पड़ जाती है कि इस के उदाहरण इस महाकाव्य में यहां से लेकर अनेक स्थलों में आवेंगे ॥

आनंद अग्गवर इंद्र सम। अंम नंद जस उद्धरै॥
अजमेर नयर अरि जेर करि। विमल राज बीसल करै॥
छं० ॥ ३३९ ॥ रू० ॥ १६८ ॥

बरस बीसलदेवजी ने राज्य किया। अब विद्वानों के विचार देखने जैसी बात है कि इस रूपक के संवत् को इसी प्रकरण के दूसरे रूपकों में कहे संवतों से मिलाने से एक सौ वर्ष का फरक पड़ता है और जो ९१ वर्ष का एकसा अंतर रासे में लिखे सब संवतों को संप्रत शोध से मिलाने और जो पखाने हमने पृथ्वीराजजी के शोध किये हैं उन से पड़ता है वह इस से सिवाय है। जगत का एक यह सर्व साधारण नियम है और उसका भार सब पक्षपात रहित विद्वानों पर है कि प्रत्येक समय के विद्यमान बड़े२ विद्वान सब परम पद-प्राप्त ग्रन्यकर्त्ताओं के ऊपर जो कोई व्यर्थ आक्षेप करे उस को खण्डन कर के छिन्न भिन्न कर दें क्योंकि यदि यह भार विद्वानों पर स्वतः सिद्ध न रहा होता तो सब कीट क्रिकिट सब अमूल्य ग्रन्थों को काट कर खाजांय और बड़े२ कवियों के नामों पर पोता फेर दें। अतएव ऐसी जिम्मेदारी को शुद्ध अंतःकरण से समझने वाला कोई विद्वान क्या यह कहैगा कि भिन्न२ पुस्तकों में यह भिन्न२ अशुद्ध पाठ चंद कवि जैसा महाकवि बीसलदेवजी की तरह दानव होकर लिख गया है? क्या इन भूलों का अपराधी चन्द है? नहीं—नहीं—कभी नहीं। हम क्या एक छोटा सा बालक भी कह सकता है कि यह सब भूलें अयोग्य लेखक और कवियों ने जान कर अथवा अनजाने कियी हैं। अब हमारी सम्मति इस विषय में चन्द की शैली और ख्यातिओं की पुस्तकों में लिखे सं० ९३१ को देखते हुए ऐसी है कि यहां ऐसा पाठ था कि "नौ सैं अरु इकतीस" और इस हमारे अनुमान की पट्टन विजय करने के संवत् वाले रूपक पुष्टि करते हैं। देखोः—

बीसलदेवजी का पाट बैठना	... ... ९३१	वर्ष
उनका राज्य करना जोड़ो	... ... ६४	वर्ष
रासे के संवतों और विक्रमी में जो सर्वत्र एकसा अन्तर है वह जोड़ो—	९१	वर्ष
	विक्रमी संवत्=१०८६	

रासे के रूपकों के जो मूल पाठ अशुद्ध हैं उनको अभी हम जैसे लिखित पुस्तकों में हैं वैसे ही रक्खेंगे क्योंकि जब तक सब विद्वान एक मत न हो जाँय तब तक उनको हम पुरातत्त्व विद्या के नियमों के अनुसार बदल नहीं सक्ते हैं। इस के अतिरिक्त हम पुरातत्त्व वेत्ताओं को चेत कराते हैं कि फीरोज़शाह की लाटपर की प्रशस्तियों को अब एक बार प्रथम बीसलदेवजी के और पृथ्वीराजजी के चरित्रों को भले प्रकार ग्रंथान्तरों में पढ़कर उन आशयों के सहारे से फिर विचारें तो उन को मालूम हो सकेगा कि पहिली प्रशस्ती जिस में का नीचे लिखा अनुवाद है उस को बीसलदेवजी की नहीं समझना चाहिये किन्तु पृथ्वीराजजी की समझना उचित है और केवल यही विशेष समझना होगा कि बीसलदेवजी के उपलक्ष्य का संबन्ध उस में इतना ही है कि जिस मिती को वह प्रशस्ती निर्माण हुई है वह मिती बीसलदेवजी के पाट बैठने की है अर्थात् वैशाख शुदी १ और पृथ्वीराजजी को बीसलदेवजी का अवतार होना लोग मानते हैं अतएव इन प्रशस्तियों के लिखने वालों ने अपने इस गूढ़ भाव को प्रकाश करने में उन दोनों का सादृश्य दिखाया

॥ बीसलदेवजी का अंत समय पट्टन विजय करने को छत्र धारण करना ॥

दूहा ॥ वर पट्टन अट्टन अमित । समित वेद् फुनि राज ॥
समय अंत बीसल सिरह । धस्यौ छत्र सम साज ॥
॥ छं० ॥ ३४० ॥ रू० ॥ १६९ ॥

पद्धरी ॥ सिर धारि छत्र बीसल नरिंद् । आसनह सिंघ वर वरन इंद ॥
भूदेव मंडि वेदी विसाल । रस पंच मेधि मेलैं ति काल ॥ छं० ॥ ३४१ ॥
वर वढी ज्वाल खंडन विभाग । जमि रहे जमल पुट पलति लाग ॥
मष समुष दिष्ष परसपर वैंन । तिन पुटह बीच तन धूम ऐंन ॥ छं० ॥ ३४२ ॥
जानीत वेद् मुख रहै मैंन । सुभ समय असुभ उच्चार कौंन ॥
संपूर वेद् किन्नो भिषेक । दुज दइय वंदि आसिष असेष ॥ छं० ॥ ३४३ ॥
विधि ऐन राज दिय सु लप माल । जै जया सबद् बीसल भुआल ॥
॥ छं० ॥ ३४४ ॥ रू० ॥ १७० ॥

है कि जिस से निर्णय करने में यह झगड़ा पड़ जाता है कि अमुक प्रशस्ती प्रथ्वीराजजी की है अथवा बीसलदेवजी की । हमारे पास इन प्रशस्तियों संबन्धी सब संज प्रस्तुत नहीं है और न इतना अवकाश है नहीं तो हम ही परिश्रम करके कुछ विशेष सारांश प्रकाश करते । इस के अतिरिक्त जो सं० १२३० जैसी प्रशस्तियों को बीसलदेवजी की मानें तो फिर पृथ्वीराजजी को तेरहवें शतक में मानना पड़ेगा कि उस दशा में भी पृथ्वीराज जी चितोड़ की और आबू की प्रशस्तियों के अनुसार रावल समरसीजी के समकालीन होंगे और मुसलमानी तवारीखों के सन झूंठे ठहर कर संवत प्रसूत हुई तर्क के अनुसार मुसलमानी तारीख जाली सिद्ध होंगी ॥

Om.

In the year 1230, on the first day of the bright half of the month Vaishakh (a monument) of the Fortunate—Visal—Deva—son—of—the—Fortunate—Amilla—Deva—King—of—Sacumbhari,

Popular Ed. of the Asiatic Researches, page 315.

पाठान्तर:—पाठ । बर । वर । प्रतिपादा । प्रतीपट्टी । छत्तीस । सारे । दीयो । उच्चारे । नैर ॥

१६९ पाठान्तर:—पुनि । समैं । सरह । धर्यौ । जास ॥

१७० पाठान्तर:—मंडि । छत्रधारि । वंवरन । इंद्र । मधि । मेले । मले । मेलिय । वढिय । वटी । दिषि । बेन । पुट । हवी । चतन । ऐंन । रहे । मोंन । शुभ । अशुभ । कोंन । कीनो । वंध । वंधि । एन । शद्ब । भूवाल ॥

॥ बीसलदेवजी पाट बैठकर कैसे राज करते थे ॥

दूहा ॥ लसय पाट बीसल न्टपति। विकल दुच्छ घन मार ॥
पंडन चिय दंडन करै। बिन अपराध अतार ॥
॥ छं० ॥ ३४५ ॥ रू० ॥ १७१ ॥

कवित्त ॥ दूसौ बीर बीसल्ल। नरिंद अजमेर नेर पर ॥
रचि रचना पुर दिव्य। मनों विसकम्म कीय कर ॥
अध्रम ध्रंम उप्परैं। क्रंस दुक्ति मन दुच्छै ॥
हक्क द्रव्य संग्रहै। विना हक लोभन वंछै ॥
चव बरन सरन चहुआन कै। वंस छतिस सेवंत ही ॥
बीसल नरिंद ध्रंमाधिधरि। देव कला देवत्त ही ॥
॥ छं० ॥ ३४६ ॥ रू० ॥ १७२ ॥

॥ बीसलदेवजी का अपने पुत्र सारंगदेवजी को उपदेश करके सांभर भेजना कि जो अपनी धा-बैन के पति के विनाश से दुचित हो गये थे ॥

कवित्त ॥ पट रागिनि परिहार। ग्रब्भ सारंग उपन्नौ ॥
पुत्र होत भइ म्टत्य। बाल बानिक कौं दिन्नौ ॥

१७१ यह रूपक संवत् १७७० और १६४७ की पुस्तकों में तो नहीं है किन्तु सं० १८५९ तथा सोसाइटी की छापी हुई पुस्तकों में है। जब कि इन से भी बहुत पुरानी पुस्तकों में यह न मिले तब तक उस को क्षेपक संज्ञा हम नहीं दे सक्ते यहां यह भी समझ लेने योग्य बात है कि १६९ रूपक से १७० रूपक तक बीसलदेवजी की पाटन की चढ़ाई के लिये छत्र धारण करने का वर्णन है। प्राचीन समय में जब कि राजा किसी पर चढ़ाई करते थे तो छत्र धारण विधि का वैदिक कर्म करके प्रस्थान करते थे। पाठकों को यह बीसलदेवजी की कथा बहुत सावधानता से पढ़ना चाहिये क्योंकि इस के बीच २ में उन के लड़के सारंगदेवजी आदि के भी वृत्त आते जाते हैं परंतु उन सब को कवि ने बीसलदेवजी के वृत्तों में मिलाकर वर्णन किये हैं ॥

पाठान्तर:—इच्छ।

१७२ पाठान्तर:—वीसल । नेर । मनौं । विश्वक्रम्म । विसकम्म । विसकर्म्म । करि । अधंम । धम । ऊपरै । ध्रम । दुक्तित । नन । इछै । विनां । हक्क । लोभ । न । चहोच । चहुवांन । छतीस । छत्तीस । ध्रमाधिधार । देव । तही ॥

१७३ पाठान्तर:—पाट । रानि । ग्रभ । उप्पनौ । भय । मृत्ति । कों । दीनौं । वनिक । दि नी । सम । पै । दुक्क । लगें । कीयौ । वीना । हुवे । गये । विनस्सयौ ।

ता वानिक नंदिनिय । नाम गौरी सारँग सन * ॥
इक थान पय पान । इक्क सिज्या इक आसन ॥
नव वरस लगि कन्या रही । व्याह राज वीसल कियौ ॥
वीवाह हुओ वर वन गयो । तहां सिंघ वर विनसयौ ॥
छं० ॥ ३४७ ॥ रू० ॥ १७३ ॥

दूहा ॥ सिंघ विनास्यौ वनिक सुत । कन्या किया अंदोह ॥
हत्त धस्यौ ब्रह्मचर्य कौ । तप पहुकर तजि मोह ॥
छं० ॥ ३४८ ॥ रू० ॥ १७४ ॥

पद्धरी ॥ अति दुचित भयौ सारंग देव । नित प्रत्ति करै अरहंत सेव ॥
वुध ध्रम्म लियौ वंधे न तेग † । सुनि श्रवन राज मन भो उदेग ॥ छं० ॥ ३४९ ॥
वुल्लाइ कुंअर सनमान कीन । किहि काज तुम्म इह ध्रम्म लीन ॥
तुम छंडि सरम हम कहौ वत्त । वांनिक्क पुत्र हन तैं दुचित्त ॥ छं० ॥ ३५० ॥
इह नष्ट ग्यांन सुनियै न कान । पुरषातन भज्जै किति हान ॥
तुम राज वंस राजनह संग । मृगया सर षेलौ वन दुरंग ॥ छं० ॥ ३५१ ॥
परमोध तजो बोधक पुरान । रामाइन सुन भारथ निदान ॥
अभिमान दान रिन सरन भ्रम्म । चास्यौ प्रकार सुनि राज क्रम्म ॥ छं० ॥ ३५२ ॥
परमोध मानि राजन कुमार । तत काल संगि वंधे हथ्यार ॥
भय प्रसन राज कीनो पसाव । संभरि रजधानी करहु जाव ॥ छं० ॥ ३५३ ॥
गजराज पाट दैं वर उतंग । सिंघासन दीनो जटित नंग ॥
तुम जाहु कुंअर संभरिय थान । किरपाल करिय कायथ प्रधानं ॥ छं० ॥ ३५४ ॥
प्रोहित मुकंद ‡ सारँग चुहान । साचैार धनी नरसिंघ भान ॥
षंधार लार वहवल बलोच । दिय बहुत हसम कीयौ न सोच ॥ छं० ॥ ३५५ ॥

---

* यह पाठ हम ने सं० १६४७ तथा १७७० की पुस्तकों से रक्खा है इधर की सब पुस्तकों में सम पाठ है । सनोतिषणुदाने तथा त्रि० अखण्डिते ॥ अथवा सं० सून वा सूनु का अपभ्रंश है ॥

१७४ पाठान्तरः—कंन्या । कीयौ । वृत । धर्यौ । पुहुकर ॥

† हिं० तेग from Sk. (तैग्म्य-(तिग to assail, to seek, to injure, to attempt to kill) or तिग्म = sharp as a weapon) इसी तरह हिं० तेज is not from the A. Tayz or P. Tez, but from the Sk. तेज m. Sharpness, puugency sharpness of a weapon. Brilliancy. Spirit.

‡ यह नागर जाति का ब्राह्मण था ॥

१७५ पाठान्तरः—प्रति । ध्रम । कीयौं । वंधे । स्रवंन । भयं । वुलाय । कुवर । तुम । ध्रम । धर्मं । वृत । वानिक । तैं । दुचित्त । ग्यांन । सुनियें । सुनीयै । कांनं । भंजैं । छित्ति ।

अनेक जाति उमराव सथ्य। है गै नर वाहन सुतर रथ्य ॥
तिहि बार धाय बानिक बुलाय। जिन जाहु कुँअर की सथ्य काय ॥ छं० ॥ ३५६ ॥
तुम कियौ पुत्र सौं मेक मुंड। षिझि बैन कह्यौ कहा देहुँ दंड ॥
अजमेर मेल्हि संभरि दिसान। जो जाहु तब्ब षंडौ परान ॥ छं० ॥ ३५७ ॥
इतनी कथ्थि नृप चल्यौ सथ्थ। रथ च्यार भरे तिन वार अथ्थ ॥
जोजनह एक कीनौ मिलान। अनेक भष्य तहां षान पान ॥ छं० ॥ ३५८ ॥
भय प्रात प्रसन पग लग्गि पुत्त। चलि सोष अंगि संभरि पहुत्त ॥
सर जाय पहूंचिय संभ राय। मन वच्च सुद्ध करि क्रंम नाय ॥ छं० ॥ ३५९ ॥
दस महिष भंजि तहां बल्नि सु दीन। जज होम धोम सुर प्रसन्न कीन ॥
कीनौ प्रवेस सुर महिम मौलि। तोरन कलस बंधि राज पौलि ॥
छं० ॥ ३६० ॥ रू० ॥ १७५ ॥

कवित्त ॥ किय प्रवेश सारंग। देव संभरिय थान थिर ॥
आयेहु वैस्य षिचिय। अनेक पग लग्गि नस्सि नर ॥
तब कायथ किरपाल। सबन कौं आग्या दीनी ॥
सस्त्र वस्त्र दत वित्त। देय दिल्लासा कीनी ॥
जद्दवनि गौरि आइय जबहि। पाइ लगी परमार कै ॥
नव सगुन भए सगुनी कह्यौ। कुँअर होइ कुम्मार कै ॥
छं० ॥ ३६१ ॥ रू० ॥ १७६ ॥

दूहा ॥ देवराज रावत सुता। देवत्तनि जद्दौंन ॥
गौरि नाम सारंग वर। मनरति ब्रूरति जौंन ॥
छं० ॥ ३६२ ॥ रू० ॥ १७७ ॥

पेलो। सुनहु। रिण। धम। चार्स्यौं क्रम। कुंआर। वंधे। हथ्यार। हुव। प्रसन्न। रजधान संभरिय करह जाव। हैं। कुमर। थांन। करीय। प्रधांन। सारंग। चुहांन। चैहान। धनीय। भांन। दिये। हसंम। कियौ। वांनिक। बुलाई। सथ। सैं। मूठ। बन। कह्यो। दिसांन। खरांन। कथ। सथ। मथ्थ। सथि। जोजन। भरक। लगि। पहुंत। वच। नाद। भंजि। बली। प्रसन्न। तोरंन कलस वंधेति पौल ॥

१७६ पाठान्तर:—थांन। आय। आइ। षित्रि। कों। अग्या। ससत्र। शस्त्र। चित्त। दिलासा। किनी। जदवनि। पाय। कुंअर। कुंमार ॥

१७७ पाठान्तर:—देवतनि। जदौन। मनै। रति। मनोरति ॥

॥ बीसलदेवजी का मृगया से बाहुरना एक तलाव बनाने की आज्ञा देना और दरबार करना ॥

दूहा ॥ तब बाहुरि बीसल न्टपति । मृगया पेलत बन्न ॥
देषि थान सर * उद्धरन । मतो उपायौ मन्न ॥ छं० ॥ ३६३ ॥ रू० ॥ १७८ ॥

पद्धरी ॥ तब देखि नरिन्द अनूप ठाम । निर्झर गिरिन्द बन अभिराम ॥
वुल्लाय लिए मंत्री प्रधान । सर * रचौ इहां पहुकर समान ॥ छं० ३६४ ॥
फुरमाय † काम अप आय गेह । आनंद अंग उपज्यौ अछेह ॥
बैठौ सिंघासन भ्रम्म नंद । बीसल नरिन्द नर लोक इंद ॥ छं० ॥ ३६५ ॥
सिर छत्र पास दुय चमर ढार । अति रूप जानि अस्वनि कुमार ॥
आईय सु कुलि छत्तीस नाम । पावासर तोंवर गौर राम ॥ छं० ॥ ३६६ ॥
हजूर लए राजन बुलाइ । तंबोलि दियो सनमुष्य चाइ ॥
पढि वंदि छंद बोले विरद । मुसकाय सीस नायौ नरिन्द ॥ छं० ॥ ३६७ ॥
सब सभा पूरि जैसैं नछित्त । चहुआन बीच जनु चंद रत्त ॥
सनमान करे सब दइय सीष । फिरि वंदी जन दीनी असीष ॥ छं० ॥ ३६८ ॥
निसि गई पंच पल एक जाम । राजन्न महल ‡ प्रवेस ताम ॥
करपूर अगर मृगमद सु वास । सोंधे छिरक्कि उत्तिम अवास ॥
छं० ॥ ३६९ ॥ रू० ॥ १७९ ॥

---

* यह बीसल का तालाब अब तक अजमेर के पास विद्यमान है । उस के किनारे पर जहांगीर पादशाह ने एक महल बनाया था कि जिस में उस ने इंग्लिस्तान के पादशाह जेम्स पहिले के एलची से मुलाक़ात कियी थी । इस टिप्पण को हमने इस तालाब के किनारे पर खड़े होकर लिखी है । यदि कोई पुरातत्ववेत्ता इस तड़ाग की वर्त्तमान दशा अपनी आंख से देखे तो उस को बड़ा शोक और आश्चर्य होगा कि अंग्रेज सरकार के राज्य समय में ऐसे प्राचीन स्थलों के जीर्णोद्धार राज–कोष के द्रव्य से होता है परंतु रेलवाले अपनी रेल इस पर दौड़ा २ कर उस को छिन्न भिन्न करे डालते हैं कि पांच सात वर्ष पीछे वह समूल नष्ट हो जायगा । हमारी सम्मति में यह विषय पुरातत्ववेत्ता विद्वानों और समस्त भारतप्रजा को सरकार हिन्द की सेवा में मिमोरियल करने जैसा है कि जिस से यह ऐतिहासिक चिन्ह यथास्थित बना रहै ।

† यह भी हिन्दी शब्द है संस्कृत स्फुरितम् अथवा स्फूर्त्तिः = स्फुरणे, मनसः कल्पनायाम् से ॥

‡ यह भी हिन्दी है संस्कृत महल्ल = अंतःपुर inner appartments, palace. और महल्लिकः = अंतःपुर रक्षक से ॥ १७८ पाठान्तरः–न्रपति । वन । थांन । मतो । मन ॥

१७९ पाठान्तर :–नरिंद । निभर । नर्झरन । गिरंद । अभिराम । वुलाय । लये । रचो । समांन । बैठो । सुसिंघासन । ध्रम । नरिंद । समीप । दोय । चांनि । अश्वनि । आइय । कुली । छतीस । ताम । पावासिर । तूंवरं । वुलाय । वुलाहि । दीयौ । सनमुख । चाहि । चाय । छंद । वंदि । विरद । नाम्यौ । जैसं । चहुवान । सनमान । दईय । जांम । राजन । थांम । कपूर । सोंधे । छिरकि । उत्तम ॥

॥ बीसलदेवजी का रणवास में पधारकर विश्राम करना और उन की एक अप्रिय रानी का उन को नपुंसक कराना ॥

कवित्त ॥ सुरँग धाम अभिराम। तहां बिस्राम राज किय ॥
राग रंग नाटक। विनोद सुष महल बोल लिय ॥
पट रागिनि पांवार। रूप रंभा गुन जुब्बन ॥
प्रमुदा प्रान समान। नहीं विसरत्त इक्क छिन ॥
रति भोग सुरति तिन सौं सदा। कबहु आन न दिष्ष चिय ॥
षिष्षि सौंति सकल एकच भय। पुरषातन तिन बंध किय ॥
छं० ॥ ३७० ॥ रू० ॥ १८० ॥

पद्धरी ॥ तब सकल भइय एकच नारि। पुरुषातन तिन बंध्यौ विचार ॥
प्रचार सहर दूतिका च्यार। लै षबरि सहर पहुची मझार ॥ ३७१ ॥
प्रसताव भाव तिन कहि उचार। जोगिनिय बोल आदीतवार ॥
पहराइ वेस बदलाय भेस। इम कियो राजद्वारह प्रवेस ॥ ३७२ ॥
लै अथ्थ दई दरवान हथ्थ। इम किय प्रवेस सहचरिय सथ्थ ॥
जोगिनिय गई रागिनी मद्धि। सब बोलि कह्यौ ह्वै सिद्ध सिद्ध ॥ ३७३ ॥
आदेस कियौ सब पाइ लग्गि। आसन्न जोरि कर उभ्भ अग्ग ॥
किहि काज आज हूं बोलि लीन। किहि नारि तुमहि इह सीष दीन ॥ ३७४ ॥
सब सौति कह्यौ दुष सुनहु तुम्म। राजन्न तनय हम सौं न क्रम्म ॥
को जानि मात बिंझनी पीर। सौति कौसाल सालै सरीर ॥ ३७५ ॥
तुम कहौ कहूं जीव तें बद्ध। तुम कहौ करौं नारी विरुद्ध ॥
तुम कहौ करौं काम तैं भंग। ज्यौं नारि अंग त्यौं पुरुष अंग ॥ ३७६ ॥
सब चित्त बसी इह सौति बात। अब हौ इह कारज करो मात ॥
मंगाय अगिनि तब कियौ होम। षर स्वान मांस प्रति वास धोम ॥ ३७७ ॥
उच्चरयौ मंच आराधि इष्ट। तत काल भयौ काम तैं नष्ट ॥
दस दिसा लग्गि इह करी विद्धि। गत भौ पुरुषातन रहि न सिद्धि ॥ ३७८ ॥
दै द्रव्य कह्यौ माता सिधाव। इह सहर छंडि अनि सहर जाव ॥

---

१८० पाठान्तरः-सुरंग। मुष ताम। विश्रांम। मुष। पंवार। जुवन। प्रांन। समांन। इक्क। स्यं। नि। दरस। सौकि। भई ॥

॥ बीसलदेवजी का पुरुषत्व नाश होने से दुखित हो गोकर्णेश्वर की यात्रा करने को गुजरात में जाना ॥

अति दुचित राज भय काम नास। ब्रह्मचर्य नेम लियो चतुरमास ॥ ३७९ ॥
कातक्क करत पहुकर सनान। गोकन्न * महातम सुनत कान ॥
बुल्लाय नैतसिय गोत्तवाल। तुम भूमि पास नागरद † चाल ॥ ३८० ॥

---

* इन गोकर्णेश्वर महादेवों की उत्पत्ति—कथा स्कंध पुराणान्तरगत जो नागर ब्राह्मणों का एक परमपूज्य संस्कृत भाषा में २4000 हजार श्लोकों की संख्या का नागरखंड नामक ग्रंथ है उस के २६ वें अध्याय में लिखी है। यह संपूर्ण ग्रंथ मेरे पुस्तकालय में है॥

आज जो वडनगर और वीसननगर नामक नगर गुजरात में प्रसिद्ध हैं उन का प्राचीन नाम चमत्कारपुर था, उस की सीमा का प्रमाण उक्त ग्रंथ के १६ वें अध्याय में नीचे लिखे प्रमाण लिखा है अर्थात् इन गोकर्णेश्वरों को उस की दक्षिणोत्तर सीमा पर होना प्रकाश किया है:—

ऋषय ऊचु: ॥ चमत्कारपुरोत्पत्ति: श्रुतात्वत्तो महामते।
तत्क्षेत्रस्य प्रमाणं यत्तदस्माकं प्रकीर्तय ॥ १ ॥
यानि तत्र च पुण्यानि तीर्थान्याय तनानि च।
सहितानि प्रभावेन तानि सर्वाणि कीर्तय ॥ २ ॥
सूत उवाच ॥ पंचकोश प्रमाणेन क्षेत्रं ब्राह्मण सत्तमा:।
आयामव्यास तश्चैव चमत्कारपुरोद्भवं ॥ ३ ॥
प्राच्यां सस्यां गयाशीर्षं पश्चिमेन हरे: पदं।
दक्षिणोत्तरयोश्चैव गोकर्णेश्वर संज्ञिकं ॥ ४ ॥
हाटकेश्वर संज्ञं तू पूर्वमासी द्विजोत्तमा:।
तत्क्षेत्रं प्रथितं लोके सर्वपातक नाशनं ॥ ५ ॥
यत: प्रभृति विप्रेभ्यो दत्तं तेन महात्मना।
चमत्कारेण तत्स्थानं नाम्ना ख्यातिं ततो गतं ॥

† नागरद्द = उक्त नागरखंड जिस के भले प्रकार पढ़ने में आया होगा वह कह सक्ता है कि आनर्त देश में हाटकेश्वर क्षेत्र है उस में जो आज बड़नगर नाम से प्रख्यात है वह नगर यही है। इस के सतयुग में आनन्दपुर, त्रेता में चमत्कारपुर, द्वापर में मानपुर अर्थात् मनीपुर, और कलि में नगर अर्थात् बड़नगर नाम प्रसिद्ध हुए हैं। इस के अतिरिक्त यह भी ध्यान में रखने जैसी बात है कि नागर ब्राह्मणों में से जो आज बीसननगरा नामक नागर ब्राह्मण प्रसिद्ध हैं वह बड़नगरों में से इन ही बीसलदेवजी के समय में उन के दान लेने से पृथक हुए हैं और बीसननगर नामक जो नगर आज गुजरात में प्रसिद्ध है वह इस समय का इन ही बीसलदेवजी का प्रदान किया हुआ है। नागरखंड से यह भी ज्ञात होगा कि बीसलदेवजी के समय में जिन नागर ब्राह्मणों को दान दिये गये हैं उन में से कुछ उस समय पुष्कर में भी रहते थे और यही लोग बीसलदेवजी को पुनश्च पुंसत्व प्राप्त कराने को गोकर्णेश्वर की यात्रा जिस का

तुम देस कहीजै गोउक्कन्न। परवत्त सरोवर नदी रन्न॥
महाराज उहां महादेव थान। बानास नदी कौमारि कान॥ ३८१॥
गिर वर उतंग इक तीन कोस। निझ्झरना झरत मन आव जोस॥
केतीक दूर अजमेर हूंत। दिन दोय मंझ्झ नीके पहूंत॥ ३८२॥
चढ़ि चल्यौ राज गोक्कव दिसान। मै मंत गुरिय घूमंत निसान॥
आवाजि पहूंचिय दस दिसान। अरि भ्रमैं वन्न तजि थान थान॥
कं० ॥ ३८३॥ रू० ॥ १८१॥

दूहा॥ अरि उद्यान भ्रमि थान तजि। बजि पर षंड अवाज*॥
तच्छितपुर† गोक्कन्न दिसि। पहुँच्यौ बीसल राज॥
कं० ॥ ३८४॥ रू० १८२॥

कवित्त॥ गिरि उतंग सलिता। विहंग उद्यान थान हर॥
सघन छांह पंषी। असंषि रचि लता झूमि तर॥

वर्णन यहां कवि ने किया है ले गये थे और अजमेर के चाहुवान राज्य के पुरोहित भी यही नागर ब्राह्मण थे कि उन में से एक पुरोहित मुकुन्द का नाम १७५ रूपक में आय चुका है। नागरों की पुरोहिताई छुटने पर अन्य ब्राह्मण चौहानों के पुरोहित हुए हैं॥

* यह संस्कृत अ+वाज तथा आ+वाज अथवा अवाद तथा आवाद से है॥

† जो हाल में गुजरात प्रान्त में बड़नगर कहलाता है उसी का नाम है। नागरखंड के पढ़ने से उस के कितनेक अन्य नाम भी ज्ञात होंगे जैसे वृद्धपुर, वृद्धनगर आदि। उक्त ग्रंथ में यह भी पढ़ने में आवेगा कि इस स्थान में एक समय सर्पों का बड़ा उपद्रव हुआ था और वह महादेवजी के त्रिजात ब्राह्मण को "नगरम् नगरम्" मंत्र प्रदान करने से दूर हुआ कि इसी से वह नगर कहाया। इस नगर के रहनेवाले नागर ब्राह्मण अब तक प्रसिद्ध हैं। यह कथा नागरखंड के ११३ वें अध्याय में सविस्तार लिखी है॥

१८१ पाठान्तर:-भई। वंधन। प्रच्चार। सहस। प्रस्तार। उच्चार। जोगनीय। अथि। चहुवान। कीय। सहचरी। सथ। जोगिनी। आदेस। कीयै। आसन्न। उभ्भ कर जोगि अग। किह। हम। ताम। काम। जानै। बाभनी। कौ। साल। सालैं। कहीं। करीं। तैं। सौ। करों। अगनि। उचस्यौ। आराध। तें। लगि। विद्ध। रहित। कातिग। करंन। सानान। सुनहु। कांन। पांसल। पास कल। कहीजै। गोकन्न। परवत। माहाराज। वनास। कोमारिकान। निझरना। मझ्झ। नीकै। मैं घुम्मन। दिसांन। थांन॥

१८२ पाठान्तर:-उद्यांन। थांन। तछितपुर। गोक्कन। पहुंच्यौ॥

१८३ पाठान्तर:-उघ्यान। उद्यांन। छांह। असंख्य। झुमि। बरन। पुहुप्प। पीक। चकोर। च्चकोर। सारस। दिषि। अनूप। ठांम। आरांम। फरसत॥ इस रूपक की पहिली दो तुकों की पहिली यतियों में दस २ मात्रा हैं और दूसरी में चौदह २ कि यह कोई ऐसा दोष नहीं है कि जिस के लिये हम ग्रंथ-कर्त्ता को दोष दें। ऐसे उदाहरण अन्य बड़े २ कवियों के काव्यों में

वरन वरन्न पल्लव । पहुप द्रुमवेलि कोलि फल ॥
कीर पिक्क चक्कोर । मोर कोकिल कौतूहल ॥
वाराह सिंघ मृग जूथ जहां । दिष्षिराज अचरिज भयौ ॥
अनूप ठाम आराम अति । सिव परसत सब सुष भयौ ॥
छं० ॥ ३८५ ॥ रू० ॥ १८३ ॥

कवित्त ॥ परवत में कंदरा । तहां किन्नर सु विराजै ॥
वारि बूंद सिर झरै । पास सिंघ जूथ समाजै ॥
आनि अचानिक राज । पाइ लगो करि प्रन्न पति ॥
ॐ नमो सिव सकल । नमो अकलेस अकल मति ॥
फल पहुप द्रव्य पंचा अमृत । धूप दीप अग्गें धरिय ॥
अस्नान दान चहुवान करि । तब अस्तुति सेवा करिय ॥
छं० ॥ ३८६ ॥ रू० ॥ १८४ ॥

॥ बीसलदेवजी का गोकर्णेश्वर महादेव की स्तुति करना ॥

भुजंगी ॥ नमो वाय भूताय थानं भयानं । जटा मांहि गंगा झलक्कै प्रमानं ॥
चयं नेच ज्वाला जलं चंद्र भालं । विषं कंठ माला रुलै रुंड मालं ॥ ३८७ ॥
महा आदि मुद्रा नषं सिंगि नादं । सिधं देव देवं कथं साथ साधं ॥
धरा धूरि धूसं विभूतं घसंते । नमस्ते नमस्ते नमस्ते नमस्ते ॥ ३८८ ॥
गजं चर्म आछादितं भ्रंम नासं । रहै वीर भैरों गनं आस पासं ॥
पदम्मासनं पुष्टि नंदी प्रचंडी । चवं वेद आमोद चौसट्ठि चंडी ॥ ३८९ ॥

भी देखने में आते हैं अतएव इस को कवियों की एक शैली मानना चाहिये । ऐसे स्थलों में प्रायः शुष्क-कवि आपस में बहुत वाद विवाद कर सिर फोड़ा करते हैं अतएव हम एक और भी सूक्ष्म कारण बताते हैं कि चंद और सूर जैसे आर्द्र-कवि गान विद्या में पारंगत होने के कारण जहां एक ही यति में अनेक स्वर स्वरित हो गये हों वहां की एक दो मात्रा को दूसरी यति में मिला देते हैं कि जिस में स्वर न बिगड़े देखो यहां उतंग के तं और सलिता के ता पर स्वर स्वरित हो गये हैं ॥

१८४ पाठान्तरः—प्रबत्त । किंनर । बुंदि । नपै । सिंघ । पाय । प्रनति । उं । द्रबि । पंचे । दांन । चहुवांन ।

१८५ पाठान्तरः—झलके । वंदे । सधं । दूरि । दूसं । भैरूं । आसा । पासं । पदंमासनं । पुष्टी । कोद । चौसठि । डक । डौरू । तड़के । मेरे । धूजे । धनुंक । धरें । वांम । सूलपांणी ।

बजै डक्क डौरू डसंकं तडक्कै। धकै सेस धुज्जै हके गेंन हक्कै॥
धनूकं पिनाकं धरै बाम हस्ते। नमस्ते नमस्ते नमस्ते नमस्ते॥ ३९० ॥
सिधं साध आराधयं शूलपानी। सिवा भ्रंम साधेति के साध जानी॥
नरं किंनरं गंध्रवं नग्ग जष्यं। सुरं आसुरं अच्छरी हूर रष्यं॥ ३९१ ॥
सनक्कादिकं सप्तर्षी बाल कालं। प्रथीवायुगेनाय तेजंस लालं॥
नमो भान चंद्रं नवं ग्रह समस्ते। नमस्ते नमस्ते नमस्ते नमस्ते॥ ३९२ ॥
मिटै संकटं वाट घाटं विघट्टं। रटै नाम तो कोटि काटै कसट्टं॥
षरं षेचरं भूचरं जंच मंचं। जपै व्याधि आसाध भाजै अनंतं॥ ३९३ ॥
महादी पुरूषं महीमा मुरारी। नवं कौंन तो सों निपातिक परारी॥
गिरा गौरि अधंग कैलास वस्ते। नमस्ते नमस्ते नमस्ते नमस्ते॥
छं० ॥ ३९४ ॥ रू० ॥ १८५ ॥

साधेंति। ज्यंनी। यंध्रवं। जखं। अछ्रदी। दिखं। सनक्रादिक्रं। सपत रिपी। सप्त रिपी। प्रथी-वायगेंनाय तेजं। भांन। मिटैं। नांम। तो। महा आदि। पुरिषं। पुरुषं। तवों। कोन। तो। नपातिग। अरधंग। कयल्लास॥

हमारे जो पाठक ऐसे हैं कि जिन को न तो कभी यह शंका हुई न अब है और न आगे होगी कि हिन्दी भाषा का यह अति प्राचीन महाकाव्य आदि से अंत परियंत जाली बना है उन को उचित है कि यूरोप देश निवासी मिस्टर ग्रोज़, डाकटर होर्नली, मिस्टर बीम्स और भरतखंड निवासी डाक्टर राजेन्द्रलालजी मित्र जैसे महाशयों को अनेक धन्यवाद दें कि उन के शोध और अनेक लेखों के कारण से यह महाकाव्य सर्वसाधारण लोगों के जानने में आय गया नहीं तो कुछ समय और व्यतीत होने पर कोई मनुष्य जैसी कि तर्क वितर्कों से अब दोष देते हैं वैसे ही इस रूपक में “नमस्ते नमस्ते नमस्ते नमस्ते” का पाठ देख करके कदाचित यह अनुमान करलेते कि इस को स्वामी श्रीदयानन्द सरस्वतीजी के सिद्धान्तानुयायी किसी कवि ने झूंठा बना दिया है क्योंकि नमस्ते शब्द का प्रचार या तो वैदिक समय में था अथवा इन दिनों में आर्य समाजस्थों में है और आदि के चार रूपकों से चंद के धर्म संबन्धी विचार वैदिक समय के से होना प्रतीत होते हैं। यद्यपि आज यह महाकाव्य इतना प्रसिद्ध हो गया है परंतु भावी दोष देनेवाले के लिये वह कुछ बाधक नहीं हो सक्ता क्योंकि जो कुछ प्रमाण इस समय की प्रसिद्धि के उस को उस समय में मिलैंगे उन सब को वह निःशंक होकर वर्तमान समय के दोष देनेवालों की भांति जाली कह सक्ता है जैसे कि इस समय में सब राजपूताने के राज्यों के प्राचीन संवत इस रासे के ९१ वर्ष के अंतर के संवत के अनुसार मिलते हैं और उन सब को इसी रासे ने अशुद्ध कर दिये कहा जाता है। इसी तरह वह भी कह सक्ता है कि इस समय में जाल ही जाल फैल गया था क्योंकि जैसे आज चंद स्वयम् साक्षी नहीं दे सक्ता वैसे हम लोग भी उस समय में न होंगे। सारांश यह है कि एक नचा सैा दुःख हरता है और थोथी हठ के आगे किसी की कुछ नहीं बटती॥

॥ बीसलदेवजी से गोकर्णेश्वर के सिद्ध का उन का नाम ग्रामादि पूछना ॥

दूहा ॥ इति अस्तुति राजन मुषह । पढि पुज्जिव पग वंदि ॥
देषि सिद्ध चक्रित भयौ । भाजन बुद्धि नरिंदि ॥
छं० ॥ ३९५ ॥ रू० ॥ १८६ ॥*

कहत सिद्ध किहि पुरहुं तैं । कौंन गोत किहि नाम ॥
इहि तीरथ आये हुते । कै आगैं कोइ काम ॥
छं० ॥ ३९६ ॥ रू० ॥ १८७ ॥

बीसलदेवजी का अपना नाम गाम आदि बताना ॥

दूहा ॥ पुर अजमेर सु वास हम । गोत ग्याति चहुआन ॥
बीसल दे मो नाम सिध । आयौ करन सनान ॥
छं० ॥ ३९७ ॥ रू० ॥ १८८ ॥

॥ सिद्ध का गोकर्णेश्वर के तीर्थ की महिमा वर्णन करना ॥

अरिल्ल ॥ सिद्ध कहत सुन राजन वत्तिय । जो तू तजि आयौ निज घत्तिय ॥
इह गोपेसुर थान अपूरब । नित प्रति निसा उतरै सौ रंभ ॥
छं० ॥ ३९८ ॥ रू० ॥ १८९ ॥

इन थानक चारन वर पाए । तिनके नाम कहि इ समझाए ॥
भसमाकर रावन मधु कीटक । तिन उपास निराहर षट टक ॥
छं० ॥ ३९९ ॥ रू० ॥ १९० ॥

इहै तिथ की महिमा गाए । घेनु दुगधतैं आनि न्हवाए ॥
जैसैं ध्याए तैसैं पाए । इतनी कहि सिध उठि सिधाए ॥
छं० ॥ ४०० ॥ रू० ॥ १९१ ॥

---

१८६ पाठान्तर:—भौ ॥

*यह रूपक सं० १६४७ और १७७० की लिखी पुस्तकों में नहीं है जो इन से भी पुरानी पुस्तकों में यह न मिले तो इस को क्षेपक मानना चाहिये । किन्तु अभी तो हम इस को क्षेपक संज्ञा प्रदान नहीं कर सक्ते ॥

१८७ पाठान्तर:—परहुं । तें । क्यौंन । नांम । आगें । कांम ॥

१८८ पाठान्तर:—नांम । सनांन ॥ वीसल दे शब्द में जो दे है वह देव शब्द का संक्षिप्त रूप है इसी तरह समरसी में सी सिंघ वा सिंह का संक्षिप्त है ॥

१८९ से १९१ पाठान्तर:—वत्तीय । इह । धरत्तीय । इहां । गामेसद्द । थांन । प्रतै । थांनक । च्यारन वर । च्यार नर । नांम । उपवास । टंक ॥ ए हैं । घेंनु । तें । आंनि । जैसें । तैसें ॥

॥ बीसलदेवजी का तीन दिन निराहार उपवास कर गोदानादि करना और महादेव का अपछरा को उन्हें उठाने भेजना ॥

दूहा ॥ राजन मन चक्रित भयौ। सुनि थानक की विद्धि ॥
जे तो अभि अंतर* वसत। कहि ते तो सिध सिद्धि ॥
छं० ॥ ४०१ ॥ रू० ॥ १९२ ॥

अरिल्ल ॥ सहसं गौ मंगाइ सवच्छिय। देइ द्रव्य लै अच्छी अच्छिय ॥
सहस घट्ट सिव ऊपर कीनौ। तीन उपास नेम नव लीनौ ॥
छं० ॥ ४०२ ॥ रू० ॥ १९३ ॥

तीन दिवस रहै राव निराहर। जल फल तज्यौ पवन कौ आहर ॥
एक निसा इक अपछर आई। सब अपछरा न्रित्ति करि गाई ॥
छं० ॥ ४०३ ॥ रू० ॥ १९४ ॥

बहुत बेर पीछैं बोल्यौ हर। अपछर जाइ उठेउ वहै नर ॥
सो अपछर नर देषन आई। देषति न्रपति वसि नींदा माही ॥
छं० ॥ ४०४ ॥ रू० ॥ १९५ ॥

॥ अपछरा का बीसलदेवजी को महादेव के प्रसन्न होने और मन की कामना पूरण होने का कहना ॥

दूहा ॥ तुम कौं सिव सु प्रसन्न भय। कह्यौ मोहनि वर मोहि ॥
जाहु थान हरि थान तजि। तूठे संभर तोहि ॥
छं० ॥ ४०५ ॥ रू० ॥ १९६ ॥

तेरे मन की कामना। ऊपर शिव कौ पाइ ॥
इतनी कहि करि मोहिनी। दियौ सु न्रपति उठाइ ॥
छं० ॥ ४०६ ॥ रू० १९७ ॥

---

* चंद की भाषा का व्याकरण तो हम कुछ समय में बनाकर प्रकाश करैंगे परंतु एक सूत्र उस का यह स्मरण में रखना चाहिये कि उस में षट–भाषा–वत् संधि विकल्प करके होती है। होने के उदाहरण बहुत आवेंगे परंतु न होने के उदाहरण यह अभि + अंतर और पंचा + अमृत हैं ॥

१९२ पाठान्तर:–विधि। जि। तौक। तो। सिद्दु। सिध ॥

१९३ से १९५ पाठान्तर:–सहस। गऊ। मंगाय। सवछिय। देय। ले। अछीय। अछीय। घट। शिव। तिन। द्यौस। रहे। निशा। एक। आईय। अपछर। नृतत। गाईय। पीछे। बोले। उठाउ। वहे। आइय। देषि नृपति वसिं नीद अमाइय ॥

१९६–९७ पाठान्तर:–कों। सौं। शिव। हुव। थांन। संभू ॥ को। पाय। दीयौ। नृपति। उठाय ॥

॥ बीसलदेवजी का अपने को पूर्ण पुरुषत्व प्राप्त होना देखकर वहां बीसलपुर बसाय महादेव का देवल बनने का हुकम देना ॥

कवित्त ॥ पहुर रात पाछिली । राज आए डेरा मधि ॥
वढिय काम कामना । भई पुरिषातन की सिधि ॥
प्रातकाल करि न्हान । धेन विप्रन कौं दीनी ॥
पंचा अम्रत धूप । दीप सिव सेवा कीनी ॥
तिहि वार हुकम * देवल करन । पुर † बसाइ वीसल † धरुह ॥

---

* यह हिन्दी शब्द हुकंम अथवा हुक्कम संस्कृत शब्द सूक्ष्म् से बना है ॥

† चाहुवान वंश की ख्यातिओं में बीसलदेवजी का उपनाम पुष्पक होना लिखा है और जो आज कल गुजरात में विशल नगर अथवा विसन नगर करके प्रख्यात है वही यह बीसलपुर बीसलदेवजी का बसाया हुआ है और उसी दिन से बडनगरे नागरों में के कुछ नागरों की विसननगरा नामक संज्ञा पड़ी है। हमारे इस अनुमान की कविराज श्रीदलपतरामजी सी० आई० ई० अपने ज्ञातिनिबन्ध नाकम ग्रंथ में नीचे लिखे प्रमाण पुष्टि करते हैं:—

जे रीते औदिच्यप्रकाश तथा श्रीमाली महात्म्य स्कंध पुराण मां छे, तेमज नागर ब्राह्मणोंनी उत्पत्ति नो ग्रंथ "नगरखंड" नामे घणो मोटो छे, ते पण स्कन्ध पुराण मां छे। ते नागरो नी उत्पत्ति गुजरात मां वडनगर गाम मां थई । पण ते क्यारे थई, तेनो संवत कांई ओ पुस्तक मां लख्यो नथी तेनूं कारण ओज जाणवूं के सवत लखवा थी तथा बनावनार नूं नाम लखवा थी ग्रंथ जूनो केहेवाय नही । पण नागर ब्राह्मणो नो प्रवराध्याय नामे ग्रंथ में जोयो छे तेमां लखे छे के,

श्लोक ॥ श्रीमदानंदपुर महास्थानीय पंचदशशतगोत्राणां ।
संवत् २८३ पूर्वतिष्ठमान गोत्राणां समानप्रवरस्य निबंधः ॥

अर्थ ॥ शोभायमान ओवा आनंदपुर, मोटास्थानवाला पंदरसें गोत्रोमांथी संवत् २८३ थी पेहेलां रहेलां गोत्रोना ओकज सरखा नामोचानो निबंध लखूं छूं ॥

ओ ऊपर थी आशरे मालम पड़े छे के ओ वखत मां नागरो नी नात बंधाई छे । अने त्यार पछी तेमां थी विसलनगरा नी नात जुदी पड़ी तेनूं कारण केहे छे के विसलदेव राजाओ विसल नगर बसावीने त्यां जग्न कीधो हतो । त्यारे बडनगर थी केटलाओक नागरो त्यां जोवा गया हता । त्यारे राजाओ तेओ ने दक्षणा आपवा मांडी । त्यारे ओ नागर ब्राह्मणो ओ कहूं के अमे कोई नी दक्षणा लेता नथी । त्यारे राजाओ कहूं के तमने पाननां बीड़ा आपी शूं । ओम कहीने पानना बीड़ा मां गाम नां नाम लखी नें ओ नागर ब्राह्मणों ने आप्यां । त्यारे ते ब्राह्मणो ओ पानना बीड़ां लीधां । तेमां जोयूं त्यारे गामनां नाम लख्यां हतां । तेथी पछी तो ओ गाम लेवां कबूल कीधां । ओ बात बड़नगरना नागरोओ जाणी त्यारे तेओ ओ कहूं के ओणे राजा नूं दान लीधूं वास्ते ओओ

संगाइ हस्ति असवार* हुइ। फिरयौ राज घर आतुरह ॥
छं० ॥ ४०७॥ रू० ॥ १९८ ॥

आपणी नातथी बाहर छे। ते दिवस थी विसलनगरानी नात जुदी थई। कोई केहे छे के तेज राजाये तेज वखतमां साठोद गाम नूं नाम पान मां लखी ने जेने आप्यूं हतूं ने साठोदरा नागर थया। चित्रोड़ लखी ने जेने आप्यूं ते चित्रोड़ा नागर थया। तेमज प्रश्नोरा तथा कृष्णोरा पण थया। ६ प्रकार ना नागरो नां नाम। बडनगरा नागर१ विसल नगरा नागर २ साठोदरा नागर ३ चित्रोडा नागर ४ प्रश्नोरा नागर ५ कृष्णोरा नागर ६ ॥ हवे विचार करो के विसलदेने विसल नगर सं० ९३६ वीं साल मां वसाव्यूं ये प्रथिराजरासा मां चंद कविये लखेलूं छे ॥ दोहा ॥ सो संवत नव शत अधिक। वर्ष तीस छह अग ॥ पुर प्रतिष्ट वीसल नृपति। राजत सकले जग ॥ १ ॥ त्यार पछी विसलनगरानी नात बंधाई छे। तेथी साफ जणाय छे के परमेश्वरे कांई नातो बांधी नथी। फकत माणसोये जुदा जुदा वाडा बांध्या छे। त्यारे ते बंधाया थी हालमां जे हरकतो पती होय ते बंध करवा चहाय तो करी शके खरा। विसल नगराओ राजानूं दान लेवा थी जो वटल्या होय तो हाल मां बड नगराओ मुसलमाननी सेवा करे छे तेओ एनाथी पण वटल्या कहेवाय। वास्ते एवो जूठो वेहेम छोड़ी देवो जोइये। अने जरूर समझवूं के तेओ एक वीजा थी कांई वटलाशे नही। इत्यादि ॥ ज्ञाति निबन्ध पृष्ट ४३ से ४५ तक ॥

नागरखंडना अध्याय २३ पछे तेमां १०८ मा अध्याय थी ४ था अध्याय मां लखे छे के आनर्त्त देशना राजाये चमत्कारनामे शेहेर वसावी ते ७२ गोत्र ना ब्राह्मणों ने आपवा मांड्यां, तेमा ८ गोत्र नाये लीधां नही ने ६४ गोत्रनाये लीधां। पछी त्यां कांई कारण थी नागनी उत्पत्ति घणी थई तेओये घणां माणसोने करडी खाधां तेथी केटला ब्राह्मणो नाशी छुट्या। पछी एक अपमान करेले ब्राह्मणे (त्रिजातकें) मन्त्र नो उपाय कर्यो तथा ए सऊ ब्राह्मणो ए मलीने लाकड़ी पथरा वगेरे थी हजारो नागने मारी नांख्या त्यारे ए शेहेरनूं नाम नगर (फेर विनानुं) ठर्यूं ने ते ब्राह्मणो नागर कहेवाया। पछी १५८ मां अध्याय मां लखे छेके एक पुष्पक नामने पुरुषे पर स्त्रीनो संग घणां वर्ष कर्यो, ते पछी पस्तावो करीने तेनूं प्रायश्चित करवा बडनगर मां आव्यो त्यारे सऊ नागरो ए कहूं के ए पाप मटवानो उपाय नथी। त्यारे एक चंडशर्मा नामने नागरे कांई प्रायश्चित कराव्यूं, तेथी नागरोये चंडशर्माने नात बाहर मुक्यो तेथी बाह्य नगरानी नात जुदी बन्धाई ॥

पृथ्वीराजरासा मां लख्यूं छेके बीसलनगर बसावनार बीसलदेव राजाये पुष्कर क्षेत्रमां परस्त्रीनो सङ्ग कर्यो हतो, तेथी ते स्त्रीये श्राप दीधो हतो जे तूं असुर थईश। पछी ए पाप मटवानो उपाय बीसलदेव शोधतो हतो। वास्ते पुष्पक नामनो पुरुष नगर खण्ड मां लख्यो छे ते बीसलदेव सम्भवे छे। ने वाह्य नगरा जे लख्या छे ते बीसलनगरा, साठोदरा वगेरे सम्भवे छे। इत्यादि० ज्ञात निबंध पृष्ट ७५-७६ ॥

* यह हिन्दी शब्द संस्कृत अश्ववार अथवा अश्व+आर अथवा अश्व+आर से बना है अरबी अथवा फारसी से अनुमान करना व्यर्थ है ॥

१९८ पाठान्तर:-पहुर। कामन। हुई। न्हांन। विप्र। कों। वसाय। वीसल पुरह। मंगाय। होइ ॥

॥ बीसलदेवजी का पीछा अजमेर आना और सब कथा प्रसंग पवांर जी राणी से कहना ॥

दूहा ॥ दो दिन के मग एक दिन। आए बीसल गेह ॥
किय प्रवेस न्नप सहर* सें। सुचित भये ग्रह मेह ॥
छं० ॥ ४०८ ॥ रू० ॥ १९९ ॥

ऊंच धाम विसराम किय। रंग साल चतुरंग ॥
प्रौढा महल पवार सों। कहिय सु कथा प्रसंग ॥
छं० ॥ ४०९ ॥ रू० ॥ २०० ॥

॥ सब काम-लुब्धाओं को शोच होना कि शंभू ने ऐसा क्या वर दिया ॥ ?

चौपाई ॥ काम लुबध बोली सब कामनि। च्यार जाम गई जागत जामिन ॥
सब नारिन कों सोच उपन्नौ। ऐसौ कहा संभु वर दिन्नौ ॥
छं० ॥ ४१० ॥ रू० ॥ २०१ ॥

॥ बीसलदेवजी का कामान्ध हो अकर्तव्य कर्म करना ॥

कवित्त ॥ राति दिवस एकसी। काम कामना सु वढ्ढिय ॥
प्रौढ मुगध वय हइ। सवैं थर हरि चिय गढ्ढिय ॥
पर घरनी लै बोलि। घरी नह विलंब लगावै ॥
जो विलंब करि रहै। ताहि हनिवे कों आवै ॥
भै भीत काम विसराम विन। नाम सुनत औदिक परै ॥
अजमेर नैर बीसल न्नपति। प्रमुदा देषत प्रज्जरै ॥
छं० ॥ ४११ ॥ रू० ॥ २०२ ॥

---

* हिन्दी सहर अथवा सहरि शब्द अरबी अथवा फारसी से नहीं है किन्तु संस्कृत स + हलि से ॥ SK. स + हलि = Agriculture, furrows. Hence a place where agriculturists reside. Dwelling & habitation, &c. The Hindi हर is also from the SK. हल A plough, the earth. In the same manner नगर a town is from नग a tree, a mountain & रल् off.

१९९–२०० पाठान्तर:- कै। कैं। सेव ॥ धांम। महिलए। वारि। कौ।

२०१ पाठान्तर:–कांम। याम गय। जांम। कों उपंनौ। ऐसों। सिंभु। दीनौ ॥

२०२ पाठान्तर:–कांम। कामना। बढिय तस। सवें। हरत नारी जस। कों। विलंब। ताहि के पहिले तो विशेष है। भय। कांमं। विसदांम। नहि। नाम। उन्दकि मरै। नृपति। प्रजरै ॥

दूहा ॥ पट्टन धनकनि देह दुष । ग्रेह कटन ग्रह हथ्य ॥
ध्रुरैं धन्न निज कोस मधि । दूहै वानि समरथ्य ॥
छं० ॥ ४१२ ॥ रू० ॥ २०३ ॥

कवित्त ॥ जिते जाइ इह मान । काम कामना सु वढ्ढिय ॥
अंदर ताहि उप्परह । बयन ब्बरष पर चढ्ढिय ॥
तिन दिष्षत बर बस्त । मंगि अप्पन मुष अष्षहि ॥
अबला सँग उल्हास । काहु की कानि न रष्षहि ॥
दुज पंचि बैस सूद्रह बरन । तजै न किह तक्कत नयन ॥
बीसल नरिंद इह भय अकलि । लहै न कहुँ निस दिन चयन ॥
छं० ॥ ४१३ ॥ रू० ॥ २०४ ॥

॥ बीसलदेवजी के दुराचरणों से दुःखी होकर नगर के लोगों का प्रधान के पास पुकारने जाना ॥

दूहा ॥ दीरघ जन मिल नयर के । गए द्वार परधान ॥
बढि अचैन नर नारि सब । नहीं रहै रजधान ॥
छं० ॥ ४१४ ॥ रू० ॥ २०५ ॥

---

२०३ पाठान्तर :—धनक्कन । मुष । ग्रिह । कट्टन । हथ । निसि । वांनि । समरथ ।

२०४ पाठान्तर :—मांन । कांम । कांमना । वढ्ढय । उपहर । चढिय । दिषत । मुष्प । संग । काऊ कांणि । रषहि । द्वीय । वईस । किहि । दूहै । लहैं । निसि ॥

हमारे पाठकों में से जो ऐसे हैं कि वे Political officers रहे हैं अथवा जिनों ने बीसल-देवजी जैसी अनीतियों के वृत्त गोप्य Political Reports में पढ़े हैं अथवा जो Mysteries of the Native Courts. के ज्ञाता हैं अथवा जिनों ने वाजिदअली शाह की सायवी का पूरा ज्ञान उपार्जन किया है; वह चन्द के लिखे बीसलदेवजी के वृत्तान्त पर अविश्वास नहीं करेंगे और न उसे अत्यन्ताभाव का समझेंगे किन्तु कवि के स्पष्ट—वक्तृत्व की प्रशंसा करेंगे। इतिहास लिखने वाले का यह मुख्य काम है कि वह चाल चलन, के विषय में स्पष्ट वृत्त लिखे कि जिस से उस के भावी संतान शिक्षा ग्रहण करें। हमारे इस देश में हम लोग इस बात को फांसी लगने जैसा अपराध समझते हैं और रात्रि दिन ऐसी ही अनीतियों में लगे रहते हैं अतएव पुरुषार्थ का बड़ा टोटा हमारे यहां आ गया है !!!

२०५ पाठान्तर :—मिलि । कै । परधांन । वढि । अचैन । नही । रहसि । रजधांन । रिसांन ॥

॥ सब का आपस में सलाह करके बीसलदेवजी को राजधर्म अरज करना ॥

कवित्त ॥ तिन मति तिहिं पुर होइ । लोइ मति समथ समंडव ॥
बहुत भूमि भूमियां । चढवि तिन धर पुर पंडव ॥
इह सु ध्रम्म राजेन्द्र । दुष्ट कंटक सिर कट्टै ॥
अनड अनड संहरै । धरा रप्पन धर अट्टै ॥
इह करयौ मंत तिन मंचियन । अरु सब सहर सु पंच जन ॥
इहकथिय वत्त न्रिप सम तिनह । दवरि विसेपक भूंमि यन ॥
छं० ॥ ४१५ ॥ रू० ॥ २०६ ॥

॥ बीसलदेवजी ने उत्तर दे कहा कि यह सब मैं जानता हूं पर काम ज्वाला के बढ़ने से मैं लाचार हूं अब तुम जो कहोगे वह करूंगा ॥

कवित्त ॥ दुज्जर काय सु कहत । राज मन मांहि समक्ख्यौं ॥
काम ज्वाल मो वढिय । तुम हि तिन कै दुप दक्ख्यौं ॥
हौं इह जानौं सवै । पै मुहि मन वसि न होई ॥
सदा पहर जिम क्राह । रहै कूई की कूई ॥
तुम कहौ सु हौं करि हौं अवसि । बोल्लि लेहि किरपाल हौं ॥
जहँ जहां दिसा तुम संचरौ । तहँ तहँ आजं चढि हौं ॥
छं० ॥ ४१६ ॥ रू० ॥ २०७ ॥

॥ इस पर बीसलदेवजी का किरपाल को बुलाना और उस का आना ॥

दूहा ॥ दै फुरमान * प्रधान तव । बुल्लाये किरपाल ॥

२०६ पाठान्तर:—मत्तिह । समथ्य । संडव । भूमीयां । ध्रंम । कहे । अनड अनड । रपन । कहिय । तिनहि । विशेपक । भुंमियन ॥

२०७ पाठान्तर:—दुजर । केत । समक्षौ । कांम । वढीय । कै । दक्षौं । हों । जांनों । सवैं । पैं । मोहि । क्रांह । हों । कू । तहां २ । चढि । हूं ॥

* यह हिन्दी शब्द संस्कृत स्फुर+मान से है जैसे कि स्फूर्तिमान्, स्फूर्तिमती और स्फूर्तिमत इत्यादि । इस फुरमान अथवा फुरमाना आदि शब्दों का प्रचार राजस्थानों अथवा बड़े प्रतिष्ठित लोगों की मंडली में आज भी बहुत है । वास्तविक यह उस कहने अथवा आज्ञा के अर्थ में

संभरि सैां आयौ सहर। लियै अनूप रसाल ॥

छं० ॥ ४१७ ॥ रू० ॥ २०८ ॥

॥ बीसलदेवजी का किरपाल को कहना कि तरवारि की पृथ्वी है सो हम नव खंड की षड्ग खोसने को षड्ग बांधते हैं तुम खजाना संग ले बीसल सरवर पर डेरा करो ॥

कवित्त ॥ आय तबै किरपाल। पाइ राजन कै लग्गौ ॥
सुह अग्गैं दुअ षग्ग। धरै नग जरित उनग्गौ ॥
वंधिय तेग विचार। सु गुन राजन इह कथ्यिय ॥
जिम जिम विद्या दान। तिमह तिम षगकी प्रथ्थिय ॥
इहै सगुन हम कैां भयौ। षग षोसैां नव षंड धर ॥
ब्रह्मांड मंड सब बसि करैां। मंडैां मेर सुमेर धर ॥

छं ॥ ४१८ ॥ रू० ॥ २०९ ॥

दूहा ॥ सुनि क्रिपाल सो मुष वचन। कढि षजीन* सँग लेहु ॥
बीसल सरवर ऊपरैं। ध्रुव दिसि डेरा देहु ॥

छं० ॥ ४१९ ॥ रू० ॥ २१० ॥

प्रयोग होता है कि जो किसी के द्वारा कहा जाय अथवा आज्ञा किया जाय। जैसे हमारे रजवाड़ों में जहां अभी प्राचीन देशी रीति प्रचलित है वहां जिस से राजा स्वयम् नहीं बोलते। तब राजा जी तो किसी अन्य पुरुष को कहते जाते हैं और वह पुरुष उस इष्ट मनुष्य को कहता जाता है। तथा किसी अपने से छोटे अथवा आधीन को कागद पत्र के द्वारा कहा अथवा आज्ञा किया जाय उस को फुरमान वा फुरमाना कहते हैं ॥

२०८ पाठान्तरः—फुरमांन। प्रधांन। बिल्लाये। बुलाए। सैा। अमूप ॥

२०९ पाठान्तरः—पाय। आगे। दुय। धरे। उनगौ। सगुन। कथिय। दानं। तेम पग की इह पृथ्वीय। इह सगुन अबैं हमकों भए। सों। ब्रह्म मंड मंड। ब्रह मंड मंड। करुो। दंडों ॥

* हिन्दी में खजाना और उस से बने शब्द आते हैं उस का वाचक यह प्राचीन हिन्दी शब्द सब के ध्यान में रहने योग्य है। यह संस्कृत खर्ज्जूर=रौप्य silver का अपभ्रंश है। इन शब्दों को अरबी और फारसी के अपभ्रंश अनुमान करना व्यर्थ है। देखो, सं० खज शब्द भी युद्ध और स्वार्थ के अर्थों में प्रयोग होता है। और वह भी इतने प्राचीन समय से कि ऋग्वेद ८। १। ७ में "अलर्षि युध्म खजकृत पुरन्दर०" कहा है ॥

२१० पाठान्तरः—क्रिपाल। संग। उपरें। उपरैं। दू। दिशि ॥

॥ वीसल सरवर पर वीसलदेवजी के आधीन तथा सहायक इष्ट मित्र राजाओं का उन के दिग्विजयार्थ अटन के लिये एकत्र होना और गुजरात के चालुक्य राजा का वहां न आना अतएव वीसलदेवजी का उस पर चढाई करना और वालुका राय का यह सुनकर सामना करने को आना ॥

पद्धरी ॥ भरि चले सुतर * रथ एक गाह। वीसल तडाग दिय वारि गाह ॥
फुरमान दए लिपि दस दिसान। सब आय मिले अजमेर थान ॥ छं० ॥ ४२० ॥
परिहार सहनसी मिल्यौ आय। मंडोवर के नर लगे पाय ॥
गहिलोत मिले सब सभा मोर। पावासर तोंवर राम गैार ॥ छं० ॥ ४२१ ॥
सेवंत धनी आए सहेस। कोछिल्ल ढुनांपुर दिए पेस ॥
वघ्घोच मिले सब पाइ बंधि। बांभन्या न्टपति तजि गए संधि ॥ छं० ॥ ४२२ ॥
भटनेर राय की आइ भेट। सुलतांन नाल वँध थटा थेट ॥
फुरमान गए जैसलहमेर। भोस्या सब भाटी भये जेर * ॥ छं० ॥ ४२३ ॥
जादैां रु वघेला मल्हवास। मोरी वड गूजर आइ पास ॥
अंतरहवेध कूरंभ आइ। सब मेर जेर होय लगे पाइ ॥ छं० ॥ ४२४ ॥
आए सपाइ चढि जैतसीह। तच्छितपुर के नर संग लीह ॥
आये सु चक्कि उदया पवार। निरवान डोड चढि चले लार ॥ छं० ॥ ४२५ ॥
चंदेल दाहिमा चरन लग्गि। वसि किये भूमिया धूनि पग्ग ॥
चालुक्क कोइ आयौ न पाइ। रहे मुक्करि जोर * तरवार * साहि ॥ छं० ॥ ४२६ ॥
सुनि बोल जैतसी गोलवाल। घर वार नगर को रष्पपाल ॥
सैां पैां सु तुमहि अजमेर थान। चालुक्क कितक पावै न जान ॥ छं० ॥ ४२७ ॥
दर * कूच कूच * चढि चल्यौ वीर। गिरि मग्ग होइ सर सुक्कि नीर ॥

---

* इस रूपक में के कई एक शब्द भाषा के शोधक विद्वानों के ध्यान में लेने योग्य हैं जैसे :—हि० सुतर (SK. सु + तर or तरि or तरु), जेर (SK. जूर or जूरी to reduce, to injure, to hurt, to decay, to grow old, to wound or kill) जोर (SK. जुड to bind, to join, as in making or mending, to direct, to grind or pound &c., or जुर् speed velocity, motion in general). तरवार (SK. तरवारि) दर (SK. दृ to divide, cut or break, to preserve, &c., and aff अप्) कूंच or कूच (SK. कुञ्च to go, to go to or towards.)

इस के अतिरिक्त यह भी पाठकों को ज्ञात हो कि इस प्रसंग में कहीं चालुक और कहीं बालुक पाठ है सो जहां जैसा पुस्तकों में मिला वैसा रक्खा गया है किन्तु जितनी पुस्तक जतियों

खोम्भति खोलंकी पहिलि चोट। सैं लोट किये धर पारि कोट॥ छं॰॥ ४२८॥
जारौर भंजि गढ रौर पार। अरि भाजि गए गिर बन मझार॥
आबू चढि भेच्यो अचलेस। तत्काल लियौ गिरिनारि देस॥ छं॰॥ ४२९॥
वागरि सोरठ छपन्न सुद्द। दंड मानि मिले नह मिले जुद्ध॥
गुजरात देस सित्तर हजार। बालुका राइ चालुक्क झुझ्झार॥ छं॰॥ ४३०॥
सुनि बत्त चढ्यो अहंकार बंध। शिव सकति पूजि धरि कुन्त कंध॥
असवार लार हज्जार तीस। मद झरत नाग पंचास वीस॥ छं॰॥ ४३१॥
जोजनह एक पर करि मिल्लान। आवाज सुनिय तब चाहुवान॥
छं॰॥ ४३२॥ रू॰॥ २११॥

॥ बालुकराव का आना सुनकर बीसलदेवजी का सेना लेचढ़ना॥

दूहा॥ सुनि अवाज बीसल न्रपति। आयौ बालुक राव॥
राज संगि है वर चढ्यौ। दियौ निसान * निघाव॥
छं॰॥ ४३३॥ रू॰॥ २१२॥

पद्धरी॥ दल चढ्यौ साजि वीसल सु राज। बज्जिय सु जांनि अरि पुर अवाज॥
सित्तर हजार सेना सु बाज। स्रिंगारि सलूर पावस निगाज॥ छं॰॥ ४३४॥

की लिखी हुई हैं उन में च और ब में बहुत ही कम फरक देखने में आया है कि जिस से मैं अनुमान करता हूं कि लेखकों ने धोका खाकर चालुक का बालुक पाठ न लिख दिया हो॥

* हिं॰ निशान अथवा निसान (SK. नि + शाण i. e. नि before and शाण coarse cloth, sack cloth, Canvas. A mall tent or screen used especially as a retiring room for actors and tumblers, &c.) Hence a standard, an ensign, flag, banner & colours, &c. इस निशान शब्द का प्राचीन देशी राज्यों में अभी तक प्रचार है और troop और Company के अर्थ में भी प्रयोग होता है जैसे अमुक राजा ने अपने अमुक सरदार पर दो निशान चढ़ा दिये। अमुक २ निशानों में झगड़ा वा लड़ाई हो गई। मैं अमुक निशान का हूं और वह अमुक का॥

२११ पाठान्तर:–दीय। फुरमांन। द्रिसांन। थांन। आई। गहिलोत। पावांसर। तूअर। मोहिल। वलोच। बंभन्या। सिंध। आय। बंध। फुरमांन। जेसलहमेर। जदों। मल्हनवास। आय। अंतरहवंध। आय। पाय। सपाय। जैतसिंह। तछितपु। साथ। सथ। सथ्य। लीय। चढि। पवांर। निरवांन। भूमियां। मुसकरि। रषवाल। सेपोस। थांन। कहांक। कितहु। जांन। कूच कुन। मगि। सोभत्ति। सोकत्ति। सोलंकि। सें।। जालोर। पारि। मझारि। लीयौ। छपंन। डंड। सतरि। राय। कूंत। पचास। जोजन। मिलांन। चाहुवांन॥

२१२ पाठान्तर–आवाज। मंग। हैवर। चढ्यौ। दीयो। निसांन। न। घाव॥

२१३ पाठान्तर:–जांन। सत्तरि। बाजि। स्रिंगर। कि गाज। ढलकंति। कूंत। जुंत। जुंतु। सिष। पष्पर। बंधि। भूमिया। मंडि। सं॰ १६४७ और १७७० में "करि अगम गम्य दल अटुल रक" है। जव। ऊजलो। ऊज्जलो पदक। मुकाम। मुक्कांम। गांम।

ढलकंत ढाल, झलकंत कुंत । चिकसंत सूर सकसंत जंत ॥
हल हलत सिंधु वर चल अनूप । झल मलत सिष्प पष्पर सनूप ॥ छं० ॥ ४३५ ॥
वर विजय वड्डि चालुक्क देश । वहु मिलत भूमियां लेय पेस* ॥
अरि गहत गाढ तिन धरनि षंड । इहि रीत राज वसु विजय मंड ॥ छं० ४३६ ॥
करि अग्ग मद्द गल सहस इप्प । वर माघ मास उज्जलौ पष्प ॥
दस कोस जाय मुक्काम† कीन । विच गाम नगर पुर लूट लीन ॥
छं० ॥ ४३७ ॥ रू० ॥ २१३ ॥

॥ बीसलदेवजी की खबर सुन वालुका राव का जलभुन जाना ॥

दूहा ॥ सुनिय षबरि‡ वालुक नवै । तमकि सु ऊठ्यौ साम ॥
मानों प्राजारिय अगिन । नर निरधूम विराम ॥
छं० ॥ ४३८ ॥ रू० ॥ २१४ ॥

॥ वालुका राव का नित्य नेम करके लड़ने को तयार होना ॥

पद्धरी ॥ वालुका राइ चालुक्क वीर । मंगाइ नीर मंज्यौ सरीर ॥
हरि चरन अंब अंजुली कीन । हरि कंठ विष्प धारिय कुलीन ॥ छं० ॥ ४३९ ॥
जुध आज करौं कहि कहा कालि । जो जाउँ भज्जि तौ गोत गालि ॥
इतनी भूमि पिचो न कोह । अड्डौ न फिरौ मिलि लेय लोह ॥ छं० ॥ ४४० ॥
पषरैत तुरिय पषरैत गज्ज । नर कस्से वगतर सिलह सज्जि ॥
असवार भये तव षबरि दीय । वालुका राइ आयो अवीह ॥ छं० ॥ ४४१ ॥

---

* हिं० पेस (SK. प्रेष्य m. A servant, a slave. n. Service, servitude. Hence a tribute or present such as is only presented to conquerors, princes, great men & superiors.

हिं० पेश अथवा पेस + कशी अथवा कसी (SK. प्रेष्य and कृष् = to draw, to draw out or off, to attract, to raise, to draw up, &c.)

† हिं० मुक्काम or मुकाम (SK. मुक्त + क्लम = परिश्रम labour). Hence a halt, a stop in a march, &c. Some think it from the SK. मकुष्ट mfn. going lazily, slowly, &c. or SK. मक or मकि or मुक्क to go, to move, &c, & अमनि a road or SK. मुक्त + अम to go.

‡ हिं० खबरि or खबर (SK. ख्या to relate, to recount, to say or tell, to celebrate, to make known, &c:)

२१४ पाठान्तर:—पब्बहि । जमि । तांम । सं० १८५६ की में "मनों प्रजारिय आगनि वन" ॥ विराम ॥

॥ बालुका राव का बीसलदेवजी के पास श्रीकंठ भट्ट को भेज संदेसा कहाना ॥

श्रीकंठ भट्ट चहुवान पास। तुम जाय कहौ इहि विधि प्रकास ॥
श्री कंठ भट्ट गय अरि सु थान। वीसलदे भेट्यौ चाहुवान ॥ छं० ॥ ४४२ ॥
आसीस दई उभ्भारि हथ्थ। बालुका राइ की कही कथ्थ ॥
जितनैं नृपति सौं सुदै काम। तितनैं रयति सौं कौन काम ॥ छं० ॥ ४४३ ॥
तुम बुरी करी करि रयति बंदि। ऐसी न करैं हिंदू नरिंद ॥
अब छंडि रयति फिरि जाहु धाम। अजमेर सहर मंडौ विस्राम ॥ छं० ॥ ४४४ ॥
हौं वह्म राय जुध करन जोग। जुध भाजि जाउं तौ परै सोग ॥
हम मरन दिवस है मंगलीक। सो पास जिते नृप सुद्ध लीक ॥ छं० ॥ ४४५ ॥
हम तुम्ह नहीं कबहू विरुद्ध। इह जानि जाहु फिरि तजौ जुद्ध ॥
हम तुम्ह काम इहि षेत आज। को रहै षेत को जाइ भाजि ॥ छं० ॥ ४४६ ॥

॥ यह सुनते ही बीसलदेवजी का लड़ने को आज्ञा देना ॥

इतनी जु सुनत ही चाहुवान। तिहि वार हुकम करि द्यौ निसान ॥
पषरैत किये है वर मतंग। संनाह पहरि सब नरनि अंग ॥ छं० ॥ ४४७ ॥
दोउ फौज निजर दिठाल मिल्लि। उपहै सिंधु जनु लहरि जल्लि ॥
छं० ॥ ४४८ ॥ रू० ॥ २१५ ॥

॥ बीसलदेवजी का चक्रव्यूह और बालुकराय का अहिव्यूह रचना ॥

दूहा ॥ चक्रव्यूह चहुवान किय। अहि मन बालुक राइ।
कै भेदै कै मधि रहै। दई करय निरवाह ॥
छं० ॥ ४४९ ॥ रू० ॥ २१६ ॥

---

२१५ पाठान्तरः—राव। चालुक। मंगाय। भभ्यौ। अंजुलि। विप। धारीय। जुद्ध। करों। काल्हि। काल। जौं। जाउं। जाऊं। भजि। गोतमालि। काय। अडो। फिर। पषरैं। पषरैंत। गज। कसे। सजि। भए। जाहुं। कहो। थांन। सं० १७७० में "भेट्यौ वीसलदे चाहुवान"। दीन। दइ। उभारि। हथ। राय। कथ। जितनैं। सों। कांम। तितनैं। सों। कोंम। कांम। बुरीय। करी। करै। हिंदू। धांम। विस्रांम। हों। ब्रह्म वंस। भागि। जाऊं। पासि। शुद्ध। तुम। तुंम। नही। विरुध। तुंम। कांम। जाय। चाहुवांन। निसांन। हैंवर। हैं वर। दोऊ।

२१६ पाठान्तरः—चाहुवांन। वालुका। राय। दइ।

॥ बीसलदेवजी और बालुकराय की फौजों का परस्पर युद्ध करना ॥

भुजंगी ॥ मिले प्रात कालं दुअं दिष्ट फौजं । मनों देषिऐ जानि सामुद्र मौजं ॥
गजं आय झूमे भले साव रोटं । पई षंड सुंडं करे अप्प चोटं ॥ छं० ॥ ४५० ॥
भई तीरकारी छुटे नाल वानं । परी सोर की धुंध सुझ्झै न भानं ॥
भले सूर वीरं धरै कुंत कंद्धं । उपारैं तुरी दो दिसा फौज मद्धं ॥ छं० ॥ ४५१ ॥
निसंकं तुरी थप्पि पष्परेत नष्पै । मनों बुंद सिंधं परै कौंन दिष्पै ॥
भए एकमेकं परे भार भारे । तनं तेग तुट्टे वहै फूल धारै ॥ छं० ॥ ४५२ ॥
भई फौज चालुक्क की पच्छ पायं । तवै वालुका राइ कीनी सहायं ॥
जपै भाय भायं करै मार मारं । लरै दोय जोधा कटैं सार सारं ॥ छं० ॥ ४५३ ॥
उपट्टै घटं गावरं तुंड तुट्टै । वहै संग कुट्टी फिरी अंग फुट्टै ॥
चपे चक्रव्यूहं नृपं अप्प चल्लै । फिरै मुष्प परिहार गह्लिोत मिल्लै ॥ छं० ॥ ४५४ ॥
चल्यौ भज्जि गह्लिोत तूंवर दिसानं । फटे चक्रव्यूहं भए एक थानं ॥
तिनं वार स्यावासि पावासु रानं । सनं मुष्प धाए मनों सिंघ जानं ॥ छं० ॥ ४५५ ॥
परी भूमि लोथं मिले हथ्थ वथ्थं । करैं जोर जोधा अकथ्थं सु कथ्थं ॥
तिनं वार पंधार पेले वलोचं । जुरे आय संमुष्प कीयौ न सोचं ॥ छं० ॥ ४५६ ॥
भभक्कं भकं हस्ति वोले भसुंडं । परे षंड षंडं रनं रुंड मुंडं ॥
वने लाल वाने झिले लोह मिल्लै । दुहू ओर जोधा मनौं फाग षिल्लै ॥ छं० ॥ ४५७ ॥
गजं श्रोन चल्लै रजं आस पासं । मनों माधुरी मास फूले पलासं ॥
मिली दिष्ट वालुक्क बीसल नरिंदं । मनौ सूर दूषे भये चंद्र मंदं ॥ छं० ॥ ४५८ ॥
तुरी चढ्ढि चालुक्क हत्थी चुहानं । भयौ राज सौं जुद्ध भारी भयानं ॥
उनें वाजि नंष्यौ इनें गज्ज पेल्यौ । दिए दंत पायं दुअं लोह मिल्यौ ॥ छं० ॥ ४५९ ॥
फिरयौ गज्जराजं उनें बाजि फेरयौ । दुअं वीर बाचा भई षेत हेरयौ ॥
छं० ॥ ४६० ॥ रू० ॥ २१७ ॥

२१७ पाठान्तर:—दुयं । दिठ । देषियैं । औन । जांनि । भूमे । रोटं । रोट्टं । सर्पे । सैाटं । सैाट्टं । धुंधु । सुझै । भांन । शूर । धरं । कंधं । उपारै । मंधं । पष्परे । कंध नपे । नष्पै । परं । कोंन । भइ । पछ पाई । पछ । राय । सहाई । जपे । भाई भाई । जोद्धा । कटै । घटं । तुंब । करी । चंपे । अप । चलं । फिरैं । मुदव । मिलं । भजि । तोंवर । फटे । मुप । पुहवि । पहुमि । हथ बथं । करे । अकथं । कथं । पेल्यो । सनमुष । भभकंत हस्ती सु बोलै भुसुंड । रुड । मुडं । मिले । दुहूं । मनों । पिले । चल्ले । रजे । मनैा । वालुक । मनो । दूपे । हुवं । चंद । चढि । चालुकं । करी । चाहुवानं । चोहानं । सों । नष्यैा । गज । दए । दुवं । गजराजं । दुहूं । भयं ॥

॥ चालुक का कहना कि रात में युद्ध नहीं करना प्रात भये युद्ध करेंगे ॥

दूहा ॥ राज सुनौ चालुक कहै। है थप्पंरि इह कंध ॥
रातिपरी जुध नहि करैं। प्रात करैं फिर जुद्ध ॥

छं० ॥ ४९१ ॥ रू० २१८ ॥

॥ दोनों योद्धाओं का अपने २ डेरों पर आना और चालुक के मंत्रियों का एक झूंठी पत्री बनाना ॥

अरिल्ल ॥ अपने अपने डेरा आए। सब घायल्ल के घाव बँधाए ॥
मिले सकल चालुक के मंचिय। झूठी एक वनाई पचिय ॥

छं० ॥ ४९२ ॥ रू० ॥ २१९ ॥

॥ चालुक के मंत्रियों का उसे एक झूंठी पत्री देकर घर भेज देना ॥

अरिल्ल ॥ सो कर जाइ राज कै द्निय। तुम घर जाहु कहा वक थन्निय ॥
डोली करि चालुक्क चलाए। सब मंची मिलबे कौं आए ॥

छं० ॥ ४९३ ॥ रू० ॥ २२० ॥

॥ चालुक के मंत्रियों का बीसलदेवजी के मंत्रियों से मिल संधि कर लेना ॥

अरिल्ल ॥ सब मंची परधान थान पर। बोलि लए पावासर तोंअर ॥ *
हम सु तुम्हारैं पाइन आए। कपट निपट करि राव चलाए ॥

छं० ॥ ४९४ ॥ रू० ॥ २२१ ॥

दूह सु बोल गज तोल चलावौ। राज कहै सो माल मँगावौ ॥

छं० ॥ ४९५ ॥ रू० ॥ २२२ ॥

---

२१८ पाठान्तर :—करें। करै। भये। करै ॥

२१९—२२ पाठान्तर ;—अपनें २। घाउं। बंधाए। मंत्री। पत्री ॥ २१९ ॥ जाय। दीनीय। थंन्निय। चालुक। करी। कों। कूं। आये ॥ २२० ॥ परधांन। थांन। तुम्हारे। पायन ॥ २२१ ॥ दूहां। सोल। चलायौ। मंगायौ। तहं ॥ २२२ ॥

* यह तुक सं० १६४१ और १७७० की पुस्तकों में नहीं है ॥

॥ पावासुर का वीसलदेवजी को संधिकर लेने के समाचार कहना ॥

अरिल्ल ॥ राजन पास गए पावासुर । तहां बोलि किरपाल लए नर ॥
चालुक को मंत्री आये मिल । संगो मान धरै प्रभु पग तल्ल ॥
छं० ॥ ४६६ ॥ रू० ॥ २२३ ॥

॥ वीसलदेवजी का संधि स्वीकार कर वहां महल्ल बनाने और नगर बसाने को कहना ॥

अरिल्ल ॥ फिर राजन्न कही तुम जानौ । मेरो इहाँ महल्ल हु थानौ ॥
एक मास में नगर वसावौ । इतनी कहि अरु पाइन आवौ ॥
छं० ॥ ४६७ ॥ रू० ॥ २२४ ॥

॥ माल लँगा कर बीसलपुर बसाना और वहां से पीछा फिरना ॥

दूहा ॥ पावासर तोंअर कहे । भरैं कोरि कौ भाग ॥
जव ही माल लँगाइ करि । नगर वसावन लाग ॥
छं० ॥ ४६८ ॥ रू० ॥ २२५ ॥

जीति षेत चहुआन न्टप । चालुक्क धाय अघाय ॥
फिरि वाहुरि वीसल्ल चल्यौ । वीसल नगर वसाय ॥
छं० ॥ ४६९ ॥ रू० ॥ २२६ ॥

सो संवत नव सत्त अधं । बरस तीस छह अग्ग ॥
पुर पट्टन बीसल न्टपति । राजत सयलह जग्ग * ॥
छं० ॥ ४७० ॥ रू० ॥ २२७ ॥

२२३-२२४ पाठान्तर:-कें । कै । पाइन । ताले ॥ २२३ ॥ राजंन । राजंन्न । जांनो । इहं । मेंल्हिहूं । हों । मैं । वंसायो । वसाउ । पायना । आयो ॥ २२४ ॥

२२५-२७ पाठान्तर:-कहै । भरै । भरैं । मंगाय । वसाउन ॥ २२५ ॥ जीती । चहुआंन । चहुवान । न्रप । घाय । फिरिं ॥ २२६ ॥ सत । अंध । अग्गि । जग्गि ॥ २२७ ॥

* इस रूपक में कहे संवत् के विषय में हमारी टिप्पण १६८ पढ़ो और विचार करो । इस ग्रंथ के रूपक १६८ में वीसलदेवजी के पाट बैठने का संवत् ८२१ कहा है परंतु ख्यातियों में सं० ९३१ भी मिलता है । उन के राज्य करने के वर्ष ६४ कवि ने बता ही दिये हैं अतएव यह रूपक पाट बैठने के रूपक १६८ में आठ सैं के स्थान में नो सैं अथवा नवं सैं का पाठ होना स्वयम् सिद्ध करता है क्योंकि जो ऐसा न माने तो । ११८ वर्ष का राज्य समय होगा । ख्याति में लिखे बीसलदेवजी के पाट बैठने के संवत् के अनुसार जो लेखा लगा कर हमने टिप्पण १६८ में संवत् १०८६ सिद्ध किया है वही कर्नैल टोड साहब भी नीचे लिखे प्रमाण अनुमान करते हैं:-

॥ एक दूती का बीसलदेवजी को एक बहुत सुन्दर वनिकसुता की खबर देना ॥

सब कहिग विद्धि कमधज दिसान । सुद्दरै वत्त सो करहु पान ॥
छं० ॥ ६२८ ॥ रू० ॥ ३२३ ॥

॥ अनंग की बात सुन सोमेस का रोस में आय लड़ने को तयार होना ॥

कवित्त ॥ सुनिय वत्त जपि सोम । रोस उब्भार भार असि ॥
रसन दसन दव्वंत । रत्त द्रिग मुच्छ हथ्थ कसि ॥

इसी के साथ उसी पुस्तक में चंद के नागापत्रकरणा का कहा हुआ यह नीचे लिखा दोहा भी लिखा है :—

दोहा ॥ ले कूंजा नृप पीथुला, सांमत चमूं समंद ॥
वेन नंदन कनवज गमन, चंद करन कइ दंद ॥

३२३ पाठान्तर :—संभरीय । नरेवा । अभासि चित आपां । अपा । अशेश । कमधज । राव । तूंवर । नरिंद्द । दुन्हैं । आवद्दु । दुंद । सज्जै । वैवन । ग्रेह । धम । कैकरैं जीत आना नारंद । आनिग । अपांन । थांन । कैं सजैं थांन कैलास इंद । मनेव । मचैव मंत भर सूर टांम । घुघुमरद्दू नीसांन तांम । मनेव । घुमरे । चाहुवांन । उपटे । जांनि । सिंधू । पांनि । पानि । अग्गैं । अग्गें । अग्रैं । अगेंव । अगेव । अग्रेंव । विप । लाइ । अगेंव । अग्रेव । अग्रैंव । मंनि । मचि । लभी । फूनिंद । अग्रैंव । अगेंव । रत अग्गैं । अग्गैं । वेन । वानैं । अग्रैं । सदंत । पंभूर । पंडूर । भरन । वनांन । मत हूं । पव । क्रसांन । सर । हलीय । दुग । अद्दुग । दूग । अद्रूग । पुरि धूरि रिपुरि सुदिन भमित्त । पुररि पूरि धूरि मुदिन तगित्त । वि । पसरंति । पडइ । पडह । कज । मांन हूं । मानहु । रज । संपत । दिलियपुरेश । राय । मिले । ग्रह । कुशल । पुछिय । अशेत् । रश हाश । वढे । विधि विधि । चित । रश । पांन । आय । सव्व । विधि । कमद्दुज । दिसांन । सुद्दुरंहि । वत । हूं । पांन ॥

३२४ पाठान्तर :—वत । चत्त । जप । रोश । उभार । भारि । दुतिवंत । मुछ । हथ । विचारिय । अप्पांन । अपनीय । अचि । भारीय । चाहुआन । चहुवान । भंपो । दलां । मांनहुं ॥

हुच कमंध आसंध। राज सम जंग विचारिय ॥
सजौ सेन अप्पनी। भिरौ भंजौ अरि भारिय ॥
चहुआन राय आनन्द सुअ। अति उमाह भारथ मनह ॥
अह मग्ग लग्गि झंपी दलह। बात ••• मानहु तिनह ॥
छं० ॥ ६२९ ॥ रू० ॥ ३२४ ॥

॥ दोनों राजाओं का डेरों पर जाना और पिछली रात को युद्धारंभ होना ॥

दूहा ॥ इह परिट्टि * राजन उठे। गय अप्पाने ठाव ॥
निसा जाम रहि पाछली। भयौ निसान निघाव ॥
छं० ॥ ६३० ॥ रू० ॥ ३२५

॥ सोमेसकी सहायता से अनंग की विजयपालजी के साथ लड़ाई ॥

भुजंगी ॥ रही जाम एकं निसा पच्छि यानं। बजे नद्द नीसान बीसान जानं ॥
चढ्यौ राज आनंग सोमं समेतं। बढे हास रासं चितं प्रीति हेतं ॥ छं० ६३१ ॥
सुभै सेन छचं धजा नेज माही। मनों वद्दलं मश्झ रंज्जै सु राही ॥
सजे पष्षरं बाज दंती सनेनं। सनाहंत भ्रीतं चितं जुड जेनं ॥ छं० ॥ ६३२ ॥
दूतै आनि दूतं कही बत्त साजं। सजे सेन आयौ विजैपाल राजं ॥
स्त्रपं व्यूह आकार सज्जे सभारं। दढं फन्न पुछं रचे श्रित्त सारं ॥ छं० ॥ ६३३ ॥
सुने बत्त आनंग चित्तं बिचारी। कही सोम सीषी बँधै बंध भारी ॥
सजो सेन अप्पान व्यूहं गरूरं। गिलै स्त्रप्प तामं हुवै जित्ति सूरं ॥ छं० ॥ ६३४ ॥

---

* हिं० परिट्टि (सं० स्त्री० परीष्टि = Inquiry, research, &c.) से है ॥

३२५ पाठान्तर:—परट्टि। परठि। अप्पानै। ठाह। जांम। पछली। निसांन। नघाय ॥

३२६ पाठान्तर:—जांम। दुक्कं। दुक्कं। पछियनं। बजै। नीसांन। वरसांन। चढे। सोमे। सोम। समेंत। चढे। हाश। रास। राशं। चित। सुभे। छेत्र। नेन। मांही। मनो। बदलं। बदल्ल। मझ। रचे। रच्ये। पषरं। सनेनं। सनाहंति। भ्रितं। चित्तं। जूद्ध। जैनं दूत्ते। दूतें। आंनि। आय। सभे। आयो। त्रिजिपाल। विजेपाल। ग्रपं। स्त्रप। सजे। सु भारं। दंढं। फन्न। फन्न। पुछं। भृत्ति। श्रित। सुनै श्रवन वेनं वतं विचारी। सिरकं। सिषं। बंधो। सजो। अपान। गरूरं। गिले। श्रप। जिति। चंचु। राय। तिन। राजं। पिछ। चोरंग। तयं लुद्दु। जय। उधीर। पिछ। धरा धार उधार वीरं सु नेवं। पंड पिंड। षंड षंड। लज। सेजे। सजै। पुछ। पथ्य। कूरंभ। जिते। जित्तीया। जितिया। अनेक। अग्र। नंगं। तिन। अग। आतस। झारे। दुयं। गेनं। उडे। कंपे। कपे। बढे। झंडा। दिषानं। वजे। अचट्ट। आनंट्ट। अनट्ट। गजे। निसांनं ॥

सज्यौ चंद ग्रीवा सु सोमेस रायं । तिनं संस्करी लाज राजं सहायं ॥
दिसा दाहिनी पछ चौरंग वीरं । कुलं चाहुवानं जयं जुद्ध भीरं ॥ छं० ॥ ६३५ ॥
थियं पछ वीरंम वीरंग देवं । धरा धार उद्धार धारं सु नेवं ॥
षगं षंड आनंग राजंग पालं । धरा षंड षंडं भुजं लज्ज झालं ॥ छं० ॥ ६३६ ॥
सजे पुछ्छ कोरंभ जैसिंघ नामं । जिनैं जित्तिया जुद्ध अन्नेक ठामं ॥
सजे अग्ग पंती मदं मोष नग्गं । तिनं अग्ग आतस्स झारं उतंगं ॥ छं० ॥ ६३७ ॥
दुवे सेन मिल्ली उडी रेन पूरं । कँपे कायरं सूर वड्ढे सनूरं ॥
धजा नेज ढालं पताषी दिसानं । वजे सिंधु आनद्द गज्जे निसानं ॥
छं० ॥ ६३८ ॥ रू० ॥ ३२६ ॥

कवित्त ॥ वज्जि गहर नीसान । अग्गि अग वान विकुट्टिय ॥
*दरिया दधि किय मथन । †भोम फटिय षद्द तुट्टिय ॥
करषि मुट्ठि कम्मान । तानि क्रन वान क्रनं किय ॥
मनहुं चिल्ह दिसि सद्दल । ‡भोंर वासं नमनं किय ॥
रुधि मग्ग मिच षद्द मुद्दयौ । सुभर सोम मत्तौ गहन ॥
सर सार सार उप्पर सिलह । मनु मेघ बुँद मची महन ॥
छं० ॥ ६३९ ॥ रू० ॥ ३२७ ॥

विराज ॥ चुरंगी सु वीरं । जुटे जुद्ध भीरं ॥
छुटे मोष वानं । मुदे आसमानं ॥ छं० ॥ ६४० ॥
परे वप्प घायं । करै कूह कायं ॥
उभारंत सेलं । हुवं सेल भेलं ॥ छं० ॥ ६४१ ॥
तनं छिद्र कालं । रुधिंजा प्रनालं ॥
वहै धार षग्गं । निनारंध रग्गं ॥ छं० ॥ ६४२ ॥

---

३२७ पाठान्तरः—नीसांन । अगि अगिवांन विकुटीय । * कि । दरीया । कीय । मथन । † कि । फट्टीय । तुट्टीय । मुंछ । क्रमांन । कम्मांन । क्रंन । क्रिन । बांन । छनंक्रिय । मनहुं । चिलि । ‡ कि । भोर । भोंर । भोर । वास । नभनं । मग । मुदयो । सुभर भोम । मनो मेघ बुंदह महन । मंनों मेघ बुंद मह महन । महि ॥

३२८ पाठान्तरः—चोरंगीश । जुटें । जूटे । भारं । छुंटे । छूटे । वानं । सुदे । वप । थायं । करे । कुह । हुए । सैल । तिनं । छद्र । रुधिज्जा । रुधिजा । बहैं । पग्गां । डग्गां । रंगं । त्रुटै । तुटें । दन । करगै । करेंगे । चिहारी । परैं । परें । थांनं । कल कैाट जांरी । कोट । हय । धरे । रुंड । तुलं लोथ मत्तं । कटै वंधन भयतं । कटे । भंतं । चोरंगी । बरसिघ । बरंसिघ । बथ । टुत्र । मल । जम । दृठं । बठं । बरसिंघ । बरसिंह । पितं । परै । बधि । मैतं । पच । भीर । कटै । भगै । दंठि । जिंतै ॥

तुटे दंत जारी। करै गै विहारी ॥
परे भूमि थानं। कलं कूट जानं ॥ छं० ॥ ६४३ ॥
हयं षंड षंडं। धरं रुंड मुंडं ॥
लुथं लुथ्थ मत्तं। कटं बंन भत्तं ॥ छं० ॥ ६४४ ॥
चुरंगी सु तत्तं। बरं सिंघ उत्तं ॥
मिल्यौ बथ्थ आनं। दुअं मल्ल जानं ॥ छं० ॥ ६४५ ॥
झिलै जंम दढ्ढं। गलं लग्गि बढ्ढं ॥
बरं सिंघ षेतं। परे बंध नेतं ॥ छं० ॥ ६४६ ॥
भयं पंच भीरं। कटे पास बीरं ॥
भगे दढ्ढ वामं। जिते चाहुवानं ॥ छं० ॥ ६४७ ॥ रू० ॥ ३२८ ॥

गाथा ॥ भग्गो दल नर सिंघं। जंगं जित्ताइ राइ चौरंगी ॥
बाई दिसि बर बीरं। लग्गे जुद्धाइ षग्ग मग्गायं ॥
छं० ॥ ६४८ ॥ रू० ॥ ३२९ ॥

रसावला ॥ * षग्ग साहिं नगा। सेन सेनं अगा ॥
सार धारं मगा। कूह कूहं बगा ॥ छं० ॥ ६४९ ॥
धाय यों ठंनकी। आहिरं घंनकी ॥
कंठ गीरं मता। बारुनी पी मता ॥ छं० ॥ ६५० ॥
बीर लुथ्थं लुथं। मिल्ल बथ्थं बथं ॥
तुट्टि तंतं अती। गज्जनीयं दंती ॥ छं० ॥ ६५१ ॥
नालि ज्यों कढ्ढती। सूर यों बिढ्ढती ॥
उड्डि लोहं लुहं। मिल्ल जोहं जुहं ॥ छं० ॥ ६५२ ॥ रू० ॥ ३३० ॥

---

३२९ पाठान्तरः—भगो। बरसिंघं। बरसिह। जंग। जिताइ। राय। चउरंगी। वाइ। दीसि। लगे। मग्गइ। मगाइं ॥

* इस छंद का नामान्तर विमोह अर्थात् विमोहा भी है और वह दो २ रगण का होता है ॥

३३० षगं। संग। साहि। साहं। नंगा। सजै सैन अंगा। सजे सेन अंगा। सारं धार। कुंह कूह वमा। कुहं कूह वगा। विघायं ठनकी। अहीरन धनंकी। अहिचं धनकी। कठंगी रमता। कठंगी रमता। वारुणि पिमंत्ता। वारुणी पिमंता। परी लुथ लुथं। परी लुथा लुथ्थ। मिलै वथ वथ्थं। वथं। तुटीतंन अतीं। तुटी तंति अंती। गरजंत दंती। नालि ज्यों कढंती। सूरय्यों वढंती। सूर ज्यों बढती। उडे लोह लोहं। उडे लोह लोहं। मिलं जोह जोहं। मिले जोह जोहं ॥

इस रूपक के पाठान्तरों को विचारने से पाठकों को ज्ञात होगा कि वे कैसे २ अद्भुत और विद्वानों को भी भुला देने वाले हैं ॥

कवित्त ॥ बढन वीर वीरम्म। वीर कमधज्ज सौं जुथ्थौ ॥
ता उप्पर गजराज। आइ मद मोप उपन्यौ ॥
दूहित संग उभ्भारि। विरचि वाही गज मथ्यह ॥
जाइ ठनंकिय घंट। कंठ सोभा सुभि तथ्यह ॥
गहि संग सूर लीनी हवकि। जै जै सुर आकास कहि ॥
रुधि धार कुट्टि संमुह चली। मनों मेर सरसत्ति बहि * ॥
छं० ॥ ६५३ ॥ रू० ॥ ३३१ ॥

भंजि मुष्ष गजराज। अप्प सेना उर धारिय † ॥
ता मध्ये सै तीन। फिरग संमुष है डारिय † ॥
ता मध्ये वाघेल। राइ रिपु सल्ल महा भर ॥
घरी एक रन रंग। तुट्टि धर धार गही धर ॥
जित्तौ सु जंग धारह धनिय। विभक्क वीर † बित्तौ जहां ॥
भजि और अत्त कुंडे रिनह। गे राज विजपाल तहां ॥
छं० ॥ ६५४ ॥ रू० ॥ ३३२ ॥

दूहा ॥ वीर देव सम वीर लरि। भग्गि सेन कमधज्ज ॥
ता पच्छैं सोमेस पर। उड्डि सार वज रज्ज ॥ छं० ॥ ६५५ ॥ रू० ॥ ३३३ ॥

---

* यह तुक्कें बूंदी राज के पुस्तकालय की पुस्तक सं० १८४५ की में नहीं हैं ॥

३३१ पाठान्तर:—वीरंम। कमधज्ज। सों। सु। उपर। गजराजं। आय। दूहत। उभारि। वाहि। मथह। जाय। कंति। तथह। संगि। समुह। संमुंह हेडा रिय। चलिय। मनहु। सति। विहि ॥

† पाठको! हम बीसलदेवजी की दानव कथा को अद्भुत रस में कवि का लिखना टिप्पणी २६० में कह आये उसी तरह इस दिल्ली के राजा अनंगपाल जी और कनौज के राजा कमधज्ज विजैपाल जी की लड़ाई का वर्णन वीभत्स और वीर रसों में कवि ने लिखा है कि इस बात की वह हम को युक्ति से सूचना अपने "विभक्क बीर बित्तौ जहां" वाक्य से करता है। यह महाकाव्य कवि ने नव रसों में लिखा है अतएव जहां हम आप को सचेत न भी करें वहां आप विचार कर रस को समझ लीजिएगा ॥

३३२ पाठान्तर:—मुष। सेनहं। धारीय। मध। संमुंह हे। संमुह हहे डारीय। मधे। बघेल। बघ्येल। राय। सल। तुट्टि। गइ। गई। जितो। स। धनीय। जिहां। वीर। ओर। भत्तं। भित्त। छंडे। रनह। गइय। गईय। गये। बिजैपाल तिहां ॥

३३३ पाठान्तर:—दोहा। वीर। बीर। भग्ग। कमधज्ज। पिछे। पछे। सोंमेस। उडी। रज ॥

कवित्त ॥ परी भीर सोमेस । सोम बंसी सहाय भय ॥
मार मार उच्चरंत । सेन चतुरंग हयग्गय ॥
गजदंता बिक्कुरंत । बीर भेरी झननंकत ॥
टोप टूक बिक्कुरंत । षग्ग भागत रननंकत ॥
रस रास बीर कमधज्ज भय । संमुह बीर निहाइया ॥
संभरी राव संभारि छल । लग्गौ लोह उचाइया ॥
छं० ॥ ६५६ ॥ रू० ॥ ३३४ ॥

पद्धरी ॥ उचाय लोह लगि व्योम थान । मानों कि हरिय बल छलन वान ॥
जुट्टौ सु अरिन दल मझ्झ जाइ । मांनों कि सिंघ गज जूथ पाइ ॥ छं० ६५७ ॥
इन विद्ध सोम मिल लोह पूर । आवद्ध रीठ मत्ती करूर ॥
छननंकि बान बजि गोम धंक । कायर पुलंत सूरा निसंक ॥ छं० ॥ ६५८ ॥
हल मिलग सेन बे बाह बीर । बरसें अनंग ग्रज्जंत धीर ॥
माचंत कूह बजि लोह सार । जुट्टंत सूर रिन करि पहार ॥ छं० ॥ ६५९ ॥
राजंत राग सिंधू * कराल । बाजंत बज्ज जनु मेघ काल ॥
हलकंत घाव वाहंत धीर । किलकंत नद्द नारद्द बीर ॥ छं० ॥ ६६० ॥
डहकंत डक्क डाइन डरान । गहकंत गिद्धि सिद्धनिय थान ॥
नाचंत देव महकंत फूल । लहकंत दुष्ष्य मन मष्ष्य हूलि ॥ छं० ॥ ६६१ ॥
उररीय सेन सजि अनगपाल । भर हरो भोर कमधज विसाल ॥
सत पैंड जाइ फिर लग्गि घाय । आतार रीठ मत्तौ उराय ॥ छं० ॥ ६६२ ॥

---

३३४ पाठान्तर:-षरी । सैामेष । वंसी । हय गय । गजदिंता । झननंकंतः । टैाक । बिक्कूरंत । पग । भगंत । रननंक्रित । रननंकंत । रस सुर । बीर । समुंह वीर । विहादया । निहाईयां । संभरी । लग्गै । लगों । उचाईया । उचारिया ॥

* संगीत शास्त्रवेत्ता और अन्य सब को स्मरण में रखने की बात है कि संगीत के आचार्य भरत जो सिंधू राग को वीर रस में मानते हैं उस का प्रचार इस समय तक पाया जाता है अर्थात् लड़ाई में सिन्धु राग गाया और बजाया जाता था और व्यूह रच के लड़ना भी पृथ्वीराजजी के समय तक प्रचलित रहा है ॥

३३५ उचाय । लैाह । व्योम । योम । थांन । मांने । मनों । हरि । हरी वलि बलन बानं । हरीय । बांन । जुट्टो । जुटै । जुटो । मझ । जाय । मांनैां । मांनो । जुथ । पाय । इनि । विध । विधि । सैाम । मिलि । लैाह । पुर । रीट्ठ । मती । बांन । सूरा । हलि । मिलिग । वै वाह । बरसै । ग्रजंट । मांवत । जुटंत । सिंधुं । मैघ । घातय । घायु । बहंत । नद । नारद्द । डक ।

तिन मुष्प सोम मिल्ल चाहुवान । मानों कि रिष्पि दरिया असान ॥
तिन सीस वज्जि धारा निहाय । घरियार वज्जि मनुं वज्र घाय ॥ छं० ॥ ६६३ ॥
परि सोम सूर अरि वधिय जंग । चैासट्ठि घाय वेध्यौ सु अंग ॥
तिन अग्ग परिग पहु मान वीर । छिन भिन्न होय धारा सरीर ॥ छं० ॥ ६६४ ॥
सत पंच परिग है गै कहर । सैं पंच हून परि पित्त सूर ॥
सहसं च पंच कमधज्ज सेन । जीतै। अनंद सुत वीर सेन ॥ छं० ॥ ६६५ ॥
भाजंत सेन वर विजैराज । है गै सु वीर रिन छोरि लाज ॥
पलकंत श्रोन धर चल्लिग पाल्ल । कैातिग्ग देव हर रुंड माल्ल ॥ छं० ॥ ६६६ ॥
पल चरन चार वर रंभ कीन । जै जया सद्द वंदीन दीन ॥ ६६७ ॥ रू० ॥ ३३५ ॥

॥ सोमेश्वरजी का दिल्ली में बड़ा साहस करना ॥

कवित्त ॥ दिल्ली वै सोमेस । किद्धे साहस चहुवानं ॥
सो कमधज्ज नरिंद । वीर विजपाल भगानं ॥
अजरां परि अजमेर । मान वंधव परि चड्डुं ॥
अस्त्त वस्त्त अरु चर्म्म । टंक लभ्भै नन हड्डुं ॥
रघुवंस वीर दिष्यौ निजरि । पहु पंषिनिय रुडाइयां * ॥
अप मंस अप्प कर कड्डि कैं । चील्हां हंकि उडाइयां * ॥
छं० ॥ ६६८ ॥ रू० ॥ ३३६ ॥

डरांन । सिट्ठुनीय । थांन । फूंल । दुत्य । मथ । फूल । सैन । अनंगपाल । हरिय । हरीय । पंड । पैड । जाय । फिरि । मतैा । मुप । सैाम । मिलि । चाहुवांन । मांनैा । रिपि । दरीयायसांन । घरीयार । ननुं । मनैा । घरीयार मनैां । वज्जि ॥ वर्ज्ज । सैाम । जग । चैासठि । वैध्यो । अग । परिम । पहु मांन । होइ । शरीर । गैं । गह्वर । से । सुर । सहसच । परिक्रमध । जीतै। सु जंग सुत वीर सैन । जीतै। सु जंम सुत वीर सेन । हय । गय । कैातिग । चारु । वरं । जे जे जु सद्द । जै जै जु सद्द ॥

* ऐसे प्रयोगों को देख कर के राजपूताने के कवियों को भ्रम के वश न हो जाना चाहिये क्योंकि वे कवि की मातृ भाषा पंजाबी होने के कारण प्रयोग हुए हैं और राजपूताने की भाषा में बहुत से पंजाबी शब्द भी मिले हुए हैं । तथा राजपूताने की भाषा कोई स्वतंत्र भाषा नहीं है किन्तु भील और मेर आदि और जो २ क्षत्री और कवि आदि जिस २ प्रान्त से इस देश में आकर बसे हैं उन सब की भाषाओं से मिल कर बनी हुई एक खिचड़ी है ॥

३३६, पाठान्तर :—दिली । ढिल्ली । वे । सैामेस । चहुवांनं । कंमधिज्ज । नरेंद । विजैपाल । मांन । परचंड्डुं । परंचड्डुं । अस्ति । वस्ति । अरु चर्म्मः । चर्म्म । विर । पंपीनिय । पंषिनि । अप्प । मस । कढि । के । कें । चिल्हां हक्कि । हकि ॥

॥ कमधज्ज का पराजित हो घर जाना और सोमेस का अजमेर को चलना ॥

दूहा ॥ जित्ति भत्ति भारथ्थ भौ। गौ फिरि ग्रह कमधज्ज ॥
उप्पारे अजमेर पहु। डोला पंच सुरज्ज ॥ छं० ॥ ६६९ ॥ रू० ॥ ३३७ ॥

॥ अनंगपाल जी का सोमेश्वर जी को कन्यादान करना ॥

कवित्त ॥ अनग तूंअर नरिंद। अस्स संझो उछंग बर ॥
सुभ सोमेस नरिंद। ग्रहन पानिंग मंडि कर ॥
हेम हय ग्गय भार। दासि दीनी जु पंच सय ॥
सत हस्ती दै सहस। हथ्थ अप्पौ सु देस लय ॥
हिंसार कोट षच्चर विहर। मुत्ती माल सुरंग घन ॥
चल्यौ नरिंद अजमेर दिसि। बलि नरिंद डूक बंध मन ॥
॥ छं० ॥ ६७० ॥ रू० ॥ ३३८ ॥

॥ सोमेश्वरजी का अजमेर आना और वहां बडा उत्सव होना ॥

कवित्त ॥ श्रृंगारिय गजराज। आय ग्रिह जीतिव जानय ॥
प्रहिरावन परिवार। जानि रिति माधव मानिय ॥
बाल वृद्ध जुव्वनह। सुष ग्गावत अति मंगल ॥
रुचि रुचि विविध बचन्न। परसपर जानि सुष्य गन्न ॥
तरु अंब गौष तारुन त्रिविध। सषिय गौष उभ्भिय सरस ॥
प्रतिबिंब मुष्प राका दरस। मुह गावत चहुआन जस ॥
छं० ॥ ६७१ ॥ रू० ॥ ३३९ ॥

---

३३७ पाठान्तर :—जिति। भिति। भारथ। भय। गय। थिह। कम धज। डोला सुरज ॥

३३८ पाठान्तर :—अनंगथाल। तुंवर। शुभ। सैामेस। पांनिग। मडि। हैन हय गय। ज। सित। हथी। हय। हय। सुं। देवसलय। कोट। प्पचर। पचह बिहार। मुत्ति। मुत्तिय। दिशि। बल ॥

३३९ पाठान्तर :—श्रंगारीय। थिह। ग्रह। जीतिव। पारिवार। जांनि। मांनिय। बुद्धि। जुंवनह। मुष गावत। मुंष्प्रि गावत। विविधि। व्रचन्न। जांनि। सु पिंगल। तारुनि। त्रिविधि। सषीय। गौषि। उभीय। प्रति बिब मुष्क राका दरसन। प्रतिव्यंब। मुष चहुंवांन। चहुवान। चहुआंन ॥

॥ पृथ्वीराजजी की कथा का आरंभ करना ॥

पद्धरी ॥ अब कहौं कथ्य चहुआन राइ। जिम लई भूमि पल पग्ग घाइ ॥
जिम अनग राज दिय दिल्लि दान। वपनेंत बलिय कुल चाहुवान ॥ छं० ॥ ६७२ ॥
जिम अगम द्रुग्ग गढ लए कूटि। जिहि किति जिति संसार लूटि ॥
जिम मेछ सेन पग धार षंडि। कै वार साहि जिन बंधि छंडि ॥ छं० ॥ ६७३ ॥
जिम कमध सेन धर धरिय कीन। विध्वंसि जग्ग संयोगि लीन ॥
अब्बुआ राव रष्यौ वलेस। चालुक्क भंजि पट्टन नरेस ॥ छं० ॥ ६७४ ॥
परिहार सिंघ जिम जेर कीन। दरनी विवाहि रस वसि अधीन ॥
देवगिर द्रुग्ग है षुरनि गाहि। बालुका जीति दै जग्ग धाहि ॥ छं० ॥ ६७५ ॥
रिनथंभ द्रुग्ग जद्दव नरेस। कंन्या विवाहि तिन रष्षि देस ॥
भंजे मै वास बहु भील कंक। भर नीर ग्रेह तिन कढ्ढि बंक ॥ छं० ॥ ६७६ ॥
अनमी मसंद तिन नाम वारि। जुगवंत जीव म्रूरष गवार ॥
अवतार अप्प करतार होइ। हूऔ न और ह्वैहै न कोइ ॥ छं० ॥ ६७७ ॥
अजमेर द्रुग्ग न्रप सोम राइ। अदभूत तेज अरि धरन लाइ ॥
दिल्लिय अनंग तोंअर नरिंद। अनसंक कंक पहुमीस इंद ॥ छं० ॥ ६७८ ॥
तिह सुत्त नांहि ग्रह पुत्ति दोय। किय व्याह कमध चहुआन सोइ ॥
छं० ॥ ६७९ ॥ रू० ॥ ३४० ॥

॥ सोमेश्वरजी का अपने तेज बल से तपना ॥

कवित्त ॥ तपै तेज चहुआंन। सूर सोमेस अप्प बल ॥
तिन सु तेज तरवारि। मुक्ख अरु सुक्ख मुष्प जल ॥

३४० पाठान्तर :—कहों। कहौ। कथ। चहुवांन राय। लइ। पगा। पय। घाय। अनंग। द्विलि दां दांन। वपतैत। वपनेंति। चाहुवांन। दुगा। द्रुंगा। जुट्टि। जिंहि। किति। जिति। लुट्टि। लुंटि। जिंन। मेछ। मेछि। पिडं। के। जिन। कमंध। सैन। धर धरीय किंन। धरधरी। धीर। कींच। जिग्य। जगि। संजोगि। लिंन। लींच। अवुंआ। आंबूआ। जिंन। जेर। किंन। देवगिरि। हे। गाहि। दे। धाह। थःभ। द्रुग। दुंग। जदेव। कन्यां। रषि। भंजे। मेवास। मिवास। भरें। ग्रेह। कढि। नांम। जुंगवंत। किरतार। सोइ। हूंओ। हूउन। हूहे। हू हैं। कीय। दुग। द्रुंग। नृप। सोंम। घरन। दिलिय। दिल्लीय। तुंवर। पहुवीस। पुहवीस। तिहिं। सुत। यिह। गृह। पुत्री। चहुंवांन। चहुआंन। सोय॥

सुभट भाट सँग थान। चित्त चारन चतुरंगम ॥
जहँ तहँ लच्छि निवास। सु बसि विलसंत सुरंगम ॥
सुनियै न श्रवन पर चक्र भय। सुजस सकल जंपै जगत ॥
मानिक्क राइ कुल उद्धरन। सीम षलनि जहँ तहँ षगत ॥
छं० ॥ ६८० ॥ रू० ॥ ३४१ ॥

॥ अनंगपालजी का अपनी दो पुत्रियों में से सुन्दरी विजैपालजी को और कमला सोमेश्वर जी को प्रदान करना ॥

दूहा ॥ अनग पाल पुत्री उभय। इक दीनी विजपाल ॥
इक दीनी सोमेस कौं। बीज ववन कलि काल* ॥
छं० ॥ ६८१ ॥ रू० ॥ ३४२ ॥

एक नाम सुर सुंदरी। अनि वर कमला नाम ॥
दरसन सुर नर दुल्लही। मनों सु कलिका काम ॥
छं० ॥ ६८२ ॥ रू० ॥ ३४३ ॥

॥ जिस दिन सोमेस का विवाह हुआ उस दिन क्या २ हुआ ॥

कवित्त ॥ ज दिन व्याहि सोमेस। त दिन अमरन मन उद्दित ॥
त दिन बीर बेताल। काल कलहागम कुद्दित ॥
त दिन अवनि उमहीय। पुच इच्छि भार उतारै ॥
छच तेज छित छज्जि। देव दानव पुंतारै ॥

३४१ पाठान्तर:—तपे। चहुआंन। चहुवांन। मुछ। मुंछ। अछ। मुष। सुभट थाट संग भाट चित्त चोरन चतुरंगम। जहां तहां। जिहां तिहां। जह। तह। लछि। वशि। सुनीयै। जंपे। मांनिक्क। कुंल। षलन। जिहां तहां। जह। तह॥

३४२–३ पाठान्तर:—अनंगपाल। दिनी। विज्जैपाल। विजैचंद। सोमेस। चिप वपुन। चाल। दंद ॥ ३४२ ॥ नांम। शूर सूंदरी। सुदरी। वीअ कमला वड़ नांम। वै। अनि वर मलया नांम। दुल। मनौं। सुं। कांम ॥ ३४३ ॥

* चंद कवि का यह वाक्य "बीज बवन कलि काल" हमारे पाठकों के ध्यान देकर यह समझने योग्य है कि यद्यपि चंद सोमेश्वर जी के घर का कविराज था परंतु वह कैसा यथार्थ वक्ता था। क्या आज भी कोई कवि अथवा कविराज ऐसा स्पष्ट कह अथवा लिख सक्ता है?

ता दिन सु सार सज्या समह । अस अंतर कायर कपे ॥
मानिक्क राइ अनगेस घर । पानि ग्रहन ज दिन थपे ॥

छं० ॥ ६८३ ॥ रू० ॥ ३४४ ॥

सोमेश्वरजी की राणी के गर्भ रहना और उस का प्रतिदिन बढ़ना ॥

कवित ॥ कितिक दिवस अंतरह । रहिय आधान रानि उर ॥
दिन दिन कला वढंत । मेघ ज्यों बढन भद्द धुर ॥
चंद्र कला सित पष्य । जेम बाढंत दिनं दिन ॥
मुगधा जोवन चढत । मिलत भरतार षिनंषिन ॥
उदित अधान सुभ गातनह । जेम जलधि पुन्निम बढहि ॥
हुलसंत हीय जे प्रीय चिय । जिम सु जोति जनिता चढहि ॥

छं० ॥ ६८४ ॥ रू० ॥ ३४५ ॥

॥ सोमेश्वरजी की तुअरि राणी का पृथ्वीराजजी को जनना ॥

दूहा ॥ सोमेसर तोंअर घरनि । अनगपाल पुत्तीय ॥
तिन सु पिथ्य गर्भं धरिय । दानव कुल छत्तीय ॥

छं० ॥ ६८५ ॥ रू० ॥ ३४६ ॥

॥ सोमेसजी के प्रथम पुत्र ढुंढा के वर से होना स्मरण कर गंधर्वादि का प्रसन्न होना और उत्सव मनाना ॥

कवित्त ॥ प्रथम पुत्त सोमेस । गंधपुर ढुंढा गड्डिय ॥
भई सुद्धि गंध्रवन । पुहप मंगल दुज पड्डिय ॥
अद्ध रैनि अनु जानि । लियौ बालुक सिर सिद्धिय ॥
गयन बयन घन सद्द । जुद्ध जीवन जय दिड्डिय ॥

३४४ पाठान्तरः—व्याह । सैमेसं । ता । अमरंत । अमरंन । उद्दित । काम कलहागम कुदित । उंमहिय । उमहिय । नाथ मोहि भार उतारै । तेज । छिति । छनि । दिव वांनव्वि पुंतारै । पै । दीन कहुं दवि पुंतारै । कंपींय । कंपीयं । मानिक्क । रायं । अनगैस । जं दिन । थपिय । थपीय । थपै ॥

३४५ पाठान्तरः—कितकं । आधांन । रांनि । ज्यों मेघ वढंत भद्द धुर । ज्यो । ज्यों मेघ वढुंत भट्ट धुर । पप । पषि । जैम । यौवनं । पिन पिनं । षिनि षन । उदित्त अधान सुभगंतनह । जैम । पूनिम । पूंनिम । हुंलषंत । जै । जीय । ज्योतिं ॥

३४६ पाठान्तरः—सोमेशर । तुंअर । गभ्भ पिथं । पिथ्यं । छित्तीय ॥

खित सुभट सूर छह सथ्य चखि। चंद भट्ट कीरति करन ॥
संजोगि जोति तप राषि सत। वरष तीस दसह वरन ॥
छं० ॥ ६८६ ॥ रू० ॥ ३४७ ॥

कवित्त ॥ बल तापस तप तपिय। आप बीसल सिर धारिय ॥
बरष असी तीन सै। गुहा ढिल्ली ढिग तारिय ॥ †
खित अंजन रजनीय। पुरनि गंध्रव प्रग धारिय ॥ †
* * * * * *
अवतारलियो प्रिथिराज पहु। ता दिन दान अनंत दिय ॥
कनवज्ज देस गज्जन पटन। किलकिलंत कालंकनिय ॥
छं० ॥ ६८७ ॥ रू० ॥ ३४८ ॥

॥ जिस दिन पृथ्वीराजजी का जन्म हुआ उस दिन देशान्तरों में क्या २ हुआ ॥

कवित्त ॥ ज दिन जनम प्रिथिराज। षरिग बत्तह कनवज्जह ॥
ज दिन जनम प्रिथिराज। त दिन गज्जन पुर भज्जह ॥
ज दिन जनम प्रिथिराज। त दिन पट्टन वै सड्डिय ॥
ज दिन जनम प्रथिराज। त दिन मन कालन षड्डिय ॥
ज दिन जनम प्रथिराज भो। त दिन भार धर उत्तरिय ॥
बतरीय अंस अंसन ब्रह्म। रची जुगें जुग वत्तरिय ॥
छं० ॥ ६८८ ॥ रू० ॥ ३४९ ॥

---

३४७ पाठान्तर:—सोमेस। गधपुर। ढुंढां धारीय। भट्ट मुद्दि गंध्रवन। गंध्रुवन। पढिय। रैंन। रेनि। जांनि। लयै। लीयो। वालिक। वालक। सुर। सद्दिय। गैंन वैंन। घसद। गेंन। वैंन घन सद। सुट्ठु जीपन जय दिट्टीय। सतं। सुर। जोति। सन ॥

† यह दोनों तुक सं० १८४५ की पुस्तक में नहीं हैं ॥

* यह तुक हमारे पास की किसी भी पुस्तक में नहीं है ॥

३४८ पाठान्तर:—वलि। सिल। धारीय। रंजनीय। गंध्रुव। धारीय। लीयो। प्रिथीराज। दांन। क्नवज। देसं। गजन। प्रटन। प्रट्टन। किलकंलं। कालक नीय ॥

३४९ पाठान्तर:—द्दिनि। जनमि। प्रिथीराज। परिग वत्तह कनवजह। जनमी। गंजन पुर भंजन। गजन पुर भजह। जा। ता। वे। सड्डीय। जनमी। ता। जनिमि। भय। जद्दिन जनंम प्रथिराज भुअ। भुय। ता। उतरिय। अवतरिय। अवतरीय। जुगे। जुग। वतरीय ॥

॥ अनंगपालजी का अपनी पुत्री के पुत्र को देखना और उत्सव करना ॥

कवित्त ॥ अनग पुछवै नरेस । व्यास जग जोत बुलाइय ॥
लगन लिद्धि अनुजा सुत । नाम चिह्नु चक्क चलाइय ॥
पुप्फ पानि धरि धूप । पिघ्य पाइन दो असह ॥
कलि अवतार कुलाह । असपति पारन कंसह ॥
वहु जुद्ध रुद्ध कलि जुग्ग वर । ख्रित्त सित्त दैतन भिरन ॥
कवि चंद दिली यह कारने । इह अपुव्व अवतार लिन ॥
छं० ॥ ६८९ ॥ रू० ॥ ३५० ॥

पुत्री पुत्र उछाह । दान मानह घन दिद्धिय ॥
धाम २ * गावत धम रि । मनहु अदि वन मनि लिद्धिय ॥
कनवज जैचँद मात । भयो संभरि वहनी सुत ॥
तिन पवंत दुज पठिय । थार जर चीर थपिय थुत ॥
प्रथिराइ परीगह दान दुज । किय समाप सव्वन विवरि ॥
दस दिवस रष्षि अप्पन अवर । अति उछाह आनंग करि ॥
छं० ॥ ६९० ॥ रू० ॥ ३५१ ॥

---

* इस को कोई नई बात नहीं समझना चाहिये किन्तु बहुत पुरानी रीति है कि काव्य में जहां एक शब्द दो बार प्रयोग होता है और दो बार उस का पृथक २ प्रयोग करने से छंद टूटता हो तो उस को एक बार लिख कर उसके आगे २ दो का अंक कर देते हैं और उस से अभिप्राय यह रहता है कि उस को गद्य में करने के समय अथवा उस का अर्थ करते समय उस शब्द को दो बार प्रयोग कर लेना कि उस के गौरव का नाश न हो जाय। ऐसे प्रयोग प्राचीन कवियों के काव्यों में आते हैं परंतु अब लोगों ने उन के स्थानों में नये पाठ धर दिये हैं और इस सूक्ष्म कारण पर ध्यान नहीं दिया है। किन्तु गद्य में तो अब तक यह रीति भले प्रकार प्रचलित है ॥

३५०—५१ पाठान्तर:—अनंगपाल । पुहवी । ग्रोति । बुलाईय । लिद्ध । दिट्ठ । सु । पानि । नांम चिहुं चक्र चलाइय । चलाईय । पुष्फ पांनि । पिय । यायन । द्रो । असह । कुलांह । असपति । वहुं । जुंद्ध । जुंगा । जुग । भ्यत । ख्रित सित । देतन । भिरिय । करत इह अपूरव अवतार लीय । अपुवः ॥ ३५० ॥ दांन । मांन दिट्ठीय । धांम धांम । धमारि । मनहुं आदि वंत मनि लट्ठीय । कनवजह । कन्नवज्जह । जैचंद । जेचंद । पिता बहिनी सुतनी सुत । तिम । यवंग । दुजि । पठीय । थपीय । थुति । श्रुति । प्रहिराय । परिगाह । परिगह । दांन । कीय । न्येमाप । समाप । सवन । विवर । दिस । रिष्षि । रषि । अपन ॥

॥ पृथ्वीराजजी का जन्म होना सुन कर सोमेसजी का उत्सव करना ॥

दूहा ॥ सुनि सोमेस वधाइ दिय। दै गै चीर गुराव ॥
अति उछाह आनंद भरि। न्रप मुष चढ्ढिय आव ॥
छं० ॥ ६९१ ॥ रू० ॥ ३५२ ॥

॥ सोमेसजी का पृथ्वीराजजी को अपने घर लाने को कहना ॥

दूहा ॥ तब बुल्लाइ सोमेस बर। लौहानौ अरु चंद ॥
लै आवहुँ अजमेर धर। पहोंनै घरह सु इंद ॥
छं० ॥ ६९२ ॥ रू० ॥ ३५३ ॥

॥ सोमेसजी का पृथ्वीराजजी को अजमेर ले आना ॥

दूहा ॥ करि आनौ * उछ्छाह किय। चल्लिय राज अजमेर ॥
सहस बाजि है सुभर बर। सत्त सषी मनि मेर ॥
छं० ॥ ६९३ ॥ रू० ॥ ३५४ ॥

॥ पृथ्वीराजजी का जन्म संवत् और उनके प्रागत्य का हेतु ॥

दूहा ॥ एकादस सै पंच दह। विक्रम साक अनंद ॥
तिहि रिपु जय पुर हरन कौं। भय प्रिथिराज नरिंद ॥
छं० ॥ ६९४ ॥ रू० ॥ ३५५ ॥

॥ पृथ्वीराजजी के शाक की संज्ञा का सूत्ररूप कवि का वाक्य ॥

दूहा ॥ एकादस सै पंच दह †। विक्रम जिम ध्रम सुत्त ॥
त्रतिय साक प्रथिराज कौ। लिष्यौ विप्र गुन गुप्त ॥
छं० ॥ ६९५ ॥ रू० ॥ ३५६ ॥

---

३५२ पाठान्तरः—दीय। हे। गे। वीर। भर। मुंष। चढिय। आब ॥

३५३ पाठान्तरः—चलाय। सैामेस। लैाहंनै। पुर गजब अति आसनह। महन तथ कवि चंद पुर गज्जन अति हरि आसनह। पुहन तथ कवि चंद। आवहु। घर।

* स्त्री को उसका पति अथवा पति के संगे संबन्धी आदि उसके पिता के घर से अपने घर लाते हैं वह आना अथवा आनौ कहलाता है ॥

३५४ पाठान्तरः—उछाह। कोय। चलीय। हे। वर सत। मति। मैर ॥

३५५ पाठान्तरः—एकादश। से। सं। शाक। तिह रिपु पुर जय हरन कों। हुअ। हुय। भे। पृथिराज ॥ बूंदी वाली सं० १८४५ की पुस्तक में इसके स्थान में ३५६ रूपक है और उस के स्थान में यह है ॥

† इसकी पहिली आधी तुक का पाठ हमारे पास की सब पुस्तकों में "एकादस समयै सु छत" करके है किन्तु जो हमने रक्खा है वह बूंदी राज की पुस्तक से उद्धृत किया है।

३५६ पाठान्तरः—एकादश। समप्रै। समयै। ध्रंम। सुंत। त्रीयति। त्रीयनि। शाक। पृथीराज। प्रिथीराज। कौं ॥

इन रूपक ३९५ और ३९६ पर हम यह टिप्पणी अत्यन्त आनन्द के साथ लिखकर हिन्दी भाषा के महा कवि चंद बरदाई की संवत् संबन्धी बड़ी कठिनता के इस शोध को पुरातत्त्व वेत्ताओं की सेवा में भले प्रकार विचार करने को प्रवेश करते हैं । यद्यपि हमारे ज्योतिष शास्त्रादि के अच्छे २ विद्वान इष्ट मित्रों में से कितनेक महाशय कि जिन को यह शोध विदित हो गया है हमको First discovery प्रथम शोध करने का मान देते हैं किन्तु हम उनकी परम प्रीति और न्याय बुद्धि के साथ गुण ग्राहकता के लिये अत्यन्त आभारी होकर तथापि यह कहते हैं कि जब अन्य पुरातत्त्ववेत्ता विद्वान् भी हमारे इस शोध को उसके गुण दोषों का अन्वेषण करके स्वीकार करेंगे तब हम अपने को स्वयंरीत्या कृत कृत्य समझेंगे ।

अब आप चंद की संवत् संबन्धी कठिनता को इस प्रकार से समझने का प्रयत्न करें कि प्रथम तो रूपक ३९५ को बहुत ध्यान देकर पढ़ें । तदनन्तर उसका अन्वय करके यह अर्थ करें कि (एकादस से पचदह) ग्यारह से पंदरह (अनन्द विक्रम साक अथवा विक्रम अनन्द साक) अनन्द विक्रम का साक अथवा विक्रम का अनन्द साक (तिहि) कि जिसमें (रिपुजय) शत्रुओं को विजय करने (पुरहरन) और नगर अथवा देश देशान्तरों का हरन करने (कों) को (प्रिथिराज नरिंद) पृथ्वीराज नामक नरेंद्र (भय) उत्पन्न हुए ॥

तदनन्तर इसके प्रत्येक शब्द और वाक्यखंड पर सूक्ष्म दृष्टि देकर अन्वेषण करें कि उसमें चंद की Archaic style प्राचीन गूढ़ भाषा होने के कारण संवत् संबन्धी कठिनता कहां और क्या घुसी हुई है । कवि के प्रतिकूल नहीं किन्तु अनुकूल विचार करने पर आप की न्याय-बुद्धि झट खोज कर पकड़ लावेगी कि विक्रम साक अनन्द वाक्यखंड में-और उसमें भी अनन्द शब्द में हम लोगों को इतने वर्षों से गड़बड़ा कर भ्रमा रखनेवाली चंद की लाघवता भरी हुई है । इतनी जड़ हाथ में आय जाने पर अनन्द शब्द के अर्थ की गहराई को ध्यान में लेकर पक्षपात रहित विचार से निश्चय कीजिये कि यहां चंद ने उसका क्या अर्थ माना है । निदान आप को समझ पड़ेगा कि अनन्द शब्द का अर्थ यहां चंद ने केवल नव-संख्या-रहित का रक्खा है अर्थात् अ = रहित और नन्द = नव ९ । अब विक्रमे साक अनन्द को क्रम से अनन्द विक्रम साक अथवा विक्रम अनन्द साक करके उसका अर्थ करो कि नव-रहित विक्रम का शक अथवा विक्रम का नव-रहित शक अर्थात् १०० — ९ = ९० । ९१ अर्थात् विक्रम का वह शक कि जो उसके राज्य के वर्ष ९० । ९१ से प्रारंभ हुआ है । यहीं थोड़ी सी और उत्प्रेक्षा करके यह भी समझ लीजिये कि हमारे देश के ज्योतिषी लोग जो सैकड़ों वर्षों से यह कहते चले आते हैं और आज भी वृद्ध लोग कहते हैं कि विक्रम के दो संवत् थे कि जिनमें से एक तो अब तक प्रचलित है और दूसरा कुछ समय तक प्रचलित रह कर अब अप्रचलित होगया है । और हमने भी जो कुछ इस के विषय की विशेष दंत कथा कोटा राज्य के विद्वान कविराज श्री चंडीदानजी से सुनी थी वह इस महाकाव्य की संरक्षा में जैसी की तैसी लिख दियी है अतएव विदित हो कि विक्रम के दो संवत् हैं । एक तो सनन्द जो आज कल प्रचलित है और दूसरा अनन्द जो इस महाकाव्य में प्रयोग में आया है । इसी के साथ इतना यहां का यहां और भी अन्वेषण कर लीजिये कि हमारे शोध के अनुसार जो ९० । ९१ वर्ष का अंतर उक्त दोनों संवतों का प्रत्यक्ष हुआ है उसके अनुसार इस महाकाव्य के संवत् मिलते हैं कि नहीं । पाठकों को विशेष श्रम न पड़े अतएव हम स्वयम् नीचे के कोष्टक में कुछ संवतों को सिद्ध कर दिखाते हैं:—

पृथ्वीराजरासे के अनन्द संवतों का कोष्टक।

पृथ्वीराजजी का	रासे में लिखे अनन्द संवत् में	सनन्द और अनन्द संवतों का अंतर जोड़ो	यह सनन्द संवत् हुआ उस में	पृथ्वीराजजी की शेष वय जोड़ो	परीक्षा के लिये अंतिम लड़ाई का सिद्ध संवत्
जन्म	११११५	९० । ९१	१२०५ । ६	४३	१२४८ । ९
दिल्ली गोदजाना	११२२ *	९० । ९१	१२१२ । ३	३६	१२४८ । ९
कै मास जुद्ध	११४०	९० । ९१	१२३० । १	१८	१२४८ । ९
कनोज जाना	११५१	९० । ९१	१२४१ । २	७	१२४८ । ९
अंतिम लड़ाई	११५८	९० । ९१	१२४८ । ९	०	१२४८ । ९

जो कुछ हमने यहां तक कहा है उस से और सब बातें तो हमारे पाठकों के मन में बैठ गई होंगी किन्तु ३५५ रूपक में जो अनन्द शब्द प्रयोग हुआ है उस में किसी २ को कुछ संदेह रहेगा; अतएव हम फिर उस के विषय में कुछ अधिक कहते हैं। देखो संशय करना कोई बुरी बात नहीं है किन्तु वह सिद्धान्त का मूल है। हमारे गौतम ऋषि ने अपने न्याय-दर्शन में प्रमाण और प्रमेय के पीछे संशय को एक पदार्थ माना है और उसके दूर करने के लिये ही मानो सब न्यायशास्त्र रचा गया है। यदि अनन्द का नव-संख्या-रहित का अर्थ किसी की सम्मति में ठीक नहीं जंचता हो तो उस से इस स्थल में बहुत अच्छी तरह घटता हुआ कोई दूसरा अर्थ बतलाना चाहिये। परंतु बात तब है कि वह सर्व तंत्र सिद्धान्त universally true से उसी तरह सिद्ध होसक्ता हो कि जैसे हमने यहां अपना विचार सिद्ध कर दिखाया है। सब लोग जानते हैं कि हमारे इस शोध के पहिले तक युवा और मध्य वय के कोई २ कवि लोग इस अनन्द संज्ञा वाचक शब्द का गुण वाचक अर्थ शुभ Auspicious का करते रहे हैं और चारण जाति के महामहोपाध्याय कविराज श्रीश्यामलदासजी ने भी अपने इस महाकाव्य के खंडन-ग्रंथ में यही अर्थ माना है। परंतु विद्वानों के विचारने और न्याय करने का स्थल है कि इस दोहे में आनन्द पाठ नहीं है और न छंद के लक्षण के अनुसार वह बन सक्ता है किन्तु स्पष्ट अनन्द पाठ है। यदि यहां संज्ञा वाचक आनन्द पाठ भी होता तो भी उस का गुण वाचक शुभ का अर्थ नहीं हो सक्ता था परंतु संस्कृत भाषा का थोड़ासा ज्ञान रखने वाला भी यह जान सक्ता है अथवा जिनके पास संस्कृत भाषा के कोषों की पुस्तकें हैं वह उनके बल से भी जान सक्ते हैं कि वाचस्पत्यबृहत् संस्कृताभिधान के पृष्ठ १४९ और शब्दार्थचिंतामणि के पृष्ठ ९९ में स्पष्ट अनन्द के यह अर्थ लिखे हैं कि "त्रि० न नन्दयति नन्द, आनन्दयितृभिन्ने, अनानन्दे असुखे" इत्यादि। देखो जब अनन्द शब्द का सत्य अर्थ दुःख का है तो फिर क्या सुख और शुभ का अर्थ करना अयोग्य नहीं है। यदि कवि लोग जैसे अलंकार और नायका भेद की सूक्ष्मता जान लेने के लिये परिश्रम करते हैं वैसे ही जो सूक्ष्म दृष्टि देकर देखते तो झट जान लेते कि यहां कवि गूढार्थ में संवत् का भेद बता रहा

* यह संवत् हमने पृथ्वीराजजी के जो परवाने हमको मिले हैं उन की छाप में लिखा हुआ है उन से ग्रहण किया है किन्तु रासे की अब तक प्राप्त हुई पुस्तकों में तो किसी में ११३८ और किसी में ११२८ लिखा मिलता है॥

है और सुख अथवा दुःख और शुभ अथवा अशुभ के स्थूल अर्थों को प्रयोग में नहीं लेता है। व्याकरण शास्त्र की रीति से भी आनन्द और अनन्द शब्दों की प्रयोग सिद्धी में अंतर है। अब हमारे अर्थ की पुष्टि में विचार कीजिये :—

१ प्रथम तो विचार करने पहिले ऐसे २ दुराग्रहों से अपने २ हृदय को अपवित्र नहीं कर रखना चाहिये कि चंद ऐसा मूर्ख था कि उसे अनुस्वार और विसर्ग तक का ज्ञान न था और न वह संस्कृतादि किसी भाषा में व्युत्पन्न पंडित था और जितनी भूलें इस महाकाव्य में मिलती हैं वह सब उसने ही किर्यो हैं॥

२ दूसरे देखो कि कवि यहां विक्रम के शक की संख्या के विशेषण में अनन्द शब्द का प्रयोग करता है और यहां संख्या-वाचक अर्थ का ही प्रसंग है। और इस बात की भी कुछ अत्याव श्यकता नहीं है कि हम यहां अनन्द को आनन्द का अपभ्रंश आदि समझ कर शुभ का ही अर्थ करें क्योंकि कवि इस के साथ ही रूपक ३५६ में स्पष्ट "तृतीय साक पृथिराज कौ लिख्यौ" कहता है। और संज्ञा वाचक आनन्द का अपभ्रंश रूप अनन्द कि जो तथापि संज्ञा वाचक ही होगा, उस का गुण वाचक अर्थ शुभ auspicious कदापि नहीं बन सक्ता॥

३ तीसरे इस स्थल के प्रसंग से अनन्द शब्द को अ + नन्द से बना मानना चाहिये। और अ का यहां रहित अर्थ करने के लिये इस श्लोक को प्रमाण में लेना चाहिये :—"तत्सादृश्यमभावश्च, तदन्यत्वं तदल्पता। अप्राशस्त्यं विरोधश्च नञर्थाः षट प्रकीर्त्तिताः"॥ और नन्द के नव संख्या वाचक अर्थ के ग्रहण करने को वैसे ही समझो तो ऋषि शब्द ७ सात के वाचक की भांति "नव नन्दा भविष्यन्ति-चाणक्यो यान् हनिष्यति' स्कं॰ पु॰। तथा श्रीधर स्वामी कृत भागवत की टीका में "तेषां सपुत्राणां नवसंख्यत्वेन तत्तुल्य संख्या के" स्पष्ट ही है अतएव अधिक प्रमाण नहीं लिखते हैं॥

४ चौथे चंद का अनन्द शब्द प्रयोग करने से उस का यह आन्तरीय अभिप्राय होना ज्ञात होता है कि विक्रम का जो प्रचलित संवत् है उस की मूल संख्या में संकर राजा नन्द का कुछ समय मिला हुआ है अर्थात् वह संवत् जिस गणित के अनुसार है वह उक्त नन्द के समय सहित थी और चंद ने जिस प्रकार से काल निरूपण किया है वह नन्द के समय रहित है अर्थात् चंद का लिखा विक्रमी संवत् शुद्ध विक्रमी है। इसी लिये हमने इन दोनों संवतों को अनन्द और सनन्द नामों से इस टिप्पण भर में ग्रहण किये हैं। यदि कोई मनुष्य यह हठ कर बैठे कि हमको चंद का अनन्द संवत् केवल प्रत्यक्ष प्रमाणों से ही सिद्ध कर दिखाओ तो क्या यह हमारा उसको उत्तर देना अन्यथा होगा कि जिस प्रमाण रूप प्रचलित विक्रमी संवत् की अपेक्षा से तुम चंद के लिखे अनन्द संवत् रूपी प्रमेय को सिद्ध कराना चाहते हो तो प्रथम तुम अपने प्रमाण को वैसे ही प्रत्यक्ष प्रमाणों से निर्दोषी सिद्ध कर दिखाओ कि फिर हम उसको प्रमाण रूप मान कर चंद के अनन्द संवत् रूपी प्रमेय को सिद्ध कर उसकी अशुद्धता समझ लें; क्योंकि यह दावा तुम्हारा है कि चंद का लिखा संवत् अशुद्ध है। अतएव वादी के करने का काम हम ही करके प्रचलित विक्रमी संवत् की सत्यता की परीक्षा करते हैं। परीक्षा करने के पहिले एक यह सिद्ध हुई सी बात स्मरण कर लेनी चाहिये कि आज तक सर विलियम् जोन्स, मिस्टर सैम्यूऐल डेविस, कौलब्रुक, बैन्टली, हाल, लैसन, डाक्टर भाऊ दाजी, बुलर, ह्विटनी, अलबीरूनी, डाक्टर हंटर और डाक्टर कर्ण आदि ने जो २ शोध बड़े २ परिश्रम से विक्रमादित्यजी का ठीक समय निश्चय करने के लिये कई एक प्रकारों से अर्थात् विक्रमादित्यजी के समकालीन राजा और ग्रंथकर्त्ता आदि के समयादि का भी विवर्ण करके किये हैं उन से सिवाय इस प्रकार से सिद्धान्त

कर लेने के कि वर्तमान विक्रमी में से १३५ वर्ष घटाने से शालिवाहन का शक और ५६ वा ५७ घटाने से ईसवी सन् और इसी प्रकार से अन्य संवत् भी और इसी हिसाब से ईसा मसीह के ५६ वा ५७ वर्ष पहिले कोई विक्रम नाम का राजा हुआ था कि जिस का यह संवत् प्रचलित है, न तो कोई और फल निकला है और न कोई वैसा प्रामाणिक प्रत्यक्ष प्रमाण किसी को मिला है और न कोई आज दे सक्ता है कि जैसा विचारे स्वर्गवासी चंद कवि के लिखे संवतों को सिद्ध करने के लिये बड़ी धूम धाम से हम चाहते हैं। क्या यह न्याय है कि विक्रम के प्रचलित संवत् को सिद्ध करने के समय तो हम गोल माल कर जावें और चंद के संवत् को सिद्ध करने के लिये दूसरे से प्रत्यक्ष प्रमाण मांगे? फिर विचार कीजिए कि संस्कृत भाषा के कोषादि में जो यह:-"तत्र शककारकस्य विक्रमादित्यस्य हननात् शालिवाहनस्य शक कर्तृत्वम्" लिखा प्राप्त होता है और आईन अकबरी के ग्रंथकर्त्ता ने भी यही आशय ग्रहण किया है। इस से विक्रमादित्यजी का मरण तो १३५ में होना निश्चित ही है तथा १३५ वर्ष तक राज्य करना भी स्वतः सिद्ध है। अब रहा यह कि विक्रम के संवत् का प्रारंभ उनके जन्म से अथवा गद्दी पर बैठने के दिन से अथवा गद्दी पर बैठने पीछे किसी बड़े कार्य के करने के दिन से हुआ है। यदि ज्योतिर्विदाभरण को कदाचित् सत्य होने की अपेक्षा असत्य ही मानें और उसे किसी भी समय में बना क्यों न ग्रहण करें तथापि उस के अतिरिक्त कोई अन्य प्रमाण दृष्टि में नहीं आता कि जिस के इस:-"निहन्ति यो भूतलमंडले शकात्। सपंचकोट्यब्जदलप्रमान् कलौ॥ स राजपुत्रः शककारको भवेत्। नृपाधिराज्ये ह्युतशाककर्तृ हा॥" वाक्य के अनुसार पचपन करोड़ शकों को अथवा किसी शक-कर्त्ता को मारने से विक्रमी संवत् का प्रारंभ होना ही अति संभवित प्रतीत होता है। तदनन्तर यह अनुमान करना भी अनुचित नहीं है कि विक्रम ने कुछ अपने बालकपन में तो ऐसा बड़ा साका किया ही न होगा किन्तु उस समय उस की कम से कम २५ वर्ष की वय तो भी होगी कि १३५ + २५ = १६० एक सौ साठ वर्ष की सब वय सिद्ध होती है। निदान उसको हम पृथ्वीराजजी और समरसीजी के ९० वर्ष तक न जीव सकने के अनुमान की अपेक्षा से बहुत ही असंभव समझ सक्ते हैं। सारांश यही है कि चंद ने विक्रम की १६० वर्ष की वय की असभाव्यता से जो अपने लिखे संवतों को अनन्द संवत् संज्ञा दियी है वह अन्यथा नहीं है और प्रचलित विक्रमी संवत् कि जिस को हम सनन्द कहते हैं उस में अवश्यमेव कुछ नन्द का समय मिला हुआ है और वह चंद के संवत् को दोष देने जैसा स्वयम् निर्दोषी प्रमाण रूप नहीं है। जब कि प्रचलित विक्रमी संवत् अपने को भले प्रकार सिद्ध कर प्रमाण नहीं दे सक्ता तो वह जिस प्रकार से आज माना जाता है उसी प्रकार पृथ्वीराजरासे के संवत् ९०। ९१ वर्ष के अंतर से माने जाने में भी कुछ हानि दृष्टि नहीं आती। हमको एक बड़ा शोक इस बात का है कि यदि विद्वानों ने रूपक ३५५ और ३५६ को एक दूसरे की संगति लगा कर विचारे होते और रूपक ३५६ को बिलकुल्ल ही न छोड़ दिया होता तो रासे के संवतों के विषय में संदेह ही नहीं हुआ होता क्योंकि वे दोनों रूपक मानों खड़े हुए पुकार २ कर कह रहे हैं कि हमारे आशय यह हैं॥

५ पांचवें चंद के नवें नन्द के समय को नहीं ग्रहण करने का एक यह भी प्रबल कारण सब के ध्यान में आय सकने जैसा है; कि महानन्द को नौ पुत्र थे, आठ तो विवाहिता रानियों से और एक चंद्रगुप्त नामक मुरा नाम की नाइन उपस्त्री से। हमारी इस बात को भी स्मरण में रखनी चाहिये कि मुरा नाम की नाइन से उत्पन्न होने के कारण चंद्रगुप्त और उस के वंशज मौर्य्य कहलाये हैं। अन्य देश देशान्तर के मनुष्यों की अपेक्षा हमारे स्वदेशीय बन्धुओं के

समीप कुलीन और अकुलीनों में परस्पर द्वाह वैर का होना कोई आश्चर्यदायक बात नहीं है क्योंकि यह व्यवहार सदा से चला आया है और आज भी सब छोटे बड़ों में विद्यमान है अर्थात् कोई अकुलीन चाहे जितनी उन्नति की दशा को क्यों न प्राप्त हो जाय और कोई कुलीन चाहे जैसा दरिद्री भी क्यों न हो जाय किन्तु वह कुलीन उस अकुलीन को संकर ही समझेगा। और इस से सदा दोनों में परस्पर द्वेष रह कर जो जब प्रबल होगा तब वह उस निर्बल को अवश्य नाश कर देगा और वे दोनों अपनी २ वंशावली में अपने २ वैरी का नाम तक नहीं गिनेंगे। इसी कारण से हमारे आर्य-काल-निरूपकों The Arya Chronologists की भी यह शैली होगई है कि जो स्वयम् कुलीन हैं अथवा कुलीनों के पक्षपाती हैं वह उस अकुलीन राजा के नाम और समय को अपनी संपादित् ख्यात में नहीं लिखते हैं और उस के समय आदिक को या तो उस के आगे पीछे के किसी कुलीन राजा में मिला देते हैं अथवा ऐसे स्थलों में यह लिख देते हैं कि इतने समय तक "कटार अथवा तरवारि ने राज किया इत्यादि"। इस के अनेक उदाहरण राजपुत्रों की वंशावलियों में मिल सक्ते हैं परंतु एक ऐसा आधुनिक उदाहरण है कि जिस को सर्व साधारण जानते हैं वह मेवाड राज की वंशावली में बनबीर का है कि उस से ही विचार देखिये। क्या तो मेवाड देश के परम कुलीन महाराणाजी साहब और क्या और कुलीन उमराव सरदार और पासवानादि लोग और क्या हम जो कदाचित् मेवाड की ख्यात Chronicles लिखें तो बनबीर का नाम और उस का समय हमारी कुलीन अवली में न तो किसी २ ने मिलाया है और न हम मिलावेंगे किन्तु उस का वृत्त सब के जानने के लिये हम एक पृथक टिप्पण में लिख देंगे कि जिस से हम को पुरातत्ववेत्ता वृत्त का चोर न ठहरावें और जो कोई कदाचित् हम को ऐसा करने के कारण मुतअस्सिब अर्थात् दुराग्रही भी कहेंगे तो हम उस को अपनी एक अति प्रिय पदवी समझ कर तथापि अभिमान करेंगे। इसी लिये कुलीन क्षत्रियों के अभिमानी चंद बरदाई ने विक्रमादित्यजी के समय में से अकुलीन मौर्य्य समय ९०। ९१ वर्ष का ह्रास करके शुद्ध क्षत्रिय समय ग्रहण किया है और उस का नाम विक्रम का अनन्द संवत् अर्थात् पृथ्वीराजजी का तृतीय शक रक्खा है। हम यह यहां तक भी मान कर कह सक्ते हैं कि यदि आज इस विषय को समर्थन करने को कोई भी प्रमाण न मिले तथापि चंद की निज-काल-निरूपण शैली होना तो स्वयम् सिद्ध ही है॥

६ छठें चंद के प्रयोग किये हुए विक्रम के अनन्द संवत् का प्रचार बारहवें शतक तक की राजकीय व्यवहार की लिखावटों में भी हमको प्राप्त हुआ है अर्थात् हम को शोध करते २ हमारे स्वदेशी अंतिम बादशाह पृथ्वीराजजी और रावल समरसीजी और महाराणी पृथा बाईजी के कुछ पट्टे परवाने मिले हैं कि उन के संवत् भी इस महाकाव्य में लिखे संवतों से ठीक २ मिलते हैं और पृथ्वीराजजी के परवानों में जो मुहर अर्थात् छाप है उस में उन के राज्याभिषेक का सं० ११२२ लिखा है। इन परवानों के प्रतिरूप अर्थात् Photo हमने हमारी ओर से ऐशियाटिक सोसाईटी बंगाल को भेट करने के लिये हमारे स्वदेशी परम प्रसिद्ध पुरातत्ववेत्ता डाक्टर राय बहादुर राजा राजेन्द्रलाल जी मित्र एल० एल० डी० सी० आई० ई० के पास भेजे हैं और उन के अकृत्रिम होने के विषय में हमारे परस्पर बहुत कुछ पत्र व्यवहार हुआ है। यदि हमारे राजा साहब अकस्मात् रोग ग्रस्त न हो गये होते तो वे हमारे इस बड़े परिश्रम से प्राप्त किये हुए प्राचीन लेखों को अपने विचार सहित पुरातत्ववेत्ताओं की मंडली में प्रवेश किये होते। इन परवानों के अतिरिक्त हम को और भी कई एक प्रमाण प्राप्त होने की दृढ़ाशा है कि जिन को

हम उस समय विद्वत् मंडली में प्रवेश करेंगे कि जब कोई विद्वान् उन को क्त्रिम होने का दोष देगा। देखिए जोधपुर राज्य के काल-निरूपक राजा जयचंदजी को सं० ११३२ में और शिवजी और सेतरामजी को सं० ११६८ में और जयपुर राज्य वाले पज्जूनजी को सं० ११२० में होना आज तक निःसंदेह मानते हैं और यह संवत् भी हमारे अन्वेषण किये हुए ९१ वर्ष के अंतर के जोड़ने से सनन्द विक्रमी हो कर संप्रत काल के शोध हुए समय से मिल जाते हैं। इस के अतिरिक्त रावल समरसीजी की जिन प्रशस्तियों को हमारे मित्र महामहोपाध्याय कविराज श्यामलदासजी ने अपने अनुमान को सिद्ध करने को प्रमाण में मानी हैं वह भी एक आन्तरीय हिसाब से indirectly हमारे शोध किये इस अनन्द संवत् को और उस के प्रचार को पुष्ट और सिद्ध करती हैं। देखिए और इन दो ध्रुवों को अपने ध्यान में रख लीजिए कि प्रथम तो रावल बापाजी के नाम पर सब ख्यात की पुस्तकों में सदैव से सं० १९१ लिखा चला आता है कि जिस को कर्नेल टॉड साहब ने तो वल्लभी के नाश से चीतोड़ प्राप्त होने तक का समय माना है और मेवाड के छोटे २ लड़के तक इतना अवश्य जानते हैं कि बापाजी सं० १९१ में हुए और उनोंने १०१ वर्ष राज्य किया अथवा उनकी वय १०१ वर्ष की हुई और ऐसे आज तक के इस बड़े निश्चय के साथ सर्वसाधारणों के मानने को महामहोपाध्याय कविराजजी भी कदापि अस्वीकार नहीं कर सक्ते हैं। दूसरे रावल समरसीजी के नाम पर भी उसी तरह सर्व साधारणों के दृढ निश्चय के साथ ११०६ का संवत् ख्यातिओं में लिखा हुआ बराबर चला आता है। अब आप हमारे पाठक उक्त सब प्रशस्तियों के सब संवत् अर्थात् १३३२, १३३५, १३४२ और १३४४ में से बापा जी के पूर्व का समय १९१ घटा कर देखें तो ११४१, ११४४, ११५१ और ११५३ पावेंगे कि जो हमारे अनन्द विक्रमी से मिलजाते हैं। क्या यह प्रशस्तिये भी हमारे अनन्द विक्रमी संवतों से आंतरीय हिसाब से नहीं मिल जाती हैं? यह क्यों मिल जाती हैं इस बात के भेद को हम हमारी समझ के अनुसार जानते हुए भी अभी प्रकाश नहीं करते हैं किन्तु किसी उचित समय पर उसे शास्त्रार्थ के साथ प्रकाश करके हमारे मेवाड राज की वंशावली को शुद्ध और प्रतिपादन कर मेवाड देश की एक अमूल्य सेवा करेंगे॥

७ सातवें यदि कोई यह तर्क करे कि राजा नन्द के विक्रमादित्यजी से पहिले अथवा पीछे होने का मतान्तर प्राचीन समय के विद्वानों में होना कुछ भी सिद्ध हो जाय तब हम यह अनुमान कर सक्ते हैं कि अनन्द और सनन्द सवतों के भेद अवश्य हो सक्ते हैं। अतएव हमारा कहना यह है कि जिस किसी को इस विषय का कुछ मतान्तर होना समझना हो वह एशियाटिक सोसाईटी बंगाल के स्थापन-करनेवाले सर विलियम् जोन्स साहिब Sir William Jones के लिखित The Chronology of the Hindus हिन्दुओं का काल-निरूपण नामक विषय के अंतिम दो तीन लेख-खंड अर्थात् फिकरे पढ कर समझ लें (देखो एशियाटिक रिसर्चेज़ पुस्तक २ Asiatic Researches Vol. II) परंतु स्मरण रहे कि हम राजा नन्द का विक्रम से पहिले होना हमारे देशी शास्त्रों के अनुसार मानते हैं॥

पाठको! रूपक ३५६ भी पुरातत्व विद्या में बडा उपयोगी है। उस में आप को मालूम होगा कि चंद यह तात्पर्य्य वर्णन करता है कि जिस ११०० अथवा १११५ में पृथ्वीराजजी उत्पन्न हुए हैं वह संख्या कैसी है कि उसी ११०० अर्थात् १११५ में धर्म-सुत हुए थे तथा उसी ११०० अथवा १११५ में विक्रमादित्यजी भी हुए थे और उसी में अर्थात् विक्रम से ११०० अथवा १११५ वर्ष पीछे पृथ्वीराज जी हुए हैं कि जिन का यह तृतीय शक मैं ने विप्रगुप्त (ब्रह्मगुप्त)

॥ सोमेश्वरजी के अपूर्व तप से पृथ्वीराजजी उत्पन्न हुए ॥

श्लोक ॥ सोमेश्वर महाबाहो । तस्यापूर्वं तपो गुणैः ॥
तेने पुण्यं जगज्जेता । गर्भान्ते पृथुराडभूत् ॥ छं० ॥ ६८६ ॥ रू० ॥ ३५७ ॥

॥ सोमेश्वरजी का राव (वेन) को बधाई देना ॥

पद्धरी ॥ अनगेस पुत्रि हुअ पुत्र जन्म । बिज्जल चमंकि जनु मेघ घन्म ॥
बद्धाइ राव * सोमेस दीन । इक सहस हेम हय हुकम कीन ॥ छं० ६९७ ॥

को गुन कर लिखा है (लिख्यो विप्र गुन गुप्त) क्या चंद यह अमूल्य पुरातत्व इस रूपक में नहीं कहता है? नहीं-वह हम को निःसंदेह यही कहता हुआ दृष्टि आता है!! यदि यहां धर्मसुत का अर्थ युधिष्ठिर का समझा जो सक्ता है तो हमारे देशी महाकवि का विक्रम से युधिष्ठिर तक का ११०० अथवा १११५ वर्ष का अंतर मानना मिस्टर बैन्टली साहब के अनुमान ११२३ के से बहुत मिलता हुआ है अर्थात् उस में केवल २३ अथवा ८ वर्ष का ही अंतर है । और यह हमारे स्वदेशी काल-निरूपकों की गणना से भी मिलता हुआ है क्योंकि ११०० अथवा १११५ युधिष्ठिर से शेमक तक तथा उस से विक्रम तक ११०० अथवा १११५ और विक्रम से पृथ्वीराजजी तक ११०० अथवा १११५ और इस गणना के अनुसार ८१४ कलि गत में युधिष्ठिर हुए । तथा चंद के कहे विप्रगुप्त कि जिस को हम ब्रह्मगुप्त होना अनुमान करते हैं उस के विषय में मिस्टर बैन्टली साहब यह कहते हैं कि वह विक्रमी ५८३ तदनुसार ५२० ई० में हुआ था । उस ने ब्रह्म-कल्प की गणना का प्रकार स्थापन और प्रकाश किया था कि जिस पर आधुनिक ज्योतिष का आधार है और ऐतिहासिक संवत् भी उसी के अनुसार परिवर्तन हुए हैं (देखो एशियाटिक रिसर्चेज़ पुस्तक ८ पृष्ठ २३६-७ See Asiatic Researches Vol VIII. page 236—7.) इस ब्रह्मगुप्त की गणित में और अन्य ज्योतिषाचार्यों के सिद्धान्तों में कुछ अंतर है कि जिस के लिये अन्य कोई २ इस ब्रह्मगुप्त को दोष देते हैं कि इस का कुछ विवर्ण Mr. Samuel Davis मिस्टर सैम्यूऐल डेविस साहब के लिखित हिन्दुओं की ज्योतिष विद्या The Astronomical Computations of the Hindus नामक लेख के पढ़ने से ज्ञात हो सक्ता है (देखो एशियाटिक रिसर्चेज़ पुस्तक See Asiatic Researches Vol. II.)

इस संवत् सबन्धी झगड़े में हमारा अंतिम निवेदन यह है कि यह पुरातत्वविद्या ऐसी बड़ी सूक्ष्म और अथाह गहरी है कि जो विद्वान उस में कदाचित् थोड़ा सा भी चूक जावे तो वह उस में डूब जाता है और उस के खारे पानी के समुद्र में तिरना बहुत कठिन है और उस में पड़ी हुई किसी वस्तु को वही गोताखोर अर्थात् शोधक निकाल सकता है कि जिसे धर्मरूपी प्राण को शुद्ध अंतःकरण में स्थित करके गोता मारने का अभ्यास होता है ॥

३५७ पाठान्तर:—सोमेसर । सोमेस्वर । तस्या । पूर्वं । तयं । गुनं । गुणे । पुन्य । जगंज्जता । गर्भांतं । गंर्भान । प्रथिराजयं । प्रिथुराजयं । प्रिथीराजयो ॥

इस रूपक के शुद्ध और अशुद्ध पाठों को सूक्ष्म दृष्टि से देखने से ज्ञात हो सक्ता है कि दुष्ट लेखकों ने उन को कैसे २ भ्रष्ट कर दिये हैं कि जिस के लिये स्वर्गवासी विचारे चंद को हम लोगों के दिये अनेक दोष सहने पड़ते हैं ॥

* देखो मालूम होता है कि चंद यहां अपने बाप का स्पष्ट नाम नहीं लेकर महावरे से राव शब्द प्रयोग कर राव वेन का निर्देश करता है ॥

दिय ग्राम एक दय इक्क हथ्थ। परिग्रह प्रसाद सह कीन तथ्थ॥
नीसांन वाजि दरबार जोर। घन गर्ज्ज जान दरिया हिलोर॥ छं०॥ ६९८॥
पधराइ राइ सुष दरस कीन। कित क्रम्म पुब्ब फल मान लीन॥
करि जात क्रम्म मति ग्रंथ सोधि। वेदोक्त विप्प बर बुद्धि बोधि॥ छं०॥ ६९९॥
मंगल उचार करि न्रत्य गान। अच्छरि अलाप सुर भुवन जान॥
छं०॥ ७००॥ रू०॥ ३५८॥

॥ पृथ्वीराजजी के जन्मोत्तर गुणों का वर्णन ॥

साटक॥ जन्मोत्तरि गुन जन्म राजन् वरं, चालीस वर्षं घती॥
सा भोगं धर लक्छि टिल्लति वरं, पंजाब पंचो पथं॥
इंन्द्रंप्रस्थय संभरी ववरयं, सोमेसजा जोतयं॥
भुंक्तं सुक्तय वंधि गज्जन वरं, जन्मं कारं सुक्तयं॥ छं०॥ ७०१॥ रू०॥ ३५९॥

॥ सोमेसजी को पृथ्वीराजजी के जन्मोत्तर गुन सुन कर हर्ष और शोक होना ॥

कवित्त॥ सोम वत्त सुनि श्रवन। हर्ष अरु सोक उपन्नौ॥
दैव काल संजोग। तपै ढिल्ली घर थन्नौ॥
कहै व्यास संभरी। कन्न इह वत्त प्रमानं॥
किं जानै किं होइ। घरी इक घट्टन जानं॥
व्हिस्मान मान संभर धनी। सुनी कित्ति अनगेस बर॥
अंची प्रमान सब इष्ट गुरु। कहै राज प्रथिराज बर॥ छं०॥ ७०२॥ रू०॥ ३६०॥ †

---

३५८ पाठान्तरः—अनगेस। हुव। विजलं। बिजुंलि। चमंक। जुंनु। मेघ। जन्म। बद्दाय। राज। सोमेस। दीय। यांम। इक। इक। हथः। हथ। परिगह। परीग्रह। कीन। तथ। वज्जि। गर्ज्जि। जांचि। पधराय। राय। मुंष। सरसन। हरष। कर्म। पुब। मांनि। क्रम्म। मनि। वेदोक्त। विप्र। वुधि। प्रमोधि। गांम। ग्यांन। अछिर। अछर। सुरं। भूवन। जांनि॥

३५९ पाठान्तरः—जन्मोतरि। राजन्म। वर। च्यालीस। वर्ष। घटी। सोभाग्यं। सौभाग्यं। लछि। दिलित। दिल्लित। धर। पंचं। पंच। इंद्रप्रस्थ। ववरय। जोतियं। जोतियं। भुक्त। वर। जन्यं॥

३६० पाठान्तरः—सौम। वती। उपनौ। उप्पनौ। देव। संजोग। ढिली। धर। थंनो। कन। वत। जाने। होय। यक। घटिन। जांन वमांन। संभरि। सुतिकिती। प्रमांन। प्रिथीराज। पृथीराज॥

† यह रूपक हमारे पास की और सब पुस्तकों में तो है किन्तु सं० १७७० वाली में नहीं है॥

॥ विक्रम से सदृश पृथ्वीराजजी हुए कि जिन की बुद्धि का वर्णन चंद करता है ॥

दूहा ॥ विक्रम राज सरीस भौ। वुधि ब्रंनन कवि चंद ॥
भून भविष्यत व्रत्तमन। कहत अनूपम छंद ॥ छं० ॥ ७०३ ॥ रू० ॥ ३६१ ॥

॥ पृथ्वीराजजी के जन्म समय के ग्रहों की स्थिति ॥

दूहा ॥ ग्रह स पंच चव हंस हथ। लगन सु अष्टम मंद ॥
दुनिया गुरु मेषह तरनि। चिचह जनम नरिंद ॥ छं० ॥ ७०४ ॥ रू० ॥३६२॥

॥ सोमेश्वरजी का दरवार में वैठ ज्यौतिषियों से पृथ्वीराजजी की जन्मपत्री का फल पूछना और पंडितों का फल वर्णन करना ॥

पद्धरी ॥ दरवार वैठि सोमेस राइ। लीने हजूर जोतिग वुलाइ ॥
कहौ जन्म कर्म वालक विनोद। सुभ लगन महूरत सुनत मोद ॥ छं० ॥ ७०५ ॥
संवत्त इक्क दस पंच अग्ग। वैसाष मास पष कृष्ण लग्ग ॥
गुर सिद्धि जोग चिचा निषच। गर नाम करन सिसु परम हित्त ॥ छं० ॥ ७०६ ॥
ऊषा प्रकास इक घरिय रात। पल तीस अंस चय वाल जाति ॥
गुरु वुद्ध सुक्र परि दसै थान। अष्टमै वार शनि फल विनान ॥ छं० ॥ ७०७ ॥
पंच दुअ थान परि सोम भोम। ग्यारमै राह षल करन होम ॥ छं० ॥ ७०८ ॥
वारमै सूर सो करन रंग। अनमी नमाइ तिन करै भंग ॥
विन पेस सेव रहि दै न कोइ। भंजै मिवास सुष त दिन होइ ॥ छं० ॥ ७०९ ॥
प्रथिराज नाम वल हरै कंच। दिल्लीय तषत मंडै सु कच ॥
च्यालीस तीन तिन वर्ष साज। कलि पुहमि इंद्र उद्धार काज ॥ छं० ॥ ७१० ॥
पर लहै द्रव्य पर हरै भूमि। सुष लहै अंग जब होइ भूमि ॥
वरनीय अष्ट दुय लेय व्याह। तिन दुग्ग तात थपि अप्प वाहि ॥ छं० ॥ ७११ ॥

---

३६१ पाठान्तरः—सरीर। बुद्धि। ब्रनन। वर्त्तमन ॥

३६२ पाठान्तरः—हंस सह। लेग्न। थले। गुर। तसणि जन्म। नरिन। नरिंदः। अरिंद।

३६३ पाठान्तरः—सोमेस राय। हजुर। पंडित। बुलाय। कर्म्म। वालिक। मुहूरत। संवत्। संवतह। इक दस। दह इक। दश पंच अय। पंच अय। वेशाष। वैसाष त्रितीय। [illegible]। कृष्ट लय। सिद्धि। सिधि। जोग। योग। निषत्र। नषत्र। गुर। गुरु। सिसुं। घरी। जांति। गुरुं। दसम। दशम। थांन। अष्टमे थांन। शनि। विनांन। दूअ। थांन। सोम भोम। होम। बारमे। करण। करैं। सेव। हैं। कोई। कोय। भंजे। मेवास। मैवास। सुषं। तं। होइ। नांम।

संषेप विरद उच्चार कीन। क्यों सकौं जंपि मो बुद्धि हीन॥
सुनि राइ दान मंड्यौ अपार। दै गै सु वस्त्र द्रव्या न पार॥ छं०॥ ७१२॥
सब सहर नारि श्रृंगार कीन। अप अप्प झुंड मिलि चलि नवीन॥
थपि कनक थार भरि द्रव्य दूव। पट कूल जरफ जर कसी ऊब॥ छं०॥ ७१३॥
अक्षित अनूप रोचन सुरंग। मृदु कमल हास लोइन कुरंग॥
इक जात मद्धि इक फिरत गेह। पहिराइ परस पर बढत नेह॥ छं०॥७१४॥
दरबार भीर बरनी न जाइ। सूगंध वास नासा अघाइ॥
बिगसंत बदन छत्तीस बंस। जदुनाथ जन्म जनु जदुन बंस॥
छं०॥ ७१५॥ रू०॥ ३६३॥

हरे। स्तूत्र। शत्र। दिलिय। दिल्लिय। मंडे। बूंदीवाली में-चालीस वर्ष तिन मांस साज। -चालीस। पुहवि। हरे। भूंम। सुंप। भूंम। वरणीय। वरनीअ। अष्ठ बल। लेइ। थ्यांहि। दुंनग। दुंग। थैपि। चाहि। विरद्द। उचार। सकों। जपि। मो। सुंनि। राय। दांन। हय। गाय। द्रव्यान। नव्याम। श्रंगार। झुड। नवान। कुंल। कल। उव्व। अक्षित। रोचन। लोइन। कुंरंग। जाय। मधि। गेह। नेह। जाय। सुगंध। नाशा। अघाय। विगसत। छत्तीस। यदुनाथ। यदुन।

जैसे कवि चंद रूपक ३५५ और ३५६ में अपनी प्राचीन गूढ भाषा के गूढार्थ में पृथ्वीराजजी का जन्म संवत् वर्णन कर आया है; वैसे ही यहां भी वह इन रूपक ३६२ और ३६३ में उन की जन्मपत्री तथा उस के ग्रहों का फलादेश वर्णन करता है। इन दोनों रूपकों के पाठ जहां तक हमारे पास की पुस्तकों से शुध सके वहां तक हमने शोध दिये हैं; कि उन के इतने ही शुधने पर जो कई एक शंका अब तक लोग करते थे वह दूर हो गई। और जो इसी तरह और भी कुछ प्राचीन पुस्तकें मिल जावें और उन से यह रूपक फिर शोध दिये जावें तो आशा है कि इन रूपकों में लिखी ज्योतिष शास्त्र संबन्धी सब बात मिल जावें और विद्वानों की जो २ शंका अब भी बाकी रहती हैं वह भी निवारण हो जांय। इस के अतिरिक्त हमारे पाठक यह अच्छी तरह जानते हैं कि इस रासे जैसी भ्रष्ट लिखित प्राचीन पुस्तकों में अथवा वैसे ही कोई २ बडे प्रतापी मनुष्यों की जन्मपत्री अथवा ज्योतिष शास्त्र के अनुसार जिस का कुछ अन्वेषण किया जावे ऐसा कुछ विषय हम को वर्त्तमान समय में कहीं लिखा हुआ प्राप्त होता है उस को यथायोग्य रीति से शोध लेना कैसा कठिन है। उस में भी फिर चंद की जैसी गूढार्थ की कठिनता और ज्योतिष शास्त्र के सिद्धान्तियों के मतान्तर पर दृष्टि दियी जावे तो प्रत्येक सज्जन मनुष्य सुख पूर्वक कह सकता है कि यह कार्य बहुत ही कठिन है और जो कदाचित् ऐसी कठिनता का कुछ पता लगा सकें तो हमारे स्वदेशी जगत विख्यात ज्योतिष शास्त्राचार्य पंडित वर श्री बापूदेवजी शास्त्री अथवा उन के शिष्य वर्ग में से भी कोई लगा सक्ते हैं; किन्तु अन्य के वश का यह कार्य नहीं है। इस जन्मपत्री को शोधने के लिये हमने बडा परिश्रम कर रक्खा है अर्थात् जितने पाठान्तर रासे की भिन्न २ पुस्तकों में से मिलते जाते हैं और जितनी भिन्न २ प्रकार की पृथ्वीराजजी की जन्मपत्रियें भरतखंड में से मिलती हैं वह भी एकत्र किये जाते हैं और ब्रह्मगुप्त का रचित ज्योतिष शास्त्र का पुस्तक भी प्राप्त करने का उद्योग कर रहे हैं, कि

जिस का चंद का आश्रय करना उसकी शैली से अनुमान होता हैं । इस प्रकार से शोध होने पर हम इस जन्मपत्री के विषय में जिस विद्वान के गणित के अनुसार जो बात निश्चय होगी वह प्रकाश करेंगे । किन्तु अभी हम कुछ उन शंकाओं के विषय में भी कहते हैं कि जो इस विषय में महामहोपाध्याय कविराज श्री श्यामलदासजी ने कवि का सरल और स्पष्ट अर्थ न समझ कर केवल प्रतिद्वन-अनुमान-जन्यभ्रम के वश हो अपने खंडन-ग्रंथ में किया हैं:-

१　प्रथम कविराजजी ने पृथ्वीराजजी के जन्म संवत् के प्रकाश करने वाले रूपक ३५५ के साथ का रूपक ३५६ जैसे अपने खंडन-ग्रंथ में छोड दिया है वैसे ही यहां भी उनोंने रूपक ३६२ को छोड कर केवल रूपक ३६३ के आधार पर जन्मपत्री के संबन्धित दोष दिये हैं । इन दोनों स्थलों को हमारे विद्वान पाठक विचार कर समझ सक्ते हैं कि रूपक ३५६ और ३६२ को छोड देना उचित था कि नहीं और उन का रूपक ३५५ और ३६३ के साथ पूर्ण संबन्ध है कि नहीं । यदि पूर्ण संबन्ध है तो निर्णय करने के समय उन का त्याग देना किसी वास्तविक पुरातत्ववेत्ता के लिये कैसा अनुचित कर्म है ॥

२　दूसरे जो कुछ दोष इस विषय में दिये गये हैं वह मालूम होते हैं कि किसी एक पुस्तक के पाठ पर ही दिये गये हैं । किन्तु मैं आशा करता हूं कि डाक्टर होर्नली साहब कि जिनों ने अपने हाथ से रासे के कुछ भाग को बड़ी सूक्ष्म दृष्टि देकर शोधा है वे भले प्रकार साक्षी दे सक्ते हैं कि इस ग्रंथ के पाठान्तर, अपपाठ, विशेष पाठ और न्यून पाठ आदिक की क्या दशा है और क्या किसी एक पुस्तक के पाठ पर ही किसी बात का निर्णय होना उचित है ॥

३　तीसरे यदि रूपक ३६२ न छोड दिया गया होता और पुरातत्ववेत्ताओं के निर्णय करने की रीति से ध्यान दिया गया होता तो कविराजजी अपनी कितनीक शंकाओं के समाधान स्वयम् इन रूपकों और भिन्न २ पाठान्तरों से जान सक्ते थे जैसे कि:-

(क)　रूपक ३६२ से पृथ्वीराजजी के जन्म की दूज तिथि ज्ञात होती है । यदि तिथि की संख्या का शब्द अशुद्ध भी हो तो भी हम कवि के कहे चित्रा नक्षत्र से स्पष्ट अनुमान कर सक्ते हैं कि या तो यह दूज कवि ने पड़वा उपरान्त की ग्रहण किया है अथवा किसी और तिथी की संख्या यहां भ्रष्ट हो गई है । हम ज्योतिष शास्त्र तो नहीं जानते हैं किन्तु हम लोग पंचद्रावड ब्राह्मणों में अभी तक प्राचीन प्रणाली चली आती है कि यज्ञोपवीत होने पर सात वर्ष के बालक को भी पितादि वेदाङ्गों के कुछ ध्रुवे अर्थात् गुरु सिखाये करते हैं उन के अनुसार हम यह कह सक्ते हैं कि हमारे आर्य मासों के नाम नक्षत्रों पर से पडे हैं और प्रत्येक महिने का नक्षत्र शुदी १४ किंवा पूनम अथवा वदी प्रतिपदा के दिवस में होता है अतएव इस दूज के स्थान में कोई ऐसी ही तिथि थी कि जो भ्रष्ट हो गई है । देखो कविराजजी ने "वैसाख तृतीय पख कृष्ण लग" पाठ लिखा है उस के स्थान में हम को सं० १६४० । १७७० और १८४५ की पुस्तकों में यह "वैसाख मास पष कृष्ण लग वा आग" पाठ लिखा मिलता है और वह एक प्रकार से ठीक भी दीखता है क्योंकि रूपक ३६२ में कवि तिथि कह आया है अतएव अब वह यहां शेष मास और पक्ष कहता है । चित्रा नक्षत्र के विषय में कुछ गोलमाल किसी पुस्तक में दृष्टि नहीं आती और वैशाख के विषय में कुछ गडबड सी दीखती है अतएव जो कोई चित्रा से चैत्र मास का होना अनुमान करे तो हमारी सम्मति में तो वह कोई आश्चर्य दायक बात नहीं है ॥

(ख) कविराजजी ने कवि के कहे "बारमे सूर सो करन रंग" पर ही विशेष दोष दिया है और उसका बारहवें घर में होना असंभव माना है तथा इतनी ही बात पर दोष देकर अन्य ग्रहों का कुछ शोध नहीं किया है। परंतु जो वे रूपक ३६२ के तीसरे चरण पर कुछ थोड़ी सी भी दृष्टि देते तो उनको मालूम हो जाता कि चंद कवि मेष का सूर्य होना स्वयम् कहता है कि जो संभव भी हैं "द्रुतिया गुरू मेषह तरनि" इस से यह भी समझ सक्ते थे कि जब मेष का सूर्य बारहवें घर में होना कवि कहता है तब वृष लग्न भी है और "ऊषा प्रकाश इक घरिय रात" से कवि का गूढार्थ भी यह है कि पृथ्वीराजजी का सूर्योदय के पश्चात् जन्म होने से ऊषा एक घड़ी थी अर्थात् ऊषा के एक घड़ी पीछे उनका जन्म हुआ॥

(ग) कविराजजी के खंडन ग्रंथ में "गुरु सिद्ध जोग चित्रा नखत्त" पाठ से सिद्ध योग ग्रहण किया है कि जो चित्रा नक्षत्र के साथ वा पास आना असंभव है परंतु थोड़ी सी भी सूक्ष्म दृष्टि देकर देखते अथवा पुस्तकान्तर में पाठ देखते तो कितनीक पुस्तकों में सिद्धि पाठ जैसे हम को मिल गया वैसे मिल जाता॥

(घ) कविराजजी ने अपने खंडन ग्रंथ में बड़ी २ सूक्ष्म युक्तिओं से सूक्ष्मतर अनुमान किये हैं परंतु एक इस स्थान पर वे बड़ी ही बेतरह चूक गये हैं। उनों ने "गुरु नाम करन सिसु परम हित्त" का गुरु पाठ से धोखा खाकर यह अर्थ किया है कि "गुरु ने बड़े प्रेम से बालक का नाम रक्खा" किन्तु यह अर्थ बिलकुल ही असत्य है। यद्यपि इस गुरु पाठ का पुस्तकान्तर में गर पाठ स्पष्ट मिलता है परंतु वह न भी मिले तथापि पुरातत्ववेत्ता विद्वान इस छंद की प्रत्येक तुक की एक दूसरी से संगति मिला कर भले प्रकार जान सक्ते हैं कि कवि "तिथि वारं च नक्षत्रं योगं करण मेवच" के अनुसार यहां यह कहता है कि "गर नामक करण शिशु को परम हितकारी है" न कि यह कि–गुरु ने बड़े प्रेम से बालक का नाम रक्खा–हमारे हे सज्जन पाठको! आप सोचो, विचारो, न्याय करो, और सत्य २ कहो कि यह महा अनर्थ करने वाली भूल है कि नहीं और जो हम इतना परिश्रम केवल स्वदेश वत्सलता से उत्तापित हो कर न करते तो हमारे देश की हिन्दी भाषा और ऐतिहासिक विद्याओं की कितनी हानि संभव थी। राजपूताने के कितनेक कवि लोग अपने को हिन्दी भाषा के काव्यों में ऐसा उत्कृष्ट समझते हैं कि मानो अन्यदेशीय उनके आगे कुछ माल ही नहीं है परंतु इस अवसर पर हमको मिस्टर जोन बीम्स साहब Mr. John Beames का यह कहना स्मरण आता है कि "The Pandits of Rajputana even do not understand Chand beyond the general drift of the poem." "राजपूताने के पंडित भी चंद के काव्य को उसके एक साधारण भावार्थ के सिवाय नहीं समझते हैं"॥

(ङ) कविराजजी के लिखे पाठ में "पंच में थान परिसोम भोम" है और हम को पुस्तकान्तर में "पंच दुअ थान परि सोम भोम" पाठ मिला है। क्या इस से जन्म पत्री के ग्रहों में कुछ अंतर नहीं पड़ जाता है? और क्या जब तक कि अनेक प्राचीन पुस्तकों से इन रूपकों का पाठ मिलान कर के शुद्ध न किया जावे तब तक जन्मपत्री को अशुद्ध कह देना मानों सहसा सिद्धान्त कर लेना नहीं है? यदि कोई २ विद्यमान पुरातत्ववेत्ता अपने सहसा सिद्धान्त कर लेने को अच्छा समझ लेना अयोग्य नहीं समझेंगे और वे इस प्रचार को एक कलम बंद नहीं कर देंगे तो पुरातत्वविद्या को निःसीम हानि पहुंचनी संभव है। यहां कन्या का चंद्रमा और पृथ्वीराजजी का पृथ्वीराज नाम होने के कारण उनकी कन्या राशी का होना स्पष्ट है। और

॥ पृथ्वीराजजी के जन्म होने पर क्या २ आश्चर्यदायक बात हुई ॥

कवित्त ॥ भयो जनम प्रथिराज। द्रुग पर हरिय सिघर गुर ॥
भयो भूमि भूचाल। धमकि धम धम्म अरिनि पुर ॥
गढन कोट सें लोट। नीर सरितन बहु बढ्ढिय ॥
भै चक भय भूमिया। चमक चक्रित चित चढ्ढिय ॥
पुरसान थान पल भल परिय। ग्रभ्भ पात भय ग्रभ्भनिय ॥
बेताल बीर विकसे मनह। हुंकारत पह देवनिय ॥
छं० ॥ ७१६ ॥ रू० ॥ ३६४ ॥

॥ पृथ्वीराजजी की बाल अवस्था के चरित्रों का वर्णन ॥

कवित्त ॥ बरष बधै बिय बाल। पिष्ष बद्धै इक मासह ॥
घरी दीह पल पष्प। मास लष्षिय व्रप तासह ॥
मनिगन कँठला कंठ। मद्धि केहरि नष सोहत ॥
घूघर वारे चिहुर। रुचिर बानी मन मोहत ॥

ज्योतिष शास्त्र के एक अचल ध्रुवे के अनुसार यह अनुमान कर लेने का काम भी चंद ने हमारे ऊपर ही छोड़ दिया है कि कन्या के चंद्रमा के साथ केतु भी है क्योंकि राहु और केतु सदा परस्पर सात में स्थान में रहते हैं ॥

३६४ पाठान्तर:—जन्म। प्रिथीराज। पृथीराज। प्रथिराज। द्रुग। द्रुंग। भूचाल। धंम। कोट। से। लोंट। बहि। बढिय। भैचक्क भय भूमियांन। भय चक्रित भूमिया। चमकि। चढिय। पुरसांन। थांन। परीय। ग्रभ। ग्रभ। वैताल। विकसैं। नयन। हुंकारन। देवनीय ॥

इस रूपक में जो कुछ आश्चर्यदायक बातों के भाव कवि ने कहे हैं वह कोई वास्तविक आश्चर्य नहीं है किन्तु कवि लोग बड़े २ प्रतापी पुरुषों के जन्मादि के वर्णन में अद्भुत रस का आश्रय करके प्रायः ऐसा प्रसंग बांधा करते हैं। देखो जैसे यहां "धमंकि धम धम्म अरिन पुर" अथवा 'पुरसान थान पल भल परिय" कवि ने कहा है। वैसे ही तबक़ात नासरी नामक फारसी तवारीख़ में देखो कि महमूद गज़नी जिस रात्रि को उत्पन्न हुआ था उसी समय सिन्धु नदी के किनारे के एक मंदिर का फट जाना उस में लिखा है। उस से केवल इतना ही समझ लेना चाहिये कि महमूद मंदिरों को भ्रष्ट करने और मूर्त्तियों को तोड़ फोड़ डालने वाला हुआ है अतएव कवि ने उस के जन्म समय भी वैसा ही उस के प्रताप का एक चिन्ह वर्णन किया है। इस रूपक में बीर और अद्भुत रस मिले हुए हैं अतएव आक्षेप करने वाले अथवा किसी कोमल हृदय वाले मनुष्य के कान उस के पढ़ते ही खड़े हो जाते हैं, अर्थात्, रस अपना प्रभाव उस को प्रत्यक्ष दिखा देता है ॥

३६५ पाठान्तर:—बधे। पिय। बाधे। पल पलघ। पष्य। पष। लष्षीय। लषीय। घष। मनिगनि। कंठला। मधि। केहरि। सोहत। बाले केस। वारे केस। केसरि। सुमंडि। सुभ। दरसन। ज्योति। ज्योति। जरत। इक। छिन। हुलसि। परत ॥

केसर सु मंडि सुभ भाल छवि। दसन जोति हीरा हरत॥
नह तलप दुक्क थह छिन रहत। हुलसि हुलसि उठि उठि गिरत॥
छं० ॥ ७१७ ॥ रू० ॥ ३६५ ॥

दूहा ॥ रज रंजित अंजित नयन। घूंठन डोलत भूमि॥
लेत बलैया मात लषि। भरि कपोल सुष चूमि॥
छं० ॥ ७१८ ॥ रू० ॥ ३६६ ॥

पद्धरी ॥ अंगुरिन लग्गि रगि चलत लाल। सर मद्धि उठत गज हंस बाल॥
मिलि बाल जाल फबि रही केलि। बढि रही दुंद जनु बीज बेलि॥ छं० ॥ ७१९ ॥
जनु रमत कमल हरत कमल अग्ग। तप तेज बड्ढि मुष सिच नग्ग॥
सब देव तेज देषंत अंग। उद्दार अंग अद्भुत प्रसंग॥ छं० ॥ ७२० ॥
सँग बाल बैठि भोजन करंत। परिवार वस्तु लै हठ धरंत॥
आदर अद्व्व सघ्थीन देत। बगसीस करत हिय परम हेत॥ छं० ॥ ७२१ ॥
है हथ्थि चढत बढ्ढन अनंद। मन मौज चोज कवि पढत छंद॥
जिन हृदय कमल विद्याह हेत। छल छेद भेद तिन बुद्धि लेत॥ छं० ॥ ७२२ ॥
पाइक्क संग कायक्क केलि। धरि धूप हथ्थ बाहंत भेलि॥
गहि बग्ग हथ्थ फेरत तुरंत। नट न्रत्य निपुन धावत कुरंग॥ छं० ॥ ७२३ ॥
जल केलि करत मिलि सजन संग। अल्लोल कलभ जनु सरति रंग॥
पकवांन पांन सूगंध पूर। मादक्क सु मोद सुष सुषन नूर॥ छं० ॥ ७२४ ॥
षेलत अषेट संग स्वानडोर। बग्गुर वधंत षर गोस कोर॥
सुष घरिय पहर दिन पष्ष मास। सोमेस सूर चित बढन आस॥ छं० ॥ ७२५ ॥
जिम राम क्रष्ण सुष नंद गेह। संभरिय राय तिम दसा देह॥
छं० ॥ ७२६ ॥ रू० ॥ ३६७ ॥

---

३६६ पाठान्तरः—अजांत। घूठन। डोलत। वलइया। मुंष चूंम॥

३६७ पाठान्तरः—लगि। लगि लगि। लोल। केलि। अय। तेजि। वढि। पचिग। पचि घग। तेज। दूषत। उद्दार। अद्भूत। सुरंग। संग। वैठ। करत। वस्तू। वस्त। हठि। अदब। सघीन। हीय। हथि। वढत। मोज। चोज। रिदे। सुंहेत। विद्या सु। छल। वेदि। भेदि। छेदि। बुधि। पाइक। काइक। केलि। धोप। धोप। हथ। बांहंत। वग। हथ। नृत्य विपुन्य। तुरंग। केलि। अलोल। सरमि। सुगंध। पुर। षेलत। अषेट। संगि। स्वांन। डोरि। वगुरि।

कवित्त ॥ कै दसरथ ग्रह राम । (कै) * धाम वसुदेव कृष्ण वर ॥
कै कलि कास्यप रूप । जानि उपज्यौ किरनाकर ॥
कृष्ण ग्रेह कै काम । (कै) * काम अंगज जनु अनुरध ॥
(कै) * नन्द कास्यप अवतार । किधौं कौमार इश्व रुध ॥
लषिन बतिस बहुर्तरि कला । बाल वेस पूरन सगुन ॥
क्रीडत गिलोल जब लाल कर । (तब *) मार जानि चापक सु मन ॥
छं० ॥ ७२७ ॥ रू० ॥ ३६८ ॥

दूहा ॥ छुटत गिलोला हथ्थ तैं । पारत चोट पयल्ल ॥
कमल नयन जनु कामिनी । करत कटाछ क्रयल्ल ॥
छं० ॥ ७२८ ॥ रू० ॥ ३६९ ॥

॥ पृथ्वीराजजी का गुरु राम से सब प्रकार की विद्या सीखना ॥

दूहा ॥ कोइक दिन गुर राम पैं । पढी सु विद्या अप्प ॥
चवदसु विद्या चतुर वर । लई सीष पट लिप्प ॥
छं० ॥ ७२९ ॥ रू० ॥ ३७० ॥

वंधत । पगोस । फेरि । कोरि । धारीय । परक । पय । सोमेस । सुर । चित्त । वढि । वढ्ढि । रांम । कण्णु । सुभि । येह । जिम रांम नंद सुप कृष्ण येह । संभरीय । राव । दैह ॥

* यह शब्द पाठ में विशेष हैं । ऐसे उदाहरण इस ग्रंथ की लिखित पुस्तकों में बहुत हैं और वह भी किसी २ में ऊपर से लिखे हुए हैं । इस का कारण मुझे विचार करने से यह मालूम होता है कि किसी कवि ने पढ़ने के समय अर्थ के लगाने की सुगमता के लिये इन संवन्ध के सूचन करने वाले शब्दों को संकेत की भांति लिख लिये होंगे और ऐसी पुस्तक से प्रती करने वाले लेखकों ने उन को पाठ में मिलाकर प्रती कर दियी है । इस मेरे समाधान की पुष्टि में कई एक ऐसे स्थल मैं मेरे पास की प्राचीन पुस्तकों में बतला सक्ता हूं । अतएव इन को कवि की भूल अथवा Poetical licience नहीं समझना चाहिये ॥

३६८ पाठान्तर:-कें । यिह । रांम । धांम । कें । कश्यप । जांनि । उप्पज्ज्यो । किरनांकरि । गेह । कांम । कांम । अनिरुद्ध । कश्यप । किंधों । किधों । कोंमार । ईश्व । लष्यन । लषन । बतीस । वहोतरि । वेश । सुगन । जांनि । चांपक । सुंमन ॥

इस रूपक की पहिली चार तुकों के चरण कई एक पुस्तकों में उलट पलट हैं जैसे कि पहिली तुक के दूसरे चरण के स्थान में तीसरी तुक का दूसरा चरण; दूसरी तुक के स्थान में चौथी तुक; तीसरी के दूसरे में पहिली का दूसरा; और चौथी के स्थान में दूसरी तुक है ॥

३६९ पाठान्तर:-हुथ । हाथ । तें । पयल । कांमिनी । कटाछि । कटाच । क्रयल ॥

३७० पाठान्तर:-पंचह । पंद्रह । पंच कोइक । पे । पें । सू । चउदह । चवदे । लइ सीषि षट लिय ॥

पद्धरी ॥ लिषि सिष्य कुँअर प्रिथिराज राज। गुरु द्रोन पास सुत ध्रम्म ताज ॥
ॐ नमो सिद्धि प्रथमं पढाय। सब भाव भेद अष्षर बताय ॥ छं० ॥ ७३० ॥
दस पंच † दिन्न अध्येंन कीन। दस च्यारि सार सब सीष लीन ॥
सीषी सु कला दस अठ्ठ च्यारि। तिन नाम कहत कवि अग्ग सारि ॥ छं० ॥ ७३१ ॥
गुरु गीत वाद्द वाजिंच न्रत्य। सोचक्क सु वाच्य संविचार व्रत्य ॥
मनि मंच जंच वास्तुक विनोद। नैपथ विलास सुनि नत्त मोद ॥ छं० ॥ ७३२ ॥
साकुन्न कला क्रीडन विसार। चिचन सु जोग कवि चवत चारु ॥
कुसु सेष कला जुत इंन्द्र जाल। सुचि क्रम विहार आहार लाल ॥ छं० ॥ ७३३ ॥
सैाभग प्रयोग सूगंध वस्त। पुनरोक्त छंद वेदोक्त हस्त ॥
बानिज्ज विनय भाषित्त देस। आवद्ध जुद्ध निर्जुद्ध सेस ॥ छं० ॥ ७३४ ॥
बरनंत समय हस्ती तुरंग। नारी पुरुष्ष पंषी विचंग ॥
भ्रू भ्रू कटाछ्छ सुस्लेष सल्य। हष क्रम्म प्रष्ण उत्तर विजल्य ॥ छं० ॥ ७३५ ॥
सुभ सास्त्र कहे गनिकह पढन्न। लिषतव्य चिच कविता वचन्न ॥
व्याकन्न कथा नाटक्क छंद। अविधांन दरस अलँकार बंध ॥ छं० ॥ ७३६ ॥
धातक्क सु कर्म सुभ अर्थ जानि। सुर सरी कला बहुतरि बषान ॥
छं० ॥ ७३७ ॥ रू० ॥ ३७१ ॥

दूहा ॥ कला बहुत्तर करि कुसल। अति निबद्ध जिय जानि ॥
हेत आदि जानन निपुन। चतुरासीत विग्यान ॥ छं० ॥ ७३८ ॥ रू० ॥ ३७२ ॥

---

† इस दसपंच शब्द को पंद्रह ही दिन का वाचक नहीं समझना किन्तु कुछ दिन अथवा कुछ समय अथवा थोड़े दिनों का वाचक समझना उचित है क्योंकि रूपक ३७० में स्पष्ट कोइक दिन्न पाठ आय गया है ॥

३७१ पाठान्तर:—लिपि। शिष्यि। सिषि। कुअरं। कुंअर प्रिथीराज। पृथीराज। गुरं गुर। द्रोण। पासि। धम। नमः सिद्धिं। पढाइ। भैद। अष्यर। बताइ। वताई। अध्ययन। अध्येन। दस पंच विद्य अध्येन कीन। सीषि। अठ। नांम। कहित। अंग। सार। गुर। न्रत्य। सोचक। व्रत्य। वास्तुन। विनैाद। नैपंथ। सुंनि। नत। साकुन। शाकुंन। वितार। विचार। सू जोग। कुंस। युत। सोभग। प्रयोग। पुनरुक्ति। वैदोक्त वस्त। वांनिज। भाषित आवध। युद्ध। निरयुद्ध। सैस। पुरुष। वचंग। भ्रूं भ्रूं। सुलेष व्रष। छंद। उतर। विजल्यं। कहै। पंठंन। लिषितं ध्याचित्र। लिषितव्य। वचन। व्याकन। नाटक। नाटिक। दरसन। अलंकार। शुभ। जांनि। जांणि। वर्षांनि।

३७२ पाठान्तर:—वहुतरि। जांनि। जांनन। विद्यांन। विग्यांन ॥

अरिल्ल ॥ चतुरासीत विग्यानन जानन । भर मन मन आसंका भाजन ॥
मतिद्दा वीर सदा मन मोदन । वहुतरि विचित्र छवीस विनोदन ॥ छं० ॥ ७३९ ॥
दरसन श्रवन गीत वर वादी । न्त्रत्य व्रत्य पाठक पुनि आदी ॥
लेषक वित्त वाज वक्रवनि । सस्त्र सास्त्र जुद्दाकर तत्वनि ॥ छं० ॥ ७४० ॥
जुद्ध गनित पंषी गज तुरगा । आषेटक्क दूतन जल उरगा ॥
अंचन मंच मद्दोछव पचन । पुप्फ कला फल कथा सु चिचन ॥ छं० ॥ ७४१ ॥
करन पदारथ आयुध केली । वलकरि सूचद्द तत्व पद्देली छं० ७४२॥ रू० ३७६ ॥

दूहा ॥ कमल वदन रवि तेज कर । लष्पन संति वत्तीस ॥
कल नित प्रति सीषत कला । आवध धरन छतीस ॥ छं० ॥ ७४३ ॥ रू० ॥ ३७७ ॥

साटक ॥ विद्या वंस विचार सत्य विनयं, सौच्यं समाधीनता ॥
सन्मानं संस्थान सौष्य विजयं, सौजन्य सौभाग्ययं ॥
संपूर्णं च सरूप रूप प्रसनं, चित्तं सदा चारनं ॥
सांगीतं च सजोग चारु सकलं, विस्तारयंते कला ॥ छं० ॥ ७४४ ॥ रू० ॥ ३७८ ॥

दूहा ॥ गुन गरिष्ठ गौ विप्र प्रति । पूजक दान वरीस ॥
सव्द आदि दै निपुन अति । सास्त्रह सत्तावीस ॥ छं० ॥ ७४५ ॥ रू० ॥ ३७९ ॥

स्लोक ॥ संस्कृतं प्राकृतं चैव । अपभ्रंशः पिशाचिका ॥
मागधी शूरसेनी च । षट् भाषाश्चैव ज्ञायते * ॥ छं० ॥ ७४६ ॥ रू० ॥ ३८० ॥

॥ पृथ्वीराजजी के बत्तीस लक्षणों का वर्णन ॥

स्लोक ॥ विनयीगुरजनज्ञाता । सर्वज्ञः सर्व पालकः ॥
शरीरं शोभतेश्रेष्ठं । द्वात्रिंश तस्य लक्षणम् * ॥ छं० ॥ ७४७ ॥ रू० ॥ ३८१ ॥

---

३७६ पाठान्तर :—चक्र रचिति । विग्यांनन । जांनन । भानन । मोदन । नृत्य २ । चक्रवनि । वक्रवन । शस्त्र । शास्त्र । सासत्र । युद्धा । तत्वन । युद्ध । तुरंगा । आस । पेटक्क । उरंगा । जत्रन । मद्दोछव । पुप्फ । किला । करया । कैली । आयुद्ध । पहेली ॥

३७७ पाठान्तर :—तेज । तेय । लष्यन । लषन । वतीस । शीषत । सीषति । आयुध आउध । रन ॥

३७८ पाठान्तर :—सार । सौख्यं । समांधीनता । समाधानता । सनमानं । संनमान । सोजन्य । सूरूप । चारणं संगीतं । संगीत । सयोंग । विस्तारयंते ॥

३७९ पाठान्तर :—चिप्र । दांन । सवद । दे । सासत्रह ॥

* इन रूपकों के इन चौथे चरणों में ९ नव अक्षरों को देख कर कुछ आश्चर्य नहीं करना चाहिये क्योंकि संस्कृत भाषा के ग्रंथों में भी ऐसे उदाहरण मिलते हैं जैसे कि दुर्गापाठ के अध्याय २ श्लोक १ में "महिषे सुराणामधिपे" ॥

३८१ पाठान्तर :—संस्कृतं । प्राकृतं । अपभ्रंसं । अपभ्रंसि । पिसाचिका । मांगधी । सूरसेनी ।

काव्यजाति ॥ अरि तर वर तुंगो। कट्टनार्थं कुद्दारो ॥
कुल कमल प्रकासो। तेज तप्तो दिनेस ॥
दरसन रस सेवी। कामिनी काम म्रूर्त्ति ॥
पर वर प्रति पंचं। पालनं पार्थवानां ॥ छं० ॥ ७४८ ॥ रू० ॥ ३८२ ॥

श्ररिल्ल ॥ सूरज ज्यौं तप सत्रु कमोदन। फूलत अंग मद्दा मन मोदन ॥
भूपति भूप प्रतापन भारी। दठ करि रावन ज्यौं अहंकारी ॥
छं० ॥ ७४९ ॥ रू० ॥ ३८३ ॥

श्लोक ॥ ध्यानधर्मार्थकामंच। बल श्रचु सिंहासनं ॥
समारंभच्चितेश्चैवा। भिधानं अष्टधा स्मृतं ॥ छं० ॥ ७५० ॥ रू० ॥ ३८४ ॥

दूहा ॥ पाघ वीराजत सीस पर। जरकस जोति निद्दाय ॥
मनों मेर के सिषर पर। रह्यौ अहप्पति आय ॥ छं० ॥ ७५१ ॥ रू० ॥ ३८५ ॥
ता पर तुररा सुभत अति। कहत सोभ कवि नाथ ॥
मनु सूरज के सीस पर। धिषन धस्यौ धनु हाथ ॥ छं० ॥ ७५२ ॥ रू० ॥ ३८६ ॥
श्रवन विराजत स्वाति सुत। करत न बनै बषान ॥
मनु कमल पच अग्रज रहै। ओास उडग्गन आन ॥ छं० ॥ ७५३ ॥ रू० ॥ ३८७ ॥
कंठ माल मोतीन की। सोभत सोभ विसाल ॥
मेरु सिषर पारस फिरत। जानि नक्षिचन माल ॥ छं० ॥ ७५४ ॥ रू० ॥ ३८८ ॥
मिस भींने सु मयंक मुष। निपट विराजत नूर ॥
मनों वीर उर काम के। उगे आनि अंकूर ॥ छं० ॥ ७५५ ॥ रू० ॥ ३८९ ॥

भाषां। चैव। ध्यायते। विनयं। जनं। ध्याता। सर्व्वज्ञं। पालकं। शरीरे। सरीरे। सोभ्यते। सोभते। श्रेष्टं। द्वात्रिंसमपि लक्षणै ॥

३८२ पाठान्तर:—अति। घर तुंगो। कट्टनार्थै। कुठारो। प्रकाशो। तप्तो। दिनेसः। सेवी। मूर्त्ति। पंच। पार्थचाना ॥

३८३ पाठान्तर:—सूरिज। सुरज। ज्यो। ज्यों। शत्रू। फूलति। भुप। ज्यों ॥

३८४ पाठान्तर:—ध्यानं। सत्रु। सिंघासनं। च्चत्ते चैव। अभिधानं ॥

३८५–८९ पाठान्तर:—शीस। ज्योति। के। शिषर। शिषर। परि। अहप्यति। अहपति। तुरा। सोभै मनुं। मनो। सूरिज। मनैां सूरज। कै। शीस षर। परि। धषन। विराजित। वषांन। मनो। मनैां। अग्रजु। रहे। श्रोस। पयोकन। पयोकण। आंनि। शोनत्व। शोभ। विशाल। सोभति। मेर। शिषर। पास। जनन। छिन्नन। मिसि। निषट। मनों। कांम। के। ऊगे। उगी। आंनि। अकूर ॥

अरिल्ल ॥ आनन इंदु उद्दोत सु मानौं । जानन भोज विचष्यन जानौं ॥
रवि ज्यौं सत्रुन कौ तन तापन । कामिनि कौं मकरध्वज मानन ॥
छं० ॥ ७५६ ॥ रू० ॥ ३९० ॥

अरिल्ल ॥ जा सरनागत मानव बंछै । जा सरनागत दानव इंछै ॥
जा सरनागत देव बिचारै । सो प्रिथिराज प्रिथीपति सारै ॥
छं० ॥ ७५७ ॥ रू० ॥ ३९१ ॥

दूहा ॥ प्रिथ्थिराज पति प्रिथ्थिपति । सिर मनि कुली छतीस ॥
नप सिप पर मित लस तजै। ते गुन बरनि बतीस ॥ छं० ॥ ७५८ ॥ रू० ॥ ३९२ ॥
तिन सहाय असुरह सुभट । सत सामंत रु सूर ॥
तिन सु कित्ति प्रगटी करन। कही चंद कवि पूर ॥ छं० ॥ ७५९ ॥ रू० ॥ ३९३ ॥

कवित्त ॥ चहूआन कै बंस । बीर मानिक्क पुत्र दस ॥
ता सु कित्ति कवि चंद । जनम लग्गै जंपत जस ॥
ज्यौं बीत्यौ भारथ्थ । आदि अंतह त्यौं जंपौं ॥
वय वानी सु प्रमान । लग्न मग्नह गुन थप्पौं ॥
ज्यौं भयौ जनम कवि चंद कौ । भयौ जनम सामंत सब ॥
इक थान मरन जनमह सु इक । चलहि कित्ति ससि लगि रब ॥
छं० ॥ ७६० ॥ रू० ॥ ३९४ ॥

॥ एक दिन रात्रि को चंद की स्त्रीका रस में आकर पृथ्वीराज जी की आदि से अंत तक कीर्त्ति वर्णन करने के लिये चंद को कहना ॥

गाथा ॥ समयं इक निसि चंदं । वाम वत्त वहि रस पाई ॥
दिल्ली ईस गुनेयं । कित्ती कहो आदि अंताई ॥ छं॥ ७६१ ॥ रू० ॥ ३९५ ॥

---

३९० पाठान्तर:—आंनन । इद्दु । इंद । उद्दोत । समानो । मानो । जांनन । जातन । भोज्ज । विचप्यन । जांनो । भांन । शत्रुन । सत्रुंन । कै । कांमिनी । कुं । मकरधज । मांनन ॥

३९१ पाठान्तर:—मांनव । इछै । दांन । वंछैः । सरनागति । सो । प्रथीराज । प्रथिपति ॥

३९२ पाठान्तर:—प्रिथीराज । प्रिथवीय पति । प्रथीराज प्रथीवी पति । शिर । कुंली । शिप । तजे । तै । छ तीन । छत्रीस ॥

३९३ पाठान्तर:—असुरह सुरह । कित ॥

३९४ पाठान्तर:—चहुआंनारै । चहुवाना कै । वंश । मांनिक्क । मानक । स । जन्म । लगै । लगें । ज्यो । वित्यो । भारथ । ज्यो । जंप्यो । वांनी । प्रमांन । लगन लगनह । मगनं । थप्यो । जन्म । को । सांमंत । थांन । मरण । जन्म दिन इक । जनंम । कित्त । शसी । ससी । रवि । रवि ॥

३९५ पाठान्तर:—यांद । इस । कहों ॥

॥ चंद का अपने घर में कथा कहना और उस की स्त्री का उसे सुनते हुए जो स्मरण आवे वह पूछते जाना ॥

दूहा ॥ एक दिवस कवि चंद कथ। कही अप्पनें भोन ॥

जिम जिम श्रवनत संभरी। तिम पुच्छि सारंग नैंन॥ छं० ॥ ७९२ ॥ रू० ॥ ३९६ ॥

॥ चंद की स्त्री का उस से पूछना कि कौन दानव, मानव, और नृप कीर्त्ति करने के योग्य है ॥

दूहा ॥ कह्यौ कंत सौं कंति इम। चौं पूछों गुन तोहि ॥

को दानव मानव सु को। को नृप कित्तिक होहि॥ छं० ॥ ७९३ ॥ रू० ॥ ३९७ ॥

॥ चंद का अपनी स्त्री को गूढ उपलक्षों के द्वारा उत्तर दे कहना कि केवल हरि कीर्त्ति करने योग्य है क्योंकि उस की भक्ति के विना मुक्ति नहीं है ॥

कवित्त ॥ पेट काज चढि बंस। परैं फर हरैं अवनि पर ॥

पेट काज रिन भौम। मरैं मारैं सु ढुरैं धर ॥

पेट काज बंधि भार। पार पाहारन पारैं ॥

पेट काज तरु तुंग। चिन्न परि घर पर ढारैं ॥

इति पेट काज पापी पुरुष। वधै बहु लक्छी हरन ॥

नर वर सुक्रम्म कहा नह करै॥ इहै उदर दुभ्भर भरन ॥

छं० ॥ ७९४ ॥ रू० ॥ ३९८ ॥

इस रूपक से अंत तक कवि इस आदि पर्व का तो उपसंहार और दशम की कथा का प्रसंग अपनी स्त्री के वार्त्तालाप के द्वारा बड़े गूढार्थ में वर्णन करता है। हम आशा करते हैं कि काव्य के रसिक इस प्रसंग के दोहों और उन के अर्थ के गांभीर्य को अनुभव करके बहुत ही प्रसन्न होंगे ॥

३९६ पाठान्तर:—सुदिन। वद। कहीय। अप्पनै। भौन। श्रवनंत। श्रवनन॥ श्रवनह। पूछीय। सारंग। नेन॥

३९७ पाठान्तर:—कंति। सो। सों। सौ। कंत। ईम। हों। हौ। पुछौं। पूछूं। गुंन। तोहि को। दांनव। मांनव को। कों। कौ नप। कसि। कहोहि॥

३९८ पाठान्तर:—काजि। वंस। वंश। परयइ फरअकहरैं। परइ। फरहरइ। पैट। काजि। रन। भोमि। मरे। मारे। मरै। मरें। मारें। सुं। ठरे। ठरइ। पैट। काजि। पाहारम। पेट्ट। काजि। तरु। त्रिंच। त्तिन। त्रिन। परि। परिय। टारै। इन। इत। काजि। पुरुष। बंधे। बधे। लछी। वर। सुक्रम्म। कह। करहि। इहइ। ईह। भरण॥

कवित्त ॥ मेह विना नहि नेह । नेह बिन गेह अरस रस ॥
पिय बिन तिय न उमंग । अंग शृंगार रूप रस ॥
नायक बिन नह सेन । दंत बिन भुक्ति न होई ॥
नेग त्याग तैं रहित । कहै कीरति को लोई ॥
बिन नीर मीन राजन कहूं । छत्री बिन सूर त्तरिन ॥
मन वच्च क्रम्म तिम जानि जिय । न है मुक्ति हरि भक्ति बिन ॥
छं० ॥ ७९५ ॥ रू० ॥ ३९९ ॥

॥ चंद की स्त्री का उसे कहना कि चित्रनेवाले को चित्र कि जिस से तू दुस्तर के पार उतरै-चहुवान की कीर्त्ति कविने से वह क्या रंजैगा ॥

दूहा ॥ चित्रनहारे चित्रि तूं । रे चतुरंगी नाह ॥
का चहुआन सु कित्ति कवि । मन मनुष्य हरि लाह ॥ छं० ॥ ७९६ ॥ रू० ॥ ४०० ॥

कवित्त ॥ तत्त हीन पुत्तरी । पंच बंधी कर नंचै ॥
आसा नदी सपूर । जीय मनोरथ संचै ॥
बहु तरंग तिस्नाह । राग बहु ग्रेह कुरंगी ॥
का चहुआना कित्ति । कंत धीरज तिर भंगी ॥
मन मोह मूढ विस्तरि रह्यौ । चिंता तट घट भंजइय ॥
उत्तरहि पार दुत्तर कवी । का चहुआना रंजइय ॥
छं० ॥ ७९७ ॥ रू० ॥ ४०१ ॥

॥ चंद का अपनी स्त्री को कहना कि मैं चहुआन का ऋण उतारता हूं ॥

दूहा ॥ कहे गुपत गुन तैं भले । मो जिय इय अंदेस ॥
रिन अप्पौं चहुआन कौ । पुब्बह पिथ्थ नरेस ॥ छं० ॥ ७९८ ॥ रू० ॥ ४०२ ॥

---

३९९ पाठान्तर :—विना । नह । त्तेहु । ञेह । येह । गेह । पीउ । त्रिय । तीय । श्रिंगार । सैंन । दत्त । बिन । भुंक्ति । हाेइ । तैग । त्यांग । ते । नन । लोइ । जीवन । नही । सूरं तरिन । सूर तरिन । वच । क्रम । क्रंम । जांनि । जीय । सु न । है । नही मुक्ति हरि भक्ति विनां ॥

४०० पाठान्तर :—चित्रनहारै । त्रं । चहुंवांन । क्वि । मनुछ ॥

४०१ पाठान्तर :—तत्र । तत । पुतरी । पूतली । बंधा । नचै । नच्चे । नंदी । संपूर । जीव । मनोरथ । वहां । संचे । बहुंत । रंग । तृश्नाह । बहुं । येह । कुंरंगी । कां चहुवांना । मोह । मुंढ । थतां । भंजदंय । उत्तरिहि । उतरहि । दुतर । कट्टो । कां । चहुवांन । रंजदंय । रंजइह ॥

४०२ पाठान्तर :—कहे । ते । तें । भलो । भलैं । मो । इह । अंदेश । रिण । अप्पो । कौ । पुवह पंथ नरेस । पुब्बह पिथ्थि नरेस ॥

॥ चंद की स्त्री का कहना कि राजा को ऋण देता है तो गोविन्द को क्यों नहीं सुमरता ॥

दूहा ॥ चित्रनहारे हेरि चित । चित्रन हेरि कविंद ॥
जो रिन अप्पै राज कौ । तौ सुमरै न गुविंद ॥ छं० ॥ ७६९ ॥ रू० ॥ ४०३ ॥
श्रम जल मन मंदान करि । श्रम जल भेष न फेरि ॥
चित्त न अप्पै चित्र कौं । चित्रनहारे हेरि ॥ छं० ॥ ७७० ॥ रू० ॥ ४०४ ॥

॥ चंद का उत्तर देना कि मैं कमलासन को देख कर अकुलाया हूं केवल भक्ति विलंब करने वाली है ॥

दूहा ॥ कमलासन देषत थक्यौ । भगत विलंबन हार ॥
क्रोध अप्प सब जग ग्रसै । ग्रसंत न लग्गै वार ॥ छं० ॥ ७७१ ॥ रू० ॥ ४०५ ॥

॥ तथा चंद का कहना कि संसार में जो कुछ और सर्वव्यापी है वह कमलासन ही है उसी की उपमा करके मैं पृथ्वीराज जी की कीर्त्ति वर्णन करता हूं ॥

भुजंगी ॥ वही तत्त त्रैलोक संसार सारं । वही तारनं सत्त भौ सिंध पारं ॥
जगत्तं अधारं निराधार वोही । वही अव्वदा संपदा नित्य सोही ॥ छं० ॥ ७७२ ॥
वही भेद मंचं गजानंत लोयं । वही पूरनं ब्रह्म संसार भोयं ॥
नवं भक्ति कौ संव ही छत्र धारी । भम्यौ ब्रह्म बुझ्यौ वही सिद्ध तारी ॥ ७७३ ॥
जगत्तं सुरत्तं वही है निनारं । वही वासना वासुदेवं प्रकारं ॥
वही भत्त हथ्थं नच्यौ कप्पिमानं । वही यै वही यै वही यै निधानं ॥ छं० ॥ ७७४ ॥
दूकं एक आचिज्ज कीनें गुसांई । चवै चंद जो रंग गोव्यंद पाई ॥
वही की उपम्मा करै कित्ति भासैं । वही सब्ब संसार मझ्झै प्रकासैं ॥ छं० ॥ ७७५ ॥
वही अंतरंगी सुरंगी निनारं । वहै राज राजीव लोचन्न सारं ॥ छं० ॥ ७७६ ॥ रू० ॥ ४०६ ॥

४०३-४०४ पाठान्तर:-चित्रनहारे चित्र तूं । कवि चंद । ज्यो अप्पो । अपैं । को । तो । समरे । समरि । गोविद ॥ ३९८ ॥ मंदा करि । भेष न फेरि । चित्रन अप्पो । अपें । कों । चित्रनहारै ॥

४०५ पाठान्तर:-देषत । क्रोध । सप्पे । ग्रहे । लगो । लगैं ॥

४०६ पाठान्तर:-तत । नारणं । भव । सिंधु । जगतं । सोही । कंही । कही । सरदा । सोही । भेद । मंत्र । गजा मंत । लोयं । पुरनं । सोयं । भोयं । नव । भांति । शव । भम्यो । जगतं । सुरंतं । हेनि । हैनि । वासता । वास । है वं । वास हेव । भक्ति । हथं । कप्पिमानं । कपिमानं । नधानं । वहीं ये वही ये निधानं निधानं । दूक । अेक । अेक । अश्चिर्ज । कीनै । कीने । गुसाइ । गुसाईं । जो । रंगी । गोविद । उपमा । करे । भासो । कही । सकल । मझे । प्रकासो । कहे । लोवंच ॥

॥ चंद की स्त्री उसे कहती है कि ब्रह्म को ब्रह्म में देख जो उसे देखता है उसे वह दीखता है, हर की कीर्त्ति गा क्योंकि उस से और कोई बलवंत नहीं है ॥

दूहा ॥ ब्रह्म देषि ब्रह्मान्तरव । हरि दिपियन दिप्पाइ ॥
विज्ज छुटा अग्यांन मन । गोपी हरि गो गाइ ॥ छं० ॥ ७७७ ॥ रू० ॥ ४०७ ॥

ब्रह्म ब्रह्म हरात वर । नर जानी न गुविंद ॥
सकल घटं घट हरि रमै । ज्यौं अनेक घट चंद ॥ छं० ॥ ७७८ ॥ रू० ॥ ४०८ ॥

जस अपजस लाभिष्ट होइ । अवगति गति न बुझाइ ॥
गोप ग्वाल बूझे नहीं । गोपन बूझी गाइ ॥ छं० ॥ ७७९ ॥ रू० ॥ ४०९ ॥

कवित्त ॥ कहि महियन बल कित्तौ । एक दट्टं हरि धारिय ॥
कहि वासिग बल कित्तौ । सु फुनि करि नेचां सारिय ॥
सुमुंद कित्तौ गरुअत्त । अप्प भुज जोर हिलोरिय ॥
कित्तौक सबल मेरु गिरि । कमठ होइ पिट्ठह तोलिय ॥
लघु बली सेस बंभानवे । सुर असुरायन दिट्ठ सह ॥
कवि चंद अवर बल कैम कहि । कह तौ हरि बलवंत कह ॥
छं० ॥ ७८० ॥ रू० ॥ ४१० ॥

॥ चंद का अपनी स्त्री को उत्तर दे कहना कि अंग २ में हरि रूप रस है ॥

दूहा ॥ त्रिय वर ज्यौ नर ज्यौ सु कवि । नर कित्ती नन गाइ ॥
अंग अंग हरि रूप रस । ब्रन्न दिषाइ सुनाइ ॥ छं० ॥ ७८१ ॥ रू० ॥ ४११ ॥

---

४०७ पाठान्तर :—ब्रह्मांतरवर । हरिपिदिपियंन दिपायं । विन । ग्यांन । गोपो । गो । पाय ॥

४०८ पाठान्तर :—ब्रंह्म ब्रंह्म । जांनी । गोविंद । घटमै । ज्यो । मै रामचंद ॥

४०९ पाठान्तर :—लाभिष्टकी । बुझाय । ग्योप । बुझो । बुझै । गोपन । बुझी । गाय ॥

४१० पाठान्तर :—दठह । धारीय । कितो । किनो । फुंनि । सारीय । सारी । समुंद । किसो । गुरु यत्त । गुरुवत्त । अप्प व । भूज । जोर । हिलोरीय । कितक । मेरु । मेर । गिर । होइ । पिठह । तोलिय । शेस । असुराईन । दिठं । कहै । त । बलिवंत । कहि ॥

४११ पाठान्तर :—त्त्रीय । सुं किती लाई । गाय । ब्रचि । दिषाई । दिषाय । सुंनाई । सुनाय ॥

॥ चंद की स्त्री का उसे कहना कि अंग २ में हरि रूप रस वर्णन कर दिखाओ ॥

दूहा ॥ अंग अंग हरि रूप रस। विविधि विवेक वरेन ॥
मुकति समप्पन कंत रस। जुग तिनि जोग सरेन ॥ छं० ॥ ७८२ ॥ रू० ॥ ४१२ ॥

॥ चंद का उत्तर दे कहना कि कान दे सुन मैं वर्णन कर दिखाता हूं ॥

दूहा ॥ कह्यौ भांमि सौं कंत इम। जो पूछै तत सोहि ॥
कान धरौ रसना सरस। अग्नि दिषाऊं तोहि ॥ छं० ॥ ७८३ ॥ रू० ॥ ४१३ ॥

इति श्री कविचंद विरचिते पृथ्वीराज रासा के आदि पर्व्वनाम प्रस्ताव संपूर्ण ॥

---

४१२ पाठान्तर:—विविध। वरनं। सुगति। जुंग। जोग। सरनं॥

४१३ पाठान्तर:—भांमिन। सो। जो। पुछइ। पुछै। कांन। दिषांऊं तोहि॥

॥ उपसंहारिणी टिप्पणी ॥

यद्यपि इस महाकाव्य के महाकवि चंद बरदाई ने इस आदि पर्व्व का उपसंहार अपनी निज काव्य-रचन-शैली के अनुसार ३९५ रूपक से लेकर ४१३ तक में बड़े गूढार्थ के साथ वर्णन कर दिया है परंतु यह भी उचित और अत्यावश्यक है कि हम भी हमारी शैली के अनुसार हमारी टिप्पणों के उपसंहारार्थ कुछ थोड़ा सा अपने पाठकों की सेवा में सविनय निवेदन करें कि जिस से सर्व साधारणों को हिन्दीभाषा के इस महाकाव्य का कुछ स्वरूप-ज्ञान हो ॥

ग्रन्थ-संज्ञा

इस महाकाव्य का नाम पृथ्वीराजरासो है और वह दो शब्दों से मिलकर बना है अर्थात् पृथ्वीराज और रासो। इस संज्ञा का अर्थ यह होता है कि "पृथ्वीराज को रासो"। ग्रंथकर्त्ता ने पृथ्वीराज नामक सज्ञा से, हमारे उन पृथ्वीराजजी चौहान को अपने इस महाकाव्य का नायक वर्णन किया है, कि जो विक्रम के बारहवें शतक में हमारे स्वदेशी अंतिम राजराजेश्वर अर्थात् बादशाह हुए हैं; कि जिन की शूरवीरता का अभिमान आज तक प्रत्येक आर्य को है, और जिन के नाम का ओठा रात्रिदिन की बोल चाल में हमारे देश के सर्व साधारण दिया करते हैं। यह भी किसी से छिपा नहीं है कि वे एक कैसे बड़े कट्टड आर्य और शूरवीर राजा हुए हैं; कि जिनों ने सुलतान शहाबुद्दीनजी गोरी को कई बार घोर युद्ध कर २ के पराजित किया था परंतु होनहार परम बलवान होती है कि जिस से अचिंतित् घटना भी झट उपस्थित हो जाती है। देखो, ईश्वरही की इच्छा हिन्दुओं की बादशाहत स्थिर रखने की न थी, कि दैवयोग से पृथ्वीराजजी चौहान जैसे सूरवीर राजा, सुलतान शहाबुद्दीनजी गोरी के हाथ से, अपनी अंतिम लड़ाई में, अंत को प्राप्त हुए। वह भी फिर कैसे-कि वे हिन्दुओं की बादशाहत के सब ठाठ पाटरूपी सर्वस्व को मानो अपने साथ ही लोकान्तर में लेगये और जगत को यह निर्देश कर गये कि लौकिक में जो प्रायः यह कहा करते हैं कि किसी के अंत समय उसके साथ कुछ नहीं जाता है वह एक प्रकार से असत्य है-अब रहा हिन्दी रासो शब्द वह संस्कृत रास अथवा रासक से है और संस्कृत भाषा में रास के "शब्द, ध्वनि, क्रीडा शृंखला, विलास, गर्ज्जन नृत्य और कोलाहल आदि" के अर्थ और रासक के काव्य अथवा दृश्यकाव्यादि के अर्थ परम प्रसिद्ध हैं। मालूम होता है कि ग्रंथकार ने संस्कृत भारत शब्द के सदृश रासो शब्द को भावार्थ से महाकाव्य के अर्थ में ग्रहण कर प्रयोग किया है। यह रासो शब्द आज कल की व्रज भाषा में भी अप्रचलित नहीं है किन्तु अन्वेषण करने से वह काव्य के अर्थ के अतिरिक्त अन्य अनेक अर्थों में भी प्रयोग होता हुआ विद्वानों को दृष्टि आवेगा, जैसेः-"हमने चौदैके गदर को एक रासो जोड़यो है-कल बहादर सिंघजी की बैठक में बंदर नें गदर को रासो गायो हो-फिर मैं ने भरतपुर के राजा सूरजमल को रासो गायो सो सब देखते ही रह गये-अजी ये कहा रासो है-मैं तो कल्ल एक रासे में फँस गयो या सूं तुमारे यहां नाँय आय सक्यो-अजी रामगोपाल बड़ो दिवारिया है, वाके रासे में फँस कैं रुपैया मत बिगाड़ दीजो-हमनें आज बिन को रासो निमटाय दीनो है-देखौ साब! रासे के संग रासो है, बुरी मत मानों"-तथा लुगाइयें भी गाया करती हैं।

गीत ॥ मत काची तोन्ह रखियो धानी
नान्ह करूंगी औंत रासा
गुर राख, पछतावा, मत काचा । इत्यादि ॥ १ ॥
जिय लोगन की रास उठेगी तौन्ह के खाक उठावेगा,
हल जोत, नहीं पछतावेगा । इत्यादि ॥ २ ॥

२ यद्यपि इस महाकाव्य का केवल नाम सुनते ही उस का विषय यह प्रतीत होने लगता है कि उस में पृथ्वीराजजी चोहान के जन्म से लेकर मरण तक के ही सब चरित्र वर्णन किये गये हैं;

विषय

परंतु उस के गर्भित वृत्तों की परीक्षा करने से जानने में आता है कि महा कवि चंद ने उस में पृथ्वीराजजी के चरित्रों के साथ ही उन के सब समकालीन शूर, सामंत, आधीन राजा दुष्ट मित्र और सगे संबन्धी और सहायक यावदार्य राजकुलों के भी कुछ न कुछ चरित्र और शौर्य्य वर्णन किये हैं । अतएव यह कदापि नहीं समझा जा सक्ता कि यह महाकाव्य पृथ्वीराजजी चोहान के नायक होने के कारण से केवल चोहानों की ही बापौती का ग्रंथ है किन्तु वह वास्तव में यावदार्य राजकुलों का सर्वस्व है । देखो, पृथ्वीराजजी से लेकर जिन २ शूर वीरों के चरित्र उस में वर्णन किये गये हैं उन सब की विद्यमान संतान वर्तमान काल की हमारी श्रीमती भारत–राजराजेश्वरी विक्टोरिया के सिंहासन के चारों ओर उपस्थित होकर अपनी २ प्रतिष्ठा के अनुसार तन मन और धन के द्वारा परम राज–भक्ति को प्रकाश कर रहे हैं और श्रीमती के प्रस्वेद के साथ मानों अपना रक्त तक बहाने को प्रस्तुत खड़े हैं । क्या पृथ्वीराज-जी के एक बड़े शूर वीर सामंत पज्जूनजी के वंश में श्रीमहाराज साहब जयपुर और उनके राज वंशीय सरदार नहीं हैं? क्या पृथ्वीराजजी के सगे संबन्धी जयचंदजी के वंशज श्रीमहाराज साहब जोधपुर और कृष्णगढ़ और उनके भाई बेटे नहीं हैं? क्या पृथ्वीराजजी के बहनेऊ और परम शूर वीर सहायक रावल समरसीजी की कुलीन संतान में श्रीमहाराज साहब नैपाल, श्रीमहाराणाजी साहब उदयपुर, श्रीदरबार डूंगरपुर और प्रतापगढ़ अपने २ राजवंशी उमराव और सरदारों के सहित नहीं हैं? क्या चोहानजी के अनेक वंशज बूंदी, कोटा सिरोही, नीमराणा, भदावर, बेदला, कोठारिया, और पारसोली आदि के राजा महाराजा और सरदारों को आज हम अपनी आंखों से नहीं देखते हैं? इसी तरह अन्य सब की विद्यमान संतानों को भी हमारे पाठक स्वयम् विचार देखें और इस थोड़े में ही बहुत कर के समझ लें कि इस महाकाव्य का विषय बारहवें शतक के यावदार्य राजकुलों के संवलित चरित्रों से परम विभूषित है ॥

३ इस पृथ्वीराज रासे को जो हम अपने लेखों में महाकाव्य कर के लिखते हैं वह कुछ

काव्य

अन्यथा और आश्चर्यदायक नहीं है किन्तु साहित्यदर्पण में महाकाव्य का जो नीचे लिखा हुआ लक्षण लिखा है उस से वह विशेषांस में मिलता हुआ है:–

सर्गबन्धो महाकाव्यं तत्रैको नायकः सुरः । सद्वंशः क्षत्रियो वापि धीरोदात्त गुणान्वितः ॥
एकवंशभवा भूपाः कुलजा बहवोऽपि वा । शृङ्गारवीरशान्तानामेकोऽङ्गी रस इष्यते ॥
अङ्गानि सर्वेऽपि रसाः सर्वे नाटकसन्धयः । इतिहासोद्भवं वृत्तमन्यद्वा सज्जनाश्रयम् ॥
चत्वारस्तस्य वर्गाः स्युस्तेष्वेकं च फलं भवेत् । आदौ नमस्क्रियाशीर्वा वस्तुनिर्देश एव वा ॥
क्वचिन्निन्दा खलादीनां सताञ्च गुणकीर्त्तनम् । एकवृत्तमयैः पद्यैरवसानेऽन्यवृत्तकैः ॥
नातिस्वल्पा नातिदीर्घाः सर्गा अष्टाधिका इह । नानावृत्तमयः क्वापि सर्गः कश्चन दृश्यते ॥

सर्गान्ते भाविसर्गस्य कथायाः सूचनं भवेत् । सन्ध्या सूर्येन्दुरजनीप्रदोषध्वान्तवासराः ॥
प्रातर्मध्यान्हमृगयाशैलर्तुवनसागराः । सम्भोगविप्रलम्भौ च मुनिस्वर्गपुराध्वराः ॥
रणप्रयाणोपयम मन्त्रपुत्रोदयादयः । वर्णनीया यथायोगं साङ्गोपाङ्गा अमी इह ॥
कवेर्वृत्तस्य वा नाम्ना नायकस्येतरस्य वा । नामास्य सर्गोपादेयकथया सर्ग नाम तु ॥
सा० द० ५५९ ॥

जब कि वह महाकाव्य के लक्षण के अनुसार वास्तविक एक महाकाव्य है तो फिर उस के रचनेवाले का भी साहित्यशास्त्र में एक अच्छा व्युत्पन्न महाकवि होना क्या अनुमान नहीं किया जा सक्ता है? जैसे कि इस महाकाव्य का विषय पृथ्वीराजजी चौहान और उन के समकालीन यावदार्य राजकुलों के चरित्रों से संवलित् है वैसे ही उसका काव्य भी भिन्न २ प्रकार के छंदों से विभूषित अनेक प्रकार के काव्यों का एक ऐसा संवलित काव्यात्मक है कि जिस को हम किसी एक प्रकार के काव्य की संज्ञा प्रदान नहीं कर सक्ते हैं। उसके काव्य को श्राव्य-काव्य की संज्ञा देने में तो हम आशा करते हैं कि किसी विद्वान को भी कुछ शंका न होगी किन्तु सूक्ष्मतर अन्वेषण करने से ज्ञात होगा कि उस में दृश्य-काव्य के अनेक अंगों का भी कवि ने अपनी सूक्ष्मतर युक्तियों से ऐसा समावेश किया है कि उस को कोई दृश्य-काव्य का अच्छा व्युत्पन्न परीक्षक झट शोधकर जान सक्ता है। क्या हम यह नहीं विचार सक्ते कि इस महाकाव्य के छंदों को कवि ने रूपक के क्रम से क्यों गिने हैं? इस महाकाव्य की सूक्ष्मतर परीक्षा करने से यहां तक भी स्पष्ट विदित हो सक्ता है कि महाकवि चंद ने उसको काव्य की अनेक उत्तमताओं के इन तीन मूलों से भी भले प्रकार विभूषित किया है। प्रथम तो महाकवि ने अपने वचन का शृंगार, रस, अनुप्रास, और अलङ्कारादिक से परम विचित्र किया है। दूसरे उसने भाव में चोज रक्खा है। तीसरे इस महाकाव्य के सब छंद प्राचीन और नवीन प्रकार की गानविद्या के अनुसार गाये भी जा सक्ते हैं। इस के अतिरिक्त महाकवि ने पृथ्वीराजजी और उनके समकालीन यावदार्य राजकुलादि के इतिहास भी जहां तक उस से हो सके हैं भले प्रकार से वर्णन किये हैं। हिन्दी भाषा में साहित्यशास्त्र और सब पौराणिक अनुवाद विषयिक ग्रंथ जो अब तक प्राप्त हो सके हैं वह बारहवें शतक के अथवा उस के पहिले के नहीं है किन्तु वे सब इधर के समय के रचित हैं अतएव हम को समझना चाहिये कि चंद ने संस्कृत भाषा के अनेक ग्रंथों के आधार से ही यह महाकाव्य रचन किया है और जब कि यह बात ऐसे ही है, तो फिर हमको उस के परम परिश्रम के लिये कितना आभारी होकर उसकी प्रशंसा करना चाहिये। क्या हमको इस महाकाव्य की सूक्ष्मतर परीक्षा करने से चंद की उक्ति, साहित्यशास्त्र विषयिक नियम, और पौराणिक कथा आदि में उसका संस्कृत भाषा के अनेक विद्या ग्रन्थों का अनुकरण करना नहीं दृष्टि आता है? जहां तक हिन्दी भाषा के ऐसे अनेक ग्रंथ कि जो चंद के पीछे के रचित हैं हमारे पढने में आये हैं, उन सब से यही ज्ञात होता है कि उनके रचनेवाले चंद कवि जैसे संस्कृत भाषा से भले प्रकार परिज्ञात नहीं थे और उन्हों ने चंद की शैली का ही निःसंदेह अनुकरण किया है। हमारे कहने का सारांश यह है कि इस महाकाव्य को उसके अति क्लिष्ट और हमारी बुद्धि को चल विचल कर देनेवाला होने के कारण निन्दनीय नहीं ठहराना चाहिये किन्तु साहित्यशास्त्रादि के संस्कृत भाषा के अनेक ग्रंथों को हाथ में लेकर और अपने हृदय को चारण और भाटादि के वंश परंपरा के हाड-वैर के दुराग्रह से शुद्ध करके सूक्ष्मतर परीक्षा करनी चाहिये कि उस से हमको निःसंदेह यह ज्ञात हो जावेगा कि हमारे स्वदेशी और यूरोपियन बड़े २ विद्वान जो इस महाकाव्य की प्रशंसा अब तक करते चले आये हैं वह वास्तव में वैसा ही अमूल्य महाकाव्य है और वह ऐसा भी है-कि मानों चंद अपने समय

तक के हिन्दी भाषा के सर्व प्रकार के काव्यों का एक अमूल्य संग्रह हमारे लिये प्रस्तुत कर के हमारी हिन्दी भाषा को अति धनाढ्यकर गया है। क्या यह बात पक्षपात रहित विद्वानों को अति आश्चर्य और अट्टाट्टहास कराने वाली नहीं है, कि हम इस महाकाव्य को अभी तक बहुत ही अच्छी तरह से पढ़ पढ़ा और समझ समझा तो सके ही नहीं और न इस महाकाव्य में यूनीवर्सिटी University की परीक्षा की शैली के अनुसार परीक्षा देकर उत्तीर्ण हो सके हैं किन्तु उसको टोप देकर विध्वंस करने को तो हम सब से आगे आखड़े होने को प्रसन्नतापूर्वक तयार हैं? निदान किसी कवि के कहे अनुसार जो जिस के गुण को नहीं जानता वह उस की निन्दा निरंतर करता है:—"न वेत्ति, यो यस्य गुणप्रकर्षं स तस्य निन्दां सततं करोति। यथा किराती करिकुंभजाता मुक्ताः परित्यज्य बिभर्ति, गुंजाः" ॥

जैसे इस महाकाव्य का काव्य अनेक प्रकार के काव्यों का एक संवलित् काव्य है वैसे ही उसकी भाषा भी उसके ग्रंथकर्त्ता के समय तक की अनेक प्रकार की प्राचीन हिन्दी भाषाओं की एक अति संवलित्

भाषा

हिन्दीभाषा है। यदि किसी को इसमें कुछ संदेह हो तो वह इस आदि पर्व्व को ही ध्यान देकर पढ देखे कि उसके किसी छंद की तो कैसी भाषा है और किसी की कैसी। क्या विद्वानों से यह बात छिपी हुई है कि भाषा और काव्य का नित्य-संबन्ध नहीं है? जब कि उन में नित्य-संबन्ध का होना यथार्थ है तो फिर क्या प्रत्येक का अपने २ अनेक प्रकारों से संवलित् होना भी स्वतः सिद्ध नहीं है? इस महाकाव्य की भाषा के चोज को वह विद्वान भले प्रकार से जान सके हैं कि जो वर्तमान समय में फिलोलोजिस्ट Philologists अर्थात् शब्दोत्पत्तिविद्याज्ञ कहलाते हैं। और वैसे तो हमारे पढने में वर्तमान समय के ऐसे २ सहसा सिद्धान्त कर लेने वाले विद्वानों के भी लेख आये हैं कि जिनों ने ऐसा अत्यन्ताभाव का वाक्य भी कहा है, कि इस महाकाव्य के महाकवि को अनुस्वार और विसर्ग तक के प्रयोग करने का बोध नहीं था। और विद्वान भलेई ऐसा कहने में सम्मत हों परंतु हमारे मुख से तो इस महाकाव्य के काव्य को देखते हुए ऐसा सुन कर वारंवार यही निकलता है कि—त्राहि गोविन्द! त्राहि गोविन्द!! ग्रंथकर्त्ता ने इस ग्रंथ को जिस भाषा में लिखा है वह उसने स्वयम् ही इस आदि पर्व्वके रूपक ३९ में स्पष्ट कह दिया है और जैसा उसने कहा है वैसी ही भाषा हम इस महाकाव्य की पाते भी है। फिर आश्चर्य क्या है? वह यही है—कि न तो हम इस ग्रंथ को आदि से लेकर अंत पर्यंत पढते हैं, न समझते हैं, न कवि के अभिप्राय को लक्ष में लाते हैं, न यह विचारते हैं कि बड़े २ विद्वान कि जिन के वचन पर अनेक मनुष्य विश्वास करते हैं उनके सिर पर कुछ सम्मति देते समय बड़ी भारी जिम्मेदारी अर्थात् अनुयोज्यता का बोझ भी रक्खा हुआ है कि नहीं—किन्तु, जो मन में आया वही हम लिख डालते हैं; क्योंकि न तो चंद कवि, न पृथ्वीराजजी चौहान, और न रावल समरसीजी हम से हमारे ऐसा कहने के लिये अब लड़ने को आ सके हैं, और न किसी क्षीर-नीर का सा न्याय करने वाले विद्वान का हमको डर है। देखो, हमने हमारी प्रथम टिप्पणी में ही कह दिया है कि इस महाकाव्य की हिन्दी भाषा तीन प्रकार की है। प्रथम षट-भाषा-और-कुरान-की-भाषा-की-योनिवाली दूसरे षट-भाषा-और-कुरान-की-भाषा-के-सम, और तीसरे देशी—प्रसिद्ध। इसके अतिरिक्त विद्वानों को इस महाकाव्य की भाषा की सूक्ष्मतर परीक्षा करने से ज्ञात होगा कि चंद कवि ने साहित्यदर्पण में लिखे हुए भाषा के प्रयोग के निम्न लिखित नियमों का भी अपने निज विचार और शैली के संस्कार सहित इस महाकाव्य के रचने में कुछ अनुकरण किया है:—

पुरुषाणामनीचानां संस्कृतं स्यात्कृतात्मनाम् । शौरसेनी प्रयोक्तव्या तादृशीनाञ्च योषिताम् ॥
आसामेव तु गाथासु महाराष्ट्रीं प्रयोजयेत् । अत्रोक्ता मागधीभाषा राजान्तःपुरचारिणाम् ॥
चेटानां राजपुत्राणां श्रेष्ठीनां चार्द्ध मागधी । प्राच्या विदूषकादीनां धूर्तानां स्यादवन्तिका ॥
योधनागरिकादीनां दाक्षिणात्या हि दीव्यताम् । शकाराणां शकादीनां शाकारीं सम्प्रयोजयेत् ॥
बाह्लीकभाषा दिव्यानां द्राविडी द्रविडादिषु । आभीरेषु तथाऽभीरी चाण्डाली पुक्कसादिषु ॥
आभीरी शावरी चापि काष्ठपत्रोपजीविषु । तथैवाङ्गारकारादौ पैशाची स्यात् पिशाचवाक् ॥
चेटीनामप्यनीचानामपि स्यात् शौरसेनिका । बालानां षण्डकानाञ्च नीचग्रहविचारिणाम् ॥
उन्मत्तानामातुराणां सैव स्यात् संस्कृतं क्वचित् । ऐश्वर्य्येण प्रमत्तस्य दारिद्र्योपस्कृतस्य च ॥
भिक्षुबन्धधरादीनां प्राकृतं सम्प्रयोजयेत् । संस्कृतं संप्रयोक्तव्यं लिङ्गिनी घृत्तमासु च ॥
देवीमन्त्रिसुतावेश्या स्वपि कैश्चित्तथोदितम् । यद्देशं नीचपात्रन्तु तद्देशं तस्य भाषितम् ॥
कार्यतश्चोत्तमादीनां कार्य्यो भाषाविपर्ययः । योषित् सखीबालवेश्या कितवाप्सरसां तथा ॥
वैदग्ध्यार्थं प्रदातव्य संस्कृतं चान्तरान्तरा ॥ सा०द० ४३२ ॥

इस बात की कुछ परीक्षा हम इस आदि पर्व्व में ही कर सक्ते हैं । देखिये रूपक ३३, ३९, आदि शुद्ध संस्कृत भाषा में हैं और रूपक १६, २२, ४७, ५७, ५९, इत्यादि में षटभाषाओं का सादृश्य और साटकों में प्रायः संस्कृतादि भाषाओं का सादृश्य है । इसी प्रकार हमारे पाठक इन भाषा संबन्धी सब बातों को इस समग्र ग्रन्थ में अन्वेषण कर जाच देखें । यदि इस प्रकार की परीक्षा करने पर सब विद्वानों की सम्मति में यही तुलेगा कि चंद कवि वज्र-मूर्ख था तो हम भी उस को-बड़ा वज्र-मूर्ख कहने लगेंगे क्योंकि वह हमारा कोई संबन्धी नहीं है और न हम को हमारे कहे का कुछ हठ है वरुक हमारा सिद्धान्त यही है कि सत्य का ग्रहण और असत्य का त्याग । इस महाकाव्य की भाषा में दो एक वर्ष से एक यह भी बड़ी भारी शंका लोगों ने खड़ी किथी है कि उस में आठ या १० दस भाग में एक भाग के फारसी शब्द हैं और फारसी शब्द अकबर बादशाह के समय से हिन्दी भाषा में मिले हैं अतएव यह महाकाव्य सं० १६४० से १६७० के बीच में क्रित्रिम बना है । हम इस बात से बिलकुल्लही असम्मत हैं और ऐसा अनुमान करने वाले को हम समझते हैं कि उसने न तो यह पृथ्वीराज रासा कभी आदि से अंत परियंत अच्छी तरह से पढ़ा है और न उसको ऐतिहासिक विद्या का पूरा २ बोध है क्योंकि यह अनुमान बिलकुल्लही अदृढ़ और अपरिपक्व है । वरन अब तक के ऐतिहासिक शोधों के अनुसार हमारी सम्मति में फारसी शब्दों का मेल हमारे भरतखण्ड की बोलचाल की भाषाओं में सातवें शतक तक पाया जा सक्ता है कि फिर इस बारहवें शतक की हिन्दी भाषा की तो क्याही कथा कहनी है । टुक विचार कर देखिये कि किसी देश की भाषा में अन्य देशीय भाषा के शब्दादि का मेल बहुधा करके प्रथम बोलचाल की भाषा में ही हुआ करता है न कि किसी मृतः प्रायभाषा में और वह विदेशियों के किसी देश में आने जाने, बसने बसाने, रहने सहने, मिलने मिलाने वाणिज्य करने कराने राज्य के बदलने बदलाने, मत के बिगड़ने बिगड़ाने आदि के कारणों से ही हुआ करता है । तदनन्तर आप नीचे लिखे कारणों को विचार कर देखिये और निर्णय कीजिये कि चंद की हिन्दी में जो फारसी शब्दों के प्रयोग संबन्धी दोष दिये जाते हैं वह वास्तव में यथार्थ हैं अथवा नहीं:—

१ पृथ्वीराज रासे के किसी भी समय में आठ या दस भाग में एक भाग के फारसी शब्द नहीं हैं और जब प्रत्येक समय में नहीं हैं तब समग्र ग्रन्थ में भी न होना स्वतः सिद्ध है ।

यदि किसी को निश्चय करना हो तो इस आदि पर्व्व से ही गिन कर निश्चय करले । हां ऐसा तो हम निःसंदेह कह सक्ते हैं कि उस में अनेक फारसी शब्द हैं किन्तु विना गिने ऐसी असत्य संख्या स्थिर नहीं कर सक्ते हैं ॥

२ ग्रन्थकर्त्ता ने रूपक ३९ में स्वयम् कहा है कि उस ने कुरान की भाषा का भी आश्रय किया है ॥

३ ग्रंथकर्त्ता महाकवि चंद पंजाब देश के लाहौर नगर में उत्पन्न हुआ था, जहां कि उस के जन्म होने के १०० वर्ष पहिले से ही महमूदी सल्तनत का होना और उस का पृथ्वीराज जी के साथ ही साथ नाश होना तबक़ात नासरी से ही सिद्ध है। फिर क्या कोई विद्वान यह अनुमान कर सक्ता है कि इस सौ १०० वर्ष के समय में लाहौर नगर की भाषा में कोई एक भी शब्द मुसलमानी भाषा का नहीं मिल सका था और न चंद कवि एक भी फारसी शब्द जानता था और न उस के सुनने में कभी कोई एक भी फारसी शब्द आया था किन्तु वह इस वाक्य "नवदेत यावनी भाषा कंठे प्राण गते रपि" का ही अनुरूप था? क्या महमूदी सल्तनत के राज्य समय में कोई एक भी हिन्दू मुसलमान नहीं हुआ था, न कोई मसजीद बनी थी, न कोई नगर आदि मुसलमानी नाम से बसे थे? ।

४ क्या पृथ्वीराजजी के राज्य की और महमूदी सल्तनत की परस्पर सीमा नहीं मिली हुई थी? क्या इन दोनों राज्यों के दूत एक दूसरे के राज्य में आते जाते और नहीं रहते थे? क्या इन दोनों राज्यों में कभी एक वार भी कुछ परस्पर लिखने पढ़ने का काम नहीं पड़ा था? यदि परस्पर लिखा पढ़ी का काम पड़ा था तो क्या वह शुद्ध वैदिक संस्कृत भाषा में लिखा पढ़ी हुई थी और क्या महमूदी सल्तनत् वाले भी संस्कृतादिमृतः प्राय भाषाओं में ही अपना राज कार भार चलाते थे?

५ क्या हसन निजामी आदि से हम को यह ज्ञात होता है कि पृथ्वीराजजी के राज्य समय में उन की सेवा में अथवा उन के राज्य में न तो कोई फारसी जानने वाला था न कोई सुलतान की ओर से कभी कुछ सँदेसा लेकर पृथ्वीराजजी के पास गया, न कोई मुसलमान सिपाही थे, न कोई मुसलमान सौदागर था न कोई मुसलमान यात्री वहां आया था न कोई मुसलमान उन के आधीन देश में रहता था; मानों पृथ्वीराजजी के राज्य समय की हिन्दी भाषा को मुसलमानी भाषा की किंचित् वायु ही नहीं लगी थी? क्या चित्ररेखा नाम की सुलतान शहाबुद्दीनजी गोरी की एक परम प्रिया पासवान को हसननामक का उड़ा लाना तबक़ातनासरी से कुछ भी सिद्ध नहीं होता और क्या यही सुभगा पृथ्वीराजजी की शरणागत में रह कर हमारी हिन्दुओं की बादशाहत को समूल नाश को प्राप्त कराने वाली नहीं हुई है?

६ क्या सुलतान शहाबुद्दीनजी गोरी ने कई वार पृथ्वीराजजी और लाहौर की महमूदी सल्तनत पर चढ़ाईयां नहीं कियीं थी? क्या इन अवसरों में भी जो फारसी शब्द चंद ने प्रयोग किये हैं वह चंद और पृथ्वीराजजी की सेना के सुनने और समझने में कभी नहीं आये थे और न उन में का कोई एक शब्द भी उन की भाषा में मिल गया था? क्या जब शहाबुद्दीनजी ने लाहौर की महमूदी सल्तनत पर चढ़ाईयां कियीं तब लाहौर वालों ने पृथ्वीराजजी से कुछ मंत्रणा नहीं कियी थी और न उन की कुछ सहायता लियी थी?

७ क्या मसूद ने हांसी पर चढ़ाई नहीं कियी थी? क्या वह लाहौर के एक वाईसराय Viceroy के साथ बनारस तक नहीं आया था और न उसने उस शिवपुरी को लूटा था? क्या इस सयम में भी कोई एक भी शब्द मुसलमानी भाषा का हमारी हिन्दी भाषा में नहीं मिला था?

८ क्या महमूद गजनी की १६ वा १७ चढ़ाईयां (सन् ९९६ से १०३० तक) हमारे देश की भाषाओं में कोई एक भी मुसलमानी शब्द नहीं मिला सकी थीं? क्या हमारे गुजराती बन्धुओं को महमूद गजनी के निज मुख के "बुतशिकन्" और "बुत्फरोश" शब्द सोमनाथ के नाश के दिन से आज तक नहीं याद रहे हैं? क्या गुजरात के नागर ब्राह्मणों में से जिनोंने अपने देश की संरक्षा के लिये पुरुषार्थ किया और मुसलमानी बादशाहों की सेवा करना अंगीकार किया उनका नाम "सिपाही नागर" नहीं पड़ा है? क्या महमूद के समय में कोई भी हिन्दू मुसलमान नहीं हुआ था? क्या मथुरापुरी में उसके लशकर में अनेक हिन्दू गुलाम दो २ रुपियों में नहीं बिके थे? क्या उसकी १००००० एक लाख सवार और २०००० बीस हजार पैदल फौज के साथ हमारे स्वदेशी व्यापारियों की बोलचाल देववाणी में होती थी और कोई एक भी मुसलमानी शब्द उस की फौज हमारे देश के अनेक नगरों में अपने पीछे अपने स्मारक चिन्ह की भांति नहीं छोड़ गई थी? क्या महमूदाबाद नामक कोई भी नगर महमूद का बसाया हुआ हमारे देश में नहीं है?

९ क्या अब्दुलअसी ने सन् ६३६ ई० के लगभग बंबई के समीप के थाना पर चढ़ाई नहीं किथी थी? क्या इराक के परम प्रसिद्ध जालिम गवरनर Governor हज्जाज के समय में राजा दाहिर से सिंध विजय नहीं किया गया था? क्या फिर सन् ७१२ ई० में महोम्मद कासिम ने सिंध पर चढ़ाई करके सिन्ध को नष्ट भ्रष्ट और लूट खसोट नहीं किया था और राजा दाहिर को नहीं मारडाला था? क्या राजा दाहिर का लड़का जयसिंह इस समय कितनेक और छोटे मोटे सिन्ध के राजा और सरदारों सहित मुसलमान नहीं होगया था और क्या तब से ही मुसलमानी धर्म्म का आज तक सिन्ध में बराबर चला आना ऐतिहासिक शोध नहीं सिद्ध करते हैं? क्या सिन्धी मुसलमान पृथ्वीराजजी के पीछे हुए हैं? क्या इस दशा में कोई एक भी अरबी शब्द हमारी देश भाषाओं में उस समय नहीं मिला है?

१० क्या ऐतिहासिक शोध हमको यह नहीं विदित करते हैं कि पारसी लोग सैसेनियन् Sassanian Dynasty वंश की अवनति के समय Persia परशिया से भाग कर हमारे देश के बंबई नगर के आस पास आकर बसे हैं? क्या इन लोगों ने अपनी मातृभाषा का कोई एक शब्द भी पृथ्वीराजजी के समय तक हमारी देश भाषा में नहीं मिलाया था? क्या उन को हमारे देश के लोग पारसी के बदले कोई अन्य वैदिक शब्द से पुकारते थे?

११ क्या गुजराती भाषा में फारसी शब्दों के मिलने का शोध सं० १३५६ तक शास्त्री व्रजलाल कालिदासजी के रचित गुजराती भाषा के इतिहास नामक ग्रन्थ से पहुंचना नहीं विदित होता है? जो इसी तरह हम को देश भाषा के प्राचीन ग्रन्थादि बराबर मिलते जांय तो क्या हम सातवीं सदी तक कोई एक भी मुसलमानी शब्द हमारी देश भाषाओं में मिला हुआ नहीं शोध सकते हैं?

१२ क्या पुरातत्ववेत्ताओं ने यह शोध लिया है कि हिन्दी भाषा का अमुक समय में प्रागट्य हुआ है? क्या बारहवें शतक के पहिले और उसके एक दो शतक पीछे के कोई पुस्तक ताम्र-पत्र प्रशस्ती पट्टे परवाने आदि हम को ऐसे प्राप्त हो गये हैं कि जिन की अपेक्षा से हम यह कह सकें कि बारहवें शतक के पहिले अथवा उसके कुछ पीछे के समय तक भी मुसलमानी भाषा के शब्द हिन्दी में नहीं मिले थे? क्या अब तक के प्राप्त हुए पुरातत्व संस्कृतादि मृतः प्राय भाषाओं में नहीं हैं और उन की अपेक्षा से हिन्दी भाषा के विषय में कल्पना करना बहुत ही आश्चर्य दायक और अयोग्य नहीं है?

१३ क्या संस्कृत भाषा के उन ग्रंथों में, कि जिनको पुरातत्ववेत्ता बारहवें शतक से पहिले के बने हुए मानते हैं, ऐसे २ शब्द हमको प्राप्त नहीं होते हैं कि उन नाम के देश और मनुष्य यूरोप आदि अन्य खंडों में आज भी विद्यमान है? क्या विक्रमादित्यजी की "शाकारि" पदवी साधु संस्कृत भाषा की है? क्या रावल समरसीजी की आबू की प्रशस्तिके ४५ वें श्लोक में "तुरुष्क" शब्द नहीं प्रयोग हुआ है? क्या व्याकरण महाभाष्य से बहुत सी धातुओं के प्रयोग द्वीपान्तरों में होना विदित नहीं होता है? क्या महाभारत में पांडवों का यावनी भाषा में बात करना नहीं लिखा मिलता है?

१४ क्या वर्तमान समय के अच्छी हिन्दी लिखनेवालों में से कोई किसी विद्वन मंडली में खड़े होकर यह कह सक्ते हैं कि चिट्ठी पत्री से लेकर ग्रन्थ तक जो कुछ उनोंने आज तक हिन्दी भाषा में लिखे हैं उन सब की हिन्दी एक सी ही है अर्थात् उनके अनेक लेखों में से ऐसे २ उदाहरण बिलकुल्ल नहीं मिल सकेंगे कि उनके किसी लेख में तो एक भी फारसी शब्द नहीं आया होगा और किसी में अनेक फारसी शब्द प्रयोग हुए होंगे? यदि पृथ्वीराज रासे की भांति एक हजार वर्ष के पीछे कोई ऐसे हमारे स्वदेशीय बन्धु के ऐसे लेखों को हाथ में लेकर वाद विवाद करें तो क्या दोनों पक्षकारों को प्रत्येक के अनुकूल तर्क नहीं मिल सकेंगी? जब आज ही हम लोगों की यह दशा है कि कभी कैसी हिन्दी लिखते हैं और कभी कैसी तो फिर प्राचीन समय के ग्रंथकर्त्ताओं में से जिसने यह स्पष्ट कह दिया है कि मैं कुरान की भाषा को भी प्रयोग में लेता हूं उसको हम क्योंकर दोष दे सक्ते हैं? क्या हम अनुमान नहीं कर सक्ते कि प्राचीन ग्रंथकारों में से जिसने जैसी हिन्दी पसंद कियी उसने वैसी ही लिखी है?

१५ क्या आज कल के विद्यमान देशी राजस्थानों में अस्मार्त्त समय से अब तक मुसलमान बादशाह सिपहसालार, सरदार, सौदागर, मोलवी मुल्ला और काज़ी आदि के नाम अपनी देश भाषा हिन्दी और मृतः प्राय भाषा संस्कृतादि के होते हुए भी फ़ारसी अक्षरों और उसी भाषा में चिट्ठी पत्री और फ़रमान खरीते आदि के लिखे जाने का प्रचार नहीं प्रचलित है? क्या आज के एक-डंकी अंग्रेजी राज्य शासन समय में भी राजपूताने के अंतरगत राज्यों से श्रीमान् वाइसराय और गवरनर जनरैल साहब बहादुर के नाम उभय की विदेशी फ़ारसी भाषा और लिपी में ख़रीते नहीं लिखे जाते हैं? बहुत समय के व्यतीत होजाने पर जब कि वर्त्तमान समय के वृत्त पुरातत्व संज्ञा से माने जावेंगे और वे ऐसे ही अलभ्य होंगे जैसें कि आज पृथ्वीराजजी के समय के हैं तब फिर क्या उस समय के विद्वानों का वैसी ही तर्कों से कि जैसी से आज हम लोग रासे में दोष देते हैं इन देशी राज्यों के इन फ़ारसी लिपी और भाषा में गवर्मेन्ट हिन्द के नाम लिखे हुए ख़रीतों को भी जाली समझना यथार्थ होगा? क्या यह व्यवहार भी वर्तमान समय में देशी राजस्थानों में प्रचलित नहीं है कि जब गवर्मैन्ट हिन्द के नाम ख़रीता लिखने का काम पड़ता है तब फ़ारसी भाषा के विद्वानों को घेर घार कर, फ़ारसी कोषों में शब्दों को ढूंढ ढांढ़ कर, और एकान्त में बैठ बाठ कर, कई दिनों तक अति परिश्रम कर के नहीं लिखे जाते हैं; उसी तरह जब किसी मंदिर आदि की प्रशस्ति का काम पड़ता है तब वैसेही देशी और विदेशी पंडितों को चाहे वे राज के नोकर हों अथवा नहीं परंतु उने घेर घार कर संस्कृत भाषा में प्रशस्तियें नहीं लिखाई जाती हैं और जब किसी राजा की बिरदावली का कोई कवित्त बनवाने का काम पडता है तब षट भाषाओं की भाषा से बिगड कर बनी हुई डिंगल भाषा में काव्य नहीं रचवाया जाता है और जब लाट साहब की पधरावनी का उत्सव किया जाता

† यह रूपक सं० १६४७ की लिखित पुस्तक में नहीं है और उसके पीछे का सं० १९५८ की में है ॥

१९५ पाठान्तर:—बंधव। उचार। मुगति। चाणूर। मुष्टिक। तोसलह ॥

दूहा ॥ जमुन सपत्तौ कंस हनि। दिस्स विराजत साथ ॥
वर विश्राम विश्राम घट। धनि जदुनाथ सुहाथ॥ छं॰ ॥ ५४४ ॥ रू॰ ॥ १९६ ॥

अरिल्ल ॥ सल्लन मारि पछारति कंसह। बंधव के रिपु कोरि पुनंसह ॥
सूरसेन पुत्तिय सुत छंडिय। उग्रसेन सिर छत्तह मंडिय ॥ ५४५ ॥
जनस धाम वसुदेव देवकिय। किय वरपान प्रसन्न अंसु किय ॥
विप्रदान ग्रहगान सुमंडिय। कवि कविचंद छंद मुष वंदिय ॥
छं॰ ॥ ५४६ ॥ रू॰ ॥ १९७ ॥

दूहा ॥ हत्यौ कंस केसी हत्यौ। कालग्रहित जिन मात ॥
नंद कह्यौ नन्दादि सौं। जाहु ग्रेह अब तात ॥ छं॰ ॥ ५४७ ॥
जननि जसोदा सौं कह्यौ। राम किस्न संदेस ॥
ह्वां दधि मांषन चोरते। ह्यां हत कंस नरेस ॥ छं॰ ॥ ५४८ ॥
गोधन गोपी ग्वाल सब। सुष रहियो ब्रज वास ॥
दिन दस पाछें आय हौं। मात जसोदा पास ॥ छं॰ ॥ ५४९ ॥
बंसी बेत बषांन बन। गेंद हौंगुरी जोरि ॥
धरियो सवै दुराय कै। लेइ न राधा चोरि ॥ छं॰ ॥ ५५० ॥
अंसुधार अँसुरार मुष। परत नंद सब गोप ॥
जो छांडे अब दीन करि। कतराषे जल कोप ॥ छं॰ ॥ ५५१ ॥
अघ बक धेनक चासतें। अरु दावानल पान ॥
कतराषे इन विघनतें। जमला अरजुन ठान ॥ छं॰ ॥ ५५२ ॥
इह कहि सब अंकन मिले। नंद गोप सब साथ ॥
पगन परत ब्रज जात मग। कहत सुनाथ अनाथ ॥ छं॰ ॥ ५५३ ॥
डग मगि पग पेंडन चले। फिरि चितवै गोपाल ॥
का जाइ जसोदा कहैं। बिना संग ब्रजलाल ॥ छं॰ ॥ ५५४ ॥
जाइ जसोदा सों कह्यौ। रहे राम बलबीर ॥
सुनत जसोदा यों टरी। ज्यों तरु काटे नीर ॥ ५५५ ॥
गोपी गोप गुपाल विन। यों दीषत दीनंग ॥

१९६ पाठान्तर:-संपतौ। विस्व। विश्रांम।

१९७ पाठान्तर:-मालन। जरासिंध। पुतिय। धांम। देवकीय। पांन। अंशु। गृह गाम ॥

कहूं न मन माने निमष। ज्यों मनि बिना भुयंग॥ छं०॥ ५५६॥
सद माषन खाटी दही। धर्यो रहै मनमंद॥
षाइन बिन गोपाल को। दुषित जसोदा नंद॥ छं०॥ ५५७॥
प्रभुमाया फेरी प्रबल। सब लागे ग्रिह दंद॥
पलन सुहाई राधिका। बिन हंदावन चंद॥ छं०॥ ५५८॥

दूहा॥ घर अंगन गायन षिरकि। जमुना जल बन कुंज॥
फिरत उचाटी सी भई। बिन हंदावन चंद॥ छं०॥ ५५९॥
वंसीबट बनबीथिकनि। दधि रोकन की ठौर॥
नैकु न भानैं कहुं न मन। कहों कहां लौं और॥ छं०॥ ५६०॥
लीला ललित मुरार की। सुक मुनि कही अपार॥
ते बड भागी देव नर। जपत रहत नित्यार॥ छं०॥ ५६१॥
नंद तात पत्तौ सु ग्रह। सिसु बसुदेव प्रमान॥
कोइ काल मथुरा सु बसि। चलि द्वारिका निधान॥ छं०॥ ५६२॥
मधु मंडित मधु पुरित मधु। मधु माधुर सु अजोग॥
कवि बरनिय सुरस्वामि को। कहत दसम संभोग॥
छं०॥ ५६३॥ रू०॥ १९८॥

भुतिचाल॥ बाले जसोदा मतिलाले। कंस कालेसुकाले॥
जसोमति नंदा गोप बंदा। कंदो गुठिगो। बाल चंदा॥
हीन बंदो न बंदा। जयो बासुदेव नन्दा॥ छं०॥ ५६४॥ रू०॥ १९९॥

॥ बौद्धावतार की कथा॥

दूहा॥ उतपन कैकट* देस कलि। असुर जग्य जय हारि॥
जय जय बुद्ध सरूप सजि। है सुर सिद्धि सुधार॥ छं०॥ ५६५॥ रू०॥ २००॥

---

१९८ पाठान्तरः—सैं॥ ५४७॥ सुं। मार्यौ॥ ५४८॥ रहीयो। पाछें। आदहों॥ ५४९॥ षठ। गिंद। हिंगूरी। हिगुरी॥ ५५०॥ असुरार। असरार। छांडे॥ ५५१॥ पांन। ठांन॥ ५५२॥ कहा। कहे। विना॥ ५५३॥ सें। यें॥ ५५५॥ विन। दिषत। हीनंग। निषम। विना॥ ५५६॥ मांषन। विन॥ ५५७॥ फेरि। वृंदाबन॥ ५५८॥ परकि। बन॥ ५५९॥ नैकुं। लों॥ ५६०॥ नित्यार॥ ५६१॥ पत्तौ। प्रमांण। निधांन॥ ५६२॥ स्वामि। कों॥ ५६३॥

२०० पाठान्तर। ककट। किकट॥

* श्रीमद्भागवत पुराण में बुद्धकी उत्पत्ति "कीकट" में होनी लिखी हैः—

विराज ॥ जयो बुद्ध रूपं। धरंतं अनूपं ॥ हरी वेद नंदें। दया देह वंदे ॥
पसूहंत रष्षे। कियं सष्पभष्षे ॥ जयं जग्य जोपं। कियं हच्च भोपं ॥
त्रिगंधा विहारं। सुरष्षे दयारं ॥ असूरं सुगत्ती। षहं रष्पिपत्ती ॥
कला संजि कालं। दया धंम पालं ॥ सुरं ग्यान मत्तं। प्रवत्तेसुजत्तं ॥
धरे ध्यान नूपं। नमो बुद्ध रूपं। छं० ॥ ५७० ॥ रू० ॥ २०१ ॥

कल्कि अवतार की कथा ॥

दूहा ॥ कलि कलिंग उतपन असुर। हनी धंम धर भूप ॥
कलि कलिमल सों हरन हरि। कियौ कलंक सरूप ॥
छं० ॥ ५७१ ॥ रू० ॥ २०२ ॥

विराज ॥ भयं भूप लिंगं। अनीतं उतंगं ॥ विपंनी दयारं। अधर्मं विचारं ॥
कलंकं सुकालं। बिया पुक्क आलं ॥ धरा ध्रम्म लोपे। चवं एक रोपे ॥
वधे मेक्क मत्तं। चितं काल रत्तं ॥ जुगं वेद हारी ॥ न ग्यानं विचारी ॥
नयं दान ध्यानं। सुषं जानि मानं ॥ नहो मन्न पूजा। न सोचं अनूजा ॥
न जग्यं न जापं। सवै आप आपं ॥ न देवं न सेवं। अहं मेव मेवं ॥
न गाहा न गीयं। न पत्थं सुहीयं ॥ न ग्रंथं पुरानं। धरायन्न जानं ॥
धरे ध्यान सामं। कियं ग्यान नामं ॥ कलंकी सरूपं। धरंतं अनूपं ॥
हयं स्याम रोहं। किरीटी ससोहं ॥ जुगं बाहु चारं। मनीजोति तारं ॥
कटी पीत पट्टं। महा बिप्प भट्टं ॥ करे षग्ग धारं। विकट्टं करारं ॥
मुठी हेम सेतं। मनों धूमकेतं ॥ करे खग्ग धारं। असूरं प्रहारं ॥
कियं षंड षंडं। धरा पूर रुंडं ॥ धरं ध्रम्म चारं। पवित्रं विहारं ॥
कियं अब्ब सत्तं। सुषैनी पवित्तं ॥ सुरं पुष्फ विष्टं। सुचारं सुतिष्टं ॥
रचे सत्त जुग्गं। कलीकाल भग्गं ॥ कृतं सत्य नूपं। जयो ता सरूपं ॥
छं० ॥ ५८४ ॥ रू० ॥ २०३ ॥

ततः कलौ संप्रवृत्ते संमोहाय सुरद्विषाम्। बुद्धो नाम्ना ऽजिनसुतः कीकटेषु भविष्यति १।३।२४ ॥

२०१ पाठान्तर:—रष्षे। भष्षे। ध्यांन ॥

२०२ पाठान्तर:—हति। सौं ॥

२०३ पाठान्तर:—कलिंगं। पुछ। मेछ। ग्यांनं। ध्यांनं। मानं। सांमं। ग्यांन। सांमं। स्यांम। कटिं। धूंम। किरवार। ध्रंमचारं। सुष्योनी। पुष्फं। सत्यं ॥

॥ उपसंहार का कथन ॥

दूहा ॥ राम किसन कित्ती सरस । कहत लगै बहु बार ॥
कुक्क आव कवि चंद की । सिर चहुवाना भार ॥
छं० ॥ ५८५ ॥ रू० ॥ २०४ ॥

कवित्त ॥ सिर चहुवाना भार । राम लीला किन गाइय ॥
सनक सनंद सनत्त । कही सुकदेव न जाइय ॥
वालमीक रिषराज । किसन दीपायन धारिय ॥
कोटि जनम संभवै । तोय हरि नाम अपारिय ॥
मानुक्क मंद मति मंद तन । पुब्बभार चहुआन सिर ॥
जं कह्यौ अलप मति सुलप करि । सुहरि चित्त चित्यौ सुथिर ॥
छं० ॥ ५८६ ॥ रू० ॥ २०५ ॥

इति श्रीकविचंद विरचिते प्रथिराजरासके दसावतार
बर्ननं नाम द्वितीय प्रस्ताव संपूर्णम् ॥

२०४ पाठान्तर:—रांम । कुक । चहुवानां ॥
२०५ पाठान्तर:—चहुवांनां । रांम । सुनंद । नांम । मांनुक्क । चहुंआंन ॥

अथ दिल्ली किल्ली कथा लिख्यते।

(तृतीय समय)

मंगलाचरण।

चंद की अपनी स्त्री के प्रति उक्ति कि विधना ने दिल्ली सोमेसरनंद के बसने को निर्म्माण की है॥

साटक॥ राजं जा अजमेर कोत्ति कलयं, व्रंदं व्रतं संभरी।
जुद्धारा भर भीर मीर वहनौ, दहनौ दुरंगो अरी॥
सो सोमेसरनंद ढंढ गहिला, वहिला वनं * वासनं।
न्रिम्मानं विधना सुजान कविना, दिल्लीपुरं वासनं॥ छं० ॥ १ ॥ रू० ॥ १ ॥

चंद का अपनी स्त्री को कहना कि अनंगपाल की पुत्री को पुत्र उत्पन्न होने से दिल्ली की पूर्व्व कथा का प्रसंग प्राप्त हुआ हैं॥

कवित्त॥ अनगपाल पुत्तीय सुरंग †, पुत्त इच्छा फल दिन्नौ।
नालिकेर फल सुफल, मंत आरंभन किन्नौ॥
तव प्रसाद उप्पनौ, पुब्ब संढो कथ भारिय।
बर बीसल वै बंस, कह्यौ वर द्रुग्ग विचारिय॥
प्रथिराज जोति बरनीह कवि, अस्तिमंत सामंत भर।
चंदानि वदनि सुनि चंदमति, भयौ दानवी बंसवर॥ छं०॥२॥ रू० ॥२॥

---

१ पाठान्तर—वहिला। वासन। सुजांन। वासनं॥

विदित रहे कि यहां कवि ने किसी देवता का मंगलाचरण न कर के पदार्थनिर्देशवत् मँगलाचरण किया है॥ * जहां दिल्ली बसी है उस बन का पुराना नाम है।

२ पाठान्तर—† अधिक पाठ है। पुत्र। इछा। दीनौ। कीनौ। प्रशाद। ऊपनौ। चारिय। वै। दुग्ग। विचारीय। प्रथीराज। अस्तमंत। दानव॥

बालकपन में पृथ्वीराज का दिल्ली प्राप्त करने का स्वप्न देखना ॥

दूहा ॥ बालप्पन प्रथिराज ने, इह सुपनन्तर चिन्ह ।
लै जुग्गिनि जुग्गिनि पुरह*, तिलक हथ्थ करि दिन्ह ॥ छं० ॥ ३ ॥ रू० ॥ ३ ॥
कछु सोवत कछु जागतें, निसि सुपनंतर पाय ।
अद्ध रयन के अंतरै, सुष सुत्तह सुभदाय ॥ छं० ॥ ४ ॥ रू० ॥ ४ ॥
अभयदायिनी नाम तिहिं, जुग्गिनि जग आधार ।
सुपनंतर सुभदायिनी, आयै आप पधार ॥ छं० ॥ ५ ॥ रू० ॥ ५ ॥
कनक कंत्ति दुति अंग की, निरषि सु पातग जात ।
परमानन्दप्रदायिनी, पार करन जग मात ॥ छं० ॥ ६ ॥ रू० ॥ ६ ॥
नष सिष प्रभा प्रकास दुति, चव्र सुष कमल सुफूल ।
ब्रन्न ब्रन्न नग जोति जग, जरकस कंत्ति दुकूल ॥ छं० ॥ ७ ॥ रू० ॥ ७ ॥

पृथ्वीराज की माता का उससे स्वप्न का वृत्तान्त पूछना ॥

दूहा ॥ सुपन पुच्छि माता तवै, कहौ पुत्र सब भाय ।
जो दिष्षिय तुम अर्द्ध निसि, सो कारन समझाय ॥ छं० ॥ ८ ॥ रू० ॥ ८ ॥

पृथ्वीराज का माता को उत्तर दे स्वप्न का वृत्तान्त कहना ॥

कवित्त ॥ करि जुग्गिनी रत भेस, सुरँग सिंगार अभासिय ।
चंद पंति तारक्क, चरन परि बिंटि प्रहासिय ॥
अंबर दिय उचार, दिव्य बानी धुनि मंडिय ।

ध्यान में रहे कि यहां से सब कथा चंद और उसकी स्त्री के संवाद में है और उस संवाद के अंतर्गत अन्य सब संवाद वर्णन किए गए है, अतएव छंदो का लगाना कुछ गूढ सा हो गया है । निदान हमारे दिए शीर्षकों के बल से अर्थ सुगमता से लग सकता है ॥

३–७ पाठान्तर–बालापन । पृथ्वीराज । निसि । जुगिनि । जुगिनिपुरह । हथ ॥ ३ ॥ निशि । पाइ । अध । रयनिकै । सुभ सुत्तं सुभदाइ ॥ ४ ॥ अभैदायिनी । तिहि । जुगिन । सुभदायिनी । आपै ॥ ५ ॥ अंगसह । पातक ॥ ६ ॥ सफूल । सुफूलि । बरन बरन नंग । जर्कस ॥ ७ ॥

इनमें सं० १६४७ की लिखित पुस्तक के अनुसार दोहा ६ और ७ का पाठ है, परन्तु, उसके इधर की लिखी नवीन पुस्तको में उनके पहिले पाद तो ऐसे ही हैं, किन्तु शेष तीन पाद ६ के ७ में और ७ के ६ में लिखे मिलते हैं ॥ * जुगिनिपुरह–दिल्ली का एक पुराना नाम है ॥

८ पाठान्तर–सुपिन । पुछि । कहौ । कहह्ना । समभाय । सवभाइ । दिपिय । दिष्यवि । समुझाइ ॥

सुपनंतर चहुवान, जाय जुग्गिनिपुर मंडिय ॥
जाग्रंत मात दिष्यो सुपन, प्रकाति न कोय तिन थान रहि ।
भय प्रात मात पुच्छिय प्रगट, सो सुपनंतर अरथ कहि ॥
छं० ॥ ९ ॥ रू० ॥ ९ ॥

पृथ्वीराज की माता का स्वप्न का वृत्तान्त सुन अद्भुत रस में रंजित होना ॥

अरिल्ल ॥ सुनि सुनि वचन मात नव वुल्लिय, सुभ अद्भुत्त चित्तरस झुल्लिय ।
सुष दुष द्रिग्ग भरी जल आंइय, मन भौ हास करुन फुनि आइय ॥
छं० ॥ १० ॥ रू० ॥ १० ॥

उसका ज्योतिषियों को बुला स्वप्न का सत्यफल पूछना ॥

दूहा ॥ तब बुलाय सब जोतगी, कही सुपनफल सत्य ।
दिवस पंच के अंतरे, होय सु दिल्लीपत्ति ॥ छं० ॥ ११ ॥ रू० ॥ ११ ॥
गाथा ॥ ढिल्ली वै स्वपनं तं, प्रातं कहिय* प्रगट विप्पायं ।
जोतिग गनिक गुनीसं, सुनियं सो सत्ति कत्तायं ॥ छं० ॥ १२ ॥ रू० ॥ १२ ॥

ज्योतिषियों का उत्तर दे कहना कि पृथ्वीराज दिल्ली का राजा होगा ॥

दूहा ॥ न हुइ बात जोतिग घटै, मनस ध्रुच थिरभाव ।
जोग नैर† जोतिग कहै, प्रभु सु होय प्रथुराव ॥ छं० ॥ १३ ॥ रू० ॥ १३ ॥

---

९ पाठान्तर—कवित्त षट्पद । जुग्गिनि । सुरंग । शृङ्गार । अभ्यासिय । तारक (के) अधिक पाठ है । भांन । महाबीय । उचार । बानी । मंडीय । चहुवांन । चहुआंन । जाइ । जोगिनपुर । छंडिय । जाग्रन । मंत । दिख्यौ । सुपनः । प्रक्रत । कोइ । पुछि । सुपनंतर । अर्थ ॥
१० पाठान्तर—वचन । चित । झुलिय । द्रिग । भरि । भए ॥
११ पाठान्तर-बुलाय । बुलाइ । जोतषी । कहि । कहै । सति । कहे । होइ । दिल्ली । पति ॥
१२ पाठान्तर—कहीय । * यहां "आग" पाठ सं० १८५९ की, पुस्तक में अधिक हैं । विप्रायं । सति । मता ॥
१३ पाठान्तर-नह । बात । मनिसु । ध्रुच । जोगनयर । जोतिषि । होइ । पृथुराज ॥
† दिल्ली का पुराना नाम ॥

ज्योतिषियों को बिदा कर माता और पुत्र का एक गृह में जा बैठना ॥

दूहा ॥ न दूह कथ्य दुजराज कथि, प्रनमि करी सु विदाय।
सात पुत्त दो इक्क ग्रह, बरसंति वैठे आय ॥ छं० ॥ १४ ॥ रू० ॥ १४ ॥

अनंगपाल की पुत्री का अपने पुत्र के आगे दिल्ली की पहली किल्ली की पूर्वकथा का कहना और राजा कल्हन का वनक्रीडा करते सुसा और स्वान के चरित्र से भूमि का वीरत्व देखना ॥

कवित्त ॥ तब अनगानी पुत्ति, कहै सुनि पुत्त सु वत्तह।
पुब्ब कथा ज्यों भई, सुनौ त्यों कहूं अपुब्बह ॥
हम पितु पुरिषा पुब्ब, न्टपति कल्हन*वन क्रीलत।
सुसा छंडि ता पुट्ठ, स्वान संचरिय सचीलत ॥
सिसु संमुष हुइ वैठी सु तहां, भग्गि स्वान भै भीत हुन्र।
सब सथ्य तथ्य आचिज्ज भय, करि पारस ठट्ठे सुभय ॥ छं० ॥ १५ ॥ रू० ॥ १५ ॥

उस वीरभूमि में व्यास का कीली गाड़ना ॥

दूहा ॥ व्यास† जोति जग जोति तहँ, सिद्द महूरत ताव।
दैव जोग सेसह सिरह, किल किल्लित सु ग्राव ॥ छं० ॥ १६ ॥ रू० ॥ १६ ॥

---

१४ पाठान्तर–नह। कथ। विदाय। पुत। दोइ। इक। ग्रह। वैठ। आइ॥

१५ पाठान्तर–पुत्रि। कैह। पुत्रि। पुत्र। वतह। ज्यों। सुनै। त्यूं। कहौं। पित्त। पुवि किल्हन। स्वांन। सचीलति। सव्वीलत। समुष। होय। होइ। वैठीज। स्वांन। श्वान। भय। होइ। सथ। तथ। आजिज। ठट्टे॥ * कल्हन चन्द्र का वाचक होने से राजा चन्द्र। उपसंहरणी टिप्पण देखो॥

१६ पाठान्तर–दैवयोग। सिरनि। कील। कलित॥

† व्यास राजगुरु का वाचक है। तँवर राजपूतों के पांडववंशीय गिने जाने से उनके राजगुरु व्यास कहाते थे। यह वह व्यास था जो कल्हन राजा के समय में राजगुरु था॥

वहां काल्हन का काल्हनपुर बसा कर राज करना और फिर उसके कितनीक पीढी पीछे अनंगपाल का होना ॥

दूहा ॥ काल्हनपुर * काल्हन नृपति, वामी नृप निज साज ।
　　कितक पाट अंतर नृपति, अनगपाल भय राज ॥ छं० ॥ १७ ॥ रू० ॥ १७ ॥

इतनी कथा सुनकर राव (पृथ्वीराज) के मन में अचरज हुआ ॥

दूहा ॥ सुनत राव इह कथ्य फुनि, उग्जिय अचरज अंग ।
　　लियत्त अंग धीरज रहित, भयो दुमति मति पंग ॥ छं० ॥ १८ ॥ रू० ॥ १८ ॥

विपरीत समय का आना देखकर सकल सभा का शंकित होना ॥

दूहा ॥ सकल सभा संकित भई, व्यास वयन वर वेद ।
　　क्रमयं समय विपरीत भय, उपज्यो अंतर षेद ॥ छं० १९ ॥ रू० ॥ १९ ॥

† दूसरी किल्ली की कथा ॥

अनंगपाल की पुत्री का अपने पुत्र (पृथ्वीराज) के आगे अपने पिता के फिर से दिल्ली बसाने के लिये पाषाण और किल्ली गाड़ने की कथा का कहना ॥

कवित्त ॥ अनगपाल पुत्तीय, फेरि बुल्ली सुत सम्मह ।
　　एह वत्त आचिज्ज, उपजि मो पित्त तु तव्वह ॥
　　पुच्छि व्यास ‡ जग जोति, राज मंझौ उक्कव घन § ।

---

१७ पाठान्तर–किल्हनपुर । किल्हन । अनंगपाल । भयो ॥

* कल्हन राजा के दिल्ली बसाने के समय का दिल्ली का पुराना नाम कल्हनपुर है ॥

१८ पाठान्तर–कथ । अचंरिज ॥

१९ पाठान्तर–वचन । विपरति ॥

† ध्यान में रहे कि कल्हन के पीछे कई पीढी तक तँवर कल्हनपुर में सुख से राज करते रहे और रूपक १८ और १९ कवि ने दूसरी किल्ली की कथा का प्रसंग मिलाने के लिये कहे हैं। क्योंकि जो कुछ विपरीत हुआ है वह दूसरी किल्ली के पीछे हुआ है ॥

२० पाठान्तर–अनंगपाल । पुत्रीय । बोली । संमुह । बत । आचिज । पित । तव्वह । पुछि । व्यास । उछव । नांम । कुशल । सद्दि । गढयो ॥　　‡ अनगपाल के समय का राजगुरु ॥

§ इससे स्पष्ट है कि अनगपाल ने दूसरी वार दिल्ली बसाने का प्रयत्न संतान की कामना से किया था। इसी लिये कवि ने–ग्राम नाम अप्पिये, कुसल जिन होय गेह धन–कहा है। और "धन" शब्द यहां सन्तान का वाचक है ॥

ग्राम नाम अप्पियै, कुसल जिन होय ग्रेह धन ॥
चिंतयौ चित्त दुजराज तब, अगम निगम करि कढ्ढयौ।
सुभ घरी महरत संधि कैं, फिरि पाषान सु गढ्ढयौ* छं० ॥ २० ॥ रू० ॥ २०

व्यास का कहना कि पांच घड़ी तक पाषाण को हाथ न लगाने से वह शेष के सिर पर दृढ हो जायगा परन्तु राजा का इसे अनर्थ कर मानना ॥

कवित्त ॥ कहै व्यास जग जोति, सुनहि तूंवर नरिंद तुग्र।
एह सेस सिर ग्राव, अचल निहचल सुरंग धुग्र ॥
सोहि अरथ पल एह, छेह अप्प नह राजन।
पंच घरी इह मुक्कि, राज रहियो इन काजन ॥
इतनौ जु कह्यौ वर व्यास तहँ, इन अनथ्थ का मानयौ।
भवङ्गित्तबत्त मिट्टै न को, क्रत्त क्रम्म नह जानयो ॥ छं० ॥ २१ ॥ रू० ॥ २१

साठ अंगुल की कीली गाड़ना अर्थात् शंकुपात कर्म्म करना ॥

अरिल्ल ॥ सुनी बत्त इह तत्त प्रमानं, व्यास करी किल्ली पुर†थानं।
साठि सु अंगुल लोहय किल्लिय, सुकर सेस नागन सिर मिल्लिय ॥
छं० ॥ २२ ॥ रू० ॥ २२ ॥

सब के बरजने पर भी उस कीली को उखाड़ डालना ॥

अरिल्ल ॥ मुंध लोइ आचिज्ज सु मान्यौ, भावी गति सो व्यास न जान्यौ।
बरजे सह परिगह परिमानं, उष्पारी कील्ली भू थानं ॥ छं० ॥ २३ रू० २३

पाषाण के उखाड़ते ही रुधिर की धार चलना और आश्चर्य्य होना ॥

कवित्त ॥ अनंगपाल पृथ्वी, नरेस आचिज्ज सु मान्यौ।
भवसि बत्त जो होय, सोय अज्ञान न जान्यौ ॥

---

* "फिर पाषान सुगढ्ढयौ" अर्थात् वास्तुशास्त्रानुसार शिलान्यास कर्म्म किया ॥

२१ पाठान्तर-तूँअर। शेश। फिर। निश्चल। धुय। इक। मुक्कि। सु। तहां। अनथ। मांनयौ। कों। मिट्टै। क्रत। क्रम। जांनयौ ॥

२२ पाठान्तर-बत्त। प्रमांनं। किलीपुर। किलीय। मिलिय ॥

† अनंगपाल के समय का दिल्ली का नाम "किल्लीपुर" ॥

२३ पाठान्तर-लोय। अचरिज। मान्यौ। जान्यो। बर्जे। सब। उषारिय। क़िल्लीय ॥

आराधन वर ध्यान, होइ संसार सुपाल्यौ।
द्वैकल्प करि जोग, सोइ पाषान उपाल्यौ॥
रुधि इंद्र कुट्टि संमुह चलिय, अति अद्भुत्त सु दिप्पियौ।
परिगह व्यास मंत्री न्रपति इन आच्छिज्ज सु लप्पियौ। छं० ॥ २४ रू० ॥ २४॥

पाषाण का उखाड़ लेना सुन व्यास का दुखित हो राजा के पास आना॥

दूहा॥ सुनि आयौ वर व्यास तँह, दुष पायौ मन मझ्झ।
का जंप्यौ सुप न्रपति सौं, हुह मति मूढ अनुझ्झ॥ छं० ॥ २५ ॥ रू० ॥ २५ ॥

अनंगपाल का पश्चाताप करना और व्यास का आगम कहना॥

कवित्त॥ अनंगपाल चक्कवै, बुद्धि जो इसी उकिल्लिय।
भयौ तुअँर मति हीन, करी किल्लीय तैं ढिल्लिय॥
कहै व्यास जग जोति, अगम आगम हौं जानौं।
तूंअर तैं चहुआन, अंत ह्वैहै तुरकानौं॥
तूंअर सु अवहि मंडव घरह, दुक्क राय वल्लि विक्कवै।
नव सत्त अंत मेवात पति, दुक्क छत्त महि चक्कवै॥ छं० ॥ २६ ॥ रू० ॥ २६॥

व्यास का अनंगपाल को खेद न करने का उपदेश करना॥

पद्धरी॥ उच्चर्‌यौ व्यास जग जोति वीर। म्रत सुग्ग लोक पाताल नीर।
त्रयकाल दरस दरसिय सु देव। व्यासह समान जोतिगिय तेव॥ छं० ॥ २७
संसार सार अस्सार कीन। वर व्यास बुद्धि कोविद प्रवीन॥
मंडयौ सु राज सौं क्रोध नूप। बरज्यौ सुकिष्ण व्यासह सरूप॥ छं० ॥ २८॥

---

२४ पाठान्तर—अनंगपाल। प्रथवी। अचरिज। वत। होइ। सोइ। जांन्यौ। ग्यान। सोय। सोइ। चलीय। अदभूत। दिपियौ। परिग्रह। न्रपति। आचिज। लिपियौ॥

२५ पाठान्तर—तहां। तह। मंझ। न्रपति। सों। मूढ मति असमंझ॥

२६ पाठान्तरः— अनंगपाल। यज्ञी। उक्लिल्लि। भय। तोंअर। तें। ढिल्लीय। किल्ली। हूं जानौ। तोअर। तें। चहुवांन। हुहें। होइ है। तुरक। दक्र। राइ। बिकवै। अंति। मनि। दुक। छत्र। चकवै॥

२७ पाठान्तर—उचर्‌यौ। म्रत। स्वर्ग। समांन। जोत्तगी। असार। बुधि। सौ॥

२८ जनमेज। मत। मांन। आंनी। ग्यांन॥

ग्राम नाम अप्पियै, कुसल जिन होय ग्रेह धन ॥
चिंतयैा चित्त हुजराज तब, अगम निगम करि कढ्ढ्यौ।
सुभ घरी महरत संधि कैं, फिरि पाषान सु गढ्ढ्यौ* छं० ॥ २० ॥ रू० ॥ २०

व्यास का कहना कि पांच घड़ी तक पाषाण को हाथ न लगाने से वह शेष के सिर पर दृढ हो जायगा परन्तु राजा का इसे अनर्थ कर मानना ॥

कवित्त ॥ कहै व्यास जग जोति, सुनहि तुंवर नरिंद तुअ।
एह सेस सिर ग्राव, अचल निहचल सुरंग धुअ ॥
सोहि अरथ पल एह, केह अप्प नह राजन।
पंच घरी इह मुक्कि, राज रहियो इन काजन ॥
सुननो जु कह्यौ वर व्यास तहँ, इन अनथ्थ का मानयैा।
भवक्खित्तबत्त मिट्टै न को, कत्त क्रम्म नह जानयो ॥ छं० ॥ २१ ॥ रू० ॥ २१

साठ अंगुल की कीली गाड़ना अर्थात् शंकुपात कर्म्म करना ॥

अरिल्ल ॥ सुनी बत्त इह तत्त प्रमानं, व्यास करी किल्ली पुर†थानं।
साठि सु अंगुल लोहय किल्लिय, सुकर सेस नागन सिर मिल्लिय ॥
छं० ॥ २२ ॥ रू० ॥ २२ ॥

सब के बरजने पर भी उस कीली को उखाड़ डालना ॥

अरिल्ल ॥ सुंध लोह आचिज्ज सु मान्यौ, भावी गति सो व्यास न जान्यौ।
वरजे सह परिगह परिमानं, उष्पारी कील्ली भू थानं ॥ छं ॥ २३ रू २३

पाषाण के उखाड़ते ही रुधिर की धार चलना और आश्चर्य्य होना॥

कवित्त ॥ अनंगपाल पृथ्वी, नरेस आचिज्ज सु मान्यौ।
भवसि बत्त जो होय, सोय अज्ञान न जान्यौ ॥

* "फिर पाषान सुगढ्ढ्यौ" अर्थात् वास्तुशास्त्रानुसार शिलान्यास कर्म्म किया ॥

२१ पाठान्तर-तूँअर। शेश। फिर। निश्चल। धुय। हक। मुक्कि। सु। तहां। अनथ। मांनयैा। कें। मिट्टै। क्रत। क्रम। जांनयो ॥

२२ पाठान्तर-बत्त। प्रमांनं। किलीपुर। किलीय। मिलिय ॥

† अनगपाल के समय का दिल्ली का नाम "किल्लीपुर" ॥

२३ पाठान्तर-लोय। अचरिज। मान्यैा। जान्यैा। बर्जे। सब। उषारिय। किल्लीय ॥

आराधंत वर ध्यान, होइ संसार सुधारौ।
दैवकाल्ह करि जोग, सोइ पापान उगारौ ॥
रुधि इंछ छुट्टिट संमुह चल्लिय, अति अद्भुत्त सु दिष्पियौ।
परिगह पवास संची न्रपति इन आजिज्ज सु लष्पियौ। छं० ॥ २४ रू० ॥ २४॥

पाषाण का उखाड़ लेना सुन व्यास का दुखित हो राजा के पास आना ॥

दूहा ॥ सुनि आयौ वर व्यास तँह, दुष पायौ मन मझ्झ।
का जंप्यौ सुप न्रपति सौं, इह मति मूढ अबुझ्झ ॥ छं० ॥ २५ ॥ रू० ॥ २५ ॥

अनंगपाल का पश्चाताप करना और व्यास का आगम कहना ॥

कवित्त ॥ अनंगपाल्ल चक्कवै, बुद्धि जो हूती उक्किल्लिय।
भयौ तुअँर मति हीन, करी किल्लीय तैं ढिल्लिय ॥
कहै व्यास जग जोति, अगम आगम हौं जानौं।
तूंअर तैं चहुआन, अंत ह्वैहै तुरकानौं ॥
तूंअर सु अवहि संडव घरह, इक्क राय बलि विक्कवै।
नव सत्त अंत मेवात पति, इक्क छत्त महि चक्कवै ॥ छं० ॥ २६ ॥ रू० ॥ २६॥

व्यास का अनंगपाल को खेद न करने का उपदेश करना ॥

पद्धरी ॥ उच्चर्‌यौ व्यास जग जोति वीर। म्रत सुर्ग लोक पाताल नीर।
त्रयकाल दरस दरसिय सु देव। व्यासह समान जोतिगिय तेव ॥ छं० ॥ २७
संसार सार अस्सार कीन। वर व्यास बुद्धि कोविद प्रवीन ॥
मंडयौ सु राज सौं क्रोध नूप। वरज्यो सुकिष्ण व्यासह सरूप ॥ छं० ॥ २८ ॥

---

२४ पाठान्तर–अनंगपाल। प्रथत्री। अचरिज्ज। वत। होइ। सोइ। जांन्यो। ग्यान। सोय। सोइ। चलोय। अद्भूत। दिषियै। परिग्रह। न्रपति। आचिज्ज। लिपियौ ॥

२५ पाठान्तर–तहां। तह। मंझ। न्रपति। सों। मूढ मति असमंझ ॥

२६ पाठान्तरः– अनंगपाल। यत्री। उक्किल्लि। भय। तोंअर। तें। ठिल्लीय। किल्ली। हूं जांनै। तोअर। तें। चहुवांन। ह्वैहैं। होइ है। तुरक। इक। राइ। विकवै। अंति। मनि। इक। छत्र। चक्रवै ॥

२७ पाठान्तर–उचर्‌यौ। म्रत। स्वर्ग। समांन। जोत्तगी। असार। बुधि। सो ॥

२८ जनमेज। मत। मांन। आंनी। ग्यांन ॥

जनमैज राज तस मत्त मान। आनो न चित्त तिन निमष ग्यान ॥
षिति राज सरिस रिष राइ बोलि। कीनीय वत्त तुम गत्त षोलि*॥छं०॥२९
हूं गड्डि गयौ किल्ली सजीव। हल्लाय करी ढिल्ली सदैव ॥
तूंअर अवट्टि संडव सुथान। भोगवै भूमि सुरतान पान ॥ छं० ॥ ३० ॥
सो मत्ति जानि तूंअर चिनेत। मति करै रोस राजन सुहेत ॥
जान्यौ सु कह्यौ वर व्यास रूप। झूंटी सु बत्त बरजित्त भूप ॥ छं० ॥ ३१ ॥
हिन्दून † जानि पंडव सु वंस। तिन भयौ अंस पारथ्थ नंस ॥
तिहि वंस भीम अरु ध्रम्म सुत्त। तिहि वंस बली अनगेस तुत्त॥ छं० ॥ ३२
मति करहु सोच मम अंच मानि। हुअ राज काज वर चहुवान ॥
बर वंस सुमति अति मति प्रताप। दिन कितक तपै चहुवान आप ॥ छं० ॥ ३३ ॥
फिरि व्यास कहै सुनि अनग राइ। भवतव्य बात मेटी न जाय ॥
रघुनाथ हाथ त्रैलोक देव। ते कनक मृग्ग लागे पछेव ॥ छं० ॥ ३४ ॥

---

* ये दोनो पाद सं० १६४७ की लिखित पुस्तक में नहीं है और उसके इधर की संवत् १८५९ की में हैं ॥ २९ ॥ हुं। क्रिलि। किली। गडि। हलाय। ढिली। इव। तुंअर। अवटि। सुथांन। सुरतानं। पांन ॥ ३० ॥ मति। जांनि। तोंअर। जांन्यों। झूठी। स। वरदत्ति ॥ ३१ ॥ जांनि। पारथ। ध्रम्म सुत। वमं। वली। तुत ॥

३२ पाठान्तर–मांनि। हुय। चाहुआंन। चाहुवांन ॥ ३३ ॥ राय। मृग। लगे ॥ ३४ ॥

† इस महाकाव्य में "हिन्दू" शब्द यहां पर आया है। उसकी व्युत्पत्ति वाचस्पत्य बृहत्संस्कृताभिधानकर्त्ता और शब्दकल्पद्रुमवाले ने पुल्लिंग में यह की है–

"हीनं दूषयतीति। दुष+डुः पृषोदरादित्वात् साधुः। जातिभेदे। जातिविशेषः ॥"
और उसका प्रयोग मेरुतंत्र में यह दिखाया है–

पश्चिमाम्नायमंत्रास्तु प्रोक्ताःपारस्यभाषया। अष्टोत्तरशताशीतिर्येषां संसाधनात् कलौ ॥
पंच खानाः सप्तमीरा नव शाहा महाबलाः। हिन्दुधर्म्मप्रलोप्तारो जायन्ते चक्रवर्त्तिनः ॥
हीनं च दूषयत्येव हिन्दुरित्युच्यते प्रिये! मेरुतन्त्रे २३ प्र० ॥

और भविष्यपुराण के प्रतिसर्गपर्व्व के तृतीय खंड के दूसरे अध्याय में लिखा है कि विक्रमादित्य के पौत्र शालिवाहन ने पितृराज्य पाने पर शकादि को जीत कर आर्य्यदेश और म्लेछदेश की सीमा इस प्रकार से स्थापित की–

एतस्मिन्नन्तरे तत्र शालिवाहन भूपतिः ॥ १७ ॥
विक्रमादित्यपौत्रश्च पिताराज्यं गृहीतवान् ॥
जित्वा शकान्दूराधर्षांश्चीनतैत्तिरदेशजान् ॥ १८ ॥
बाल्हीकान्कामरूपांश्च रोमजान्खुरजांछठान् ॥
तेषां कोषां गृहीत्वा च दंडयोग्यानकारयत् ॥ १९ ॥
स्थापिता तेन मर्य्यादा म्लेच्छार्याणां पृथक् पृथक् ॥

मारीच अप्प आवी हरन्न । छुइ छोन दार सीता हरन्न ॥
पंडवन जाग आरंभ कीन । वरज्यो सु व्यास पंडित प्रवीन ॥ छं० ॥ ३५ ॥
दुरवास द्वारिका दिपन आइ । जद्दवन बाल संज्यो उपाइ ॥
करि पुरुष नारि रचि गर्भ हास । कह देव याहि उपजै सु आस ॥
पिजि कही विप्र तस उदर जोइ । जद्दवन वंस नष्षै सु षोइ ॥
वरजे सुब्रम्ह सुत रसन जूप । देषंत अंध ते परे कूप ॥ ३७ ॥
केतेक कहौं सुनि अनंग राइ । जानति जान कीनौ उपाय ॥
भवतव्य बात उतपात मोटि । मिटै न बुद्धि कोइ करो कोटि ॥ ३८ ॥
जिन करौ षेद उपदेस मोहि । यों जानि ध्यान इह कहौं तोहि ॥
करि धरा ध्रम्म उद्धारि देह । संसार अनित छंडौ सनेह ॥ ३९ ॥
त्रैलोक जीत्ति जिन जेर कीन । ते गये अंत छुइ आपु हीन ॥
इक गल्ह अमर संसार सार । रष्षै न पहुमि ते वड़ गमार ॥
छं० ॥ ४० ॥ रू० ॥ २७ ॥

सिंधुस्थानमितिज्ञेयं राष्ट्रमार्य्यस्य चोत्तमम् ॥ २० ॥
म्लेच्छस्थानं परंसिंधोः कृतं तेन महात्मना ॥ २१ ॥

यदि यह माननीय है तो स्पष्ट है कि "हिंदु" शब्द तो "सिंधु" का और "हिन्दुस्थान" शब्द "सिंधुस्थान" का अपभ्रष्ट है अर्थात् वह यावनी नहीं है। यदि उनको यावनी भी मानें तो भी तो आजकल हमारे देश में बड़ी ही प्रबलता से यह माना जाता है कि संसार भर की सब भाषा हमारी संस्कृत से ही निकली हैं। अत एव फिर हम को बतलाना पड़ेगा कि यावनी "हिंदु" शब्द किस संस्कृत शब्द का अपभ्रष्ट है ? और जब वह संस्कृत का अपभृष्ट है तो फिर उससे घृणा क्यों करनी चाहिये ?

तथा हमारे दिये इस प्रमाण से पुरातत्ववेत्ता विद्वानों के विचारार्थ एक यह प्रश्न भी उपस्थित होता रहे कि इससे तो शालिवाहन का विक्रम का पोता होना विदित होता है और अन्य शोधों के अनुसार प्रचलित शालवाहन शककर्त्ता कनिष्क नामक सिदियन राजा माना जाता है। हमारी देशीसाक्षी से विक्रम और उसके पोते शालवाहन का १३५ वर्ष का अंतर असंभव होना प्रतीत नहीं होता है। इस के अतिरिक्त शालवाहन का बौद्ध हो जाना भी कहा जाता है और शक भी बौद्ध धर्म्मावलंबी माने जाते हैं। क्या आश्चर्य्य है कि यह शालवाहन ही शक धर्म्मावलंबी हो कर कनिष्क नामक राजा हो गया हो और हमारे यहां उसके पहिले नाम से ही शक प्रख्यात चला आया हो ?

पाठान्तर—अप । होइ । होय होनहार । जाय ॥ ३५ ॥ दिपिन । आय । जदवन । उपाय । कहो ॥ ३६ ॥ जदवन । नंषिय । अंत ॥ ३७ ॥ कहों । अनंगराइ । जानंत । जांनि । जान । कीनसु । मोट । मिटै । बुधि । को । कोट ॥ ३८ ॥ उपदेश । हूं । जांनि । धर्म्म । उद्धारि । छंडो ॥ ३९ ॥ जोर । तेउ । गए । होइ । रषै । पहमि । गवार ॥ ४० ॥

अनगपाल के पीछे जो जो दिल्ली के राजा होंगे उनके विषय में व्यास का भविष्य कथन करना ॥

तुंअरों का नाश और चौहानों का राज्य होगा ॥

कवित्त ॥ सुनि अनगेस नरेस, मोहि इह आगम बुझ्झै ।
अंत राज चहुआन, मोहि इह बेगो सुझ्झै ॥
सब तूंअर षग मग्ग, भिरिग मंडव आहुट्टै ।
सार धार धर धूमि, सुगति पय बंधन छुट्टै ॥
इह दोस राज दिज्जै नहीं, मैं बहु बार बरज्जयौ ।
भवतव्य बात मिट्टै न को, होइ सु ब्रह्म सिरज्जयौ ॥ छं० ॥ ४१ ॥ रू० ॥ २८ ॥

चौहानों के पीछे मुसलमान और उनके पीछे फिर हिन्दुओं का राज्य होगा ॥

कवित्त ॥ ता पच्छै सुनि राज, राज भज्जै चहुआनिय ।
बहुत काल अन्तरै, तपै पुहमी तुरकानिय ॥
मेच्छ अवनि तप अहुटि, प्रलै हुइ है तिन बंसह ।
बहुरि जोर हिन्दून, राह हुइ है इक अंसह ॥
संघारि सकल दानव कुलह, धर्म्म राह सह विस्तरै ।
जितै जगत तप प्रबल करि, आनि दिसा विदिसा फिरै ॥
छं० ॥ ४२ ॥ रू० ॥ २९ ॥

फिर मेवातपति सं० १६७७ में दिल्ली जीत लेंगे* ॥

कवित्त ॥ नव सत्तै वर अंत, बहुरि ढिल्ली पति होई ।
षग्ग षोद षुरसान, पहुमि चक्कवै सु जोई ॥

---

२८ पाठान्तर—चहुआंन । बेघो । सूझै । तोंअर मग । मैं । वरजयौ । मेटै । होय । सिरजया ॥

२९ पाठान्तर—पछै । चहुआंनिय । चहुआनीय । तुरकानीय । मेछ । मेछि । हूै हैं । हिद्दून । हूं । दांनव । आनं । दिशा । फिर ॥

* यह ३० और ३१ दोनों रूपक पुरानी पुस्तक सं० १६४० की लिखी में वास्तव में तो नहीं हैं । परंतु उसके पत्रे के किनारे पर किसी अन्य ने पीछे से इन दोनों को लिख दिया है । और उस के पीछे की नवीन पुस्तकों में इन दोनों के पाठ हैं । संवत् १८३८ की में तो "मेवातपति"

मदि मेवात मवीप, दीप दीपनि दल मंडे ।
किक्क रहें पथ आप, इक्क पल पंड निपंडे ॥
मंडे सु पहुमि प्रथिराज जिम, सत्त वात जोतिक जपिय ।
मानी सु सत्ति करि सवनि इह, व्यास वचन व्यासह थपिय ॥
कं० ॥ ४३ ॥ रू० ॥ ३० ॥

दूहा ॥ सोरै सै सत्योतरै, विक्रम साक वदंति ।
ढिल्ली धर मेवातपति, लैहि पग्ग बल जीत ॥ कं० ॥ ४४ ॥ रू० ॥ ३१ ।

व्यास का कहा हुआ भविष्य नहीं टरेगा ॥

कवित्त ॥ तिहि जथ वत्त प्रमान, सुनहि दिठ तुच्छ सुत्तं ।
वर म्लेच्छनि सत घटइ, भ्रम्म पारस रस रंतं ॥
हुइ नव सत्त प्रमान, ध्रुअ टरइ रवि टरइ ।
टरै न व्यास वचन्न, मान जस तें अजु टरई ॥
ए सब अजान सुना जु ही; परी इक्क मक्खी मुही ।
परि पै प्रसन्न परतीत करि, तब काढन आवह जुही ॥कं०॥४५॥रू०॥३२॥

माता का दान और होम करना ॥

मुरिल्ल ॥ सनि श्रोतान भए चखुआनं, कही मान मति तत्त सुजानं ।
बहुरि पुच्छि दुजराजन आनं, कियै होम दै दान प्रमानं॥ कं० ४६॥रू०३३॥

पाठ है और सं० १६४७ की प्रति में "मेवारपति" पाठ है । वैसे ही पहिली में १५७७ और दूसरी के में १८७७ पाठ हैं । निदान ये दोनों तो स्पष्टरूप से चेपक हैं । तथा हमारे पाठकों के ध्यान में रहे कि उदयपुर वाले स्वर्गवासी कविराज श्यामलदासजी ने जो इस महाकाव्य का आद्योपान्त जाली बनना संवत् १६४० से लेकर १६७० तक के भीतर माना है उसका आधार इन चेपक रूपकों में से रूपक ३१ पर रक्खा है। उसके जाली बनने के समय के विषय में हमने आदि पर्व्व की "उपसंहारणी टिप्पणी" पृ० १७५-१७८ तक वाक्य ३ और "पृथ्वीराजरासे की प्रथम संरक्षा" के पृष्ठ ३४ से ३७ तक वाक्य १७ में सविस्तर कथन किया है अतएव यहां अधिक नहीं कहते हैं ॥

३० पाठान्तर-सतैं । डिली । पग । पोहि । चकवि । मेवाद । दिक्क आइ रहि पाद । सति । जपिव । थपीय ॥

३१ पाठान्तर-सोरैं । सतरिसे । सित्योतरि । विक्रम । शाक । ढिल्ली । मेवारपति । लइ । पग ॥

३२ पाठान्तर-अथ । वत । प्रमांन । तुछ । म्लेछनि । होय । सत । प्रमांन । मांन अजांन इक । मखी । घरी इक मखी मही । परियें । प्रसन ॥

३३ पाठान्तर-छंद वाघा । बहुआंनं । सुंनांनं । पुछि । दुजराजनि ॥

मातुल का अपने मन में मोह करना ॥

दूहा ॥ सुनत सुपन सोमेस सुत्र, बज्जाए बर बाज।
गिन्यौ सु मातुल मोह मन, औ अवन्निय काज ॥ कं० ॥ ४७ ॥ रू० ॥३४ ॥

पृथ्वीराज का स्वप्नफल सुन आनन्द में फूला न समाना ॥

पद्धरी ॥ सुनि सुपन मात फल कहै राइ। दरिया तरंग मनं मोज पाइ ॥
ज्यों मोर मेह आगम अनंद। राका चकोर ज्यों मुष्ष चंद ॥ ४८ ॥
चंदनह बन्न ज्यौं पाय चिह्न। तिह नाह पिष्प ज्यौं सुभग सिह्न ॥
संग्राम भूमि ज्यौं सुभट पिष्प। गुरु विद्यवंत ज्यौं पाय सिष्प ॥ ४९ ॥
घत्तार घत्त ज्यौं द्रष्ष चोट। दातार पाइ जाचिक्क टोट ॥
पंडित्त पाइ ज्यौं गुनियग्राह। व्यापार पाइ ज्यौं साह लाह ॥ ५० ॥
परि वित्त पेपि ज्यौं षेल ज्वारि। कुल कैल पाइ लंपट्ट नारि ॥
आनंद सु यों प्रथिराज पाइ। फुल्ल्यौ सु अंग अंगह न माइ ॥ ५१ ॥
बज्जे अनंत्त वज्जहि अनंद। दिय दान विदुष दुज भट्ट वृंद ॥
दिन दिन नरिंदं तन दसा वड्ढि। चढढंत दीह जो दसा चढ्ढि ॥ ५२ रू० ३५

स्वप्नफल सुन कर पृथ्वीराज की सर्वस्व वृद्धि कैसे होने लगी ॥

कवित्त ॥ चढत नदी जिम मेह, नेह नवला जुवनागम।
सिद्धदाह दिन चढत, सु गुरु सिष्पक विद्या क्रम ॥
सस्त्र ओप ज्यौं भरनि, लच्छि व्यापारह वड्ढत।
बढत भट्ट गज बंस, बेलि द्रुम सीसह चड्ढत ॥
जिम सरद रयनि सुद पष्प तिथि, बढत कला ससि तम गमत।
चहुआन सूर सोमेस सुत्र, इम सुदसा दिन दिन जमत ॥कं०॥५३॥रू०॥३६॥

कवित्त ॥ बढत पटन उमराव, बढत साहन तुरियन दल।
बढत भँडारन दाम, बढत कोठार अन्नबल ॥

---

३४ पाठान्तर–अवनिय ॥

३५ पाठान्तर–राय। दरीयाव। पाय। मुष। पाइ। चिन्ह। पषि। सील। पिषि। विद्यावंत। सिषि। द्रषि। जाचिग। पंडित। गुनयग्राह। लंपट। पाय। माय। दांन। चढंत। दशा। चढि ॥

३६ पाठान्तर–लछ। बढत। चहुआंन ॥

जमद्दर पालान बस्त्र, वढत दानन दिन दी दिन।
षड्ग मंस तरवारि, वढत सस्त्रन्न पिन षि पिन॥
वढ्ढंत कित्ति दिन दिन अमल, प्रथीराज सोमेस सुअ।
दस दिसा जोति दिन दिन वढत, मद्दा निसा पष जानि धुअ॥

छं० ॥ ५४ ॥ रू० ॥ ३७ ॥

पृथ्वीराज का अजित अवतार होना॥

कवित्त॥ लहरि गईमद सूर, नूर नवत्तन नवद्दा सुप।
चार वरन चिर आव, गेद विलसंत मद्दा सुष॥
पदन मेवासन षाद, दाद दिज्जन दुज्जन घर।
अडटनि दटत सुदंड, थप्पि थिर करन अप्प घर॥
चिंहु चक्क चक्क धर थर धरत, पिसुन पिंजि किज्जय नरम।
अवतार अजित दानव मनुष, उपजि सूर सोमद करम॥

छं० ॥ ५५ ॥ रू० ॥ ३८ ॥

लोहाना का गौरव में से कूदना और अजानबाहु नाम और जागीर पाना॥

कवित्त॥ षोडस गज उरद्द, राज जथ्थे गवष्प तस।
संझ समय चीतार, पच कीनो पेसकस॥
देषत संभीरनाथ, हथ्थ छूटन हथ सारक।
तीर कि गोरि विकुट्टि, तुट्टि असमान की तारक॥
अधवीच नीच परतें पदिल, लोहाने लीनो झरपि।
नट कला षेलि जनु फेरि उठि, आनि हथ्थ पिथ्थद अरपि॥

छं० ॥ ५६ ॥ रू० ॥ ३९ ॥ *

३७ पाठान्तर-भंडारन १ दांम। तरवार। वढंत॥

३८ पाठान्तर-लहरि। च्यारि। दुजन। अटटन। दटत। थपि। अप। चिंहु। चक। चक। किजय॥

३९ पाठान्तर-गवष। चित्रकार। हथ। असमांन। आनि॥

* ये ३९। ४० दो रूपक सं० १६४० की पुरानी पुस्तक में नहीं हैं और इधर की सं० १८५९ में हैं॥

गाथा ॥ हरषि राज प्रथिराजं, कीरति कीन सूर सामंतं ।
बर्गसि ग्राम गजबाजं, अजानबाह दीनयं नामं ॥ छं० ॥ ५७ ॥ रू० ॥ ४० ॥ *

दिल्ली किल्ली कथा का उपसंहार ॥

दूहा ॥ सुपन सुफल दिल्ली कथा, कही चंदवरदाय ।
अब अग्गे करि उच्चरौं, पिथ्य अकुँर गुन चाय ॥ छं० ॥ ५८ ॥ रू० ॥ ४१ ॥

इति श्रीकविचंदविरचिते पृथ्वीराजरासके दिल्ली किल्ली कथा वर्णन नाम त्रतीय प्रस्ताव संपूर्णम् ॥

४० पाठान्तर—ग्रांम । बान । अजांनं ॥

४१ पाठान्तर—दिल्लोय । वरदाय । अगें । उचरों । पिथ । कूँअर । गुनचार ॥

उपसंहारणी टिप्पण ।

जो कुछ हमने प्रथम और द्वितीय समय की टिप्पणी और उपसंहारणी टिप्पण में कहा है वह हमारे पाठकों के ध्यान में होगा औ जो अब निवेदन किया जाता है वह भी उसी के साथ सदैव स्मरण में रहेगा। क्योंकि वह सब इस महाकाव्य के विषयक अनेक वाद विवादों के विचार और निर्णय करने के समय बहुत ही उपयोगी होगा ॥

अब इस तीसरे समय—दिल्ली किल्ली कथा—का मूल लेख हमारे पाठकों की सेवा में उपस्थित है। और जो कुछ उन्हों ने अब तक इस महाकाव्य के नाम से अनेक दंत कथा और वृत्तान्त पुस्तकादि में पढ़े और सुने हैं वे भी उन्हें ज्ञात हैं। अत एव अब यह एक बहुतही अच्छा अवसर है कि हम उन दोनों का मिलान कर के देखें कि क्या आज कल के ग्रन्थकर्त्ताओं ने भी अपने लिखे वृत्तान्त ठीक ठीक इस महाकाव्य के वृत्तान्त के अनुकूल ही लिखे हैं, अथवा उनको बदल कर उनमें कुछ और अपनी मनमानी घढ़न्त भी करी है? यदि उनमें परिवर्त्तन किया गया है तो क्या उनका ऐसा करना ठीक है? मूल में मिला हुआ अगला क्षेपकांश तो अब निश्चित होना कैसा कठिन हो रहा है, तिस पर भी क्या आधुनिक ग्रन्थकर्त्ताओं का मूल से विरुद्ध कथन करना मानो नवीन क्षेपक मिलाना नहीं हो सकता है? आश्चर्य्य यह है कि आज कल के ग्रन्थकर्त्ता प्रतिज्ञा तो पृथ्वीराजरासो वा कवि चंद के कथनानुसार अपने कथन करने की करते हैं और जब उनकी ऐसे मूल से मिलान कर के परीक्षा की जाती है तब उनके वृत्तों में रात्रि दिन का सा अन्तर दीख पड़ता है! इसके केवल दो तीन ही उदाहरण हम यहां पर दिखाते हैं, अन्यों का विचार हमारे पाठक स्वयं कर लेंगे—

(क) हिन्दी रीडर नंबर ५ अर्थात् हिन्दी शिक्षावली भाग पंचम नामक पुस्तक जो पाठशालाओं में पढ़ाई जाती है और जिससे बालकपन से ही हमारे बालकों के हृदय पर संस्कार होता है उसमें कवि चंद के नाम से यह कहा हुआ है—

"चंद कवि लिखता है कि तोमर वंश के १६ वें राजा अनंगपाल ने पृथिवीराज के जन्म के उत्सव के लिये व्यास नामक एक ब्राह्मण से मुहूर्त्त पूछा। ब्राह्मण ने कुछ सोच कर उत्तर दिया कि यही शुभ समय है, इस कीली को गाड़िये और यह शेषनाग के सिर में जा लगेगी और फिर तुम्हारा राज्य अचल हो जायगा। यह कह कीली को धरती में गाड़दी। परंतु राजा को विश्वास न हुआ। निदान उसने उस कीली को निकलवा डाला जो निकालने पर लोहू से भरी मिली। तब ब्राह्मण ने राजा से कहा कि तुम्हारा राज्य कीली के समान अस्थिर हो जायगा और तोमर वंश के बाद चौहान वंश के राजा राज्य करेंगे और उनके बाद मुसलमानों का राज्य होगा। राजा ने क्रुद्ध होकर उस ब्राह्मण को देश से निकाल दिया परंतु वह अजमेर में चला गया जहां कि उसका मान अधिक हुआ ॥"

(देखो हिन्दी शिक्षावली पंचम भाग पृष्ठ ४१) ॥

(ख) तथा उसी पुस्तक में शाहजहां के समय में हुए खड्गराव कवि के लिखे इस वृत्तान्त को भी पढ़िये—

"व्यास ब्राह्मण ने तोमर वंश के प्रमर राजा अनंगपाल के एक पच्चीस अंगुल लंबी कीली दी और उसने कहा कि इसको धरती में गाड़िये। शुभ संवत् ७९२ अथवा ईसवी सन् ७३५ में बैशाख बदी त्रयोदशी को राजा ने इस कीली को पृथिवी में गाड़ दिया। तब व्यास ने राजा से कहा कि अब तुम्हारा राज्य अचल हो गया क्योंकि यह कीली शेषनाग के माथे में गड़ी है। जब ब्राह्मण चला गया तब राजा ने उस की बात का बिश्वास न कर कीली को उखाड़ देखा तो उस को लोहू से भरी पाया। राजा ने भय भीत हो उस ब्राह्मण को फिर बुलवाया और कीली को फिर गाड़ने की आज्ञा दी। परंतु कीली उन्नीस ही अंगुल पृथिवी में धसी और ढीली रही। तब ब्राह्मण ने कहा कि तुम्हारा राज्य इस कीली के सदृश अस्थिर रहेगा। और उन्नीसवीं पीढ़ी के बाद चौहानों के हाथ जायगा। और उनके बाद मुसलमान राज्य करेंगे"॥

(देखो हिन्दी शिक्षावली पंचम भाग पृष्ठ ४१)॥

तदनन्तर "पृथ्वीराज चरित्र" नामक पुस्तक को पढ़िये। उस के कर्ता ने भूमिका में हम को यह कह कर उस के लेख की परम प्रामाणिकता का विश्वास कराया है—

"प्रगट है कि पृथ्वीराज रासा नाम का पुस्तक भारतवर्ष के इस प्रान्त (राजपूताना) में अति ही प्रसिद्ध है और प्रत्येक क्षत्री व चारण भाट इस के लिये निर्विवाद ऐसा मानते चले आये हैं कि दिल्ली के अंतिम महाराजाधिराज पृथ्वीराज चौहान के प्रधान कवि व मित्र चन्द बरदाई ने इस पुस्तक को बनाया है।"

"मैंने चाहा कि इस प्रसिद्ध पुस्तक का, जो छन्दबद्ध है, सरल साधुभाषा में कथारूप से सारांश लिख कर इसके सत्यासत्य विषय में जो कुछ प्रमाण मिल सकैं वे भूमिका में लिख दूं"॥

"तथापि ऐतिहासिक विषय में मूल पुस्तक के विरुद्ध कुछ भी नहीं लिखा गया है।"

मैंने जो यह आशय गद्य में किया वह उदयपुर राज्य के विक्टोरिया हाल के पुस्तकालय में रासे की एक लिखित पुस्तक से लिया है।"

और अपनी इस प्रतिज्ञा के अनुसार उसने इस महाकाव्य के मूल पद्य का यह गद्य किया है:—

"यमुना तट पर हस्तिनापुर नामी नग्र प्राचीन काल से विख्यात है जहां पांडववंशी राजा अनंगपाल तंवर राज्य करता था। राजा की सुनीति और धर्माचरण से सर्व प्रजा सुखी और राज्यकार्य्य आनन्द पूर्व्वक चलता था। इस राजा ने अपने भुज बल से कई भूपालों का गर्व्व गंजन कर अपनी प्रभुता के सूर्य्य का प्रकाश दूर दूर तक फैला दिया था सहसों सामन्त देश देशान्तर से आकर इस की सेवा करते थे। राजा के दो कन्या थीं बड़ी का नाम सुरसुन्दरी और छोटी का नाम कमला। सुरसुन्दरी का बिवाह कनौज के राठौड़ राजा बिजयपाल से हुआ था और कमला जो रूप में रति को भी लज्जित करती थी अपनी बालक्रीड़ा से माता पिता के हृदय को हुलसाती हुई शुक्लपक्ष की चद्रकला के तुल्य सुन्दरता सुघड़ाई और यौवन में वृद्धि को प्राप्त होती थी॥

एक दिन राजा अनंगपाल अपने सुभट सामन्तों सहित हस्तिनापुर से कुछ दूर आखेट के वास्ते वन में गया। अपनी हिनहिनाहट से वज्र के तुल्य हृदय को भी कपाने और टापों के प्रताप से शेष के सीस तक धरा को धुजाने का अभिमान रखने वाले चंचल तुरंगों पर कई बांके क्षत्री शिकारी पोशाक पहने नेजे हाथ में लिये चलते थे, काली रात्रि के तुल्य कई मदोन्मत्त हस्तियों के झुंड साथ थे जिन के गंडस्थल में से झरने वाले सुगन्धित मद के पान करने

को आये हुए भ्रमरों का गुंजार शब्द ऐसा प्रतीत होता था कि मानो कई बन्दीजन मधुर वाणी में महाराज का यश गाते हों। रेशमी डोरियों से बन्धे हुए कई कुत्ते अपने रक्षकों को ताने लिये जाते थे मानो सूअर सामर कुरंग आदि पशुओं का गंध पाकर उनके रुधिर से अपनी पिपासा बुझाने को आतुर हो रहे हों। पायदलों के ठट्ट ने चारों ओर बिखर कर वन को घेर लिया और भेरी नफीरी आदि कई वाजिंत्र बजा कर पशुओं को डराने और उनका स्थान छुड़ाने लगे। राजा और उनके साथी सामंतों ने सेल संभाले सूअरों के पीछे घोड़े छोड़े और बात की बात में कई बड़े बड़े बराहों को भूमि पर गिरा दिया। वन में चारों ओर धूम मच रही थी बिचारे पशु प्राण भय से इधर उधर भागते फिरते थे कि कंज कली को प्रफुल्लित करने वाले सूर्य्यदेव ने सिर पर आकर मानो इस हिंसा से शिकारियों को निवारण करने के लिये क्रोध दृष्टि धारण की हो, प्रचंड ताप से पृथ्वी को तपा दिया सूर सामन्त व सिपाहियों ने जहां तहां वृक्षों की छाया देख कमर खोली और जलपानादि करके श्रम दूर करने को लेटे, राजा भी एक वट वृक्ष की सघन छाया में बैठा हुआ था कि अचानक उसकी दृष्टि वन में एक स्थान पर पड़ी तो क्या देखता है कि झाड़ी की ओट में एक अजा अपने दो बच्चों को लिये बैठी है उधर से एक भेड़िया आकर बच्चों पर लपका चाहता था कि दोनों को उठा कर ले जावे इतने में माता ने सचेत हो भेड़िये से युद्ध करना आरंभ किया और भेड़िये को भगा कर बच्चों को बचा लिया। यह कौतुक देख राजा को बड़ा आश्चर्य्य हुआ। उस स्थान पर कुछ चिन्ह कर दिया कि भूल न जावे जब अपनी राजधानी को लौटा तो दिन भर के परिश्रम से थका हुआ भोजनोत्तर वह शयन गृह में आकर निद्रा निमग्न हुआ। प्रभात होते ही गुरु व्यास देव के आश्रम पर जा हाथ जोड़ कर ऋषि से वह वन का चरित्र वर्णन किया। व्यास देव कुछ काल तक समाधिस्थ हो बोले कि राजन्! वह भूमि महा पवित्र और वीर है यदि वहां गढ़ बनाया जावे तो उस गढ़ का स्वामी सर्व भूमंडल के अधिपतियों का सर्दार होवे। राजा ने निवेदन किया कि महाराज मैं वहां एक नय बसा कर गढ़ बनाऊंगा व्यास देव बोले कि आज तिथि, नक्षत्र वार योगादि सर्व शुभ हैं अत एव एक लोहे की कीली मंगवाओ कि वहां गाड़ दी जावे आज्ञानुसार कीली मंगवाई गई व्यास राजा सहित उसी स्थान पर गये और मंत्र पढ़ कर कीली वहां गाड़ दी जहां बकरी ने वृक को भगाया था। फिर राजा से कहा कि यहीं गढ़ की नीम दिलवाना इस कीली को निकालने का साहस मत करना यह कीली शेषनाग के सिर में जाकर बैठ गई है सो जब तक यह अचल है तुम्हारा राज्य भी अचल रहेगा व्यास के मुख यह सुन कर कि "यह किल्ली शेष के सिर में जा बैठी है" राजा को बड़ा आश्चर्य्य हुआ और कहने लगा कि महाराज! इतनी सी किल्ली शेष के सिर तक कैसे पहुंच सक्ती है? एक दिन कुतूहल वस राजा ने अपनी शंका निवारण करने को बिना बिचारे उस कीली को निकलवा ली कील के निकलते ही भीतर से रुधिर की धारा छूटी और कील का मुख भी रुधिर से भींगा हुआ देखा। राजा को बड़ा पश्चाताप हुआ कि मैंने केवल अपने संशय युक्त चित्त का संतोष करने के निमित्त उस महर्षि की आज्ञा उल्लंघन की और अपने को महा हानि पहुंचाई फिर उस स्थान पर एक नय बसाया क्योंकि उस किल्ली को राजा ने ढीली कर दी थी अत एव उस नय का नाम भी ढिल्ली ही रहा जो वर्त्तमान काल में दिल्ली करके प्रसिद्ध है राजा की आज्ञा से वहां बड़े २ महल चौहट्टे और विशाल भवन बनाये गये और फिर वहीं राजधानी स्थापन हुई"॥

(पृथीराज चरित्र पृष्ठ ३२–३५)

निदान इन तीनों वृत्तान्तों को जिस चंद कवि के नाम के ओट से ग्रन्यकर्त्ताओं ने लिखा है उनको उसी कवि के मूल पद्य से मिलाने पर स्पष्ट ज्ञात होता है कि उन्हों ने (ग्रन्यकर्त्ता) इस दिल्ली किल्ली कथा के मूल पद्य को भले प्रकार पढ़े और समझे विना जैसा जिसके ध्यान में केवल दंत कथाओं पर से आशय आया वह अपने अपने ग्रन्थों में लिख लिया है। इन को मूल पद्य से मिलाने पर वृत्तों में यह बड़े बड़े अंतर स्पष्ट देख पड़ते है—

हिन्दी शिक्षावली के कथन में ॥

१ चंद का मूल पद्य चाहे शुद्ध वा अशुद्ध वा जाली कैसा ही क्यों न हो परंतु उसके अनुसार वृत्तान्त लिखने की प्रतिज्ञा करने वाले को उसके विरुद्ध कुछ भी नहीं लिखना चाहिये उपन्यास और नाटकादि लिखने के भी नियम हैं। ऐसा कदापि नहीं हो सकता कि जहां से मूल कथा ग्रहण करी हो उस लेख के वृत्तों को ऐसे बदल देना कि उनमें रात्रि दिन का सा अंतर पड़ जाय। देखो-चंद ने अपने मूल पद्य में दो दिल्ली किल्ली कथा वर्णन करी हैं। एक तो कलहन वा कल्हन वा किल्हन राजा के समय की और दूसरी राजा अनंगपाल के समय की। परंतु इन ग्रंथकर्त्ताओ ने दोनो के वृत्तों को घेल मेल करके एक ही कथा कर दी है। क्या मूल पद्य को पढ़ और समझ कर लिखने वाला ऐसी भूल कर सकता है?

२ चंद ने मूल पद्य में कहीं नहीं कहा है कि राजा अनंगपाल तोमर वंश में १६ सोलहवां राजा हुआ था ॥

३ और उसने यह भी नहीं कहा है कि अनंगपाल ने पृथ्वीराज के जन्म उत्सव के लिये व्यास नामक ब्राह्मण से किल्ली गाड़ने का मुहूर्त्त पूछा था ॥

४ और न यह कहीं मूल में कहा है कि भविष्य कहने पर राजा ने अप्रसन्न हो कर व्यास को निकाल दिया और वह अजमेर चला गया जहां कि उसका अधिक मान हुआ ॥

खड्गराय के कथन में ॥

५ व्यास का राजा को पच्चीस अंगुल कीली देना मूल पद्य में वर्णन नहीं किया हुआ है। किन्तु जो किल्ली कलहन के समय में गड़ी उसका कुछ परिमाण नहीं लिखा है और जो अनंगपाल के समय में गड़ी थी उसका रूपक १२ में-साठि सु अंगुर लोहय किल्लिय-साठ ६० अंगुल का परिमाण लिखा है ॥

६ कीली गाड़ने का संवत् ७९२ बैशाख बदी १३ मूल पद्य में कहीं नहीं कहा है ॥

७ कीली को उखाड़ने पीछे फिर उसका गाड़ना और केवल उन्नीस ही अंगुल पृथ्वी में धसना कहीं भी मूल पद्य में नहीं कहा हुआ है ॥

८ व्यास का अनंगपाल को कहना कि तुमारी उन्नीस पीढ़ी पीछे राज्य चौहानों के हाथ में जायगा मूल पद्य में कहीं नहीं वर्णन किया हुआ है ॥

पृथ्वीराज चरित्र के कथन में ॥

९ हस्तिनापुर का नाम तक मूल पद्य में नहीं है और न उसका और अनंगपाल के राज्यशासन की अत्यन्त प्रशंसा उस में चंद ने कथन की है ॥

१० एक दिन राजा अनंगपाल का हस्तिनापुर से आखेट के लिये वन में जाना मूल पद्य में बिल्कुल नहीं है। किंतु रूपक १० में कलहन राजा का वन क्रीड़ा करना कहा हुआ है॥

११ आखेट का सविस्तर वृत्तान्त, जैसा कि वर्णन किया गया है, मूल में नहीं है॥

१२ राजा अनंगपाल का एक वट वृक्ष की सघन छाया में बैठना भी मूल में नहीं है॥

१३ राजा अनंगपाल का एक खजा का एक भेड़िये के साथ युद्ध करना देखना लिखा है उसके स्थान में मूल पद्य के रूपक १७ में कलहन राजा के प्रसंग में "सुसा और स्वान" शब्दों का प्रयोग हुआ है॥

१४ इस कौतुक की भूमि पर राजा अनंगपाल का चिन्ह कर देना कि भूल न जावे मूल में नहीं है॥

१५ दूसरे दिन राजा अनंगपाल का गुरु व्यासदेव के आश्रम पर जाना आदि भी मूल में नहीं कहा है॥

दिल्ली में कुतुबमीनार के पास जो एक लोहे की बड़ी कीली अब तक विद्यमान है उसके विषय में पुरातत्ववेत्ता विद्वानों में मत भेद है। तवरों की ख्यातिओं में कलहन, कालिहन, कल्हन और किल्हन का चंद भी नामान्तर मिलता है। तथा कलहनादि नामान्तारों की चंद्रवाचक व्युत्पत्ति हो सकती है। अत एव अनुमान होता है कि कीली पर जो नीचे लिखे श्लोक खुदे हुए हैं और उनमें जिस राजा चंद्र का नाम है वह यही राजा कलहन उपनाम चंद होगा—

यस्योद्वर्त्तयतः प्रतीपमुदघेः शत्रून् समेत्यागतान् ।
वङ्गेष्वाहववर्त्तिनोविलिखिता खड्गेन कीर्तिर्भुजे ॥
तीर्त्वा सप्तमुखानि येन समरे सिन्धोर्ज्जिता वाल्हिका ।
यस्याद्याप्यधिवास्यते जलनिधि वींर्यानिलैर्द्दक्षिणः ॥ १ ॥

खिन्नस्येव विसृज्य गा नरपतेर्गामाश्रितस्येतराम् ।
मूर्त्या कर्म्मचितावनिं गतवतः कीर्त्या स्थितस्य चितौ ॥
शान्तस्येव महावने हुतभुजो यस्य प्रतापो महान् ।
नाद्याप्युत्सृजति प्रणाशितरिपोर्यत्नस्य लेशः चितौ ॥ ३ ॥

प्राप्तेन स्वभुजार्जितञ्च सुचिरं चैकाधिराज्यं चितौ ।
चंद्राह्वेन समग्रचंद्रसदृशीं वक्त्रश्रियं बिभ्रता ।
तेनायं प्रणिधाय भूमिपतिना भावेन विष्णौ मतिम् ।
प्रांशुर्विष्णुपदे गिरौ भगवतो विष्णोर्ध्वजस्स्थापितः ॥

इस कीली के परिमाण के विषय में इलाहाबाद लिटेरेरी इन्स्टीस्टट की बनाई हुई हिन्दी रीडर नम्बर ५ अर्थात् हिन्दी शिक्षावली भाग पंचम में जो सन् १८८७ ई० में पांचवी बार छपी है, यह लिखा है:—

"इसी लाट के पास एक बड़ी लोहे की कीली लग भग १६ इञ्च मोटी धरती में गड़ी हुई है। धरती से ऊपर इस कीली की ऊंचाई २२ फुट है और कनिंगहम साहब लिखते हैं कि यह निश्चय नहीं हुआ कि यह कीली पृथिवी के नीचे कितनी दूर तक गई है। एक बार २६ फुट तक धरती खोदी गई थी परन्तु कीली की जड़ का पता न लगा"।

सो अशुद्ध है। मालूम होता है कि ग्रन्थकर्त्ता ने जनरैल कनिंघाम साहब की सन् १८७१ की रिपोर्ट पुस्तक १ पृष्ठ १६९ ही पढ़ कर यह वृत्तान्त लिख दिया कि जिस को अब तक अनेक बालक पढ़ कर मिथ्याज्ञान उपार्जन करते चले आते हैं। यह तहकीकात पीछे के अन्वेषण से रद्द हो गई है कि जिसका वृत्तान्त उक्त जनरैल साहब की रिपोर्ट पुस्तक ४ पृष्ठ २८ में लिखा है। पिछली तहकीकात के अनुसार इस कीली की ऊंचाई धरती से ऊपर २२ फुट और धरती के नीचे केवल बीस इंच और कुल लंबाई २३ फुट ८ इंच निश्चित हुई है। उक्त सभा जो अपनी पुस्तक में इस भूल को सुधार दे तो अत्युत्तम है॥

इति।

अथ लोहानो आजान बाहु समय लिख्यते।

(चौथा समय)

पृथ्वीराज का अपने समन्तों को बत्तीस हाथ ऊंची गोष से कूदने की उत्तेजना देना ॥

कवित्त ॥ इक्क समय प्रिथिराज । राज ठढ्ढा सामंतह ।
हथ बतीस इक गौष । चित्रसारी कहवत्तह ॥
घटिय सेष दिन रह्यौ । सबै भर और गहम्मह ।
नग्रनाथ नागौर । पहराजंत इन्द्र पह ॥
उच्चरिय बत्त इमि मत्ति करि । लोइ जोधा पब्बह जिसौ ।
ऐ भित्त चित्त मैं भित भिरै । इह सुथान कुद्दै इसौ ॥ छं० ॥ १ ॥ रू० ॥ १ ॥

लोहाना का कूदना ॥

कवित्त ॥ दुचित चित्त सामंत । चाहि लग्गिय टगटग्गिय ।
चित्त जानि पुत्तरिय । नयन जुब्बैं पग सग्गिय ॥
रज्जि मत्ति नादान । कन्ह उच्चरिय बत्त इह ।
चामुंडा जैतंसि । रोस आक्रस्तं कियौ वह ॥
ठढ्ढौ सु इक्क लोहान भर । कहर कवुत्तर कुद्दयौ ।
जो नेक चूकि ऐसो गिर्यौ । साष अंब हू हल्लयौ ॥ छं० ॥ २ ॥ रू० ॥ २ ॥

यह समय हमारे पास की संवत् १६४७ की लिखित पुस्तक में नहीं है किन्तु उसके इधर की लिखी सब पुस्तकों में मिलता है। तथा इस कथा का संदर्भ तीसरे समय के रूपक २९ "षोडस गज कद्ध"—से लगाकर अभिप्राय समझने से ध्यान में आवेगा कि एक दिन राजा पृथ्वीराज सायंकाल के समय सोलह गज वा बत्तीस हाथ ऊंची चित्रसाली की गोख में सामन्तों सहित खड़े थे और एक चित्रकार ने एक पत्र अर्थात् चित्र पेश किया उसको संभरी नाथ देख रहे थे कि देखते देखते वह हाथ में से छुट पड़ा। उसको लोहाना अजान बाहु ने कूद कर अधवीच में ही झड़प लिया इत्यादि।

१ पाठान्तर—अजान बाहं। प्रथीराज। ठट्ठा। ठट्टा। वट्टा। सामतह। बत्तीस। कहैं। वर गहंम्मह। वत। मति। ज्जोधा। ज्जिसो। भित। चित। कुट्टैं॥

२ पाठान्तर—मति। वत। चामडां। जैतंसी। आक्रस। चठ्ठौ। नेकि। चेक। असै॥

लोहाने के कूदने की प्रशंसा ॥

कवित्त ॥ दूक्क कहै धर जीव । काज पंषिनी श्वरप्पिय ।
दूक्क कहै सो ब्रन्न । इन्द्र को पुरषेव नंषिय ॥
दूक्क कहै आकास । तास चै उडियन तुट्टा ।
दूक्क कहै सुरलोक । तास कोई नर लुट्टौ ॥
कविचंद किति उप्पम कहै । लोहाना तोंवर सुभर ।
जाजुल्लि राइ सुत किद्द चित । नथ्थि हुवै दुज्जै सुभर ॥
॥ छं० ॥ ३ ॥ रू० ॥ ३ ॥

पृथ्वीराज का दौड़ कर लोहाना के पास आना और उसे हिये लगाना ॥

अरिल्ल ॥ दौरि राज पृथ्वीराज सु आयो । षमाषमा अष्षै उच्चायो ।
और सूर सामंतह अग्गी । हियरा मझ्झिझए परि लग्गी ॥
छं० ॥ ४ ॥ रू० ॥ ४ ॥

उसे आप उठाकर अपने घर ले जाना और इलाज करना ॥

अरिल्ल ॥ अप्प उचाइ अप्प ग्रह आने । सब तबीब बहुत सनमाने ।
मौज मना मझ्झि होइ सुमंगौ । च्यारि पहर दिवसह मझ्झि चंगौ ॥
छं० ॥ ५ ॥ रू० ॥ ५ ॥

हकीमों का लोहाना को दवा के लिये ले जाना और नवें दिन उसका अच्छा हो कर पृथ्वीराज के पास आना ॥

दूहा ॥ नव तबीब तसलीम करि, लै घरि आइ लुहान ।
नव दीहे सिर भल्लयो, ढंढोलन गय ठान ॥ छं० ॥ ६ ॥ रू० ॥ ६ ॥

---

३ पाठान्तर-कहैं । कों । कहै । उंडियन । कोइ । कहैं । तोवर । किद्दु । दुजे ॥
४ पाठान्तर-राजा । प्रथीराज । उचायो । मझिए ॥
५ पाठान्तर- आनैं । बहुसत । सनै मानै । सुमग्गा ॥
६ पाठान्तर-झलयो ॥

चंद पंचमो अति सुभक्ष, दिय विप्र बहु दानं ।
तिथि तेरस रविवार दिन, पय लग्गौ चौहान ॥ छं० ॥ ७ ॥ रू० ॥ ७ ॥

पृथ्वीराज का प्रसन्न हो कर लोहाना को ग्वालियर, रणथम्भौर, उड्छा आदि पांच हज़ार गांव देना ॥

कवित्त ॥ पय लग्गत चहुवान । मौज ग्वालेर सुदिन्नौ ।
रिनथंभह ऊड्छो । कहर सूरव्वर किन्नौ ॥
लोहाना आजान (बाह) * नाम थप्पै बहु ऋप्पै ।
सहस पंच दिय ग्राम । जैत कविचंद सुजप्पै ॥
तिहि घरिय सल्लिष्य यह अप्पियै । लै पटा सीसह धरिय ।
रक्खी सुवत्त दिन तीन संह । पग्ग मग्ग अप्पी परिय ॥
छं० ॥ ८ ॥ रू० ॥ ८ ॥

आजानुबाहु का आना और पृथीराज का हाथी घोड़े आदि देना ॥

दूहा ॥ पूनम तिथि मंगल दिनह, गृह तेरिय आजान ।
आसन छंडि सु अप्प दिय, बहु आदर सनमान ॥
॥ छं० ॥ ९ ॥ रू० ९ ॥

छंद पद्धड़ी ॥ नव दून अप्पि मदभ्भर गयंद । कज्जल सकोट उज्जल अनंद ॥
सै पंच दिन्न बाजी पवंग । गो अप्प सैक (बान) * अहना कुरंग ॥
॥ छं० ॥ १० ॥

सै पंच दिन्न अति उंट अच्छ । कत्तार भार फक्कार कच्छ ॥
दोइ सै दिन्न दासी सुचंग । झलकंत नास द्रप्पन सुअंग ॥ छं ॥ ११ ॥

---

७ पाठान्तर-पंचमी । दिये । तेरसि । लग्गे । चहुवान ॥

८ पाठान्तर-लगात । चहुवान । दिनौ । रिनथिंभह । उंडछा । सूरबर । किंनो । * अधिक पाठ है । थप्पे । अप्पे । जंप्पे । लैं । रषी सरवत दिन तीन पर ॥

९ पाठान्तर-पूनिम ॥

१० पाठान्तर-अनंद्द । सैं । * अधिक पाठ है । द्दिन । अछ । कछ । से नये । सरस । गनैं । अस । मुपि । वा डराय । सुक्कि । सब्ब । सुंनीर । तोहर । सुरत्त । गृहि । डोरै ॥
* पाठ उपस्थित पुस्तकों में नहीं है ॥

सिरपाउ भाउ नष्षे सरस्स। को गनै द्रव्य भंडार अस्स॥
सामंत सूर सुख नूर नष्ष। * * * छं० ॥ १२ ॥
अब्बूसराइ जामानि जद्द। चामंडराइ मन मुक्कि मद्द॥
गोयंद राइ षीची प्रसंग। उर लग्गि अग्गि नह सुष्प अंग॥ छं० ॥ १३॥
अष्पंत सूर सामंत और। खरगोस लहै पै कीस दौर॥
ऐ सरस सब्ब सामंत सूर। तिन चढ़ै नाम आजान नूर॥ छं० ॥ १४॥
जुग्गिन पुरेस काजि अप्पि जीव। पती सबत्त हथ्थें सुदीव॥
सिर पटा छाप लोहान छोइ। लग्गे सुसरह सब पाइ लोइ॥ छं० ॥ १५॥
कप्पूर चीर सागर सुनीर। सह धन्न धान जौहर सुहीर॥
फुल्लेल अरगजा बहु सुगंध। कोठार भार उग्गह सुबंध॥ छं० ॥ १६॥
कामंसु अप्पि ऐसे सुक्कित्त। परधान मान करि मानमत्त॥
रत्तौ सुस्वामि अम्मह सुसब्ब। अद्धि चलैं स्वामि डारैं सुतब्ब॥
छं० ॥ १७ ॥ १० ॥

लोहाना के वीरत्व का वर्णन॥

गाथा॥ लोहाना आजानं। वानं पथं भीम जुद्धानं॥
आ आरूप सरूपं। बंकं भरं पद्धरं करनं॥ छं० ॥ १८॥ रू० ॥ ११ ॥

दूहा॥ लोहाना तौंवर अभंग, सुहर सब्ब सामंत।
सांई काज सुधारना, ढंढोलन गय दंत॥ छं० ॥ १९॥ रू० ॥ १२ ॥

लोहाना का पांच हज़ार सेना लेकर ओड़छा के राजा जसवन्त पर चढ़ाई करना॥

कवित्त॥ उंडच्छा अरि थान, कच्छ ईहां धर रत्तौ।
नाम तास जसवंत, षग्ग राजन धर पुत्तौ॥
लोहाना अनबीह, लीय वारत्त समथ्थै।
सज्जि सेन सामंत, कलह रष्पन जस कथ्थै॥

११ पाठान्तर-पथु। वंकं॥
१२ पाठान्तर-सब। ढंढोल गनय दंत॥

हज्जार पंच सेना सजय, करि जुहार भर चल्लयो ।
कलहन्ति गसंत सावरत दिन, चाक सेर गिर हल्लयो ॥
छं० ॥ २० ॥ रू० ॥ १३ ॥

ओड़छा पर चढ़ाई की शोभा का वर्णन ॥

छंद गीता मालती ॥ सजि चल्यो तामं जुद्ध धामं कोन कामं पूरयं ।
घन घोर घट्टा समुद्द फट्टा धूम उलट्टा सूरयं ॥ २१ ॥
धुंधरिग थानं षुरेसानं केस जानं चल्लयं ।
कनवज्ज थानं परि भगानं सूरतानं सल्लयं ॥ २२ ॥
आजानुबाहं परे थाहं गज्ज गाहं घुम्मरे ।
चह चहे महं गज्ज सहं घटा भहं उप्परे ॥ २३ ॥
नारद बक्कं सूर हक्कं लेयन लंकं जुट्टरे ।
जड़छा उप्परि कंठला करि घराभप्पुरि अप्पुरे ॥
छं० ॥ २४ ॥ रू० ॥ १४ ॥

ओड़छा के राजा जसवन्त का सामना करने के लिये प्रस्तुत होना ॥

दूहा ॥ सुनी धाह जसवंत न्रप, आयो सेन सुसज्जि ।
ढलकि ढाल वद्दल मिलिय, पुव्व झड़ाउ अवज्जि ॥
छं० ॥ २५ ॥ रू० ॥ १५ ॥

लड़ाई होना और लोहाना का जीतना ॥

छंद विराज ॥ बजे सिंधु नहं । करी सुक्कि सहं ॥
हक्कं सूर बज्जे । मनों मेघ गज्जे ॥ २६ ॥
छुटे अग्ग बाजी । भ्रमे सार भाजी ॥
मचे गोम धोमं । मनों राह सोमं ॥ २७ ॥
लिये हथ्थ बथ्थं । मनों जुद्ध पथ्थं ॥
धरे धीर धारी । बकें मार मारी ॥ २८ ॥

---

१३ पाठान्तर–उंडछा । थांन । कछ । दूहां पंगा । सजि गसत ॥
१४ पाठान्तर–पुरेलानं । सलयं पुम्मरे । क्कं । लेयन । उंड़छा । कंवला ॥
१५ पाठान्तर–न्रप । पुब । झझाउ ॥

ग्रहे सीस ईसं । करा रंत दीसं ॥
जुटंतं मरद्दं । मचे एम कद्दं ॥ २९ ॥
लरै यों लुहानं । अभंगं जुवानं॥
जसव्वंत जोरं । चहंक्कोति घोरं ॥ ३० ॥
गसैते गसानं । गए अग्ग थानं ॥ छं० ॥ ३१ रू० ॥ १६ ॥

दूहा ॥ षेचर भूचर जलचरह, सूर गए सुर थान ।
जुद्ध जुरे जसवंतसी, रन जित्यो लोहान ॥ छं० ॥ ३२ ॥ रू० ॥ १७ ॥

लोहाना का गढ़ पर अधिकार कर लेना ॥

कवित्त ॥ सहस उभय लोहान, सुभट परि षेतह मज्जे ।
सार धार परहार, उभय गजराज विभज्जे ॥ *
सय सत्तह हय षेत, नेत बड्डे रिन जित्यौ ।
षट सहस (अरि) † पवंग, कवी चंदह कहि कित्यौ ॥
परि लुथ्थ कोस सुर हून प्रति, धर लिन्नी गढ़ भंजियै ।
करि जेव बयट्ठो गढ्ढ परि, हूक्क यानि मन रंजियै ॥
छं० ॥ ३३ ॥ रू० ॥ १८ ॥

इति श्री कविचंद विरचिते प्रथिराजरासके लोहाना आजानबाहु समय नाम चतुर्थ प्रस्ताव संपूर्णम् ॥ ४ ॥

४० पाठान्तरः-लीए । कितक । कितेक । पति । हथी । स्वांनन । सर्प्प । बजत । निसांन । सहनाय । डक । बजत । सिकार ॥

४१ पाठान्तर-आय । चहुआंन । पृथ्वीराज । किनियः । आय । राय । गोइंद । पृथुक । आय । सयह । हसि । मिलिय । षिलिय । कहिय ॥

४२ पाठान्तरः-तहां । नाम ॥

पृथ्वीराज का भोजन करना और फिर आगे बढ़ना ॥

सुष मद्धि सुष्ष प्रथिराज पाइ। भोजन करंन न्टप बैठे आइ ॥
छह रस निवास आहारि अंन। करि कुरल्ल पांन करपूर लिंन ॥१११॥
म्टगमद जवाद सब चरचि अंग। कसमीर अगर सुर रहिय अंग ॥
सुभ कुसुमहार सब कंठमेलि। हूम चलिय बलिय चहुआन षेलि ॥ ११२॥
छह अग्गा हूक्क सैा तुरिय तेज। उड्डंत पंषि बिन पंषिकेज ॥
बगसीस सकल सामंत जोग। दिषि वाह वाह सब कहत लोग ॥ ११३ ॥
सुष चाल फाल जे हिरन लेत। उत्तंग गात पष्षर समेत ॥
गज घालि बांह घूघर सलोल। लष्षें न राह करते कलोल ॥ ११४ ॥
हा कहंत उडत हां कहत ठक्क। गिर परत धंक्क जिन कोट गक्क ॥
पित मात असलि औराक देस।

सब सरदारों को एक एक घोड़ा बांट दिया उसी पर सब चढ़ कर चले।

सोभंत बानि रवि रथ्थ भेस ॥ ११५ ॥
है एक एक सब बंटि दीन।
चढ़ि सूर सकल सामतं लीन* ॥

कविचन्द को एक हाथी देना जो महा बलवान था।

दिय हस्ति एक कवि चंद बोलि।
अंदून नांह को सकै षोलि ॥ ११६ ॥
तल बहन पाट सुभ्भै न अंषि।
अति पाइ काइ गहि लेइ पंषि ॥
अनिं गज्ज मुष्ष को सकै झेलि।
खल दलन मभ्भ पारत्त भेलि ॥ ११७ ॥
सुर नाथ वाह सम अंग ओप।
दिष्षियै खिज्यौ जनु काल कोप ॥
बिन रोस सहज में अजा जांनि।
घर कोइ बंचिलै चल्यैा कानि ॥ ११८ ॥

* यह तुक एशियाटिक सोसाइटी के पुस्तक में नहीं है ॥

सक्कै न वोन्हि को पय अरुढ । लग्गहै पग्ग वनि कवन मूढ ॥
अगि जन्न मम्भ्क मांनै न संक । होइ रहै भूत सुनि वज्जि डंक ॥ ११९ ॥
सुनि विरद कांन चल्लंत मग्ग । निधि चंद पथ्थ दिय कनक वग्ग ॥
छं० ॥ १२० ॥ रू० ॥ ४३ ॥

दूहा ॥ याग धरी कवि चंद सिर, हरष भयौ बहु अंग ।
तूं विक्रम अक्रम हरन, करन दरिद्रह भंग ॥
छं० ॥ १२१ ॥ रू० ॥ ४४ ॥

एक एक सामंत पय, कीनिय चंद हजूर ।
बढि चल्लिय हल्लिय अगैं, सरित तुरंगन पूर ॥
छं० ॥ १२२ ॥ रू० ॥ ४५ ॥

कवि चन्द का पृथ्वीराज की स्तुति करना ॥

कवित्त ॥ करिय नवनि कविचंद । छंद अनेक पढ्ढि कर ॥
तूं सुरपति सम कुंअर । देव सामंत समो वर ॥
अगिन कन्ह जल चंद । पवन गोइंद प्रबल्ल बल ॥
धरा चंद बल धीर । तेज चामंड जलन पल ॥
रवि तेज कहर कूरंभ सव । चंद अमृत आवू धनी ॥
द्रगपाल सवल सामंत सव । रहै दव्वि धरती धनी ॥
छं० ॥ १२३ ॥ रू० ॥ ४६ ॥

---

४३ पाठान्तरः—फिरि । पृथीराज । येह ॥ १०८ ॥ मंगाय । मंगि । होइ ॥ १०९ ॥ मिलें । वरदाय । आय । कहिय । वत्त । पछलि सुनाय । जाय । एकंत ॥ ११० ॥ मध्य । सुप । पृथीराज । पाय । भोजंन । करन फुनि । वैठि । आय । लीन ॥ १११ ॥ जर्थाह । सुभ कंठहार । मेल्हि । चहुवांन ॥ ११२ ॥ इक । एक सो । उहुत पंपि ॥ ११३ ॥ उतंग । पपर । लपे ॥ ११४ ॥ धक । जिहिं । गढ । रथ ॥ ११५ ॥ हय । लिन । आंदून ॥ ११६ ॥

तव लहत । सुझै । काय । पाय । लेय । गज । मुहप । मझ । पारंत ॥ ११७ ॥ उंप । दिपिये । मैं । चला । कांन ॥ ११८ ॥ सकै । कोइ । पग । जल । मझ । मांनै । होय । वजि ॥ ११९ ॥ चालंत । सथ ।

४४ पाठान्तर—तु । तूं ॥

४५ पाठान्तर—कीनीय । चलिय । हलिय । अगै । तुंगन ॥

४६ पाठान्तर—पढि । कुमर । कुंअर । समवर । अगनि । चावंड । अबू । सकल । रहे । दवि ॥

दूहा ॥ जीभ एक कविचंद कै, कित्ति कही क्यौं जाइ।
जीव बुद्धि प्रिथ्यद निमित, रद्द सो मत्ति सुभाइ ॥
छं० ॥ १२४ ॥ रू० ॥ ४७ ॥

सब लोगों को अपने अपने घर विदा करना ॥

रह्यौ रंग बहुरे अचन, करिय विदा सनमान।
निसा सुष्ष मंडे सुषन, जागे जगत भान ॥
छं० ॥ १२५ ॥ रू० ४८ ॥

वीरों के मिलने के समाचार से पृथ्वीराज का प्रसन्न होना ॥

प्रथीराज आनंद मन, सुनि वीरन बर वत्त।
फूलत तन तरु नीर लभि, दूम आतम उलसत्त ॥
छं० ॥ १२६ ॥ रू० ॥ ४९ ॥

श्लोक ॥ शुभं दिवसे शुभं वार्त्ता। अशुभेच अशुभानि च ॥
शुभाशुभं यथा युक्तं। भवंति दिवसानि च ॥
छं० ॥ १२७ ॥ रू० ॥ ५० ॥

पृथ्वीराज की प्रशंसा ॥

कवित्त ॥ प्रथियराज चहुआन। बान पारथ बलिबंडह ॥
प्रथीराज चहुआन। दंद दंडेति अदंडह ॥
प्रथीराज चहुवान। सरिस जुध कोउ न मंडै ॥
प्रथीराज चहुवान। सचु चिनु रद्द गहि कंडै ॥
प्रथीराज चहुवान पहु। कली करन अवतारकहि ॥
सोमेस सूर पूरह्न सुभग। उद्दर पिथ्थ अवतार लहि ॥
छं० ॥ १२८ ॥ रू० ॥ ५१ ॥

---

४७ पाठान्तरः—जाय। बुधि। पिथह। मंति ॥
४८ पाठान्तरः—सनृमांन। सुष। मंहे। उगत। भांन ॥
४९ पाठान्तरः—बत। लहि। दूम नृप आतम उलसत ॥
५० पाठान्तर—सुभं। सुभं। वार्त्ता। असुभे। असुभानि। सुभासुभं। यथायुक्तं ॥
५१ पाठान्तर—पृथीराज। चहुआंन। चहुवान। बांन। चंडह। पृथीराज। अडंडह। जुद्ध। त्रिनु। कलि। पिथ ॥

दूसरे दिन सबेरे पृथ्वीराज का उठना और नित्य कृत्य करना ॥

दूहा ॥ प्रात राज जग्गे प्रथम, गो द्विज दरसन कीन ।
देहक्रांति पुनि होइ सुचि, पावन पानि सुलीन ॥
छं० ॥ १२९ ॥ रू० ॥ ५२ ॥

करि पावन पवित्त वर, सोहन सुरभि सुतेल ।
मर्दनीक मर्दन करै, बढै धात तन बेल ॥
छं० ॥ १३० ॥ रू० ॥ ५३ ॥

नहाकर दस गोदान, दस तोला सोना और बहुत सा अन्न दान देना ॥

करि सनान गंगोदकह, दिय सुगाइ दस दान ।
दस तोला तुलि हेम दिय, अंन दान असमान ॥
छं० ॥ १३१ ॥ रू० ॥ ५४ ॥

महल में पृथ्वीराज का बिराजना और सरदारों का आना ॥

छन्द पद्धरी ॥ करि स्नान दान सुचि रुचि कुंआर । होइ देवरूप साप्यात चार ॥
कीनौ सु महल वज्जै निसान । आनन्द सकल सामन्त मान ॥ १३२ ॥
आये सुमहल सामंत सूर । पूरंन तेज वीरत्त पूर ॥
अनभङ्ग अङ्ग अनभूल वांन । जिन दिट्ठ अरिय पावै न जान ॥ १३३ ॥
कैमास आइ कीनौ जुहार । विद्या सु चतुर्दस मत्ति सार ॥
गोयन्दराज गहिलौत आइ । बैठो सुकुंअर कमधं नवाइ ॥ १३४ ॥
चहुवान कान्ह आयौ अभङ्ग । भारथ्थ कथ्थ भीषम प्रसङ्ग ॥
अनि अनी सुभर बैठे सुआइ । अन मित्त मत्ति बल अप्रमाइ ॥ १३५ ॥

---

५२ पाठान्तर–गो । देह कांति । पुनः । शुचि । पांन । पांनि ॥
५३ पाठान्तर–पावन । सुरंभ । सुरभ । मर्द्दनीक । मर्द्दन ॥
५४ पाठान्तर–सुस्नांन । गंगोदकहि । दांन । अन । दांन । असमांन ।

राजन कुँआर मधि सूर साज। देवतन मद्धि जनु देवराज ॥
गिरिराज मद्धि सब गिरन रज्ज। देखन्त सभा सुभ इन्द्र लज्ज ॥
छं० ॥ १३६ ॥ रू० ॥ ५५ ॥

वीरों के वश होने की बात से पृथ्वीराज का पेट फूलता है पर किसी से कह नहीं सकता ॥

दूहा ॥ बैठि सभा प्रथिराज रचि, आय सुरति निज चित्त ॥
वत्त बीर बरदान की, अति उमंग उल्लसित्त ॥
छं० ॥ १३७ ॥ रू० ५६ ॥

रचै न आनँद कुँअर हिय, उगमत कण्ठ प्रमान।
कहै न कासों वत्त बर, मानों दुद्ध उफान ॥ छं० ॥ १३८ ॥ रू० ॥ ५७ ॥

कैमास का हाथ जोड़कर पूछना कि आपके मुख पर कुछ उत्साह दिखाई देता है पर आप खुलकर कहते क्यों नहीं ?

अरिल्ल ॥ पानि जोरि कयमास। वदै तव राज प्रति ॥
उर अवलोकित उलसत। सामन्त राज अति ॥
को कारन मुष चाह। न कथ्थिय्हि वत्त सति ॥
सुभर सूर सामन्त जु। विनवत्त राज प्रति ॥ छं० ॥ १४० ॥ रू० ॥ ५८ ॥

पृथ्वीराज का चन्द के वीरों को वश करने का समाचार कहना ॥

---

५५ पाठान्तर–सांन। दान। कुआंर। कुआर। होय। वज्जे। निसांन। मांन ॥ १३२ ॥ पूरन। तेज। वीरत। अभूल। बांन। दिट्ठि। जांन ॥ १३३ ॥ आय। चतुर्द्दस। मंति। गोइंद। आय। आई। कुमर। कमल। नवाय ॥ १३४ ॥ चहुआंन। भारथ। कथ। अंनि अंनी। आय। आई। मित। अप्रमाय ॥ १३५ ॥ कुंमार। कुआर। देवतनु। मधि। मधि। रज। शुभ। लज्ज ॥ १३६ ॥

५६ पाठान्तर–प्रथीराज। बरदांन। अल्हसित्त ॥

५७ पाठान्तर–आनंद। कुंअर। कुमर। प्रमांन। मनों। दूध।। उफांन ॥

५८ पाठान्तर–चंद्रायना। पांनि। उल्हसत। सांमंत ॥ १३९ ॥ चाह। कथि। बत। विनवत ॥ १४० ॥

दूहा ॥ तब कहै कुँअर सामन्त सल, कालि आषेटक रंग ।
भयौ तुर तुम्हैं एक भव, आलस ची सें गंग ॥
छं० ॥ १४१ ॥ रू० ॥ ५९ ॥

कवित्त ॥ अपरंजे आषेट । चन्द भुल्यौ सुवट्ट वन ॥
जंगल इक तापस्स । मिल्यौ बरदाइ सुद्ध मन ॥
प्रसन भयौ कविचन्द । वीर मन्त्रह दीनौ वर ॥
अजमायौ कविचन्द । वीर बावन दरस चिर ॥
तिन देखि अमित चरितह सुनत । बरनै कवि बरदाइ अति ॥
अनेक रूप अनेक गुन । अनँत गति अनतह सुमति ॥
छं० ॥ १४२ ॥ रू० ६० ॥

सरदारों का उपहास करके कहना कि भाट, नट, चारन, ये सब आरत हैं इन की बात सत्य नहीं माननी चाहिए ॥

अरिल्ल ॥ प्रसन सूर सामन्त सकल वर । हासे अप्प परसपर सुभ्भर ॥
भट नट चारन जू आरत्तह । इनकी गति न मन्नियै सत्तह ॥
छं० ॥ १४३ ॥ रू० ॥ ६० ॥

कैमास ने कहा कि चन्द को देवी ने बरदान दिया है वह सचमुच कोई अवतार है ॥

गाथा ॥ कथ्थिय वर कैमासं । देवी वरदाय चन्द भट्टायं ॥
अस तिन चवै असेसं । सत्यं रूप सत्य अवतारं ॥
छं० ॥ १४४ ॥ रू० ॥ ६१ ॥

कन्ह ने कहा कि चन्द छूट गया था यह बात सच है, इसी पर उसने यह बात प्रसन्न करने के लिये गढ़ी है ।

---

५९ पाठान्तर–कुमर । कुंअर । काल्हि ॥
६० पाठान्तर–अपरजेन भयौ । कविचंद । भूल्यौ । बट । तापस । मिल्यौ । चंद । वरने । बरदाय । अनेक । अनत ॥
६० पाठान्तर–प्रसंन । सुभर । भट्ट । नट्ट । चारंन । जु । आरतह । मनिये ॥
६१ पाठान्तर–कथिय । भटायं ॥

अरिल्ल ॥ कहै कान्ह हम मानी सब्बह। भुल्ल्यौ भट्ट मग्गा बन तब्बह ॥
पसन केलि डर जोरिय बत्तं। इह अचिज्ज मन्नै न विसत्तं ॥
छं० ॥ १४५ ॥ रू० ॥ ६२ ॥

पृथ्वीराज के मन में सन्देह हो जाना ॥

दूहा ॥ किहि मंनी अमनी सुकिहि, त्रिविधि जानि संसार ॥
सुनत राज विभ्रम भयौ, पर्यौ सुचित्त बिचार ॥
छं० ॥ १४६ ॥ रू० ॥ ६३ ॥

इतने में चन्द का आकर आसीस देना ॥

इहि विचार करवह मनह, आयौ चंद सुतब्ब।
दिय असीस कर उंच करि, वेद नीत वर कव्व ॥
छं० ॥ १४६ ॥ रू० ॥ ६४ ॥

पृथ्वीराज का चन्द को पास बुलाकर वीरों की बात छेड़ना।

राजह सूर हकार लिय, दिय सादर सनमान।
वीर विरद बरदाय प्रति, लग्गे बत्त पुछान ॥
छं० ॥ १४७ ॥ रू० ॥ ६५ ॥

पृथ्वीराज का चन्द की बड़ाई करके कहना कि हम लोगों की बड़ी अभिलाषा है सो आज वीरों का दर्शन करवाओ ॥

कवित्त ॥ कहै चंद कविराज। बत्त पूरब जो वित्तिय ॥
कहिय कुँअर प्रथिराज। चंद चरची सो सत्तिय ॥
हमहि बहुत अभिलाष। देव वीरानि दरस कज ॥
पावहिं तो परसाद। सूर सामंत मंत अज ॥

---

६२ पाठान्तर-कहैं। मांनी। भुल्यो। मग। तवह। जोरीय। सुभ हित डवर गाम सपत्तं। अचिज्जं ॥

६३ पाठान्तर-किहिं। स। किहिं। त्रिधा। जांनि। चित ॥

६४ पाठान्तर-इह। विचारि। तब। दीय।

६५ पाठान्तर-राज। हक्कार। सनमांन। वरद। वरदार। लगे। पूछांन ॥

तो सम न और तिहु लोक में । नट भट नाटिक्क नर ॥
संसार पार बोहिथ समए । तोहि मात देवी सुवर ॥
छं० ॥ १४८ ॥ रू० ॥ ६६ ॥

कवि चन्द का मंत्र जपना और होम करना ॥

दूहा ॥ सुनि आनंद्यौ चंद चित । कीन मंत आरंभ ॥
जप्प जाप कवि होम सव । लग्यौ कज्ज असंभ ॥
छं० ॥ १४९ ॥ रू० ॥ ६७ ॥

वीरों का प्रगट होना ॥

गाया ॥ किय जप जाप सुहोमं । आए वीर धीर आतुरयं ॥
गज्जै गयन गहीरं । भय भै भीत सोर आघातं ॥
छं० ॥ १५० ॥ रू० ॥ ६८ ॥

छंद भुजंगी ॥ धमंक्की धरा धंम धंमै धरक्की । कठं पिठ्ठ कंमठ्ठ कठ्ठै करक्की ॥
डिग्गै अड्डिगं सो दिगंपाल दस्सं । तरक्कै चकै मुंनि जंनं तपस्सं ॥१५१॥
भरक्कै सुवाजं सु वाजं विकुट्टै । तरक्कैक्क एकं उलट्टै सुलट्टै ॥
इसो आगमं भौ सुबावन्न वीरं । कपे कायरं धीर रघ्यौ सुधीरं ॥
छं० ॥ १५२ ॥ रू० ॥ ६९ ॥

वीरों के शब्द से सामतों का डरकर सोचना कि बिना काम इन को बुलाना ठीक नहीं हुआ ।

दूहा ॥ सुनिअ घात वर वीर कौ, चमकै चित सामन्त
इन आकर्षै कज्ज विन, किनौं अप्प अमन्त ॥ छं० ॥ १५३ ॥ रू० ॥ ७० ॥

---

६६ पाठान्तर—कहै । कुंअर । प्रथीराज । चरचा । चर्चि । सतिय । हमहिं । वीरनि । वीरांन । कजि । पावहि । सामंत । तिहुं । मैं । नट । भठ । नाटिक्क ॥

६७ पाठान्तर—आनंद्यो । मंत्र । जप । सम । लगौ । कज ॥

६८ पाठान्तर—गाहा । स । गजे ॥

६९ पाठान्तर—धम्मकी । धम । धमै । धम्मे । धम्मैं । धरकी । कमठ । कढ़े । करकी । डिग्गै । डिगे । अडिगं । द्रिगंपाल । दसं । तरके । तरकें । चक़े । मुनि । मुनि । जनं । तपसं ॥ १५१ ॥ भरके । विछुटे । तरंकेक्क । उलटे । सुलटे । इसो । बीरं । कंपे । कपैं । कायरं स ॥ १५२ ॥

७० पाठान्तर—सु आघात । चमके । कज । किनौं ॥

दो मत्त हाथी दर्बार के बाहर बाँधे थे वह वीरों का भयानक शब्द सुनकर चौंके ॥

दूहा ॥ गज घुमन्त गजराज वर, दो हथ्थी दरबार ॥
दूरि दूरि बन्धे रचैं। काल समान करार ॥ छं० ॥ १५४ ॥ रू० ॥ ७१ ॥

कवित्त ॥ अति बलवन्त अनन्त। गरुअ मानहु गिरवर से ॥
गगल जेम गाजन्त। बंध बंधन ते सरसे ॥
च्यार पटे कुट्टे* कंक्राल। मद्द नद्दह सुअहो निसि ॥
पवन पाइ पुरवाइ। काल रूपी कँकाल रिस ॥
सिर दिघ्घ दिघ्घ दन्तह सुभग। जरजराइ बंगरि जरिय ॥
लष लष्ष दाम पावह्वि पटै। कनक साजहाज सु करिय ॥
छं० ॥ १५५ ॥ रू० ॥ ७२ ॥

दोनो हाथियों का तुड़ाकर लड़जाना और दर्बार में खलभली मचना ॥

दूहा ॥ बीर घोर आघात सुनि, गज कुटि बन्धन तोरि ॥
भिरे उभय भय भीत होइ, परि दरबारह रोरि ॥
छं० ॥ १५६ ॥ रू० ॥ ७३ ॥

छंद मोतीदाम ॥ भिरे गजराज भयानक रूप। उभै मदमत्त महा जम जूप ॥
भए कइकाल कराल अहूट। लगै जनु क्रोध सु कज्जल कूट ॥ १५७ ॥
जुरे जुग जानि गुरू गजराज। किधौं कउ दानव रूप दुराज ॥
जगे प्रलकाल भयानक भूत। इसे दुइ दन्ति भिरे अदभूत ॥
छं० ॥ १५८ ॥ रू० ॥ ७४ ॥

---

७१ पाठान्तर–गुमांन। हथी। रहै। समांन ॥

७२ पाटान्तर–गरुय। मांनहु। तें। च्यारि। पट। * अधिक पाठ। मद। हद। हद्द। अहनिसि। पाय। पुरवाय। कंकाल। दिघ दिघ। गरजराइ। वंगरी। लष २। दांम। पावहिं। पटे। साजसु ॥

७३ पाठान्तर–छुट्टि। भिरै। भे। दरबारहिं। रोरि ॥

७४ पाठान्तर–भिरैं। भयांनक। मदमत। कोइ। अहठ। लगै। कजल। कूठ ॥ १५७ ॥ जांनि। गिरराज। कोऊ। दांनव। लगे। जगैं। प्रले। भिरें ॥ १५८ ॥

हलकारों का बहुत उपाय करना पर हाथियों का वश में न आना ॥

दूहा ॥ दौरि सकल सामन्त मिलि, करे अनन्त उपाइ ॥
दोस लगे छुटै नहीं, भई सुहायो चाइ ॥
छं० ॥ १५९ ॥ रू० ॥ ७१ ॥

चिहूं ओर हरषी छुटै, परै अगड सुमार ॥
गोला लगै गिलोल गुरु, छुटै न तो इसरार ॥
छं० ॥ १६० ॥ रू० ॥ ७६ ॥

गाथा ॥ वर वावंन सु वीरं । कौतिग लपन्त सूर सामन्तं ॥
करे अनन्त कलापं । नह छुट्टन्त गज गरं आइ ॥
छं० ॥ १६१ ॥ रू० ॥ ७७ ॥

चन्द का बावन वीरों से प्रार्थना करना कि आप लोग इन हाथियों को छुड़ाकर बाँध दीजिए ॥

दूहा ॥ तब कर जोरिय चन्द कवि, अग्गै वांवन वीर ॥
तुम सु छुडावहु मन्त कछु, बहुरि जरहु जञ्जीर ॥
छं० ॥ १६२ ॥ रू० ॥ ७८ ॥

भैरव की आज्ञा से वीरों का हाथियों को ज़ंजीर में बाँध देना ॥

अरिल्ल ॥ तब भैरव भूवाल वीर वर । कीन हुकम कालीय ऊंच कर ॥
छोरावहु गजराज पांनि गहि । बहुरि जरौ जञ्जीर थान कहि ॥
छं० ॥ १६३ ॥ रू० ॥ ७९ ॥

दूहा ॥ तब काली दोस्यौ नलपि । गज्ज छुराइ समथ्थ ॥
उभै पांनि सौं रद उभै । गहै उभै वरहथ्थ ॥
छं० ॥ १६४ ॥ रू० ॥ ८० ॥

---

७५ पाठान्तर–दोरि । सांमंत । करै । उपाय । लगें । छुटै । नही । स ॥
७६ पाठान्तर–चिहुं । उर । परै सुगड पर मार । लगें । गुल । छुट्टै । तो । अस ॥
७७ पाठान्तर–बांवन । । सांमंत । करै । गुरुयाइं । गलआई ॥
७८ पाठान्तर–बावन । बांवन । स ॥
७९ पाठान्तर–भुवाल । किन । उंच । छोरावौ । पांनि । जरौ । थांनि । कहिं ।
८० पाठान्तर–गज । छोराय । समथ । पांनि । सों । सं । हथ ॥

यह कौतुक देखकर सरदारों का आश्चर्य में होना और सब का दर्बार में आकर बैठना ॥

गाथा ॥ बंधन दीन सु पाइं। कौतिगं दिष्षयं सब्ब सूरं ॥
मंनिय मन आचिज्जं। बैठे फेरि आइ दिवानं ॥
छं० ॥ १६५ ॥ रू० ॥ ८१ ॥

पृथ्वीराज का सब बीरों को प्रणाम करना, चन्द का नाम ले लेकर सब बीरों को पहिचनवाना ॥

परखे बीर सु सब्वं। करी प्रथिराज पाइं परिनामं ॥
प्रथक चन्द कथि नामं। पहिचांने बीर बीरायं ॥
छं० ॥ १६६ ॥ रू० ॥ ८२ ॥

चन्द का पृथ्वीराज से कहना कि बिना कारण इन को बुलाया है इस से इन की बलि दो पृथ्वीराज का बावन घड़ा मदिरा बावन बकरे मँगाकर बलि देना और भैरव आदि की पूजा करना।

छंद पद्धरी ॥ पहिचांनि राज प्रथिराज बीर। भयौ उदित मन आनंद धीर ॥
कविचंद कहिय प्रथिराज राज। इन देहु सुबल व्याकुल समाज ॥ १६७ ॥
बिन कज्ज अप्प आराध कीन। नवि बिघ्घत कुसल लभ्भो सुदीन ॥
बावन घट्ट वारुनि मँगाइ। बावन बीर प्रति घट्ट पाइ ॥ १६८ ॥
बावन अजासुत भष्ष आंनि। दीने सु आदि भैरव निदांन ॥
सिंदूर तेल पुह्पनि अरचि। सन्तोषि पोषि सब तन चरचि ॥
छं० ॥ १६९ ॥ रू० ॥ ८३ ॥

---

८१ पाठान्तर–दीय। सु पायं। पाई। सब्ब देषीयं। दिषय सब। मनियं। आचिजं। फिरि। आय। दीवांनं ४

८२ पाठान्तर–कर। क्रारि। पाय। प्रथुक्र। करि ॥

८३ पाठान्तर–पहिचानि। प्रथीराज। भयो। धीर। कहीय। प्रथीराज। स। बाकुल ॥ १६७ ॥ कज। कुशल। लभैं। बावन। घट। मंगाई। घट। पान ॥ १६८ ॥ भष। आंनि। निदांन। अरचि। चरचि ॥ १६९ ॥

वीरों का प्रसन्न होकर पृथ्वीराज से कहना कि जो मांगो सो तुम हैं और अब हमको विदा करो ॥

दूहा ॥ भये त्रिपत वीराधिवर, पूरन डक्क डकार ॥
मानि आनन्दत उल्हसंत, बोले बयन बकार ॥
छं० ॥ १७० ॥ रू० ॥ ८४ ॥

मग्गि मग्गि मह्हिपत्ति तुम्र । सोइ समप्पै आज ॥
दै सुविदा न विलम्ब करि । जु कछु चित्त तुम्र काज ॥
छं० ॥ १७१ ॥ रू० ॥ ८५ ॥

पृथ्वीराज की ओर से चन्द का कहना कि लड़ाई के समय हमारी सहायता कीजिएगा ॥

गाथा ॥ जंपे वर वरदाई । तुम वरं वीरं देव देवाधिं ॥
श्री प्रथिराज सहाई । जुद्धं जय राज जुटाइं ॥
छं० ॥ १७२ ॥ रू० ॥ ८६ ॥

भैरव का चन्द को बुलाकर कहना कि जब तुम्हें टेढ़ा समय आवे तब हम को याद करना ॥

गाथा ॥ तव वर भैरव वीरं । उच्चारीगं संमुप्पं चन्दं ॥
जं तुम बंकट ठौरं । तं सँभारं विचित अम्हाइं ॥
छं० ॥ १७३ ॥ रू० ॥ ८७ ॥

गाथा ॥ परतिषि अम्ह सुधुब्बं । कारयं जुद्धं तब्ब साहस्सं ॥
जथ्थं चण्डिन चन्दं । तथ्थं करै न हम आगमं ॥
छं० ॥ १७४ ॥ रू० ॥ ८८ ॥

---

८४ पाठान्तर-तृपति । डंक । डक । आनंद तन । वैन ॥
८५ पाठान्तर-महिपति । समयें । देह । तूं कछु चिंतत काज ॥
८६ पाठान्तर-जपे । वर । वीर । देवधि । वीर देवाधि । जुटाई ॥
८७ पाठान्तर-उचारिग चंद संमुपं । तुंम । बंकठ । ठौरैं । संभारें । संभारे । विचित्त । अम्हाई ॥
८८ पाठान्तर-अंन्ह । जुद्ध । तव । साहसं । जथं । तथं । हंम्म । आगमं ॥

बचन देकर बीरों का बिदा होना, सरदारों का चन्द की बात पर प्रतीत करना और पृथ्वीराज का चन्द पर अधिक प्रेम बढ़ना ॥

दूहा ॥ दइय वाच सब बीर नैं, बहुराए कवि चन्द ॥
सब सामँत अनन्द भौ। दरसत नट्ठे दन्द ॥
छं० ॥ १७५ ॥ रू० ॥ ८९ ॥

सत्य करै मान्यौ सकल। हरषित भय प्रथिराज ॥
प्रेम बढ्यौ अति चन्द सौं। साहस रीत समाज ॥
छं० ॥ १७६ ॥ रू० ॥ ९० ॥

पृथ्वीराज का चन्द से कहना कि सब सरदारों को मन्त्र बतला दो, चन्द का सब को मन्त्र बतलाना ॥

गाथा ॥ तब कूंअर कहि चन्दं। देहुं मन्तं सव्वं सामन्तं ॥
तब कहि मन्त्रं चन्दं। कीन अप्प अप्पं सहायं ॥
छं० ॥ १७७ ॥ रू० ॥ ९१ ॥*

चन्द को बीस गाँव और एक घोड़ा पृथ्वीराज ने दिया ॥

दूहा ॥ बीस गांम कविचन्द प्रति, करी कुँअर बगसीस ॥
एक बाजि साजति सजहि। दियौ सु सम्भरि ईस ॥
छं० ॥ १७८ ॥ रू० ॥ ९२ ॥

इति श्रीकविचन्द विरचिते प्रथिराजरासके आषेटक बीरबरदान बर्णनं नाम षष्ठ प्रस्ताव सम्पूर्णम् ॥ ६ ॥

---

८९ पाठान्तर-बीरनैं। सामंत। नठै ॥

९० पाठान्तर-सति। करे। मंन्यो। हरखत। प्रथीराजं। समाजं ॥

९१ पाठान्तर-देहु। मंत्र। सब। अप्प। अप ॥ * यह रूपक सं॰ १६४७ की पुस्तक में नहीं है ॥

९२ पाठान्तर-ग्रांम। कुअर। कुंअर। सजि। दीयौ ॥

अथ लाहर राय कथा वर्णनं लिख्यते ॥

(सातवां समय)

सोमेश्वर देव का शिवरात्रि का व्रत जागरण करके सोने की तुला दान करना और उसे बांट देना ॥

दूहा ॥ ग्यारह सै गुन तीस वदि, फागुन चवदसि सोम ॥
सिवरत्ती सोमेस न्टप, निसा मण्डि जप होम ॥

छं० ॥ १ ॥ रू० ॥ १ ॥

पञ्च गव्व अस्नान करि, सीस सहस घट मण्डि ॥
दीपदान घृत सहस शिव, कुसुमंजलि सिर कण्डि ॥

छं० ॥ २ ॥ रू० ॥ २ ॥

शिव उपास सोमेस वर, पञ्च उपासि सुराज ॥
महा मोह भत्ती सुगुर, करिय किति कविराज ॥

छं० ॥ ३ ॥ रू० ॥ ३ ॥

श्लोक ॥ शिवशिवा उपास्य राजन्, वीर्यं देवन कामयम् ॥
कविचन्द महावाणी, प्रगट रूपेण विस्मितम् ॥

छं० ॥ ४ ॥ रू० ॥ ४ ॥

दूहा ॥ चतुर जाम जग्गिय न्टपति, कनक तुला तहँ कीन ॥
प्रात समै वर दुजन कहुँ, बंटि अप्प कर दीन ॥

छं० ॥ ५ ॥ रू० ॥ ५ ॥

---

१ पाठान्तर—दोहा । सं । सैं । सुनि । चवदिसि । सिवरतीं । न्रप ॥ इस रूपक में संवत् ११२९ अनन्द साक वा पृथ्वीराज का तृतीय साक है । इस का वर्णन कवि ने आदि पर्व्व के रूपक ३५५ । ३५६, पृष्ठ १३८ में किया है । तदनुसार इसमें अन्तर के ९० । ९१ वर्ष जोड़ने से ११२९ + ९० । ९१=१२१९ । १२२० वर्त्तमान विक्रमी होगा ॥

२ पाठान्तर—पवगव्य । अस्नांन । सहस्र । दान । सहास । कुसुमांजलि । शिर ॥

३ पाठान्तर—शिव । स राज । स गुर ॥

४ पाठान्तर—सिवसिवा । राजं । राज्यं । वीर्यं । कामयं । वांनी । रूपेन । विस्मितं ॥

५ पाठान्तर—जांम । तहां । समे । कहीं ॥

अन्न अमार अपार उठि, जिहि लीनौ दिय ताहि ॥
छरस भोग भोजन भले, रही न मनसा काहि ॥
छं० ॥ ६ ॥ रू० ॥ ६ ॥

उभय ईस अग सोम पुनि, अस्तुति मण्डि समुष्ष ॥
नव चिनेत तन ताप हर, संचन सेवक सुष्ष ॥
छं० ॥ ७ ॥ रू० ॥ ७ ॥

शिव जी की स्तुति करना ॥

कवित्त ॥ विदित सरल अति चपल । विमल मति कज्ज निअछिन्नि ॥
गीत राग रस रटित । सती लंपट विस भच्छिन ॥
भुगति दैन जन विभव । भूर भूछित तन सोभित ॥
चिपुर दहन कविचन्द । कोन कारन क्रत लोछित ॥
श्रीविश्वनाथ संमित गवन । गरल चिलोचन रस कुसल ॥
मुष अमल कमल परिमल बहुल । भुगति चारु चर्म्मन असल ॥
छं० ॥ ८ ॥ रू० ॥ ८ ॥

छन्द पद्धरी ॥ जत गरल कंठ दीसहति बीय । जिम चित प्रगट संसार नीय ॥
सारङ्ग उछह तिन पान पानि । दिव तुङ्ग जाल जव जवनि मानि ॥ ९ ॥*
जट मुकुट गंग दीसहि उतङ्ग । सोभन्त चन्द लिल्लाट रङ्ग ॥
सारङ्ग सूल सादूल चर्म्म । सेवक सहाय अघ हरत कर्म्म ॥ १० ॥
कटि विकट निकट नटवत चिभङ्ग । गनभूत लेय विभ्भूत अङ्ग ॥
बुन्द जा काम जा आप कूल । जैजै सुईस माया अन्दूल ॥
छं० ॥ ११ ॥ रू० ॥ ९ ॥

साटक ॥ कप्याली कपआल बाहु अहयौ, गिरज्जाइ सारङ्गनौ ॥
बीभच्छौ रस तथ्य न्नित्य रतयौ, मुर्व्वी सदा तुङ्गयौ ॥

---

६ पाठान्तर–अंमरअच । उट्ठि । जिहिं । नहीं ॥

७ पाठान्तर–मंडिय मुष । मंडीय समुष्ष ॥

८ पाठान्तर–विअछन । विअछिनि । वियभषिन । विभौ । क्षत । गवन । कुशल । चांरु । चर्म्मन । भसल ॥

९ पाठान्तर–जुत । दीसहिति । जम । पांनि पांनि । * "दिव तुंग जाल दिव दिव न मांन" संवत् १६४७ की पुस्तक में पाठ है ॥ ९ ॥ लिलाट । सादूल । चर्म । कर्म्म । विभूत । अभूल ॥

रुद्रो रुद्ररि पाय नग्गि उरगो, हास्यं रसं सुन्दरं ॥
कामन्तं गिरिजानिनं विरचयो, कर्नाय कालं चयं ॥

छं० ॥ १२ ॥ रू० ॥ १० ॥

साटक ॥ वामं गौरि स्रृंगार हास्य नगनं, कर्नाय कामं चयं ॥
रौद्रं रौद्ररि पाय मार दमनं, वीरं त्रिनेत्रं ज्वलं ॥
भै भीतं द्रिपि अङ्ग भङ्ग अघितं, वीभच्छ नट्टव्वतं ॥
सान्तं संमित जोग दीन अदभू, नौ रस्स रस्तं शिवं ॥

छं० ॥ १३ ॥ रू० ॥ ११ ॥

शिवजी की स्तुति करके सोमेश्वर देव का अपने कुमार के विवाह के लिये नाहर राय के पास दूत भेजना ॥

दूहा ॥ सा देवह करि अस्तुती, वर सोमेस कुमार ॥
नाहरराइ नरिंदं कैं, दूत संपते वार ॥

छं० ॥ १४ ॥ रू० ॥ १२ ॥

शामदामादि में निपुण दूत का पत्र दरसाना ॥

गाथा ॥ सामं दामं भेवं । वेदं गुनं विग्यं अंगाई ॥
जानं पनं सलीहं । ते पत्तं दूत दरसायं ॥

छं० ॥ १५ ॥ रू० ॥ १३ ॥*

कवि का सनीचरी दृष्टि के योग पर से भविष्य में बैर दोष होने का कथन करना ॥

साटक ॥ दिष्टी दिष्ट सनीचरी वसद्दिनो, इंनोपि दुज्जं घरं ॥
पावारं परिहार वैर गुरयं, जद्दोह चौहानयं ॥

---

१० पाठान्तर–कप्पाल । ग्रहयो । गिरिजाई । गिरजाई । नो । बीभछो । तप । रतयो । मुर्वी । तुंगयो । उरयो । गिरिजां । करुनाय । काम ॥

११ पाठान्तर–शृंगार । करुनाय । काम । त्रियं । त्रिनेत्र । भय । बीभछ । नटवर्त्तनं । नटवत्तनं । अदभूत । अदभुत । नौ रस । नौ रस्स । रसितं ॥

१२ पाठान्तर–अस्तुति । नाहरराय । के । कें । संपत्ते ॥

१३ पाठान्तर–दानय । गुन । विग्य ॥ * यह रूपक सं० १६४० और १८५९ की लिखी पुस्तकों में नहीं है ॥

सोगिर्नारि समस्त संयुत कला, भारथ्थनो द्रिष्टयं।
सावाला वर वैर श्रेह तिगुना, के के नगे राजयं॥

छं० ॥ १६ ॥ रू० ॥ १४ ॥

कवि का कहना कि स्त्री के कारण से बैर दोष आगे रामादि बड़े बड़ों को हो चुका है॥

कवित्त॥ गयौ चन्द तारिका। पुत्र लज्जा बिन आन्यौ॥
षेच वीर्य सम्भवै। वीर्य लम्भवै न पान्यौ॥
बैर दोष श्रीराम। बैर दोषह दुर्योधं॥
बैर दोष नघुराई। बैर दोषह मुचकन्धं॥
सा बैर दोष पण्डव वलिय। मात बचन अह दोष सहि॥
इक दिनह समय सुन्दरि सचिय। संझ समय इह चरित लहि॥

छं० ॥ १७ ॥ रू० ॥ १५ ॥

कामधेनु का चरित्र॥

कवित्त॥ कामधेन पच्छै प्रचण्ड। त्रिषभयं चह अधिकारिय॥
एक एक उत्तरै। एक चढ्ढै रस भारिय॥
हसी सची द्रिषि निजर। दीन सराप सुधेनह॥
हों पसु तुत्र सुमनुच्छ। होइ पच्चाल श्रेह मह॥
लम्भी सुपच्छ जननी बचन। बंटि लई क्रम क्रम सुसर॥
तिह श्रेह श्रोर जो सम्भवै। तौ बनहिं डैवर सवर॥

छं० ॥ १८ ॥ रू० ॥ १६ ॥

प्रात समय जगते ही दूत का पत्र पढ़ना॥

---

१४ पाठान्तर-हननोपि। दुजन। दुज्जन। घनं। परिहारं। पावार। वेर। नदोह। चहुवांन। गिरिनारि। भारथ॥

१५ पाठान्तर-वीरज्ज। लभवे। श्रीरांम। दुर्जोधं। नघुराय। मचकन्धं। दिन। सुन्दर। इक॥

१६ पाठान्तर-कांमधेनु। पछे। पछें। प्रछण्ड। वृषभ। अधिकारीय। उतरै। चढै भारीय। साराय। हों। तूं। मनुष्य। मनुछ। लभी। सुपछ। बटि। जोर। हीबडे॥

दूहा ॥ भयौ प्रात जगात दुतिय, बंचि सुकग्गद् पानि।
आबू रा सज्जथान लिषि, बर गिर नारी बानि ॥
छं० ॥ १९ ॥ रू० ॥ १७ ॥

इस पत्र में बीर रूप देवस्थान हिंगुलाज के प्रभाव से पृथ्वीराज के बलवान होने और नाहरराय के बल प्रताप का वर्णन ॥

कवित्त ॥ पूना कर पर वत्तह। कोरि दह नील सवायौ ॥
बीर रूप इक रुद्र। थांन हिंगुलाज बनायौ ॥
देवल एक अचम्भ। हेम युत्तलि इक मंडी ॥
धूप दीप साषा* सुरङ्ग। धजा पत्ताकह ठण्डी ॥
दिष्षन सुथांन आचम्भ वर। ज्यौं कवि मंची होइ कल ॥
कवि कहै चन्द बरदाइ वर। जौ चहुआन सुहोइ बल ॥
छं० ॥ २० ॥ रू० ॥ १८ ॥

कवित्त ॥ वर गिरनारि नरेस। सिंधु वट्टी सुर तानं ॥
तेज तुङ्ग तप तेज। बैर भंजै अरि पानं ॥
वर गुज्जर वैसाहि। जगत अड्डौ सुस्त्र बल ॥
तिन मुक्कलि दिय दूत। राज सम्भरिय पित्ति पल ॥
परिहार नाथ नाहर न्रपति। दुह बल्यौ इक इक्क अग ॥
जानें कि जरा जुब्बन दुवन। सामन्तां संतोष भग ॥
छं० ॥ २१ ॥ रू० ॥ १९ ॥

कवित्त ॥ दूत सामन्तन नाथ। बाथ वडवानल घल्लन ॥
सण्डल घल्लन नाथ। सार अग्गी पल जल्लन ॥
अकह कहांनी करन। सरन रष्षन असरन बल ॥
सुथिर अथिर करि थपन। अंग जग जन दारुन दल ॥

---

१७ पाठान्तर–पांनि। पांन। बांनि ॥

१८ पाठान्तर–परवत्तह। प्रवतह। घांन। थांनि। हिंगुलाज। फूत्तरि। पुतलि। * अधिक पाठ है। सुरङ्ग। पताकह। दिषिन। सु थांन। ज्यों। कहैं। जो। चहुवांन। चहुआंन ॥

१९ पाठान्तर–वटी। पांनं। गुजर। अडो। मुकलि। पित्त। पल। जाने। जुबन। सांमन्तां ॥

भुग्र लोक सोक घर सुखित तन। पन अप्पन सोमेस सुत्र ॥
कच धर्म्मे कलिमल मलन। तिहिन छोर पिष्पिय सुदुत्र ॥
छं० ॥ २२ ॥ रू० ॥ २० ॥

कवित्त ॥ चलत पंषि पिषि बाज। पिष्पि म्रगराज म्रगनि गन ॥
गोधन धरत गुवाल। हंकि लै चलत वननि बन ॥
मधु तजि चलत मुचाल। अन्य तरु साष लगन कहुँ ॥
बद्दल विसद विसाल। चलत बंस पवन गगन महुँ ॥
तिम नाहर राइ नरिन्द पिषि। समर सचिन सक्कहि सकज ॥
गिरि लङ्क सङ्क सम गढ़ गरुत्र। गिरद पारि किज्जै अजक ॥
छं० ॥ २३ ॥ रू० ॥ २१ ॥

पट्टन में चौलुक्य भीमदेव, आबू पर जैत (सलख?) पंवार, मेवाड़ में समरसिंह, दिल्ली में अनङ्गपाल जैसे बलवानों से मण्डोवर में नाहरराय के राज्य करने का वर्णन ॥

कवित्त ॥ उत पट्टन भीमंग। ब्रह्म चालुक्क लोह लुत्र ॥
अब्बू जैत पवार। लोए लरि जांनि अचल धुत्र ॥
समर सिंघ मेवार। दण्ड देवार अजर जर ॥
दीली पत्ति अनंग। लरन अड्डो सुलोह लरि ॥
परिहार नाए नाहर न्रपति। इतन बीच अप बल रहै ॥
मण्डोवराइ मारु मरद। बर बिरद बंकै बहै ॥
छं० ॥ २४ ॥ रू० ॥ २२ ॥

पृथ्वीराज का आठ वर्ष की अवस्था में दिल्ली ननिहाल में आना, दिल्लीश अनंगपाल के आधीन राजओं का वर्णन ॥

२० पाठान्तर–घलन। जलन। कहांनी। रघन। अगं। जगंन। जगं। कलिमल कलि मलन। पिपिय। सुग्रय ॥

२१ पाठान्तर–पंष। वाज। पिषि। मृगनी। बनन बन। महुचाल। शाष। कहों। कहु। महु। नाहरराय। सकहि ॥

२२ पाठान्तर–चालुक। अबू। जांनि। दिल्लीपति। अडो। बीचि। बिरद। बहैं ॥

कवित्त ॥ बरष अट्ठ प्रथिराज। नदी मुनान दिल्ली घह ॥
राज करै अनँगेस। सेव मरुधरा करै सह ॥
मंडोवर नागौर। सिंधि जलवट्ट सुपट्टं ॥
पेसोरां लाहोर। धरा कंगुर लगि कट्ठं ॥
कासी प्रयाग गढ देवगिर। इते सेव अग्या धरै ॥
सीमाडवियां संकै सुपहु। छित अनंग सेवा करै ॥
छं० ॥ २५ ॥ रू० ॥ २३ ॥

मंडोवर के नाहर राय का दिल्लीश्वर की भेट को दिल्ली आना, पृथ्वीराज का रूप देखकर प्रसन्न होना और माला पहिरा कर कहना कि जब पृथ्वीराज सोलह वर्ष का होगा तब मैं अपनी कन्या इसको विवाह दूंगा ॥

कवित्त ॥ आयौ नाहर राइ। सेव आदरिय दिलेसर।
दिष्षि कुँवर प्रथिराज। नूर अदभूत नरेसर ॥
अंबर माला दुक्क। अंक पहिराइ कह्यौ इह ॥
मैं दिद्धी रूपसंगि। सबैं उच्छाह कियौ ग्रह ॥
आनंद तेज राजा अनंग। प्रथीराज आयौ घरह ॥
दुइ अट्ठ बरस जब बीति गय। व्याहुँ कह्यो देव गिरह ॥
छं० ॥ २६ ॥ रू० ॥ २४ ॥

नाहर राय का मत पलट जाना अर्थात् कन्या देना अस्वीकार करना ॥

२३ पाठान्तर-प्रथीराज। मुर। संध। वट। पुठैं। पैसोरा। कंठै। इतै। पह। षत ॥

२४ पाठान्तर-नाहरराय। आदरी। दिल्लेसर। देषि। कुंअर। प्रथीराज। अदभुत्त। एक। पहिराय। दीधी। सवैं। उछाह। कीयौ। सह। आभंग। अनंग। प्रथिराज। आयो। अठ। वीतिगा। व्याहयुं। व्याहयु। देवगिर ॥

दूहा ॥ बालपनै प्रथिराज नें, दिय कंचन वैमाल ॥
मतौ फिरि किन्नौ अक्रम, नाहर राइ विसाल ॥
कं० ॥ २७ ॥ रू० ॥ २५ ॥

नाहर राय का उत्तर लिखना कि तुम्हारा कुल आदि हमारे योग्य नहीं है ॥

कवित्त ॥ लिषि कग्गद परिमांन। थांन अजमेर पठाइय ॥
दूत पंथ अविलंब। पास संभरि वै आइय ॥
चिंति सत्त आरंभ। सेन पारंभ विचारिय ॥
बाल वीर प्रथिराज। देइ नांही परिहारिय ॥
सग पन सुआदि सम वर नृपति। समर जुद्ध साधै समर
कुल ढुंढ नाम दिज्जै नहीं। इह कलंक लग्गै सुघर ॥
कं० ॥ २८ ॥ रू० ॥ २६ ॥

अरिल्ल ॥ षेतरपाल कौं पूजैं कौनं। जो परहरि गौ विंदह मौनं।
परहरि सिव उमया गुन तत्तं। को मंडै चंडाली संत्तं ॥
कं० ॥ २९ ॥ रू० ॥ २७ ॥

दूत का यह पत्र लाकर पृथ्वीराज के हाथ में देना ॥

दूहा ॥ लिषि कग्गद परिहार पर, विवरि विवर करि दूत ॥
लै दीनौ प्रथिराज कर, समी संझ सपहूंत ॥
कं० ॥ ३० ॥ रू० ॥ २८ ॥

पृथ्वीराज का क्रोध करना, सोमेश्वरदेव का समझाना ॥

कवित्त ॥ बढि अवाज* अजमेर। बंचि कग्गद चौरासिम ॥
परिहारह सब सेन। धर्म परिहरि बद्धौ भ्रम ॥

---

२५ पाठान्तर-बालपनैं। पृथीराजनैं। फिर। कीनौ। नाहर राय ॥

२६ पाठान्तर-परिमांन। थांन। चिंत्ति। मत। विचारीय। पृथीराज। देत। नांही। परिहारीय। नृपति। जुध। साधैं। नांम। दिजे। नही। लगैं ॥

२७ पाठान्तर-षेत्रपालकूं। पूजे। गो। मोंन ॥

२८ पाठान्तर-पृथीराज। पहूत ॥

सूर नूर तिन तेज । मध्य चौंडियन यों राजै ॥
प्रात ओस जिम बूंद । जवह अग्रह अनु लाजै ॥
संगन अनेक जंपत करन । तात वरज्यौ पुत्र फिरि ॥
मंजाह साह सिसु वत्त सुनि । करहि जुद्ध भुम्मिय सु जुरि ॥
छं० ॥ ३१ ॥ रू० ॥ २९ ॥

सरदारों का पत्र सुनकर क्रोध करना ॥

कवित्त ॥ सुनिय वत्त सामंत । बंचे कग्गद परिहारौ ॥
सीस लग्गि असमान । पिज्यौ लंगा बंबारौ ॥
सिंघाने करि हन्यौ । कौन जबूं कवर पद्धौ ॥
कौन छीन सनि राह । जुद्ध तारा ससि वध्यौ ॥
वर कन्ह वीर सोमेस पहु । चाहुवान वक्कारियै ॥
वाहंत वीर अरि नीर विच । दल चौहाना तारियै ॥
छं० ॥ ३२ ॥ रू० ॥ ३० ॥

कवित्त ॥ मुक्के दूत सुदूत । रत्त गुन अरिन विरत्ता ॥
चिंत तनौ सिर भार । सार कागज सो रत्ता ॥
वर अप्पन जानही । प्रमान न्रमान सुग्घै ॥
द्रिग राजान प्रमान । देस विदेस परघ्घै ॥
ते दूत सपत संजोवरह । चर चरिच अनुसरि परे ॥
भय प्रात राज दरवार गय । द्दिप्पि धार घर घर डरे ॥
छं० ॥ ३३ ॥ रू० ॥ ३१ ॥

पृथीराज का चढ़ाई के लिये सेना सजना ॥

---

२९ पाठान्तर-आवाज । धूम । मधि । अंपिन । राजे । उस । बुंद । अयन । मंज्ञाह माह । भूमीय ॥ * यह शब्द अर्थात् "आवाजि और अवाज" आदिपर्व्व के रूपक १८१ तथा १८२ पृष्ट ७६ में भी आया है । उस पर की टिप्पण देखो । संस्कृत "वाज" और "वाद" शब्द Sound, Sounding, discourse, speech, and prayer आदि के अर्थों में प्रयोग होते हैं उन से यह हिन्दी अपभ्रष्ट शब्द बने दीखते हैं ॥

३० पाठान्तर-सुनीय । सांमंत । बंचे । बचे । कगद । असमांन । लग्गा । कर । पधै । छीनं । वधै । कन्ह । चाहुआंन । चाहुवांन । वक्कारीये । बाहत । विचि । चौहांनां । तारीये ॥

३१ पाठान्तर-मूके । कारिज । जांन हि । प्रमांन । न्रिम्मांन । प्रमांन । राजन । विदेस । परखै । संपत्त । वर वरित्र । दिषि ॥

दूहा ॥ तात बरज्यौ बत्त बहु, एक न आवै दाइ ॥
उत प्रथिराज नरिंद ने, सज्ज्यौ सेन सुभाइ ॥
छं० ॥ ३४ ॥ रू० ॥ ३२ ॥

सेना का वर्णन ॥

लघुनाराच ॥ हय गगयं सजे भरं। निसांन बज्जि दूभरं ॥
नफेरि बीर बज्जई। मृदंग झल्लरी गई ॥ छं० ॥ ३५ ॥
सुनंत ईस रज्जई। तनीस राग सज्जई ॥
सुभेरि भुंकयं घनं। श्रवन्न फुट्टि झंझनं ॥ छं० ॥ ३६ ॥
नरद्द नाद रिझ्झयं। चुसट्ठ ताल दिज्जयं* ॥
तुरंग पंति चल्लयं। मनों जलद्द हल्लयं ॥ छं० ॥ ३७ ॥
तरप्पि तेज तामसी। मनों कि नट्ट वामसी ॥
झलक्कि मंत दंतयं। मनों कि बीज पंतयं ॥ छं० ॥ ३८ ॥
जेर जराय बंगरी। मनौं चमक्क विज्जुरी* ॥
सिरीसु सोभ जग्गयं। कि भान मेघ उग्गयं ॥ छं० ॥ ३९ ॥
श्रवंत सोभ दानयं। झरंत मेघ जानयं ॥
उपंम और दुत्तियं। षिलाव राह पुत्तयं ॥ छं० ॥ ४० ॥
उपंम तीय उड्डरं। कि मिच कज्जलं गिरं ॥
जु वैरषं विराजही। वसंत ह्रष्ष लाजही ॥ छं० ॥ ४१ ॥
ढुरंत चौर सीसयं। गिरं कि गंग दीसयं ॥
दुती उपंम लग्गयं। कि बद्दलं कि बग्गयं ॥ छं० ॥ ४२ ॥
जु घूघरं घमक्कयं। कि दादुरं सु भद्दयं ॥
दुती उपंम मेलयं। सुहाग वाम केलयं ॥ छं० ॥ ४३ ॥

---

३२ पाठान्तर—दाय। पृथीराजनें। सुभाय ॥

३३ पाठान्तर-छंद लघुनाराज वा नराजा। हयगयं। निसांन। दुभरं। वजई ॥ ३५ ॥ रजई। सजई। बजई। नफेरि। श्रवन ॥ ३६ ॥ नारद नरद रिझयं। चौसट्ट। * यह दूसरा पाद सं० १६४७ की पुस्तक में नहीं है। चलयं। मनों। जलद। हलयं ॥ ३७ ॥ तरपि। तांमसी। मनों। वांमसी। झलकि। मनों। बगयंतयं ॥ ३८ ॥ * ये दोनों पाद सं० १६४७ की पुस्तक में नहीं हैं। ससोभ। जगयं। भांन। उगियं ॥ ३९ ॥ दानयं। जानयं। दुतीयं षिलावे। पुत्तियं ॥ ४० ॥ उंपंम। कजलं। बृछ ॥ ४१ ॥ चोंर ॥ ४२ ॥ घुघरं। घमघमं। ददुरं। भदयं। उपम ॥ ४३ ॥

सुघंट घोर सोरयं सुनंत श्रोन फोरयं ॥
तिलक्क चंद साजही । मनौं गनेस राजही ॥ * छं० ॥ ४४ ॥

दुती उपंम जग्गयं । दवंकि लग्गि पव्वयं ॥
गरुव गर्ज सद्दयं । मनौं कि मास भद्दयं ॥ छं० ॥ ४५ ॥

सु पीलवांन चंदयं । अरापती कि इंदयं ॥
सुअस्सवार राजही । कि जंम जोर साजही ॥ छं० ॥ ४६ ॥

मिलंत मुंछ नैनयं । तिलग्गि सीस गैनयं ॥
ते रूप भूप मारसे । कि अस्वनी कुमार से ॥ छं० ॥ ४७ ॥

त्रिगुंन तेज तंननं । तिनंक कंक मंमनं ॥
सनाह रूप अंगमं । मनौं कि जोग जंगमं ॥ छं० ॥ ४८ ॥

सनाह जोति दिप्पयं । मरीच भान भिप्पयं ॥
सुभट्ट छंद वद्दयं । कि वीर वान सद्दयं ॥ छं० ॥ ४९ ॥

आगंम विप्र बोलयं । हुलास रुचि चोलयं ॥
सु पाइ कंपनं षनं । वुलंत ते झनं झनं ॥ छं० ॥ ५० ॥

जुरंत जाम मल्लयं । प्रभा प्रसाद वुल्लयं ॥
तिमध्य राज पिष्ययं । सु अंग गंग तिष्ययं ॥ छं० ॥ ५१ ॥

सामंत मध्य सोभयं । कि इंद्र देव लोभयं ॥
कि पथ्थ पंडवं दलं । धनुक्क वान सव्वलं ॥ छं० ॥ ५२ ॥

चढंत राज प्रातयं । ते दूत देषि जातयं ॥
कढंत अब्ब घाटयं । भई समुद्र पाटयं ॥ छं० ॥ ५३ ॥

उपाह मध्य ते चलं । सगुन्न बंदि जे भलं ॥
*ससूर सूरयं कलं । दिनं सु अष्टमी चलं ॥ छं० ॥ ५४ ॥ रू० ॥ ३२ ॥

सुघट्ट । त्तिलक । मनों । गनेंस । * यह चौथा पाद सं॰ १६४७ की पुस्तक में नहीं है ॥ ४४ ॥
गरुश्र । मनों ॥ ४५ ॥ पीलवांन । ऐरापती । जु दासवार ॥ ४६ ॥ मुछ । नेंनयं । गेंनयं ॥ ४७ ॥
त्रिगुन । तिनंन । मनों ॥ ४८ ॥ दिपयं । मरीचि । भांन । भिपयं । बदयं । बांन ॥ ४९ ॥ पाय ।
झननं झनं ॥ ५० ॥ पिषयं । तिष्यं ॥ ५१ पथ । बांन संबलं ॥ ५२ ॥ अब । भयौ ॥ ५३ ॥
उपाह । मधि । सगुन । जै । * अंत के ये दोनों पाद सं॰ १६४७ की पुस्तक में नहीं हैं ॥ ५४ ॥

पिता की आज्ञा लेकर अष्टमी को पृथ्वीराज का लड़ाई के लिये यात्रा करना॥

कवित्त॥ दिन अष्टमि रवि वार। राज सुभ मँडि प्रस्थानं॥
अष्ट दिसा जोगनी। भई साहाय सुध्यानं॥
अष्ट च्यारि भय भान। राजदै अर्घ बधाइय॥
दून सें भौम अनिष्ट। चंद चौथे ग्रह आइय॥
चले नरिंद धाय दूत तब। मन आनंद सु चंद हुअ॥
प्रथिराज तात अग्या सगुन। चरन बंदि चलि वज्र भुअ॥
छं० ॥ ५५ ॥ रू० ॥ ३४ ॥

चौपाई॥ *तात मात अग्या परमानहि। ता समान नह ध्रंम प्रमानहि॥
गुरु द्रोही पति प्रोही जानं। सो निहचै नर नर कहि थानं॥
छं० ॥ ५६ ॥ रू० ॥ ५४ ॥

नाहर राय के दूतों का पृथ्वीराज की चढ़ाई और सेना बल का समाचार नाहर राय को देना॥

छंद पद्धरी॥ नाहर नरिंदं जे दूत आइ। स्माचार सबै कहिते सुनाइ॥
दिसि जीत सत्त चहुवान सूर। लषियै चरित्त मन मझ्झ करूर छं० ॥ ५५ ॥
इक सहस स्वान सँग नाम धार। देसान देस बल पंग अपार॥
तिन मझ्झ पंच सै पवन पात। पित मात असल लाहौर जात॥ छं०॥५६॥
पांभरी अंग जिन पसम होत। दिषि दीप जोति तिन नैंन होत॥
रातब्ब मंस घ्रत दुग्ध पान। आजान बाह दिषियै बलान॥ छं० ॥ ५७ ॥
रेसमी डोरि पट्टी नरंम-। रहै सीत छांह दुष्षित गरंम॥
तिन सथ्थ पंच सै और डोरि। ते रष्षिक विन को सकै छोरि॥छं०॥५८॥

---

३४ पाठान्तर-शुभ। मंडि। भांन। मै। भोंम। अरिष्ट। चौथैं। ग्रह। नरिंद्र। धसि। प्रथीराज। आग्या॥

३५ पाठान्तर-आग्या। परमानीय। परमांनहि। समांन। ध्रम्म। प्रमांनाय। जांनं। निश्चै। नरकन। थांनं॥ * सं॰ १६४७ की पुस्तक में इसे अरिल्ल करके लिखा है॥

३६ पाठान्तर-समचार। सब। जित्त। सत। चहुवांन। मनमैं। स्वान। ॥ ५५ ॥ संग। नांमधार। देसान। मझ। से। असिल॥ ५६॥ नयन। रातब। पांन। आजांनबाह। बलांन॥ ५७॥ नरंमं। शीत। दुषित। सथ। होर। ति। रषिक। बिना॥ ५८॥

इक आइ पेस इक अस्व सोल । बलवांन अंग चष रहत षोल ॥
सिक्कार नाम जहनह तिकान । आरंभ जुद्ध सब लपि विनान ॥ छं० ५९ ॥
इक सत्त उंट भरी जीन साल । तिन धरै अंग छिप्पै न काल ॥
भेदैन वज्र बर नीर धार । तिन धरैं अंग जे दल पगार ॥ छं० ॥ ६० ॥
सनाह महिम वरनी न जाइ । जिप्पनि कि देव दनुजनि उपाइ ।
जनु ब्रह्म होम कढि मंत्र जोर । कै इंद्र अग्नि अप्पे अकोर ॥ छं० ॥ ६१ ॥
कै वरुन अप्पि पाताल ईस । कै पवन प्रसन परसाद दीस ॥
बाचिष्ट कढ्ढि कै कुंड होम । दीनी कि प्रसन ह्वै मात भोम ॥ छं० ॥ ६२ ॥
असि सिलह सथ्य लीन नरेस । जितनह समर सज सत्रु देस ॥
छं० ॥ ६३ ॥ रू० ॥ ३६ ॥

पृथ्वीराज का प्रताप सुनकार नाहरराय का चौकन्ना होना ॥

दूहा ॥ सुनी षबर जब दूत मुष । चमक्यो नाहरराव ॥
ए अप्पन गनिये नहीं । वैरी विस हर घाव ॥
छं० ॥ ६४ ॥ रू० ॥ ३७ ॥

अपने सरदारों से नाहर राय का कहना कि अब क्या करना चाहिए पहिले चौहानों से हम से और बात थी पर अब तो बिगड़ गई ॥

कवित्त ॥ सुभ्भित सकल लिय बोलि । पुच्छि परिहार तिनहि मत ॥
चाहु आन पाधान । कहत आषेट जुद्ध बत ॥
तनक भनक सी कान । दूत इत्तह सुनि आए ॥
अप्प अचे तन रचौ । धरौ धर भूमि सदाए ॥

पाठान्तर–पेसि । वलवांन । सिकार । नांम । जहां । कांन । बिनांन ॥ ५९ ॥ सत । उंट । धरे । छिपै । भेदैन । धरें ॥ ६० ॥ सनाह । महम । जिपन । उपाय । ब्रंह्म । इद्र । अपे ॥ ६१ ॥ कैं । प्रासाद । कढि । प्रसंन । भोम । भोंम ॥ ६२ ॥ सथ । जितनह । शत्रु ॥ ६३ ॥
३७ पाठान्तर–षबरि । चमक्यो । अपने । गिनिये । नही ॥

छोमेस हसह कछु है नहीं। तिन सुहित्त माला लई ॥
तब तौ सनेह कछु और हो। अब तौ कछु औरै भई ॥
छं० ॥ ६५ ॥ रू० ॥ ३८ ॥

सरदारों का कहना कि लड़ना चाहिए ॥

दूहा ॥ कहत सुभट परिहार के। हथ्थ चढी क्यों देइ ॥
सस्त्र मारि दल भंजि कैं। षग्ग धार धर लेइ ॥
छं० ॥ ६६ ॥ रू० ॥ ३९ ॥

नाहर राय का कहना कि आगे से बढ़कर एक बारगी उन पर चढ़ाई करना चाहिए नहीं तो जीत न होगी ॥

कवित्त ॥ सुनि मंडोवर राइ। कहन बलवंत सुभट सह ॥
द्रव्य उनह कर चढ्यौ। कहहि सुतौ *सति वंत यह ॥
जाइ अचानक परौ। बहुरि ह्वैयौ नहिँ जैहै ॥
प्रथीराज उस सबल। मारि धरती सब लैहै ॥
इह सुनत सबन बैठी सुमन। सजन सेन बेगो कह्यौ ॥
चर चरन चरचि कैं वत्त इह। सो भत्ती मारग गह्यौ ॥
छं० ॥ ६७ ॥ रू० ॥ ४० ॥

नाहर राय का सेना सजना ॥

दूहा ॥ सजी सेन मंडोवरह। नाहरराइ नरिंद ॥
संभरि संभरि राव न्रप। उर उदोत आनंद ॥
छं० ॥ ६८ ॥ रू० ॥ ४१ ॥

---

३८ पाठान्तर-पुछि। चाहुआंन। पायांन। कांन। इतह। अचेतनह। सुदाए। हमह कम। नही। सुहित ॥

३९ पाठान्तर-हथ। के ॥

४० पाठान्तर-मंडोवरराई। मडोवरराय। सुनद। कह हि सुतौ सति वत्त इह। *अधिक पाठ है। परौं। नहिं। जैहैं। डंस। धरत्ती लैहैं। सबल। वेगो। वत। भती ॥

४१ पाठान्तर-नाहरराय। संभरि वार। उद्योत। अनंद ॥

पृथ्वीराज की सेना की प्रशंसा ॥

कवित्त ॥ सहस सेन संभारी । नरेस मध्य मन टारि पंच भ्रम ॥
वीर सिंगार सुभंत । कंत जनु रत्त बाम सम ॥
रत्तउभय नंचास । सिलह सज्जी चहु आनं ॥
चंद देषि मन मगन । कविन तिन करै बषानं ॥
पंचमी सोस रितु राज गत । सूर तेज जाजुलित हुअ ॥
कर तार हथ्थ कित्ती कही । बजि निसांन चहुआंन धुअ ॥
छं० ॥ ६९ ॥ रू० ॥ ४२ ॥

पृथ्वीराज का आगे से बढ़कर लड़ने के लिये जोवनराय को आज्ञा देना ॥

तवैं सुजोवन राई । सूर साह्यौ चहुवानं ॥
तुम गुज्जर बैपंड । गाम सुरधर अगिवानं ॥
पंथ पंथ परवान । धाइ अगिवानी किज्जै ॥
सगा सपन जंपिये । हमनि आरोहि सुलिज्जैं ॥
वामान पंथ अंधी प्रकृति । विन दिट्टैं दिट्टैं न कछु ॥
बन पंन अड्डु परवत रहै । भेद विना जानहि न कछु ॥
छं० ॥ ७० ॥ रू० ० ४३ ॥

जोवनराय का उत्तर दे कहना कि नाहरराय का पथ बांधा सो वह रणभूमि को तिरछी छोड़ कहीं चला गया ॥

तब्ब सुजोबन राइ । बत्त जंपै चहुवानं ॥
अड्डु पंन परवत्त । सत्त गुज्जर धर मानं ॥
लोहानो आजान । पंथ बंध्यौ पालक्की ॥
नाहर राइ नरिंद । गयौ तिरछौ भुअ मुक्की ॥

---

४२ पाठान्तर—संभारि । * अधिक पाठ है । मधि । सिंगार । सजी । चहुआनं । पेपि । षपांनं । रिति । हथ । किती । निसांन । चहुआंन ॥

४३ पाठान्तर—तवै । राय राव । चहुवांनं । चहुआंनं । गुजर । गांम । सुरधुर । अगिवांनं । परवांन । अगिवांनी । कीजे । लिजे । वामांन । दिठें । दिठें । अड्डु । अद्दु । प्रवत । जानैं

करिवर अनेक कौंवर अघिय। ए अगैं कौ धाइया ॥
तिह ठाम चुक चिंत्यौ हुतौ। पैं नाहर राइ न पाइया ॥
छं० ॥ ७१ ॥ रू० ॥ ४४ ॥

सबेरे नाहरराय के भग जाने पर सांझ को पृथ्वीराज का पहुँचाना और उसकी खोज करना ॥

गयौ प्रात परिहार। संझ चहुआन सपन्नौ ॥
बरज्यौ जीवन राइ। षोज क्रम क्रम करिलिज्जौ ॥
पंथवान पुच्छयौ। नदी उत्तरि तिन अष्षिय ॥
तातें पूर नरिंद। बाज नत्तौ करि नष्षिय ॥
आनंद सिलह सज्जिय न्रपति। पंषी पारिव मोह जिम ॥
ज्यौं गिद्द श्रंम पच्छो करै। चित्त दिगंबर कियौ तिम ॥
छं० ॥ ७२ ॥ रू० ॥ ४५ ॥

चालुक के प्रधान (दीवान) के घर नाहरराय का पता मिलना और सामन्त सहित पृथ्वीराज का नदी उतरना ॥

कुंडलिया ॥ नदी उतरि सामंत सह। डीस संपते जाई।
चालुक्कां परधान ग्रह। पट्टन नाहर राई ॥
पट्टन नाहर राइ। सेन सज्जे सथ पंच्यौ ॥
चय हजार असुवार। वीर संधान जुसंच्यौ ॥
प्रात कूच उप्परै। आज मुकांम जुदुस्तर ॥
झुकि प्रथिराज नरिंद। सिलह सज्जी नदि उत्तरि ॥
छं० ॥ ७३ ॥ रू० ॥ ४६ ॥

४४ पाठान्तर-तवैं। तवै। यौवनराय। चहुआंनं। चहुवांनं। अट्टु। अडु। परबत। गुजर। मांनं। लोहांनौ। अजांन। पालुकी। नाहरराय। भुट्ट। ग्रहिय। के अगें उधाइया। तिहि। ठांम। यें। नाहरराव ॥

४५ पाठान्तर-चहुआंन। संपनौ। यौवनराव। लीनौ। पंथवांल। पुछयौ। नदि। उतरि। अषीय। अष्षीय। नंषिय। सजिय। पारेव। प्ररेव। ज्यों। गट्ट। गंद। पछो। चित। डिगंवर। कीयौ ॥

४६ पाठान्तर-नदि। उतरी। उत्तरि। साम्रंत सव। संपत्ते। जाय। चालुकां। परधांन। राय। सेन जेन। सजे ऊपरैं। मुकांम। सुदुस्तर। प्रथीराज। सजी। उतरि ॥

सुभट सहित सेना में पृथ्वीराज कैसा शोभता है ॥

कवित्त ॥ सुभट सिलह घट जोति। भयौ घट सिलह सुभट्टन ॥
के * दीप मध्य भूडोल। कै * भान बद्दली सुभट्टन ॥
कै * मुकुर मध्य प्रति विंब। कै * संभु विभ्भूत अधारै ॥
कै आरसि में सार। हथ्थ करतार सुधारै ॥
पाहार भार ठिल्लै क्रमनि। कै * उदधि मद्धि लंका दहै ॥
त्रिय वसिन द्रव्य अरु मोह वसि। नजि जुगिंद बानै ग्रहै ॥
छं० ॥ ७४ ॥ रू० ॥ ४७ ॥

पृथ्वीराज के ग्राम पहुंचने का समाचार नाहरराय का सुनना और सेना इकट्ठी करना।

दूहा० ॥ भई षबरि परिहार कौं, चढि आयौ प्रथिराज ॥
लग्यौ सेन एकत करन। दुंद बजाने बाज ॥ छं० ॥ ७५ ॥ रू० ॥ ४८ ॥

घाटी पर पर्वतराय को रास्ता रोकने के लिये भेजना ॥

दूहा ॥ जहँ पव्वय घाटौ हुतौ, मीना मेर मवास।
प्रव्वत सौं प्रव्वत मँड्यौ, अनमीजौ धन त्रास ॥ छं० ॥७६॥ रू०॥४९॥

दूहा ॥ हुकुम कीन परिहार तिन, प्रव्वत मीना मेर।
इततें तू रुकि एक टक्क, जितनें आवत वेर ॥ छं० ॥ ७७ ॥ रू० ॥५०॥

पर्वतराय का घाटी रोकना ॥

दूहा ॥ सुनि प्रवत धायौ तुरत, घाटौ रोक्यौ जाइ।
च्यारि सहस मीना प्रबल, बैठे आइ बलाइ ॥ छं० ॥ ७८ ॥ रू० ॥५१॥

---

४७ पाठान्तर-ज्योति। * अधिक पाठ हैं। मधि। भांन। बदली। सुघटन। मुकर। सिंभु। विभूत। आरसि सार में। हथ। सुधारैं। मधि। दहैं। वसि। बांनै ॥

४८ पाठान्तर-भईं। कौं। प्रथीराज ॥

४९ पाठान्तर-जहां। जह। घांटौ। हुतो। तहां मीनां। मीनां। परवत। सों परबत। प्रबत। त्यौं। प्रवत। मंडयौ। तो ॥

५० पाठान्तर-परवत। इतने। इतनें। तु। जितनै ॥

५१ पाठान्तर-पब्वेत। घांटौं। रोकिय। बैठे। आंनि ॥

दूहा ॥ तीन पनच धुनहीं करन, वडे कटन तंडीर ॥
सगुन बिना पग ना धरै, बिकट बंन हंडीर ॥ छं० ॥ ७९ ॥ रू० ॥ ५२ ॥

पर्वतराय कैसे घाटी रोक कर बैठा है ॥

कवित्त ॥ अडोवर धर लाज । राज रष्षन परिहारन ॥
स्वामित सक वज्जंग । जंग जिन अंग न हारन ॥
देत मेवासनि भेलि । मारि धर पर पसु लावै ॥
देषत कै राजांन । बिरद्दवा नैन चलावै ॥
बैठे सु ओट रूंषन उपल । करि तरकस डंघे धरनि ॥
देषंत षह चहुवांन की । भरै जांनि बिसहर बरनि ॥
छं० ॥ ८० ॥ रू० ॥ ५३ ॥

घाटी रुकने का समाचार पृथ्वीराज को मिलना ॥

दूहा ॥ लही षवर प्रथिराज तिन । मीनां मरद अमान ॥
पकरि लोह पब्बय गह्यौ । लहै को अग्गौ जान ॥
छं० ॥ ८१ ॥ रू० ॥ ५४ ॥

क्रोध करके पृथ्वीराज का पर्वतराय से लड़ने को कन्ह चौहान को भेजना ॥

कवित्त ॥ सुनि कुप्पिय प्रथिराज । जानि पुच्छिय सुअप्प मलि ॥
मनु म्रगराज म्रगीन । जोर क्रुद्धिय दिष्षिय बलि ॥
आह ग्रहन जनु जीव । देषि तुट्टिय सुमीन कह ॥
समर समुद्द जल पियन । जांनि घट जन्म क्रोध मह ॥
षिजि कही कन्ह चहुआंन सह । रंक आइ अड्डु फिरे ॥
सिर नाइ धाइ नरनाह तब । प्रब्बत सम प्रब्बत भिरे ॥
छं० ॥ ८२ ॥ रू० ॥ ५५ ॥

---

५२ पाठान्तर-धुनहीं । बट्ठे । कठन ॥

५३ पाठान्तर-वज़रंग । जंग किन अगन हारन । दैत । मैवासन । मेवासन । के । राजांन । विरदवां नेन । रूंष ऊटन । औंधे । चहुवांन ! भरे । जांनि ॥

५४ पाठान्तर-पवरि । प्रथीराज । मीनां । अमांन । गह्यौ । अग्गैं । अग्गै । जांन ॥

५५ पाठान्तर-प्रथीराज । जांनि । पुंछिय । मनों । क्रुधिय कि दिषि बल । जांनि । चहुआंन । आंनि । परबत । भिरै ॥

कान्ह का पर्वत से युद्ध और उसमें पर्वतराय का मारा जाना ॥

छंद भुजंगी ॥ मँडे मेर सीना अच्यौ घोरि घाटौ । मिले आइ कन्हं मनौं छीन आटौ ॥
मँडे ब्रूख ब्रष्षं कछू दंत ओटं । ठिले ना सुमेरं मँडे जानि कोटं ॥
छं० ॥ ८३ ॥

भई तीर मारं सरोसं सवेगं । तहौ ताहि पारै सविद्धं अछेगं ॥
महावज्रघातं उतप्पात मंड्यौ । करे हूल हाकं बरं बेग छंड्यौ ॥ छं० ॥ ८४ ॥
जुटे जुद्ध अनवद्ध करिक्रुद्ध ठाढे । करैं हथ्थ वाहं पयं मंडि गाढे ॥
गिरै वान लग्गै वियं दूत उत्तं । महासंच विद्या गुरुं द्रोन चित्तं ॥ छं० ॥ ८५ ॥
भई वान छाया न सूझै मरीचं । मिले लोह लक्काह तत्ते तरीचं ॥
गिरै अश्व असवार लोहं जहीरं । परै जानि डंडूर ब्रष्षं गहीरं ॥ छं० ॥ ८६ ॥
हयं छंडि नर्नाह हूए उतारै । हकंकार वज्जै सहोमं पुतारै ॥
परैं अश्व घातं सरोसं सरीरं । वकैं केय वक्कं करैं के अरीरं ॥ छं० ॥ ८७ ॥
सरं जाल भालं उडै लोह अग्गी । जरैं पंष पंषी गिरैं स्वर्ग मग्गी ॥
भरैं मुट्ठि कन्हं सरं मार बग्गं । निकस्सैं सुविद्धे हुअैं पग्ग उग्गं ॥ छं० ॥ ८८ ॥
लगैं गुज्ज सीसं कहैं उक्ति कोगी । पहारंत तूंबा मनौं षीजि जोगी ॥
वहैं असि ब्रिहघात रोसं प्रहारं । मनौं निक्कसै सव्वनं तंततारं ॥ छं० ॥ ८९ ॥
लगैं संग छत्ती फुटै पुट्ठि पच्छी । किकंधं कहारं कटैं जार मच्छी ॥
जितं नित्त जठंत किंकं रकत्तं । फिरैं भट्ट भोते भयानं रकत्तं ॥ छं० ॥ ९० ॥
नचैं भूत वेताल षेतं भयानं । रसं वीर रस्से हसे निर्दयानं ॥
मिल्यौ भुष्प कन्हं परव्वत वीरं । हन्यौ असि घातं धुक्यौ ता सरीरं ॥ ९१ ॥
जल्यौ कंध कन्हं असीघात धीरं । करी कट्टि संना परी चग्ग चीरं ॥
पर्यौ कुक्षि प्रव्वत्त रावत्त मेरं । गज्यौ नाहरं गाज नाहर्सवेरं ॥
छं० ॥ ९२ ॥ रू० ॥ ५६ ॥

---

५६ पाठान्तर—मंडे । मीनां । घांटो । मिलें । कंन्हं । मनों । लोन । लौंन । मंडे । वष्पे । उटं । ठिले । नां । मंडे ॥ ८३ ॥ सवेगं । हूक हाकं ॥ ८४ ॥ करे । हथ । गिरे । बांन । लगें । वीयं । दूत । उतं । वितं ॥ ८५ ॥ वांन । लक्कवाह । गिरैं । परं । जांनि । वृषं ॥ ८६ ॥ नरनाह । हकंहाक । वजें । महं में । परं । सरोस । बकें । बंकं । वकं । करें ॥ ८७ ॥ जरे । गिरें । भरें ।

पर्वत के मारे जाने पर नाहरराय का स्वयं टूट पड़ना ॥

कवित्त ॥ परत धरनि परबत्त। आइ हुंक्किय नाहर रन ॥
बलबट्ठे सह मेर। जानि हनुमान लंक बन ॥
डुक्क गिरत घन थाप। डुक्क बथ्थनि पछ्झारिय ॥
बहर रूप सम भूप। रूप अनभूत सँचारिय ॥
मानिक्क बंस आयौ उनह। डूत नाहर गल गज्जयौ ॥
परबत्त पर्यौ पहु पिष्षिकैं। सिंधू बज्जनं बज्जयौ ॥
छं॰ ॥ ९३ ॥ रू॰ ॥ ५७ ॥

पृथिराज का भी चढ़ चलना।

छंद पद्धरी ॥ चढ चल्यौ राज प्रथिराज ताम। साधन सुसेन वर वरन वाम ॥
दुसहै भयो सोमेस पुत्त। वनिता विवाह मन कंक युत्त ॥ ९४ ॥ *
बज्जहि निसान दस दिस गुरान। आषाढ अग्ग ज्यों मेघ थान ॥
रथ वाजि करी पयदल पुलेन। सज्यौ नरिंद चतुरंग सेन ॥ ९५ ॥*
मुक्की सुभुम्मि अजमेर राज। यंत्तौ सुजाइ पट्टन समाज ॥
घज्जी सुलागि सिंधू निसान। भयभीत भेष भय दस दिसान ॥९६॥
बज्जिय सुभेरि भय भंकरीस। गज गजे गाह हय चढ्ठ हींस ॥
गिरनार देस अरु सिंधु वट्ट। गज्जे सुगाज सजि थट्ट थट्ट ॥ ९७॥
ढलकंत ढाल वैरष्ष रंग। सोभंत विपन रिति राज संग ॥
मिलि आय पंथ नाहर नरिंद। वीराधि वीर बढ्ढे सुदंद ॥ ९८ ॥
हक्कारि भट्ट सेना सवान। सामंत सूर करि लोह पांन ॥
कन्हा नरिंद आजांन बाह। लंगरी राव स्वामित्त राह ॥ छं॰ ॥ ९९ ॥

भूठि। निकसैं। बुट्ठी। हुअै। उगं। डंगं ॥ ८८ ॥ लगें। गुर्ज। गुरज। शीसं। कहै। पछां-रंत। तुंबां। मनों। वहैं अश्व निर्घात। वहै। चिघात। मनों। निकसें। निकसै। सर्वनं ॥ ८९ ॥ लगैं। संगि। छती। फुट्टैं। पुठि। मछी। कहारं। कढैं। मृछी। तित। उठंत।। छिछं। रकतं। फिरें। फिरै। भट। वकतं ॥ ९० ॥ नचै। रसें। मुष। सुपरबत। असि ॥ ९१ ॥ कंन्ह। असि। कटि। संनाह। षरि। चष। झुभि। परवत्त। रावत्त। नाहर। सवेरं ॥ ९२ ॥

५७ पाठान्तर-परबत। आय। हक्किय। बट्टि। बढे। जांनि। हनुमांन। रक। घन घाय। ढक। बथन। पछारीय। पछारिय। सम रूप। संचारिय। संवारीय। मानिकं। मानिक्क। गजयो। परबत्त। पिषि। कै। सिधू। बजन। बजयो ॥

संभारि वीर चालुक्क भूप । उप्पज्यौ ब्रह्म कुंडह अनूप
अतताइ तुरंग तेरह सुपंड । पिनि रह्यौ रोपि रन रोहि झुंड ॥
॥ छं० ॥ १०० ॥

तिन ठाम आइ नाहर सुघेरि । वाहंत हथ्थ जनु करिय केरि ॥
॥ छं ॥ १०१ ॥ रू० ॥ ५८ ॥

इधर पृथ्वीराज इधर नाहरराय का सन्मुख युद्ध ॥

कवित्त ॥ उत प्रथिराज नरिंद । इत सुपरिहार प्रबल रन ॥
दुअन सेन असि कढ्ढि । करन कलपंत समय जनु ॥
दुअन अङ्ग संनाह दुअन नष चष्ष उघारें ॥
दुअन इष्ट आरंभ । दुअनि दुअ हथ्थ दुधारें ॥.
दुअ सुभ्भि अङ्ग दुअ देव जनु* । दुअन धार दुअ तुक्क बहिय ॥
संनाह कढ्ढि कट्टी सुतुक्क । तस उप्पम चन्दह कहिय ॥
छं० ॥ १०२ ॥ रू० ॥ ५९ ॥

कवित्त ॥ दुअन हथ्थ दुअ भूर । रूप अदभूत रेष बहि ॥
इन्द्र सिलह प्रथिराज । चंद्र परिहार तेज गहि ॥
दुअ अभंग संनाह । दुअन देवन आधारन ॥
दुअन तेज तन अंस । हंस दुअ हंस समाधन ॥
अवतार भूत दुअ देव सम । दुअन चिन्ह उत्तम करिय ॥
परभास षेत परब्रह्म दुति† । भ्रगु लंछन जनु धरि हरिय ॥
छं० ॥ १०३ ॥ रू० ॥ ६० ॥

---

५८ पाठान्तर—* ये ९४ । ९५ और आधा ९६ छंद सं० १६४७ की पुस्तक में नहीं हैं ॥ प्रथीराज । तांम । वांम । दुल्लह । पुत ॥ ९४ ॥ ज्यों । थांन । पुलेन । सज्यौं ॥ ९५ ॥ मतो । वजी । लाग । निसांन । दिसांन ॥ ९६ ॥ वजिग । गजैं सुराज हय हठ हींस । गिरनारि । वट । गजें । घट घट ॥ ९७ ॥ वैरष । बढे ॥ ९८ ॥ हहकार । भट । सबांन । आजानबाह । स्वामित ॥ ९९ ॥ चालूक । ऊपज्यो । तुरंग । रोहि ॥ रिन रोपि ॥ १०० ॥ ठांम । हथ ॥ १०१ ॥

५९ पाठान्तर—प्रथीराज । कढी । सनाह । चष । हथ । दुधारें । सुभि । कटि । कटी । "उपम ॥

६० पाठान्तर—हथ । प्रथीराज । रहि । उत्तिम । द्युति । भृगु । लछिन ॥

* एशियाटिक सोसाइटी की पुस्तक में "दुअन इष्ट आरंभ" से "दुय देव जनु" तक नहीं हैं । परंतु सं० १६४७ की में हैं

† एशियाटिक सोसाइटी की पुस्तक में "दुअ देव सम" से "ब्रह्म दुति" तक नही है । परंतु सं० १६४७ की में हैं ॥

उसमें पृथ्वीराज का नाहरराय के घोड़े को मार डालना ॥

दूहा ॥ फुनि प्रथिराज कुमार नें, हय हन्यौ परिहार ॥
कंध दुअं कटि वग सहित, धुक्यौ धरनि असिधार ॥
छं० ॥ १०४ ॥ रू० ॥ ६१ ॥

दूहा ॥ धुकत धरनि नाहर तुरिय, झपयौ बंध कनंक ॥
तेक तोकि तक्यौ तुरी, बहि असि कंध कनंक ॥
छं० ॥ १०५ ॥ रू० ॥ ६२ ॥

दूहा ॥ दुअ कोटल दुअ न्रपति के, किन्नें हाजुर आनि ॥
दुअन वीच दुअ सुभट थट, अट्ठ भएं चक्कानि ॥
छं० ॥ १०६ ॥ रू० ॥ ६३ ॥

रनबीर का सन्मुख हो पृथ्वीराज से जुद्ध करना ॥

कवित्त ॥ बर पावस रनबीर । दुतिय पावस सम सज्यौ ॥
धूम जोति अरु सलिल । मरुत प्राकारनं वज्यौ ॥
सज्जि सेन अतुरंग । बरन बहुल रंग धारिय ॥
स्याम सेत अरु पीत । रत्त धज मत्त बिचारिय ॥
उन्नयौ धार धारहधनी । लरन तिरच्छौ बुट्ठिबर ॥
बिज्जुलि झमंकि षग पंतिकर । पिवी सेन अरिजुथ्थ पर ॥
छं० ॥ १०७ ॥ रू० ॥ ६४ ॥

मोहन परिहार और पवार का सन्मुख हो लड़ना ॥

दूहा ॥ उत मोहन परिहार रन । मेर समान अमान ॥
दै दै असि कटि बिकट बनि । दै धनु दै दै बान ॥
छं ॥ १०८ ॥ रू० ॥ ६५ ॥

---

६१ पाठान्तर-प्रथीराज । कुआरनैं । है । हंन्यो । कन्ह कट्टि हुअ ॥
६२ पाठान्तर-तुरी । तोकि ॥
६३ पाठान्तर-दुतीय । सज्यौ । मुरत । प्रककारन । सजि । बहूर । धारीय । स्यांम । रत्त विचारीय । उनयौ । तिरछौ । कुटि पर । बुट्टि । बिजुलि । झमंक जुथ ॥
६५ पाठान्तर-दोहरा । समांन अमांन । द्वैद्वै धनु द्वैवांन ॥

कवित्त ॥ उन लोहन परिहार । हन सुनावल पंवार, हर ॥
दिट्ठ दिट्ठ अंकुरिय । संभ जुग लीन दिट्ठ धर ॥
लोहन कोपि करार । सीस पांवार सुझारिय ॥
टोप कहि फटि मुंड । झपटि पांवार निझारिय ॥
फटि मुंड तुंड धर कहि झटि । लह विफार अफार झट ॥ *
कार वत्त तत्त विहार कि तुरत । जनुकि कषारिय पट्टुपट ॥
छं० ॥ १०९ ॥ रू० ॥ ६६ ॥

चामंड का युद्ध ॥

कवित्त ॥ चंड रूप चामंड । दलत बलवन्त प्रतापन ॥
हन्यौ संग हुअ अंग । निकसि हुअ अंगुल सापन ॥
उभै संग चलि धाइ । मध्य गहि हथ्य दु हथ्थन ॥
उडि भेजी सुअकास । छुटि पिचकार दद्धिकन ॥
परताप अग्गि परि प्रथ्यि पर । लोक तीन कीरति कथिय ॥
द्रव्यान पान निकसी सुरवि । जोति जाइ जोतिन मिलिय ॥
छं० ११० ॥ रू० ॥ ६७ ॥

कवित्त ॥ मिले पौंन सौं पौंन । मिले पानी सौं पानी ॥
मिले तेज सौं तेज । मिले सूनै सूंनानी ॥
मिलै प्रथी सौं प्रथी । मिले हरि सौं हरि व्रेता ॥
मिले हुतासन होत । होम होमै जो होता ॥
जल होत जोत जल भिरत हरि । पय मैं जिम पय मिलि सुपय ॥
तिमि मरत दुरत जेइं झरत रनि । सुमिलिय प्रताप सु आप स्वय ॥
छं० ॥ १११ ॥ रू० ॥ ६८ ॥

६६ पाठान्तर—पांवार । झारीय । फटि । निझारीय । "* कटि मुंड तुंड हुअ पंड हुअ । अधर फट्टिय बर पग झट ।" सं० १६४० की में यह पाठ है । वत । तत । विहार कि । कषारीय । पट्टु ॥

६७ पाठान्तर—आय । मध । हथ । दुहथन । दधि । प्रताप । पर । पृथी । लोकं तन । द्रव्यांन । पांन । जाय ॥

६८ पाठान्तर—पोंन । सों । पोंन । पानी । सों पानी । सुने सुंनांनी । पृथी । सों । पृथी । व्रता । होमे । भिलत हर । दुरत । जेई । रिन ॥

कवित्त ॥ मंस चड्ढ रद गूद। अंत बर बाज गज्ज नर ॥
भय भूअत्त असत्त। चढिय जुग्गिन तिन उप्पर ॥
डुक्क दंत गज गिद्धि। उतरि लै अंत अलुझ्झिय ॥
डुक्क कोद जुगिनीय। करन ऐंचत सों झुक्किय ॥
तिहि दिष्षचंद कविराज तत। अति उल्हास ओपंम बढि ॥
उडवत्त चंग सुचंग अँग। राज कुमारि अट्टानि चढि ॥
छं० ॥ ११२ ॥ रू० ॥ ६९ ॥

दूहा ॥ धवलंगी धवली दिसा धवल स्तन चहुवान ॥
धवल दीह संमुह लस्यौ। जस धवलैं तन आनि ॥
छं० ॥ ११३ ॥ रू० ॥ ७० ॥

स्वामि रत्त रत्ते समुह। रत्ते नैंन करूर ॥
रन रत्ते द्रव दाह सम। गुंजत गल्ह गरूर ॥
छं० ॥ ११४ ॥ रू० ॥ ७१ ॥

नाहर? से नाहरराय का लड़ना ॥

कुंडलिया ॥ नाहर सौं संमुह लस्यौ। नाहर राइ नरिंद ॥
मंडोवर माहू बली। धनुवर भूपति दंद ॥
धनुवर भूपति दंद। सेन चहुआन ढँढोरी ॥
सुर असुरन करि मेर। मथन दरिया हिल्लोरी ॥
हय हथ्यिन घन ढंकि। बीर कुव्यौ कंकि काहर ॥
मरदन सौं मिलि मरद। मरद बुल्यौ मुष नाहर ॥
छं० ॥ ११५ ॥ रू० ॥ ७२ ॥

---

६९ पाठान्तर-वाजि। गज। भूत। असत। जुगिना। उपर। दुक। उतर। अलुझ्झिय। दुक। जोगिनीय। ऐंचत। सों। झुक्किय। तिहिं। दिषि। तित। उपंम। उडवत। चंग। कुंमारि। अट्टानि ॥
७० पाठान्तर-तन। तंन। चहुवांन। आंनि ॥
